RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 40
लखनऊ, शनिवार, 28 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



प्रियंका चोपड़ा अपनी नई फिल्म की तैयारी में व्यस्त
विविध-12

# दिल्ली सीमाओं पर भिड़े पुलिस-किसान


## नए कृषि कानूनों पर टकराव

● पुलिस ने छोड़ी आंसू गैस वाटर कैनन और लाठीचार्ज भी किया, उत्तर प्रदेश में भी कुछ स्थानों पर हुए प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** के नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन के लिए हरियाणा और पंजाब से चले हजारों किसानों को दिल्ली के बाहर सिंघू और टिकरी बॉर्डर पर रोक लिया। पुलिस ने बेरिकेड के साथ-साथ कंटीले तार लगाकर हाइवे और अन्य रास्ते बंद कर दिए। आगे बढ़ने की जिद पर अड़े किसानों की पुलिस से तीखी झड़प हो गई। रास्ते के अवरोध हटाने के लिए उन्होंने पुलिस पर पत्थर फेंके और बेरिकेड तोड़ दिए। इसके बाद किसानों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। आंसू गैस के गुबार, टूटे ईंट-पत्थरों के बीच कई घंटे तक किसान और पुलिस आमने-सामने डटे रहे। किसान पहला सुरक्षा घेरा तोड़ने में भी काम हो गए। किसानों का उग्र रूप देख पुलिस का रवैया कुछ नरम पड़ा और किसानों को बातचीत के लिए बुलाया, लेकिन वे राजी नहीं हुए। किसान अपनी जिद पर अड़े थे तो पुलिस उन्हें आगे नहीं बढ़ने देने के लिए दृढ़संकल्प थी। उसने अस्थायी जेल बनाने के लिए दिल्ली सरकार से नौ स्टेडियम मांगे। इससे दिल्ली सरकार ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि वह किसानों के साथ है और किसानों को जेल में डालने के पक्ष में नहीं है। नई रणनीति पर अमल करते हुए पुलिस ने किसानों को राजधानी के सबसे बड़े मैदानों में शामिल बुराड़ी के निरंकारी ग्राउंड में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की अनुमति दे दी, लेकिन किसान वहां जाने को राजी नहीं हुए। उनका कहना था कि वे जंतर मंतर या रामलीला ग्राउंड ही जाकर अपनी बात रखेंगे।

हालांकि टिकरी बार्डर पर खड़े किसान जरूर दोपहर बाद करीब 3 बजे धीरे-धीरे बुराड़ी की ओर बढ़ने लगे, लेकिन देर शाम तक सिंघू बार्डर पर किसान जमे रहे। किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए शहर की सभी सीमाओं पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। सिंघू और टिकरी जैसे हरियाणा बॉर्डर के अलावा नोएडा और गाजियाबाद सीमाओं पर भी कड़ा पहरा रहा। यहां पश्चिमी यूपी से किसानों के दिल्ली में प्रवेश करने की आशंका थी। हालांकि किसानों ने मेरठ, ग्रेटर नोएडा, हापुड़ बुलंदशहर, गाजियाबाद जैसे इलाकों में प्रदर्शन किया और पेरफेरल एक्सप्रेसवे पर जाम लगाया। एतियातन ब्लू और रेड लाइन मेटरो को दिल्ली से पहले की रोक दिया गया। बुंदेलखंड के जालौन, ललितपुर, झांसी से मिली खबरों के अनुसार वहां भी किसानों ने प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि किसानों की चेतावनी को देखते हुए पूरे प्रदेश में कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत व्यापक तैयारी की गई है। प्रदर्शन के कारण गुड़गांव मेट्रो भी आगे नहीं बढ़ी। इस प्रदर्शन के कारण शहर के कई हिस्सों में यातायात बाधित रहा। दिल्ली यातायात पुलिस ने कई ट्वीट किए एवं लोगों से पंजाब के किसानों के दिल्ली चलो आंदोलन के चलते बाहरी रिंगरोड, मुकरबा चौक, जीटीके रोड, एनएच 44, सिंघू बार्डर से परहेज करने का परामर्श दिया। दूसरी ओर पुलिस की ओर से किसानों को दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की अनुमति मिलने के बाद हरियाणा सरकार ने पंजाब से लगती राज्य की सभी सीमाओं को खोल दिया। पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने इस कदम का स्वागत किया। अमरिंदर सिंह ने ट्वीट कर ( शेष पेज 9 )



शुक्रवार को नई दिल्ली की ओर बढ़ते आंदोलनकारी किसानों को सिंघू और टिकरी बॉर्डर पर रोकती पुलिस

## केंद्रीय कृषि मंत्री का किसानों से प्रदर्शन खत्म करने का आग्रह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** के कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों से केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आग्रह किया है कि वे अपना विरोध प्रदर्शन खत्म करें और बातचीत से मामले का हल तलाशें। तोमर ने किसानों को अगले सप्ताह बातचीत का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के मुद्दों को सुलझाने के लिए वार्ता को तैयार है। किसानों को तीन दिसंबर को वार्ता के लिए बुलाया गया है। तोमर ने कहा कि कोविड और सर्दी के मौसम को देखते हुए किसान अपना प्रदर्शन खत्म कर दें। दूसरी ओर, आरएसएस समर्थित भारतीय किसान संघ ने केंद्र से कृषि कानूनों को लेकर किसानों द्वारा उठाए गए मसलों पर गौर करने की अपील की है, ताकि वे किसी राजनीतिक दल का मोहरा न बनें। भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय सचिव मोहिनी मोहन मिश्रा ने कहा कि यदि सरकार किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं देगी तो विपक्षी दल प्रदर्शन को हाइजैक कर सकते हैं।

# अर्थव्यवस्था के तेजी से पटरी पर आने के संकेत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**वैश्विक** महामारी के संकट के बीच भारत की अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में उम्मीद से बेहतर रहा है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने शुक्रवार को भारत की अर्थव्यवस्था में पुनरुद्धार की गति को सुखद आश्चर्य बताया। उन्होंने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में सकारात्मक वृद्धि तेजी की पुष्टि करती है।

ताजा सरकारी आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में दूसरी तिमाही में केवल 7.5 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि इससे बड़े संकुचन का अनुमान लगाया जा रहा था। आने वाले समय में बेहतर उपभोक्ता मांग से इसमें और सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। कोरोना वायरस महामारी फैलने से रोकने के लिए लागू सख्त सार्वजनिक पाबंदियों के बीच चालू वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही अप्रैल-जून में अर्थव्यवस्था में 23.9 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आई थी। इसका कारण कोरोना वायरस महामारी और उसकी रोकथाम के लिए लॉकडाउन लगाया जाना था जिससे आर्थिक गतिविधियां लगभग ठप हो गई थी। लगातार दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था में संकुचन से भारत तकनीकी रूप से मंदी में आ गया है। सांख्यिकी मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़े के अनुसार चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 7.5 प्रतिशत का संकुचन हुआ। एक साल पहले 2019-20 की इसी तिमाही में इसमें 4.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

जून से लॉकडाउन से जुड़ी पाबंदियों में ढील दिए जाने के बाद से अर्थव्यवस्था की स्थिति बेहतर हो रही है। जुलाई-सितंबर तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र में 0.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जबकि इससे पूर्व तिमाही में इसमें 39 प्रतिशत की गिरावट आई थी। कृषि क्षेत्र का पदर्शन बेहतर बना हुआ है और इसमें दूसरी तिमाही में 3.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं बिजली और गैस क्षेत्र में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वित्तीय और रीयल एस्टेट सेवा में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं व्यापार, होटल, परिवहन और संचार क्षेत्र में 15.6 प्रतिशत की गिरावट आई।

# तेजस्वी के निजी हमले पर नीतीश का पलटवार

**एजेंसी।** पटना



**बिहार** विधानसभा में शुक्रवार को प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा लगाए गए आरोपों से तमतमाए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरोप लगाया कि यह झूठ बोल रहा है। बिहार विधानमंडल के संयुक्त सत्र के राज्यपाल फागू चौहान के संबोधन पर चर्चा के दौरान शुक्रवार को 31 साल के तेजस्वी के आरोपों पर भड़के नीतीश ने सदन के अध्यक्ष से कहा कि वह आरोपों की जांच करवाएं और जांच के बाद कार्रवाई होगी क्योंकि यह झूठ बोल रहा है।

तेजस्वी ने आरोप लगाया था कि एक पुस्तक के कापीराइट को लेकर मुख्यमंत्री पर कथित हत्या का मुकदमा चला और उन्हें जुर्माना देना पड़ा था। नीतीश ने तेजस्वी पर हमला बोलते हुए कहा, हम बर्दाश्त करते रहते हैं। हम कुछ नहीं कहते। इसको उपमुख्यमंत्री किसने बनाया था और इसपर जब आरोप लगा तो हमने कहा कि जनता के बीच जाकर सफाई दें। सफाई नहीं दी तब हमने छोड़ दिया। आज चार्जशीटेड है। इससे पूर्व तेजस्वी ने नीतीश पर निजी प्रहार करते हुए कहा था, आपके तो एक बेटे हैं। मुख्यमंत्री के एक बेटे हैं, है कि नहीं यह वही बताएंगे.... लेकिन हम इतना जरूर कह सकते हैं कि कि हमने चुनाव के दौरान किसी पर निजी हमला नहीं किया और केवल मुद्दे की बात की। मुख्यमंत्री बच्चे (दूसरों के) गिनते रहे।

इनके एक बेटे हैं लेकिन लोग तो यह भी कह सकते हैं कि बेटी के डर से दूसरी संतान क्यों नहीं पैदा किए। तेजस्वी की इस टिप्पणी पर नीतीश से सदन में कहा, कोई सत्ता में है, कोई विपक्ष में है। सबकी अपनी अपनी इच्छाएं हैं। मुझे उसपर कुछ नहीं कहना लेकिन एक बात कहेंगे आग्रहपूर्वक। आगे बढ़ना है तो कुछ मर्यादा का ( शेष पेज 9 )

## भाजपा सुशील कुमार मोदी को भेजेगी राज्यसभा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भाजपा** ने शुक्रवार को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को राज्य में राज्यसभा सीट के उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया। ऊपरी सदन के लिए मोदी का चुना जाना लगभग तय है क्योंकि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का राज्य विधानसभा में बहुमत है। राजद के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी गठबंधन द्वारा चुनाव लड़ने की स्थिति में इस सीट के लिए 14 दिसम्बर को चुनाव होगा। लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के संस्थापक और केन्द्रीय मंत्री राम विलास पासवान के निधन के बाद यह सीट रिक्त हो गई थी। लोजपा के बिहार राजग से बाहर आकर अपने बलबूते बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के फैसले के साथ ही भाजपा ने इस सीट पर फिर से अपना दावा करने का निर्णय लिया था जो उसने अपने कोटे से पासवान को दी ( शेष पेज 9 )

# सुपर स्पेशियलिटी मेडिकल पाठ्यक्रम के प्रवेश में आरक्षण की अनुमति नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने वर्ष 2020-21 के सुपर स्पेशिएलिटी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए डाक्टरों को आरक्षण की अनुमति देने से शुक्रवार को इंकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि तमिलनाडु सरकार द्वारा 50 प्रतिशत सीटों के आरक्षण के बारे में जारी आदेश प्रतिभाशाली चिकित्सकों के हितों के लिए नुकसानदेह होगा क्योंकि सुपर स्पेशिएलिटी पाठ्यक्रमों के लिए तमिलनाडु में 50 प्रतिशत सीटें उनके लिए उपलब्ध नहीं होंगी। शीर्ष अदालत ने इस कथन से सहमत होने से इंकार कर दिया कि सरकार के आदेश को प्रभावी करने से किसी पर भी प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने केरल उच्च न्यायालय के सात अक्टूबर के निर्देशों और सुपर स्पेशिएलिटी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अंतर-सेवा कोटा प्रभावी करने के तमिलनाडु सरकार के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर यह अंतरिम आदेश दिया।

न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की पीठ ने निर्देश दिया शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के लिए सुपर स्पेशिएलिटी मेडिकल पाठ्यकमों में प्रवेश के लिए काउन्सलिंग की प्रक्रिया बगैर किसी आरक्षण के ही सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित तारीख पर जारी रहेगी। पीठ ने दोहराया कि यह निर्देश सिर्फ वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के लिए ही प्रभावी होगा। पीठ ने कहा कि चूंकि प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में है, ऐसी स्थिति में हम इस साल अंतर-सेवा चिकित्सकों के लिए आरक्षण की अनुमति नहीं दे सकते। अतिरिक्त सालिसीटर जनरल संजय जैन ने दलील दी थी क सुपर स्पेशिएलिटी पाठ्यक्रम में कोई आरक्षण नहीं दिया जा सकता। केरल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता ने दलील दी कि शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के लिए इस समय अंतर-सेवा आरक्षण लागू करना संभव नहीं होगा क्योंकि प्रवेश प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है।

# दिव्य होगी काशी की देव दीपावली: योगी

● 30 को वाराणसी आ रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी ने की तैयारियों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों को देखते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि इस बार काशी की देव दीपावली दिव्य होगी। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखने वाले इस पर्व पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की काशी में उपस्थिति समारोह को विशिष्ट शोभा प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री के विभिन्न कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित आयोजन और देव दीपावली को भव्य दिव्य बनाने के लिए प्रदेश सरकार कोई कमी नहीं छोड़ेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को वाराणसी में 30 नवम्बर को प्रधानमंत्री के आगमन के दृष्टिगत तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। दोपहर बाद करीब तीन बजे खजूरी पहुंचे सीएम योगी ने पीएम मोदी के जनसभा स्थल पर हो रही तैयारियों को देखा। इसके बाद सीएम का काफिला डोमरी पहुँचा, जहां उन्होंने क्रूज से राजघाट और भैंसाकुण्ड घाट तक भ्रमण किया। सीएम ने घाट किनारे चल रही तैयारियों को बारीकी से देखा और आवश्यक निर्देश दिए। राजघाट पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने यहां संत शिरोमणि रविदास मंदिर में माथा टेका।

इस दौरान योगी ने आगंतुक पंजिका में अपना संदेश लिखा। योगी ने लिखा सिद्ध संत रविदास जी की पावन स्थली पर आज दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। संत रविदास जी ने अपनी साधना से भारत की सनातन परंपरा को नई पहचान दी। ऐसे पूज्य संत को कोटि-कोटि नमन। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां गंगाविहार करेंगे।

वाराणसी भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ मंदिर भी गए और काशी विश्वनाथ कॉरीडोर के कामों की प्रगति को जाना। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 30 नवम्बर को पीएम मोदी यहां भी आएंगे। श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन करने के बाद वह राजघाट में एक संक्षिप्त कार्यक्रम ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 44,149 | ↓ | 110 | |
| निफ्टी | 12,968 | ↓ | 18 | |
| सोना | 48,142 | ↑ | 43 | /10g |
| चांदी | 59,250 | ↑ | 36 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मिग 29के प्रशिक्षु विमान अरब सागर में दुर्घटनाग्रस्त

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का प्रशिक्षु मिग 29के लड़ाकू विमान बृहस्पतिवार शाम को अभियान के दौरान अरब सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में एक पायलट को बचा लिया गया है और अन्य एक की तलाश अब भी जारी है। नौसेना के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि रूसी मूल के विमान ने विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य से उड़ान भरा और कल शाम करीब पांच बजे अरब सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नौसेना के एक प्रवक्ता ने बताया, मिग-29 केप्रशिक्षु विमान 26 नवंबर को शाम पांच बजे समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एक पायलट सुरक्षित बच गया जबकि दूसरे पायलट कोमोडोर निशांत सिंह की तलाश जारी है। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए है।

# धान खरीद में लापरवाही पर दो अधिकारी निलम्बित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पीसीएफ**के प्रबध निदेशक मासूम अली सरवर ने धान खरीद में शिथिलता व लापरवाही बरतने पर जिला प्रबन्धक पीसीएफ सोनभद्र एवं क्षेत्रीय प्रबन्धक पीसीएफ कानपुर को निलम्बित कर दिया है। इसके साथ ही जिला प्रबन्धक पीसीएफ फतेहपुर की शिकायत मिलने पर इनको वहाँ से स्थानान्तिरित कर दिया है। प्रबन्ध निदेशक पीसीएफ सरवर ने जनपद के सभी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता को निर्देश दिया है कि जिन भी धान खरीद केन्द्र पर धान खरीद में लापरवाही पायी जाये उन केन्द्र प्रभारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। उन्होने यह भी कहा कि धान खरीद केन्द्रों पर किसानों को कोई असुविधा नहीं होने पाये इसका विशेष ध्यान रखा जाये। धान खरीद के सम्बन्ध में जिन क्रय केन्द्रों पर किसानो की शिकायत आयेगी तो वहां के केन्द्र प्रभारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि धान खरीद का कार्य मानक के अनुरूप करते हुए भुगतान निर्धारित समय में किया जाये। प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पीसीएफद्वारा धान खरीद का कार्य किया जा रहा है। इस वर्ष 1435 धान क्रय केन्द्र पीसीएफ द्वारा संचालित किये जा रहे है। पीसीएफ द्वारा अभी तक 1.65 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीद की गई है।

# कंगना के बंगले में तोड़फोड़ को हाईकोर्ट ने गलत बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

● न्यायालय ने आकलन करने वाली एक एजेंसी की भी नियुक्ति की जो क्षति का पता लगाएगी

● बॉलीवुड अभिनेत्री ने निर्णय को लोकतंत्र की जीत बताया



**बंबई** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) द्वारा अभिनेत्री कंगना रनौत के बंगले के एक हिस्से को ध्वस्त करने की कार्वाई द्वेषपूर्ण कृत्य थी और ऐसा अभिनेत्री को नुकसान पहुंचाने के लिए किया गया था।

अदालत ने आकलन करने वाली एक एजेंसी की भी नियुक्ति की जो क्षति का आकलन करेगी ताकि क्षतिपूर्ति के लिए रनौत के दावे पर निर्णय किया जा सके। उच्च न्यायालय ने शिवसेना के संजय राउत द्वारा रनौत के खिलाफ चलाए गए अभियान को लेकर भी फटकार लगाई। बॉलीवुड अभिनेत्री ने निर्णय को लोकतंत्र की जीत बताया। बहरहाल, फैसले में न्यायमूर्ति एस जे काठवाला और न्यायमूर्ति आर आई चागला की पीठ ने रनौत को भी सलाह दी कि बोलते समय वह भी संयम बरतें। अदालत ने यह भी कहा कि अदालत किसी भी नागरिक के खिलाफ प्रशासन को बाहुबल का उपयोग करने की मंजूरी नहीं देती है। न्यायमूर्ति एस जे काठवाला और न्यायमूर्ति आर आई चागला की पीठ ने कहा कि नागरिक निकाय द्वारा की गई कार्वाई अनधिकृत थी और इसमें कोई संदेह नहीं है।

पीठ रनौत द्वारा नौ सितंबर को उपनगरीय बांद्रा स्थित अपने पाली हिल बंगले में बीएमसी द्वारा की गई कार्रवाई के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। हालांकि पीठ ने स्पष्ट किया कि वह किसी भी नागरिक द्वारा किए गए किसी भी अवैध निर्माण को नजरअंदाज करने की पक्षधर नहीं है और न ही उसने रनौत के ट्वीट को सही ठहराया जिसके कारण यह पूरी घटना हुई। उन्होंने अपने आदेश में कहा, यह अदालत अवैध कार्यों या सरकार के खिलाफ या फिल्म उद्योग के खिलाफ दिए गए किसी भी गैरजिम्मेदार बयान का अनुमोदन नहीं करती है। अदालत ने कहा, हमारा मानना है कि याचिकाकर्ता को लोकप्रिय व्यक्ति होने के नाते ट्वीट करते समय कुछ संयम बरतना चाहिए। हालांकि,आदेश में कहा गया है कि किसी नागरिक द्वारा अपनी व्यक्तिगत क्षमता में राज्य या उसके तंत्र के खिलाफ की गई टिप्पणियों को राज्य द्वारा नजरअंदाज किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, और अगर कोई कार्वाई की जाती है, तो यह कानून की सीमाओं में रहकर की जानी चाहिए।

प्रशासन द्वारा किसी भी तरह के बाहुबल का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। आदेश में रनौत को भविष्य में सार्वजनिक रूप से अपनी राय व्यक्त करते हुए संयम बरतने का भी निर्देश दिया गया। अपनी याचिका में रनौत ने दावा किया था कि मुंबई पुलिस के खिलाफ उनके ट्वीट के बाद शिवसेना सरकार चिढ़ गई थी और उसके बाद बीएमसी ने द्वेषपूर्ण भावना से यह कार्वाई की। बीएमसी ने इन आरोपों से इनकार किया था और कहा था कि अभिनेत्री ने बंगले में अवैध निर्माण करवाया था और इसलिए निगम के अधिकारियों ने कानून के मुताबिक तोड़ने की कार्रवाई की थी। हालांकि पीठ ने कहा कि विध्वंस स्थल की तस्वीरों, बीएमसी द्वारा रनौत के आरोपों को नकारने वाले बयान, शिवसेना के संजय ( शेष पेज 9 )

## न्यायालय के फैसले के बाद भाजपा हुई हमलावर

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय द्वारा अभिनेत्री कंगना रनौत के बंगले में हुई तोड़फोड़ की कार्रवाई को अवैध करार दिए जाने के बाद भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने शुक्रवार को मुंबई की महापौर और निगम आयुक्त से इस्तीफा देने की मांग की। सोमैया ने कहा, मैं फैसले का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि महापौर किशोरी पेडनेकर और आयुक्त इकबाल चहल को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में हाल में हुई घटनाओं पर उच्चतम न्यायालय और बंबई उच्च न्यायालय द्वारा शुक्रवार को दिए गए फैसले महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार पर करारा तमाचा हैं।

# धान खरीद में बाधा डालने वाले बिचौलियों पर हो कड़ी कार्रवाई

● लापवाही व शिथिलता पाये जाने पर क्रय एजेन्सियों को आगामी फसल के क्रय में प्रतिबंधित किया जायेगा: कृषि उत्पादन आयुक्त



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृषि,** कृषि शिक्षा, कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों से धान क्रय में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धान क्रय करने में बाधा डालने वाले बिचैलियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का निर्देश है कि धान की खरीद त्वरित गति से किया जाए तथा किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उसका समाधान तत्काल करें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रत्येक दशा में धान क्रय सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि किसानों का भुगतान समय से कर दिया जाए ताकि वे अपनी रबी की फसल की बुवाई एवं शादी-विवाह आदि कार्यक्रमों को संपादित कर सकें। श्री शाही शुक्रवार को सचिवालय स्थित एपीसी सभागार में विभागीय अधिकारियों एवं धान क्रय नोडल एजेन्सियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फतेहपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी तथा मिर्जापुर जनपदों का विशेष ध्यान रखें। यहां लक्ष्य के अनुरूप धान क्रय नहीं हो पायी है। उन्होंने कृषि उत्पादन आयुक्त को निर्देश दिए कि संबंधित जिले के जिलाधिकारियों से वार्ता कर धान क्रय में तेजी लाने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

श्री शाही ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि क्रय एजेंसियां सभी क्रय केन्द्रों पर एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर किसानों से धान क्रय बिचैलियों द्वारा न हो पाये। किसानों को प्रत्येक दशा में धान क्रय केन्द्र पर लाये। जहां कही भी गम्भीर शिकायत मिले तत्काल बिचैलियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करें। श्री शाही ने कहा कि जिलाधिकारी स्वयं क्रय सेन्टरों का आकस्मिक निरीक्षण कर किसानों की समस्याओं को सुनकर उसका समाधान करायें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसानों से धान क्रय किया जाय। सभी सरकारी गोदाम खाली हैं स्टोरेज की कोई समस्या नहीं है।

कृषि मंत्री ने मण्डी परिषद के निदेशक को निर्देश दिये है कि समस्त धान क्रय केन्द्रों पर आवश्यक उपकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि केन्द्रों के निरीक्षण हेतु सम्भागीय खाद्य नियंत्रक द्वारा 3 धान क्रय केन्द्र प्रतिदिन, सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी-संयुक्त निबन्धक-क्रय एजेन्सियों के मण्डलीय अधिकारी द्वारा 4 धान क्रय केन्द्र प्रतिदिन, जिला खाद्य विपणन अधिकारी-जिला निबन्धक-क्रय संस्था के जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा 5 धान क्रय केन्द्र प्रतिदिन एवं क्षेत्रीय विपणन अधिकारी द्वारा 6 धान क्रय केन्द्र प्रतिदिन कम से कम निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं वे प्रतिदिन अपने संबंधित धान क्रय केन्द्र पर जाकर किसानों की समस्याओं का अनुश्रवण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें।

श्री शाही ने पीसीएफ के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिलों में धान क्रय केन्द्रों एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड से ब्लॉक स्तर पर धान क्रय हेतु कार्ययोजना तैयार कराकर शासन को उपलब्ध करायें। कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा ने अधिकारियों एवं संबंधित क्रय एजेन्सियों को निर्देश दिये कि किसानों को धान क्रय केन्द्रों पर लाने के लिए उन्हें प्रेरित एवं जागरूक किया जाय। उन्होंने कहा कि वाल पेन्टिंग, समाचार पत्र तथा इलेक्ट्रानिक प्रचार माध्यमों तथा गांवों में मुनादी कराकर किसानों को धान क्रय केन्द्रों पर लाने का प्रयास किया जाय। उन्होंने क्रय एजेन्सियों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि क्रय लिमिट को बढ़ायें। प्रत्येक क्रय केन्द्र पर हेल्पलाइन नम्बर अवश्य बड़े एवं साफ शब्दों में लिखा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता हो वहां पर धान क्रय केन्द्रों में वृद्धि किया जाये ताकि किसान आसानी से अपना धान बिक्री कर सकें। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि जहां कहीं भी धान क्रय में लापरवाही एवं शिथिलता पाई गयी तो संबंधित अधिकारियों एवं एजेन्सियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए आगामी सीजन की फसल के क्रय में प्रतिबंधित कर दिया जायेगा।

बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि डा देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव, खाद्य एवं रसद बीना कुमार, खाद्य एवं रसद आयुक्त मनीश चौहान, पीसीएफ एमडी माशूम अली सरवर, मण्डी निदेशक जेपी सिंह तथा संबंधित विभागीय अधिकारी एवं धान क्रय एजेन्सियों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवनिर्वाचित विधायक को दिलाई शपथ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने आज विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बुलंदशहर के विधान सभा के नव निर्वाचित विधान सभा सदस्य ऊषा सिरोही को विधान सभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। विधान सभा अध्यक्ष ने उन्हें संविधान, विधान सभा कार्य संचालन नियमावली, स्वलिखित पुस्तक हिन्द स्वराज्य का पुनर्पाठ एवं संसदीय दीपिका के नवम्बर माह के अंक की प्रति भेंट की। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने सदस्य को बधाई देते हुए कहा कि वह विधान सभा में एक जागरूक एवं सफल सदस्या के रूप में कामयाब हों और जीवन में यशस्वी हों तथा सदन में होने वाले वाद विवाद में हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र की जनता के जनहित की समस्याओं के निराकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये।

## भाजपा को भारी पड़ेगा किसानों का उत्पीड़न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की कृषि विरोधी नीतियों के चलते देश का कृषक समुदाय आंदोलित और आक्रोशित है। अन्नदाता किसानों की मांगों पर सकारात्मक रूख अपनाने के बजाय उन पर आंसू गैस के गोले दागना, ठण्डे पानी की बौछार करना और लाठियां चलाना घोर निंदनीय है। यह सरकार द्वारा हिंसक मनोवृत्ति के साधनों का प्रयोग करना है जिसे अमानवीय ही कहा जा सकता है। अपने आचरण से भाजपा ने अपने संवेदनशून्य चाल चरित्र और जनविरोधी साजिशी राजनीति की वास्तविक पहचान भी करा दी है। किसानों का यह उत्पीड़न भाजपा को भारी पड़ेगा।

अखिलेश ने कहा कि लगभग 70 प्रतिशत खेती किसानी पर भारत निर्भर है। फिर भी अपने ही देश में भाजपा ने किसानों को बेगाना बना दिया है। किसानों की आय दुगनी करने, उनकी फसल के उत्पादन लागत का डेढ़ गुना देने जैसे वायदे भाजपा सरकार की जुमलेबाजी से शुमार हो गए हैं। अपने वादों से मुकरने वाली भाजपा सरकार से इसीलिए किसानों का विश्वास उठ गया है। उसने कृषि सुधार नहीं, कृषि उजाड़ कानून बनाया है। यह स्थिति खतरनाक है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने प्रारम्भ से ही कृषि सम्बंधी तीनों कानूनों को किसान विरोधी बताते हुए उनको तत्काल वापस लिए जाने की मांग की थी। सभी फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ही होनी चाहिए। यह सरकार की जिम्मेदारी है कि किसान को घाटा न हो।

किन्तु अमीरों की पक्षधर भाजपा गरीब हलधर का दर्द क्या जाने, किसानों के अधिकारों को कुचलने के लिए भाजपा सरकारी आतंक का सहारा ले रही है। इसके नतीजे अच्छे नहीं होंगे। शांतिपूर्ण अहिंसात्मक प्रदर्शन करना लोकतंत्र में लोगों का संवैधानिक अधिकार है। लेकिन भाजपा सरकार तो किसानों की बात सुनने के बजाय अपनी हठधर्मी पर जमी है।

## शिक्षकों और स्नातकों के लिये ठोस काम किये: दिनेश शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षकों व स्नातकों के कल्याण के लिए ठोस कदम उठाए हैं। स्नातकों के लिए रोजगार की व्यवस्था सरकार के एजेन्डे में सबसे ऊपर है। शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए ठोस व्यवस्था की गई है। शिक्षक स्नातक क्षेत्र चुनाव के लिए मतदाताओं को संबोधित करते हुए गाजियाबाद में डा शर्मा ने कहा कि बिहार यूपी सहित जिन भी प्रदेशों मे हाल में चुनाव हुए हैं वहां पर भाजपा ने जीत का परचम लहराया है। इसका मुख्य कारण लोगों के मन में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के प्रति विश्वास का होना है। लोग चाहते हैं कि भाजपा को चुनाव में विजय मिले जिससे कि वह जनता से किए गए वायदों को पूरा कर सकें।

प्रदेश महामंत्री एवं शिक्षक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र विधान परिषद चुनाव के प्रभारी अमर पाल मौर्य ने बताया कि प्रदेश में हो रहे स्नातक व शिक्षक क्षेत्र के चुनावों को लेकर पार्टी द्वारा आयोजित किये जा रहे मतदाता सम्मेलन के दूसरे दिन आज 723 स्थानों पर मतदाता सम्मेलन सम्पन्न हुए। मतदाता सम्मेलनों को प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, सांसद, विधायक व अन्य प्रमुख पार्टी पदाधिकारियों ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि कल 28 नवम्बर को कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर चन्दौली, उपेन्द्र तिवारी बलिया, रमाशंकर पटेल मुगलसराय व आनन्द स्वरूप शुक्ला बलिया में आयोजित मतदाता सम्मेलन को सम्बोधित करेगें। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा ने गाजियाबाद में मतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा भी इस बात के लिए कृत संकल्पित है कि जनता के भरोसे को टूटने नहीं देना है। यही कारण है जिसके चलते भाजपा ने यूपी के उपचुनाव में 7 में से 6 सीटों पर विजय हासिल की है। इसके साथ ही 15 साल तक शासन करने के बाद भी जनता ने बिहार में एक बार फिर से पार्टी को सहयोगियों के साथ मिलकर सेवा करने का अवसर दिया है। इससे साफहै कि भाजपा के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में प्रदेश में शिक्षक स्नातक क्षेत्र के एमएलसी का चुनाव होने जा रहा है। लोगों के मन में भरोसा है कि इस चुनाव में भी भाजपा की जीत होगी। उन्होंने कहा कि आम जनमानस में सरकार के प्रति जो आशाा जगी है सरकार उसे पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। विधान परिषद का चुनाव जीतने वाले पार्टी प्रत्याशियों के द्वारा किए गए एक एक वायदों को पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 25 व 10 लाख के लोन दिलाने की व्यवस्था करने के साथ ही नई औद्योगिक नीति को लागू किया है।

## नए भंडारागारों के चालू होने से किसान होंगे लाभान्वित: मुकुट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारण निगम के तत्वावधान में भण्डारागार विकास एवं निनियामक प्राधिकरण में पंजीकृत भण्डार गृहों, पनकी ईए, मथुरा नम, जालौन, डिबाई, कालपी, नवीन मण्डी मेरठ, खैर तथा बहजोई भण्डारगृहों को संचालित किया है, जिससे किसानों की आय को दोगुना किया जा सकेगा। इन भण्डारगृहों के चालू हो जाने से किसानों को अपने उपज की भण्डारण की सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार द्वारा किसानों के हितार्थ विभिन्न कार्य किये जा रहे हैं। यह जानकारी सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि इन 8 भण्डार गृहों में किसानों के उत्पादों को भण्डारित करने पर किसानों को एनडब्ल्यूआर(निगोशियेबिल वेयरहाउसिंग रसीद) का लाभ प्राप्त होगा, किसान जितना भी अधिसूचित कृषि उत्पाद डब्ल्यूडीआरए में भण्डारित करेगा, भण्डारगृह द्वारा उतनी मात्रा की एनडब्ल्यूआर रसीद जारी कर किसानों को उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने बताया कि किसान एनडब्ल्यूआर को बंधक रखकर बैंक से ऋण प्राप्त कर सकेगा अथवा किसी अन्य को देकर उससे एनडब्ल्यूआर में उल्लिखित कृषि उत्पाद का मूल्य प्राप्त कर सकता है।

**किसानों को न्याय दिलाएंगे: लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अजित सिंह और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयंत चौधरी ने केन्द्र सरकार के किसानों के प्रति किये जा रहे अमानवीय व्यवहार तथा किसान विरोधी कृषि कानूनों के प्रति रोष व्यक्त किया और कहा कि किसानों को हर हाल में न्याय दिलाएंगे।

COLLEGE OF INNOVATIVE MANAGEMENT & SCIENCE
(Running: BBA, BCA, B.Com, B.Com.(H), B.Ed.)
Affiliated to University of Lucknow
Applications are invited for the post of Lecturer in following Courses
(1) Bachelor In Computer Application (BCA)
(2) Bachelor Of Business Administration (BBA)
(3) Bachelor Of Commerce With Honours (B.Com(Hon.))
Eligibility Criteria: As per Lucknow University Norms Eligible candidates are requested to send their bio-data with photocopies of all documents through email/registered post within 07 days from date of advertisement.
Address: Management Park, Vipul Khand-6, Gomti Nagar, Lucknow -226010
Contact No. 9889191505, 8542054317, 0522-4035454
www.cims.edu.in, cimsedu7@gmail.com

कॉन्टीनेन्टल कैमिकल्स लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : ए-7, सेक्टर-7, नोएडा-201301
सीआईएन : एल24123यूपी1984पीएलसी014111, फोन नं. : 0120-2423316, फैक्स नं. : 0120-2423316
ई-मेल : info@continentalsoft.com, वेबसाइट : www.continentalchemicalsltd.com
35वीं वार्षिक सामान्य बैठक, बही बंदी की सूचना तथा ई-वोटिंग की जानकारी

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की 35वीं वार्षिक सामान्य बैठक सोमवार, 21 दिसम्बर, 2020 को अप. 04.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जानी निर्धारित है, जिसमें एजीएम की सूचना दिनांकित 25-11-2020 में सूचीबद्ध कार्य निष्पादित किए जाएंगे।
एतद्द्वारा आगे सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के प्रावधानों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 42 के अनुसरण में, कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां मंगलवार, 15-12-2020 से सोमवार, 21-12-2020 तक (दोनों दिन सहित) वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजनार्थ बंद रहेंगी।
सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 तथा कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20, के प्रावधानों के अनुपालन में, कम्पनी द्वारा इसके सदस्यों को एजीएम सूचना में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों के संबंध में अपना वोट सीडीएसएल द्वारा उपलब्ध कराई गई ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक साधनों से डालने की सुविधा प्रदान कर रही है। सूचना प्रेषण का कार्य 27 नवम्बर, 2020 को पूर्ण किया जा चुका है। ई-वोटिंग की अवधि शुक्रवार, 18 दिसम्बर, 2020 (पूर्वा. 09:00 बजे) प्रारंभ होगी तथा रविवार, 20 दिसम्बर, 2020 (अप. 5:00 बजे) समाप्त होगी। तदुपरान्त सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग हेतु निष्क्रिय कर दिया जाएगा। इस अवधि के दौरान, कम्पनी के सदस्य, जो विच्छेदन तिथि अर्थात 14 दिसम्बर, 2020 को भौतिक अथवा अभौतिक रूप में कम्पनी के शेयरों के धारक हैं, अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से दे सकेंगे। कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना प्रेषित किए जाने के पश्चात कम्पनी के शेयर अर्जित करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि को शेयरधारक है, वह एजीएम की सूचना में दिए गए अनुदेशों तथा रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया का पालन करते हुए अपना वोट डाल सकता है। किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाले जाने के बाद सदस्य को बाद में उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। ई-वोटिंग सुविधा https://www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।
सदस्यों से एजीएम की सूचना (कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध) में दिए गए ई-वोटिंग हेतु अनुदेश देखने का अनुरोध है। इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग की प्रक्रिया एवं ढंग के संबंध में कोई संदेह/शिकायत होने की स्थिति में, सदस्य https://www.evotingindia.com पर हेल्प सेक्शन में उपलब्ध "बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू'ज)" तथा "शेयरधारकों के लिए अपना वोट डालने हेतु ई-वोटिंग यूजर मैनुअल" देखें अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल करें।
श्री बी.एस. गोयल कार्यरत कम्पनी सचिव, नई दिल्ली को ई-वोटिंग प्रक्रिया का संचालन निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करने के लिए संवीक्षक नियुक्त किया है। एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध प्रस्तावों पर वोटिंग का परिणाम एजीएम का समापन होने के 48 घंटे के भीतर घोषित किया जाएगा। चेयरमैन अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिणाम की घोषणा के तत्काल बाद घोषित परिणाम तथा संवीक्षक की रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.continentalchemicalsltd.com पर तथा सीडीएसएल की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे तथा स्टॉक एक्सचेन्जेज को भी सूचित किए जाएंगे।
सदस्यों से अनुरोध है कि अपने डीपी/आर ऐण्ड टीए के पास अपनी ई-मेल आई वैधीकृत रखें, ताकि कम्पनी द्वारा समय समय पर इलेक्ट्रॉनिक विधि से भेजे जाने वाले संदेश प्राप्त हो सकें, जिनमें वार्षिक रिपोर्ट, सूचनाएं, सर्कुलर इत्यादि शामिल हैं।
आर ऐण्ड टीए द्वारा सदस्यों को अपना अनुरोध/शिकायत, यदि कोई है, दर्ज करवाने की सुविधा हेतु ई-मेल आईडी beetalrta@gmail.com (बीटल फाइनैंशियल ऐण्ड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि., बीटल हाउस, तृतीय तल, 99, मदनगीर, एलएससी के पीछे, नई दिल्ली-110062) नामित की गई है।
वास्ते कॉन्टीनेंटल कैमिकल्स लिमिटेड
हस्ता./-
तिथि : 27-11-2020 भावना गुप्ता
स्थान : नोएडा कम्पनी सचिव

## पीडब्ल्यूडी टेंडरों के आवंटन में भ्रष्टाचार रोकेगा प्रहरी

● अब किसान लैंड यूज चेंज करने के लिए घर बैठे आन लाइन आवेदन कर सकेंगे, पैतालिस दिन की समय सीमा के भीतर अफसरों को मामले का निपटारा करते हुए फैसला देना होगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भ्रष्टाचार** के खिलाफ जीरो टालरेंस नीति पर आगे बढ़ रही योगी सरकार ने इस दिशा में दो अहम कदम और बढ़ा दिए हैं। लोक निर्माण विभाग में जहां टेंडरों के आवंटन प्रक्रिया की चौकीदारी अब हाईटेक प्रहरी करेगा वहीं कृषि भूमि का लैंड यूज चेंज करवाने के लिए राजस्व संहिता में बदलाव कर आन लाइन आवेदन की सुविधा शुरू कर दी है। इससे किसानों को भू उपयोग बदलवाने के लिये अफसरों की दहलीज पर भटकना नहीं होगा ।

पिछली सरकारों में बदनाम रही टेंडर आवंटन प्रक्रिया को भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी बनाने के लिए योगी सरकार ने प्रहरी साफ्टवेयर तैनात किया है। पीडब्ल्यूडी में टेंडर आवंटन प्रक्रिया को लेकर पिछले कुछ दिनों में शून्य हुई शिकायतों की संख्या इसकी गवाह है । लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 15 सितंबर से प्रदेश भर में प्रहरी साफ्टवेयर योजना को लागू कर दिया गया है । विभाग की पूरी टेंडर प्रक्रिया प्रहरी के जरिये होगी। टेंडर प्रक्रिया में शामिल होने वाली कंपनियों के दस्तावेज से लेकर मशीनों और बैंक से जुड़े दस्तावेजों तक की पड़ताल प्रहरी करेगा। टेंडर में शामिल होने वाले आवेदक खुद साफ्टवेयर पर अपने दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे। प्रक्रिया इतनी पारदर्शी होगी कि सभी आवेदक एक दूसरे के दस्तावेज आनलाइन देख सकेंगे। सभी चीजों की पड़ताल के बाद साफ्टवेयर ही टेंडर के लिए कंपनियों का चुनाव भी करेगा। राज्य सरकार ने टेंडर प्रक्रिया में विवादित रही स्थानीय विभागीय अधिकारियों की भूमिका भी लगभग खत्म कर दी है । टेंडर प्रक्रिया में किसी तरह की शिकायत की जांच लोक निर्माण विभाग मुख्यालय के अधिकारियों की टीम करेगी।

इसी तरह कृषि भूमि के लैंड यूज चेंज को लेकर पिछली सरकारों में किसानों से होने वाली वसूली और घूसखोरी पर योगी सरकार ने रोक लगा दी है। कृषि भूमि को गैर कृषि भूमि में तब्दील कराने के लिए अब किसानों को न अफसरों की दहलीज के चक्कर लगाने होंगे और न बिचौलियों और दलालों का शिकार बनना होगा। अब किसान लैंड यूज चेंज करने के लिए घर बैठे आन लाइन आवेदन कर सकेंगे। लैंड यूज चेंज में हीला हवाली कर किसानों को परेशान करने वाले अफसरों पर भी अब राज्य सरकार की सीधी निगाह होगी । पैतालिस दिन की समय सीमा के भीतर अफसरों को मामले का निपटारा करते हुए फैसला देना होगा । इस अवधि में कोई कार्रवाई नहीं होने पर किसान के आवेदन को अप्रूव मान लिया जाएगा ।

भू उपयोग बदलने की नियम आसान और पारदर्शी करने से जहां भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी वहीं सीधे किसानों से जमीन खरीद कर औद्योगिक इकाइयां लगाने की कोशिश कर रहे निवेशकों को भी राहत मिलेगी। नई प्रक्रिया से निजी प्रोजेक्ट में काफी तेजी आने की उम्मीद की जा रही है। आवेदन पर फैसले की एक निश्चित समय सीमा तय होने से प्रदेश में निवेश करने वाली कंपनियों का समय भी नहीं बर्बाद होगा। छोटे उद्योग और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोग अपनी इकाइयां लगा कर लोगों को रोजगार और व्यापार से जोड़ सकेंगे। गौरतलब है कि पिछली सरकारों से चले आ रहे भू उपयोग परिवर्तन के इस खेल के कारण हजारों की संख्या में मामले लटके हुई थे, जिन्हें 45 दिन के अंदर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व विभाग की वेबसाइट पर जा कर कोई भी भू स्वामी भू उपयोग परिवर्तन के लिए आन लाइन आवेदन कर सकता है।

## किसानों की आवाज को दबा रही है सरकार: प्रियंका



**लखनऊ।** किसान आंदोलन को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। शुक्रवार को ट्वीट कर प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि सरकार की विनाशकारी कृषि नीति के विरुद्ध अपना विरोध प्रकट करने के लिए अन्नदाता किसानों के खिलाफ भाजपा सरकार आंसू गैस व वाटर कैनन जैसे हिंसक मनोवृति के साधनों से प्रहार कर रही है। यह घोर निंदनीय है। किसानों की आवाज दबाने के लिए पानी बरसाया जा रहा है। सड़कें खोदकर रोका जा रहा है, लेकिन सरकार उनको यह दिखाने और बताने के लिए तैयार नहीं है कि एमएसपी का कानूनी हक होने की बात कहां लिखी है। प्रियंका ने कहा है कि एक देश, एक चुनाव की चिंता करने वाले प्रधानमंत्री को एक देश, एक व्यवहार भी लागू करना चाहिए।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना
मैं सुमित कुमार पाण्डेय, निवासी-J-643 विश्व बैंक कालोनी, बर्रा, कानपुर (उ0प्र0 208027) अपने पुत्र अयांश पाण्डेय का नाम बदलकर अदम्य पाण्डेय कर रहा हूँ और भविष्य में इसे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

सूचना
मैंने अपने ताऊजी के पुत्र अनुराग द्विवेदी व उनकी पत्नी आशी द्विवेदी से उनके दुराचरणों के कारण अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। इनके द्वारा किये गये कार्यों की जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी। आशुतोष द्विवेदी पुत्र स्व0 सुरेश चन्द, नि0 - 128/76, एच-ब्लाक, किदवई नगर, कानपुर नगर।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने इण्टरमीडिएट की परीक्षा वर्ष 2020 में अनुक्रमांक 23711373 से उत्तीर्ण की है जिसका टी0सी0 वास्तव में कहीं खो गया है। मानसी प्रियदर्शनी पुत्री श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव म0नं0 डी 60/88 जी-1 छोटी गैबी सिगरा जिला वाराणसी।

आवश्यकता
H.L.Y. DEGREE COLLEGE
UTTARGAON SISENDI MOHANLALGANJ, LUCKNOW
Required
Principal/ HOD-1, Asst. Prof. For B.ed-15, Pedagogy-10 (Science, Maths, Hindi, English, Home Science) Foundation Course -02, Art & Carft- 01, Music - 01 (Vocal/ Instrumental), Physical Education- 01 Apply to the manager within 08 days from first insertion of this advt. Education Qualification & Salary as per norms of U.G.C.,N.C.T.E & first statute of Lucknow University
9454140180
office.hlydc@gmail.com

## भारतीय किसान यूनियन ने प्रदर्शन कर दी गिरफ्तारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** किसान यूनियन ने कृषि कानून वापस लेने की मांग को लेकर शुक्रवार को लखनऊ समेत प्रदेश के इकाई जनपद में प्रदर्शन किया। इस दौरान किसान यूनियन के पदाधिकारियों से पुलिस की झड़प भी हुई। लखनऊ के अहिमामऊ क्षेत्र में प्रदर्शन के दौरान भारी मात्रा में किसानों ने गिरफ्तारी भी दी। लखनऊ में भारतीय किसान यूनियन ने अहिमामऊ-सुल्तानपुर रोड पर जोरदार तरीके से प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष हरनाम सिंह वर्मा के नेतृत्व में किसानों ने चक्का जाम की तैयारी की थी लेकिन प्रशासनिक मुस्तैदी से यह संभव नहीं हो सका।

किसानों ने चिनहट थाना क्षेत्र के नौबस्ता कला में प्रदर्शन किया। हरनाम सिंह वर्मा ने बताया कि कृषि कानूनों को वापस लेने और किसानों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में हमारा आंदोलन जारी रहेगा। वर्मा ने कहा, हम आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। पुलिस प्रशासन ने हरनाम सिंह वर्मा को किसान भवन नौबस्ता कला में नजरबंद कर दिया। वहीं साथी किसान अहिमामऊ जाने की जिद पर डटे रहे और चले भी लेकिन पुलिस के द्वारा देवा रोड पर डेढ़ सौ किसानों को गिरफ्तार कर लिया गया। श्री वर्मा ने कहा कि यह आंदोलन एक दिन का आंदोलन नहीं है कई दिनों तक चलता रहेगा। रोज किसान गिरफ्तारी देंगे जब तक सरकार यह लिखकर नहीं देगी कि न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे की खरीदारी को कानूनन जुर्म माना जाएगा।

## किसान आंदोलन के समर्थन में कांग्रेस आज पूरे प्रदेश में करेगी प्रदर्शन

**लखनऊ।** दिल्ली में चल रहे किसान आन्दोलन के समर्थन में 28 नवम्बर 2020 को प्रदेश कांग्रेस की सभी जिला शहर इकाइयां प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगीं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि आज अन्नदाता किसान भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों से त्रस्त होकर सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने को विवश है। किसानों की मांगों को मानने के बजाए भाजपा सरकारें किसानों पर बर्बर लाठीचार्जए आंसू गैस और पानी की बौछारें डालकर उनका उत्पीड़न कर रही हैं और उनकी आवाज दबाना चाहती हैं। लल्लू ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के तहत दिल्ली पहुंचकर हाल ही में पारित तीन कृषि कानूनों के विरोध एवं विशेषकर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी की मांग को लेकर आन्दोलनरत किसान इस भीषण ठण्ड में सड़कों पर आने को विवश हुए हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद
गौरीगंज जनपद अमेठी
पत्रांक : 531/न0पा0प0 गौरीगंज/अल्प0नि0सू0/2020-2021 दिनांक : 26 नवम्बर, 2020
अल्पकालिक नीलामी सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गौरीगंज जनपद अमेठी में टैक्सी/वाहन स्टैण्ड पार्किंग शुल्क की वसूली हेतु निकाय के निम्नलिखित स्थान (1) मुसाफिरखाना मोड़ (2) बस स्टैण्ड के पास (3) सैंठा चौराहा (4) रेलवे क्रासिंग (5) लोधी नाला (6) जामों मोड़ टैक्सी/वाहन स्टैण्ड पार्किंग शुल्क की वसूली हेतु दिनांक 05.12.2020 को समय अपराह्न 2:00 बजे नीलामी की तिथि निश्चित की जाती है। नगर पालिका परिषद गौरीगंज के इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारो द्वारा नगद रू0-50,000.00. (पचास हजार रूपये मात्र) जमानत धनराशि कार्यालय में जमा करके नीलामी में भाग ले सकते हैं। यह नीलामी कार्यादेश प्राप्ति की तिथि से 30.11.2021 तक मान्य होगी। नीलामी सम्बन्धी समस्त जानकारी कार्यालय अवधि में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
(सुरजीत कुमार सिंह) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गौरीगंज जनपद अमेठी
(राजपती) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गौरीगंज जनपद अमेठी

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष फायरिंग में दो लोग घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में पारा क्षेत्र के रामपुर इलाके में जमीनी विवाद को लेकर किसान और प्रापर्टी डीलर के बीच विवाद के बाद खूनी संघर्ष हो गया। संघर्ष के दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट और फायरिंग हुई। फायरिंग के दौरान प्रापर्टी डीलर और किसान दोनों के गोली लगी। दोनों को गंभीर हालात में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। इस दौरान कई अन्य लोग मारपीट में घायल हुए।

घटना की जानकारी पाकर मौके पर तत्काल सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी एसएम क़ासिम आब्दी पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया और लोगों से घटना की जानकारी लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पारा इलाके में अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा है अपराधियों पर पारा पुलिस अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल दिख रही है। यहां के निवासी किसान उमेश रावत की गांव में ही जमीन है।

## परिजनों और स्थानीय निवासियों ने पारा पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

## क्षेत्र में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात

इंस्पेक्टर पारा त्रिलोकी सिंह ने बताया कि बीते साल उमेश की एक जमीन का प्रापर्टी डीलर सुनील ने एग्रीमेंट कराया था। सुनील ने आधे रुपये ही दिए थे। वहीं उमेश रुपयों की मांग कर रहे थे और सुनील जमीन वापस भी नहीं दे रहा था। शुक्रवार को सुनील जमीन पर बनी नाली और रास्ते पर खुदाई करा रहा था। जानकारी पर उमेश पहुंचे और उन्होंने विरोध किया। विरोध के दौरान दोनों पक्षों में गाली गलौज हुई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट के बीच फायरिंग हुई। इस दौरान उमेश के पेट और सुशील के पैर में गोली लगी। दोनों को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। वहीं क्षेत्र में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जब घटना की जानकारी जुटाई तो पीड़ित किसान के बेटे अशोक ने बताया कि दबंगों ने पहले उनके पिता सहित माँ और भाई उमेश पर गोली चलाई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। दबंगों ने करीब आधा दर्जन से अधिक फायर किए। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित के परिजनों को कार्यवाही का अश्वासन दिया। वहीं परिजनों ने पुलिस पर समय से कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए बताया कि कई बार पहले इस मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी और लिखित शिकायत भी दी थी लेकिन पुलिस ने समय से व सही कार्रवाई नहीं की जिसके चलते दबंगों ने इस घटना को अंजाम दे दिया।

वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि पहले भी दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। मामले की शिकायत थाने में भी हुई थी पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस अगर उस समय कार्रवाई करती तो आज इतनी बड़ी घटना न होती।

## सिसेण्डी में बाइक सवार छात्र पर फायरिंग

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**सिसेण्डी** गांव में शुक्रवार की शाम सरेराह बीए के छात्र पर फायर से हड़कंप मच गया। बुलेट बाइक सवार छात्र की कमर में लगी। जिसे इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर में भर्ती कराया गया है। जख्मी छात्र ने गांव के ही एक युवक पर फायर का आरोप लगाया है। दो लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मोहनलालगंज के सिसेण्डी निवासी आदित्य पाण्डेय उर्फ शिवम बीए का छात्र है। पुलिस के मुताबिक आदित्य शुक्रवार की शाम भरोसवा गांव की ओर से बाइक से वापस सिसेण्डी लौट रहा था। तभी पीएचसी के निकट उस पर फायर किया गया। कमर में गोली लगने से आदित्य वहीं सड़क पर बाइक से गिरकर जख्मी हो गया। उसने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। उसकी सूचना पर परिजनों ने आदित्य को सीएचसी पहुंचाया जहां से उसे ट्रामा सेण्टर रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक जख्मी आदित्य का ट्रामा सेण्टर में इलाज चल रहा है। उसने गांव के ही एक युवक पर फायर करने का आरोप लगाया है। मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# नाले में सीवरेज बहाने पर ओमेक्स सिटी के खिलाफ एफआईआर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर में** आवासीय सोसाइटियों को सीवरेज नाले में बहाना महंगा पड़ेगा। ओमेक्स सोसाइटी द्वारा सीवरेज नालों में बहाने पर नगर निगम ने सख्त कार्रवाई करते हुए ओमेक्स सोसाइटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इसके साथ ही खाली प्लाटों में कूड़ा डालने वालों पर कार्रवाई तेज कर दी है। शुक्रवार को नगर निगम प्रशासन ने आवासीय सोसाइटियों को कार्रवाई कर कड़ा संदेश दिया। कानपुर रोड पर रामबाई वीवीआईपी गेस्ट हाउस के पीछे ओमेक्स सिटी सोसाइटी द्वारा बिना सीवरेज ट्रीट किए नाले में डाला जा रहा है, जिससे आस पड़ोस का माहौल दूषित हो रहा है। सीवरेज से निकलने वाले बदबू और गंदगी से क्षेत्रीय आबादी में बीमारी फैलने का खतरा बढ़ता जा रहा है। नगर निगम की चेतावनी के बाद भी सोसाइटी द्वारा स्थाई सीवरेज की कोई व्यवस्था नहीं की गयी। सीवरेज के बाहव और खुले नाले में बहाने पर नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने गंभीरता से लिया। नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर ओमेक्स सिटी सोसाइटी के विरुद्ध आशियाना थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी।

### सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रुल्स 2016 के तहत हुई कार्रवाई

नगर निगम द्वारा ओमेक्स सिटी सोसाइटी को नोटिस दी गयी, लेकिन सीवरेज का नाले में गिरना बंद न होने पर कार्रवाई की गयी। नगर निगम ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रुल्स 2016 के तहत कार्रवाई की। यही नहीं नगर आयुक्त द्वारा दूसरी सोसाइटियों को भी चेतावनी देकर आगाह किया है। उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज की जाएगी।

दरअसल, नगर निगम परिसीमा में एलडीए, आवास विकास आदि से नक्शे पास कराने के बाद भी सीवरेज का ट्रीटमेंट आवासीय संस्थाओं द्वारा नहीं किया जा रहा है। आलम यह है कि ओमेक्स की भांति अनेक सोसाइटियां यही कर रही हैं, लेकिन मॉनिटरिंग संस्थाएं आंखें बंद कर बैठी हुई है। कानपुर रोड, फैजाबाद रोड, सीतापुर रोड, अलीगंज सहित दूसरी सभी सोसाइटियां सारा सीवरेज नाले में बहा रही है, लेकिन इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। किसी संस्था द्वारा ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की आवश्यकता नहीं समझी, इसके बाद भी सभी आवासीय संस्था धड़ल्ले से चल रही हैं। सोसाइटियों का मकड़ जाल लगातार पूरे शहर में फैलता ही जा रहा है। मुख्य सडकों के किनारे अधितकर सोसाइटियों के प्रचार प्रसार करती होर्डिंगें देखी जा सकती है, लेकिन इन पर कार्रवाई के नाम पर केवल नोटिस तक ही सीमित हैं।

## फरार गांजा तस्कर का नहीं लगा सुराग, दारोगा पर मुकदमा

**लखनऊ।** राजधानी के आशियाना थाने से गुरुवार को भागे अपराधी राहुल का अबतक पुलिस सुराग नहीं लगा सकी है। आलाधिकारियों के निर्देश पर घटना के समय थाने में मौजूद दारोगा मनजीत सिंह पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर पुलिस भागे हुए गांजा तस्कर का झोपड़पट्टी समेत पूर्व में जेल गए तस्करों से सुराग लगा रही है। दरअसल, आशियाना थाने के दारोगा मनजीत सिंह ने गुरुवार को गांजा तस्करी के मामले में पकड़े गए राहुल पुत्र महाराज को लॉकअप से निकाल कर उससे पूछताछ कर रिपोर्ट लिख रहे थे। इस बीच शातिर राहुल ने दारोगा को बातों में उलझाया और लघुशंका के बहाने भाग निकला था।

## राजधानी में 306, सूबे में मिले कोरोना के 2366 नए केस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सूबे** सहित राजधानी में लगातार कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ रही है। शुक्रवार को राजधानी में कोरोना के 306 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 2366 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 25639 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3771 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7697 मरीजों की और राजधानी में 978 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 530,050 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2058 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 504,411 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 11086 लोगो के सैम्पल लिये गये है। जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 34, गोमती नगर 36, रायबरेली रोड 15, आलमबाग 16, चौक 13, मड़ियांव 10, आशियाना 21, सरोजिनी नगर 10, महानगर 16, विकास नगर 10 ,तालकटोरा 19, हसनगंज 14 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। वही आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 141 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया।

## दिसंबर के पहले सप्ताह में एलयू पीजी की मेरिट के जारी होने की संभावना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय में दिसम्बर के पहले सप्ताह तक पीजी कक्षाओं में दाखिले के लिए दिसम्बर के पहले सप्ताह में नई मेरिट सूची के आने की संभावना है। विवि के अधिकारियों का कहना है कि प्रवेश परीक्षा के बाद स्टूडेंट्स ने काउंसिलिंग के लिए जो रजिस्ट्रेशन और डॉक्यूमेंट अपलोड किए हैं, वे पुरानी मेरिट से हैं। ऐसे में नई मेरिट आने के बाद स्टूडेंट्स को दोबारा नई मेरिट के अनुसार काउंसिलिंग में शामिल होने का चांस दिया जाएगा। एलयू प्रशासन ने मेरिट सूची में गड़बड़ियां होने पर पांच सदस्यीय कमेटी बनाई है, जिसे अपनी रिपोर्ट एलयू प्रशासन को 21 दिन में सौंपने का समय दिया गया है। सूत्रों के अनुसार दो दिसंबर को यूनिवर्सिटी खुलते ही दो से चार दिसंबर के बीच पीजी एडमिशन पर डिसीजन आ जाएगा। सूत्रों के अनुसार लगातार तीन बार मेरिट निकाली गई हैए जिसमें तीसरी मेरिट में अधिक गड़बडियां नहीं मिली हैं। प्रवेश परीक्षा की ओएमआर शीट के साथ आंसर की भी चेक की गई है। संभावना है कि एलयू प्रशासन इस नई मेरिट के साथ अब आंसर की भी जारी करेगा।

**इंटर्नशिप में वृद्धि की मांग को लेकर तीन सदस्यीय कमेटी का गठनः लखनऊ।** इंटर्नशिप में वृद्धि की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलित इंटर्न डाक्टरों के मामले में शासन स्तर पर तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया गया है। विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा की अध्यक्षता में गठित कमेटी पूरे प्रकरण का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट को शासन को देगी।

इंटर्नशिप में वृद्धि की मांग को लेकर किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में इंटर्न एमबीबीएस लगातार पिछले दो दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। इसको लेकर पहले भी इंटर्न प्रदर्शन कर चुके हैं।

## चिन्मयानंद पर लगाए आरापों से मुकरने वाली पीड़िता ने जवाबी हलफनामा दाखिल किया

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**चिन्मयानंद** उर्फ कृष्णपाल सिंह पर यौन संबध बनाने की खातिर अपनी कस्टडी में रखने का मुकदमा दर्ज कराकर अदालत में अपनी गवाही से मुकरने वाली पीड़िता ने शुक्रवार को एमपी–एमएलए की विशेष अदालत में अपना जवाबी हलफनामा दाखिल किया। इस हलफनामे की एक प्रति अभियोजन को भी मुहैया कराई गई। अब अभियोजन की इस ओर से पीड़िता के हलफनामे पर 11 जनवरी को अपना जवाब दाखिल किया जाएगा। बीते 13 अक्टूबर को विशेष अदालत में अपनी गवाही के दौरान पीड़िता अपने आरोपों से मुकर गई थी। जिस पर अभियोजन ने उसे पक्षद्रोही घोषित करते हुए उसके खिलाफ सीआरपीसी की धारा 340 के तहत मुकदमे की अर्जी दाखिल की थी। विशेष जज पवन कुमार राय ने अभियोजन की इस अर्जी को प्रकीर्ण वाद के रूप में दर्ज करने का आदेश देते हुए पीड़िता को इस संदर्भ में अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया था। शुक्रवार को पीड़िता अदालत में उपस्थित हुई और अपना जवाब जरिए हलफ़नामा दाखिल किया।

### मुख्तार अंसारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए पेश

**लखनऊ।** तत्कालीन जेलर से गाली गलौज करने के एक मामले में एमपी–एमएलए की विशेष अदालत ने मुल्जिम मुख्तार अंसारी की ओर से अंतिम बहस के लिए पांच दिसंबर की तिथि नियत की है। विशेष जज पवन कुमार राय ने कारागार विभाग के तत्कालीन अपर महानिरीक्षक को धमकी देने के एक दूसरे मामले में मुख्तार की ओर से सफाई साक्ष्य पेश करने के लिए भी पांच दिसंबर की तारीख तय की है। विशेष अदालत में इन दोनों मामलों की सुनवाई के दौरान मुल्जिम मुख्तार असांरी पंजाब के रोपड़ जेल से जरिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग उपस्थित थे। 28 अप्रैल 2003 को लखनऊ के जेलर एसके अवस्थी ने थाना आलमबाग में मुख्तार के खिलाफएफआईआर दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक जेल में मुख्तार अंसारी से मिलने आए लोगों की तलाशी लेने का आदेश देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी। साथ ही उनके साथ गाली गलौज करते हुए मुख्तार ने उन पर पिस्तौल भी तान दी थी। जबकि एक मार्चए 1999 को तत्कालीन अपर महानिरीक्षक कारागार एसपी सिंह पुंढीर ने थाना कृष्णानगर में दर्ज कराई थी।

### पुलिसवालों के खिलाफ मुकदमे की अर्जी

**लखनऊ।** राजधानी के दो अलग अलग थाने के पुलिसकर्मियों के खिलाफ दाखिल मुकदमे की अर्जी पर अदालत ने थाना गोसाइगंज व थाना विभूतिखंड से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। अदालत में एक अर्जी तलीब अहमद खान ने दाखिल कर थाना विभूतिखंड के एसएचओ व मालखाना इंचार्ज रामवीर के खिलाफ मुकदमे की मांग की है। अर्जी पर बहस करते हुए वकील परमानंद गुप्ता का कहना था कि अदालत के आदेश के बावजूद अर्जीकर्ता की गाड़ी को रिलीज नहीं किया गया। दूसरी अर्जी मोहित साहू ने दाखिल की है। इन्होंने अपनी अर्जी में थाना गोसाइगंज के एसएचओ व मालखाना इंचार्ज के साथ ही डीएम आफिस के माइन इंसपेक्टर के खिलाफ मुकदमे की मांग की है। कहना है कि वैध कागजात होते हुए भी इनका डंपर पकड़ लिया गया और 25 हजार का जुर्माना ठोक दिया गया। लेकिन जब जुर्माना चुकता कर डंपर लेने गए, तो बैटरी गायब थी। सीजेएम शिवानंद ने इन दोनों अर्जियों पर अगली सुनवाई के लिए 11 दिसंबर की तारीख मुकर्रर की है।

# राजधानी में बेकाबू रफ्तार ने तीन लोगों को सुलाया मौत की नींद

**लखनऊ।** राजधानी में वाहनों की बेकाबू रफ्तार ने तीन लोगों को मौत की नींद सुला दिया। मोहनलालगंज में एक डम्पर ने मासूम को रौंद दिया। निगोहां में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवती की मौत हो गई जबकि गोसाईंगंज में बाइक से गिरी महिला को ट्रक ने कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

मोहनलालगंज के सोहावा निवासी रवि शुक्रवार को सोहावा.बिजनौर रोड पर तालाब के निकट सड़क किनारे सिंघाड़े बेंच रहे थे। तभी रवि सड़क के दूसरी पटरी पर खरीदार को सिंघाड़ा देने जा रहे थे कि उनका डेढ़ साल का बेटा कृष्णा भी पीछे चल दिया। इतने में बिजनौर की ओर से आ रहे मिट्टी लदे डम्पर ने मासूम को कुचल दिया। हादसे को अंजाम देकर ड्राइवर डम्पर छोड़कर भाग निकला। उधर बदहवाश रवि आसपास के लोगों की मदद से इकलौते बेटे को लेकर सीएचसी पहुंचे जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया डम्पर को कब्जे में लेकर ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

उधर निगोहां कस्बे में अपने ममेरे भाई की शादी की खरीदारी करने अपने साथी के साथ निकले युवक की बाइक में निगोहां कस्बे में एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार युवक और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को सीएचसी मोहनलालगंज भेजा जहां एक युवक की मौत हो गयी। निगोहां के दयालपुर गांव निवासी चंद्रशेखर का 32 वर्षीय बेटा शिवाकांत मुंबई में लॉन्ड्री का काम करता था। लॉकडाउन के दौरान वह मुंबई से अपने गांव आया हुआ था। पिता चंद शेखर ने बताया कि उनका बेटा निगोहां स्थित अपने मामा रमेश वर्मा के बेटे प्रमोद वर्मा की 30 नवम्बर को होने वाली शादी में शामिल होने के लिए शुक्रवार को निगोहां गया हुआ था। जहां से वह शाम करीब 7 बजे निगोहा गांव के अपने साथी नीरज वर्मा के साथ बाइक से शादी की खरीददारी करने के लिए निगोहा कस्बे गया हुआ था तभी कस्बे के भगवानपुर मोड़ के पास उक्त घटना हुई।

उधर गोसाईंगंज के पहसा गांव निवासी आशारानी 45 शुक्रवार की शाम अपने भतीजे सतीश निवासी हरदासपुर गोसाईंगंज के साथ गोसाईंगंज बाजार शादी का सामान लेने आई थी। सामन खरीद कर बाइक से वापसी के दौरान बड़े पत्थर वाली सड़क पर बाइक लडखड़ा गई जिससे पीछे बैठी महिला व तीन बच्चे उसी रोड पर गिर गये। जब तक महिला संभल पाती इतने में पीछे से आ रही ट्रक ने से कुचल दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर आशारानी के साथ तीन बच्चे सागर, साहिल व अर्पित भी सवार थे। बच्चे बाल बाल बच गये।

## राज्यपाल ने शिव प्रकाश सिंह के निधन पर जताया दुख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मेयर संयुक्ता भाटिया व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने राजधानी लखनऊ से प्रकाशित दैनिक द पायनियर के स्थानीय सम्पादक विजय प्रकाश सिंह के बड़े भाई शिव प्रकाश सिंह के निधन पर दु:ख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना एवं सहानुभूति व्यक्त की है।

वहीं विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने अपने शोक संदेश में कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें व शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उप मुख्यमंत्री केश्व प्रसाद मौर्य ने शोक व्यक्त करते हुए प्रभु से दिवंगत आत्मा को शांति व परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, महापौर व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने भी जताया शोक

महापौर संयुक्ता भाटिया ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की है। साथ ही दुख प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है। महापौर ने कहा कि ईश्वर, परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने गहरा शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस असह्य दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दु:ख की इस घड़ी में कांग्रेस परिवार शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़ा है।

## प्रताड़ना से तंग आकर आग लगाने वाली युवती की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुंबई** में बैठकर एक युवक अपने गांव की ही एक युवती के फोन पर कॉल कर उस पर शादी का दबाव बनाता रहा था। प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने बीते दिनों पेट्रोल छिड़कर खुद को आग के हवाले कर लिया था। पुलिस का कहना हे कि बुरी तरह झुलसी युवती ने सात दिनों बाद शुक्रवार को इलाज के दौरान सिविल अस्पताल में दम तोड़ दिया। हालांकि पुलिस ने घटना के तीसरे दिन पीड़िता के भाई की ओर से दी गई तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया था। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शिवरतनगंज गांव जियापुर में युवती ने बीते 20 नवम्बर को खुद को बाथरुम में बंद कर आग लगा ली थी। गम्भीर रुप से झुलसी युवती को परिजनों ने सिविल अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मोहम्मद जसीम उर्फ बल्लू समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें दो को गिरफ्तार कर लिया गया है।


## पूर्वोत्तर रेलवे

सूचना संख्या-123/2020

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विशेष गाड़ियों का संचलन दिनांक 01.12.2020 से 31.12.2020 के मध्य निम्नवत किया जायेगा।

05005/05006 गोरखपुर–देहरादून–गोरखपुर विशेष गाड़ी (द्वि-साप्ताहिक)
05005–गोरखपुर से प्रत्येक बुधवार व शुक्रवार–02.12.20 से 30.12.20 तक
05006–देहरादून से प्रत्येक मंगलवार व गुरुवार–03.12.20 से 31.12.20 तक

| 05005 गोरखपुर-देहरादून आगमन | 05005 गोरखपुर-देहरादून प्रस्थान | स्टेशन | 05006 देहरादून-गोरखपुर आगमन | 05006 देहरादून-गोरखपुर प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 21.15 | गोरखपुर | 07.55 | -- |
| 21.53 | 21.55 | खलीलाबाद | 06.53 | 06.55 |
| 22.21 | 22.24 | बस्ती | 06.24 | 06.27 |
| 23.11 | 23.13 | मनकापुर | 05.20 | 05.22 |
| 00.05 | 00.10 | गोंडा | 04.40 | 04.50 |
| 01.43 | 01.45 | बाराबंकी | 03.03 | 03.05 |
| 02.53 | 03.03 | लखनऊ (उरे) | 01.55 | 02.05 |
| 04.32 | 04.34 | हरदोई | 00.13 | 00.15 |
| 05.38 | 05.40 | शाहजहाँपुर | 23.13 | 23.15 |
| 06.45 | 06.47 | बरेली जं. | 22.06 | 22.08 |
| 07.43 | 07.45 | रामपुर जं. | 21.05 | 21.07 |
| 08.30 | 08.38 | मुरादाबाद जं. | 19.50 | 19.58 |
| 10.26 | 10.29 | नजीबाबाद जं. | 18.17 | 18.22 |
| 11.07 | 11.12 | लक्सर जं. | 17.35 | 17.40 |
| 12.00 | 12.07 | हरिद्वार | 16.55 | 17.07 |
| 13.50 | -- | देहरादून | -- | 15.20 |

रेक संरचना–एल.डब्ल्यू.एल.आर.आर.एम.–02, साधारण द्वितीय श्रेणी–03, शयनयान–06, वातानुकूलित द्वितीय टियर–01, वातानुकूलित तृतीय टियर–02 = 14 यान

05001/05002 मुजफ्फरपुर–देहरादून–मुजफ्फरपुर विशेष गाड़ी (साप्ताहिक)
05001 – मुजफ्फरपुर से प्रत्येक सोमवार – 07.12.2020 से 28.12.2020 तक
05002 – देहरादून से प्रत्येक शनिवार – 05.12.2020 से 26.12.2020 तक

| 05001 मुजफ्फरपुर-देहरादून आगमन | 05001 मुजफ्फरपुर-देहरादून प्रस्थान | स्टेशन | 05002 देहरादून-मुजफ्फरपुर आगमन | 05002 देहरादून-मुजफ्फरपुर प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 14.00 | मुजफ्फरपुर जं. | 16.29 | -- |
| 14.42 | 14.44 | चकिया | 13.53 | 13.55 |
| 15.15 | 15.18 | बापूधाम मोतिहारी | 13.26 | 13.28 |
| 15.35 | 15.37 | सगौली जं. | 13.05 | 13.07 |
| 15.53 | 15.56 | बेतिया | 12.37 | 12.39 |
| 16.27 | 16.32 | नरकटियागंज जं. | 12.04 | 12.09 |
| 16.48 | 16.50 | हरिनगर | 11.42 | 11.44 |
| 17.48 | 17.51 | बगहा | 11.19 | 11.21 |
| 19.33 | 19.35 | सिसवा बाजार | 10.00 | 10.02 |
| 19.57 | 20.02 | कप्तानगंज जं. | 09.00 | 09.05 |
| 21.00 | 21.15 | गोरखपुर | 07.55 | 08.05 |
| 21.53 | 21.55 | खलीलाबाद | 06.53 | 06.55 |
| 22.21 | 22.24 | बस्ती | 06.27 | 06.30 |
| 23.11 | 23.13 | मनकापुर | 05.20 | 05.22 |
| 00.05 | 00.10 | गोंडा | 04.40 | 04.50 |
| 01.43 | 01.45 | बाराबंकी | 03.03 | 03.05 |
| 02.53 | 03.03 | लखनऊ (उरे) | 01.55 | 02.05 |
| 04.32 | 04.34 | हरदोई | 00.13 | 00.15 |
| 05.38 | 05.40 | शाहजहाँपुर | 23.13 | 23.15 |
| 06.45 | 06.47 | बरेली जं. | 22.06 | 22.08 |
| 07.43 | 07.45 | रामपुर जं. | 21.05 | 21.07 |
| 08.30 | 08.38 | मुरादाबाद जं. | 19.50 | 19.58 |
| 10.26 | 10.29 | नजीबाबाद जं. | 18.17 | 18.22 |
| 11.07 | 11.12 | लक्सर जं. | 17.35 | 17.40 |
| 12.00 | 12.07 | हरिद्वार | 16.55 | 17.07 |
| 13.50 | -- | देहरादून | -- | 15.20 |

रेक संरचना–एल.डब्ल्यू.एल.आर.आर.एम.–02, साधारण द्वितीय श्रेणी–03, शयनयान–06, वातानुकूलित द्वितीय टियर–01, वातानुकूलित तृतीय टियर–02 = 14 यान

05023/05024 गोरखपुर–यशवंतपुर–गोरखपुर विशेष गाड़ी (साप्ताहिक)
05023 – गोरखपुर से प्रत्येक मंगलवार – 01.12.2020 से 29.12.2020 तक
05024 – यशवंतपुर से प्रत्येक गुरुवार – 03.12.2020 से 31.12.2020 तक

| 05023 गोरखपुर-यशवंतपुर आगमन | 05023 गोरखपुर-यशवंतपुर प्रस्थान | स्टेशन | 05024 यशवंतपुर-गोरखपुर आगमन | 05024 यशवंतपुर-गोरखपुर प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 08.55 | गोरखपुर | 19.35 | -- |
| 10.50 | 10.55 | मनकापुर जं. | 17.07 | 17.12 |
| 11.40 | 11.45 | अयोध्या जं. | 16.26 | 16.28 |
| 12.10 | 12.15 | फैजाबाद जं. | 15.40 | 15.45 |
| 16.00 | 16.10 | लखनऊ (उरे) | 13.05 | 13.15 |
| 17.50 | 18.00 | कानपुर सेंट्रल | 11.37 | 11.42 |
| 19.33 | 19.35 | उरई | 09.18 | 09.20 |
| 21.30 | 21.40 | झांसी जं. | 07.55 | 08.05 |
| 23.08 | 23.10 | ललितपुर | 06.38 | 06.40 |
| 01.00 | 01.05 | बीना जं. | 05.30 | 05.35 |
| 02.55 | 03.05 | भोपाल | 03.35 | 03.40 |
| 04.40 | 04.45 | इटारसी जं. | 01.50 | 02.00 |
| 06.22 | 06.24 | बेतुल | 23.40 | 23.42 |
| 10.00 | 10.05 | नागपुर जं. | 20.55 | 21.00 |
| 12.18 | 12.20 | चंद्रपुर | 17.38 | 17.40 |
| 13.50 | 13.55 | बल्हारशाह जं. | 17.20 | 17.25 |
| 14.34 | 14.35 | सिरपुर कागजनगर | 15.19 | 15.20 |
| 17.08 | 17.10 | काजीपेट जं. | 13.18 | 13.20 |
| 20.15 | 20.25 | काचीगुडा | 10.50 | 11.00 |
| -- | -- | महबूबनगर | 08.29 | 08.30 |
| 00.33 | 00.35 | करनूल सिटी | 06.33 | 06.35 |
| 04.24 | 04.25 | अनंतपुर | 03.33 | 03.35 |
| 05.40 | 05.45 | धर्मवरम जं. | 03.03 | 03.05 |
| 11.30 | -- | यशवंतपुर जं. | -- | 23.40 |

रेक संरचना–एल.डब्ल्यू.एल.आर.आर.एम.–02, साधारण द्वितीय श्रेणी–04, शयनयान–07, वातानुकूलित द्वितीय टियर–02, वातानुकूलित तृतीय टियर–06 = 21 यान

कृपया ध्यान दें–1. इस गाड़ी के सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होंगे। 2. इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 से बचाव एवं उनकी रोकथाम हेतु जारी दिशा-निर्देश का पालन करना अनिवार्य होगा।

मुजाधि/टी-50 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"


# नगर निगम अब अपने दम पर करायेगा शहर का विकास

## दो दिसंबर को सीएम की मौजूदगी में होगी बांड की लिस्टिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**शहर** का विकास, सौंदर्यीकरण व साफ सफाई का खर्च अब नगर निगम अपने दम पर जुटाएगा। बांबे स्टॉक एक्सचेंज में दो सौ करोड़ के बांड उतारने के साथ ही नगर निगम और उसकी कार्यशैली की सूरत बदलने जा रही है। इसका फायदा सीधे शहरवासियों को मिलेगा। शासन की योजना के मुताबिक 2 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में मुंबई में नगर निगम के बांड की लिस्टिंग होगी। नगर निगम की इस उपलब्धि की देश और दुनिया कई औद्योगिक हस्तियां गवाह बनेंगी।

शहर की सूरत और सीरत दोनों बदलने वाले निर्णय नगर निगम प्रशासन का यह साहसिक कार्य रहा। नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि लखनऊ नगर निगम का यह बांड अधिक बाजार उन्मुख और पारदर्शी है, जो स्थानीय प्रशासन को और गति देगा। प्रदेश सरकार, लखनऊ नगर निगम की उपलब्धि का अनुकरण करने के लिए राज्य के अन्य स्थानीय निकायों को भी प्रोत्साहित करने की तैयारी में है । उम्मीद है कि गाजियाबाद वाराणसी, आगरा और कानपुर के नगर निगम भी आने वाले महीनों में नगर निगम के बांड जारी करेंगे। नगर आयुक्त ने बताया कि लखनऊ नगर निगम के बॉन्ड को बॉबे स्टॉक एक्सचेंज में दो सौ करोड़ के कुल अंक के साथ लांच किया है, जो 225 फीसदी (450 करोड़) से अधिक सब्सक्राइब हुआ। 10 साल के बॉन्ड के लिए 8.5 फीसदी की उछाल के साथ एक बहुत ही आकर्षक दर पर बंद हुआ, जो एक रिकॉर्ड है। बताते चलें कि लखनऊ में 2018 में हुए इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर भारत में अमृत योजना के तहत पहले नगर निगम के बॉन्ड के रूप में लांच करने के लिए एक चुनौती के रूप में लिया था। नगर निगम का कोविड काल में इसे जारी करना अपने आप में उपलब्धि है। नगर आयुक्त ने बताया कि इस बॉन्ड का ओवर सब्सक्राइब होना, इस बात का संकेत है कि देश में आर्थिक माहौल में सुधार के कारण निवेशकों की दिलचस्पी है। लखनऊ नगर निगम की ओर से लांच किया गया बांड शहरी शासन में एक बदलाव का प्रतीक है। इसके लिए प्रदेश सरकार योगी सरकार और भारत सरकार ने अपना पूरा समर्थन दिया है। लखनऊ नगर निगम का यह बांड अधिक बाजार उन्मुख और पारदर्शी होने के कारण स्थानीय प्रशासन को और गति देगा। प्रदेश सरकार, लखनऊ नगर निगम द्वारा निर्धारित उदाहरण का अनुकरण करने के लिए राज्य के अन्य स्थानीय निकायों को भी प्रोत्साहित करेगी। उम्मीद है कि गाजियाबाद और फिर अन्य शहरों जैसे वाराणसी, आगरा और कानपुर के नगर निगम भी आने वाले महीनों में नगर निगम के बांड जारी करेंगे।

# सुविधाओं को जांचा, मरीजों से लिया फीडबैक

## सीएमओ ने किया काकोरी, मलिहाबाद और माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**मुख्य** चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ डॉ. संजय भटनागर ने शुक्रवार को काकोरी, मलिहाबाद , माल ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही काकोरी में निर्माणाधीन मैटरनिटी विंग का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने दवाओं की उपलब्धता एवं अभिलेखों और नियमित टिकाकरण से संबन्धित रेकॉर्ड व अभिलेखों को देखा। उन्होंने आरसीएच पोर्टल में डाटा फीडिंग की अध्यातन स्थिति प्राप्त की एवं इसे अपडेट रखने के निर्देश दिये।

साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा लेबर रूम का भी निरीक्षण किया गया और लेबर रूम में उपकरणों एवं उपलब्ध दवाइयों व इंजेक्सन की भी जांच की। गर्भवती महिलाओं को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और इसके साथ ही वार्ड में भर्ती मरीजों से दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मरीजों से दी जा रही दवाओं और भोजन की गुणवत्ता के बारे में फीडबैक प्राप्त किया गया। निरीक्षण के बाद सीएमओ ने उपलब्ध सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया गया तथा साथ ही यह निर्देशित किया गया कि कोविड.19 के सभी प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए सभी को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ डॉ राजेंद्र कुमार चौधरी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ मिलिंद वर्धन डिप्टी सीएमओ एवं सीएमओ कार्यालय के शैलेंद्र गुप्ता कनिष्ठ सहायक भी उपस्थित थे

# तैयार की जाए अंतरराष्ट्रीय स्तर की जल नीतिः महेन्द्र सिंह

- 24 जनवरी तक लांच करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जलशक्ति** मंत्री डा महेन्द्र सिंह ने जल की समस्या के स्थायी समाधान के लिए उत्तर प्रदेश के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की जल नीति तैयार करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि यह जल नीति दूरगामी, सुविचारित तथा कारगर होनी चाहिए, जिससे जनता को लगे कि यह उसके सोच के आधार पर तैयार की गयी है। उन्होंने कहा कि इस जल नीति को उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर 24 जनवरी 2021 तक लांच हो जाना चाहिए।

डा महेन्द्र सिंह शुक्रवार को सिंचाई विभाग के मुख्यालय स्थित सभागार में प्रस्तावित नई जल नीति का प्रस्तुतीकरण के अवलोकन के उपरान्त अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नदियों के जीर्णोद्धार, पुनरोद्धार का कार्य भी जल नीति में शामिल होना चाहिए। जल नीति को जन नीति तक पहुंचाना है, इसलिए इसमें किसान, व्यापारी, आम जनता तथा जन प्रतिनिधियों की भागीदारी भी होनी चाहिए। जल शक्ति मंत्री ने नई जल नीति को तैयार करके सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए भी निर्देश दिये ताकि आम जनता एवं समाज के जागरूक नागरिकों के बहुमूल्य सुझाव भी प्राप्त किये जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में तेजी से उत्तर प्रदेश बदल रहा है। नित नये दूरगामी तथा दीर्घकालिक फैसले लिए जा रहे हैं। इसलिए नई जल नीति पूरे देश व दुनिया के लिए एक आदर्श जल नीति होनी चाहिए।

# कृषि बिल के विरोध में किसानों ने हाईवे किया जाम

- जख्मी और बीमार को अस्पताल भेजने के लिए भाकियू नेताओं ने खुद खुलवाया जाम

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**कृषि** विधेयकों का विरोध जता रहे भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला महामंत्री दिलराज सिंह की अगुवाई में शुक्रवार को सैकड़ों की तादात में भाकियू कार्यकर्ता मोहनलालगंज में राधास्वामी सत्संग व्यास के निकट रायबरेली हाईवे जाम कर सड़क पर धरने पर बैठ गए। सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे किसान नेताओं ने सरकार पर किसानों के बजाए व्यापारियों के हित में विधेयक लाने का आरोप लगाया। एमएसपी पर कृषि उपज खरीदने की गारंटी देने वाला कानून बनाने की मांग कर रहे भाकियू नेताओं ने सरकार पर मण्डियां समाप्त करने की कोशिश का आरोप लगाया। पुलिस अफसरों की तमाम कोशिशें भी भाकियू पदाधिकारियों को समझाबुझाकर कर जाम हाईवे नहीं खुलवा सकीं। इसी बीच सड़क हादसे में जख्मी हुलासखेड़ा के किसान श्रवण कुमार और एक अन्य एम्बुलेन्स को अस्पताल पहुंचाने के लिए किसान नेताओं ने पहल करते हुए खुद धरना समाप्त कर जाम खुलवाया और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल रवाना कराया।

## प्रस्तावित धरने को लेकर की बैठक


**सरोजनीनगर।** प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर शिवसेना द्वारा आगामी 30 नवंबर को प्रस्तावित राज भवन घेराव व धरना प्रदर्शन की तैयारी के लिए शुक्रवार को शिवसेना जिला इकाई की समीक्षा बैठक सरोजनीनगर स्थित शिवसेना प्रदेश कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में शिवसेना राज्य प्रमुख अनिल सिंह ने कहा कि इस समय पूरे प्रदेश में प्रायः बहन बेटियों की अस्मत लूटी जा रही है। लेकिन प्रदेश सरकार उसे रोकने में नाकामयाब है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था पर पूरी तरह से फेल हो चुकी है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह किसानों और नौजवानों का पूरी तरह शोषण कर रही है। हाथरस, बलरामपुर, लखीमपुर व राजधानी लखनऊ की घिनौनी घटनाएं इस सरकार में आम हो गई हैं। अपराधी निरंकुश हो चुके हैं। सरकार किसानों का समर्थन मूल्य देना तो दूर, किसानों के धान की तौल तक नहीं करा पा रही है। अनिल सिंह ने कहा कि इन्हीं मुद्दों को लेकर शिवसेना आगामी 30 नवंबर को राजभवन का घेराव व धरना प्रदर्शन करेगी। इस प्रस्तावित धरना प्रदर्शन के लिए उन्होंने हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर प्रातः 10 बजे भारी संख्या में शिवसैनिकों से पहुंचने का आवाहन किया है। इस बैठक में संगठन के प्रदेश सचिव व प्रदेश कार्यालय प्रभारी विश्वजीत सिंह, अल्पसंख्यक अध्यक्ष फुरकान खान, युवा सेना लखनऊ जिलाध्यक्ष रोहित कश्यप, जिला महासचिव घनश्याम गुप्ता और सरोजनीनगर विधानसभा अध्यक्ष राज गौतम सहित कई अन्य शिवसैनिक भी मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में किशोरी का फंदे से लटका मिला शव

**लखनऊ।** नगराम के देवती गांव निवासी 16 वर्षीय एक किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थिति मे कमरे मे बल्ली से बंधी रस्सी के सहारे लटकता पाया गया। सूचना पाकर पंहुची नगराम पुलिस द्वारा शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। आत्म हत्या के कारणों का पता नही लग सका है। मृतका के पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया। नगराम के देवती गांव निवासी मनोज लोध शादी ब्याह व अन्य पार्टियों मे खाना बनाने का काम करते है। गुरुवार के दिन इसी काम से वह बाहर गये हुए थे। घर पर पत्नी व बच्चे थे। रात के वक्त सभी खाना खाकर सो गये। रोशनी अपनी बुआ के साथ अलग कमरे मे सोने चली गयी थी, इस बीच रात के वक्त कमरे मे रखी बल्ली से रस्सी का फंदा लगा कर रोशनी ने आत्महत्या कर ली। सुबह जानकारी होने पर कोहराम मच गया। इंस्पेक्टर नगराम ने बताया कि शव फंदे से उतार कर कब्जे मे लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# रात होते ही शुरू हो जाता है अवैध खनन

**संवाददाता।** निगोहां



**पुलिस** व राजस्व विभाग की मिलीभगत से निगोहां थाना क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से कई गांवों में धड़ल्ले से अवैध खनन हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार रात होते ही सरकारी जमीनों पर जेसीबी चलने लगती है। मिट्टी लदे डम्पर पुलिस के सामने से ही गुजरते हैं, लेकिन पुलिसकर्मियों की मिलीभगत होने के कारण कोई ध्यान नहीं दिया जाता। ग्रामीणों के अनुसार निगोहां थाना क्षेत्र के शेरपुर लवल, हरिहरपुर पटसा, निगोहां सहित रायबरेली के सीमावर्ती गांवो में कई दिनों से अवैध खनन हो रहा है। निगोहां में अवैध खनन से खेतों में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। वहीं हरिहरपुर पटसा व शेरपुर में भी खनन जारी है। कई जगह अनुमति से अधिक खनन की शिकायत पुलिस व प्रशासन के जिम्मेदारों से भी ग्रामीणों द्वारा की गई है। वही जब पत्रकारों ने अवैध खनन के संबंध में निगोहां थाना प्रभारी से बात की तो इंस्पेक्टर निगोहा शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि मिट्टी खनन को रोकने का काम खनन विभाग का है।

### हरियाली को भी नष्ट कर रहे खनन माफिया

ग्रामीणों ने बताया कि खनन के दौरान खनन माफिया हरे पेड़ों को भी नहीं छोड़ते। उनके आसपास की मिट्टी को खोदकर उनकी हरियाली को नष्ट कर देते है। साथ ही खनन करने वाले रात होते ही जेसीबी मशीन के साथ दर्जन भर डंपर दौड़ाने लगते हैं और ये डंपर रात में गांव के कच्चे रास्तों सहित लिंक मार्गो पर तेज रफ्तार से दौड़ते हैं जिनकी वजह से रास्ते चौपट हो रहे।

## संदिग्ध हालत में महिला की मौत

**सरोजनीनगर।** बंथरा इलाके में गुरुवार रात दावत से लौटी एक महिला की संदिग्ध अवस्था में अचानक हालत बिगड़ गई। गंभीर हालत में उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर मृतका के परिजनों का कहना है कि महिला श्वांस रोगी थी और उसी की वजह से उसकी मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक बंथरा कस्बा निवासी अरुण कुमार गुप्ता की पत्नी शिव कुमारी (45) गुरुवार को एक दावत में गई थी। जहां से रात में घर लौटने पर उसकी अचानक हालत बिगड़ गई। बाद में ज्यादा हालत बिगड़ती देख परिजन इलाज के लिए उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। लेकिन वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## शाइन सिटी निदेशकों ने हड़पे 69 लाख

**लखनऊ।** गोमतीनगर थाने में शाइन सिटी निदेशक राशिद और आसिफ नसीम के खिलाफ69 लाख रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज हुआ है। गुड़ंबा कुर्सी रोड निवासी शाहिद हुदा के मुताबिक कंपनी ने पीआईपीए बिड एंड हॉट डील, जेवर व प्लॉट समेत अन्य लुभावनी स्कीम के नाम पर मोटे मुनाफे का झांसा दिया। निदेशकों पर भरोसा कर शाहिद ने 69 लाख रुपये लगाए थे। जो आरोपी हड़प कर फरार हो गए। लाखों रुपये की धोखाधड़ी किए जाने से शाहिद बीमार हो गए थे। हालत में सुधार होने पर उन्होंने गोमतीनगर थाने पहुंच कर मुकदमा दर्ज कराया है।

## लेनदेन के विवाद में युवक का सिर फोड़ा

**लखनऊ।** विकासनगर थाना क्षेत्र के टेढ़ीपुलिया चौराहे पर शुक्रवार को रुपयों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में युवक की डंडे से पिटाई कर दी गई। इससे उसका सिर फट गया है। घायल को पुलिस की मदद से हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक टेढ़ीपुलिया चौराहे पर दो सगे भाई लाईक और बबलू की पराठे की दुकान हैं। जहां छुईया पुरवा निवासी मो आमिर पराठा बनाने का काम करता था। बताया जा रहा कि काम के दौरान आमिर ने कुछ रुपये लाईक और बबलू से एडवांस में ले लिया था। रुपये न लौटने पर आमिर को काम से निकाल दिया गया था। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी। शुक्रवार को इसी विवाद को लेकर लाईक व बबलू के भतीचे मुन्ना व यासीन निवासी अकिलापुर ने मो आमीर को डंडे से मारापीटाए जिसके उसके सिर में चोट लगी है। थाना प्रभारी के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## फुट पेट्रोलिंग के दौरान एक माह में 11676 अभियुक्त गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में पुलिस की फुट पेट्रोलिंग की कार्रवाई में एक माह के भीतर 11,676 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार के मुताबिकए डीजीपी ने सभी जनपदों के पुलिस अधिकारियों को फुट पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए थे। इससे पुलिस के प्रति जनता में सुरक्षा का विश्वास और अपराधियों में खौफ पैदा हो। इस आदेश के बाद सभी वरिष्ठ अधिकारी अपने थानेदारों के साथ मिलकर क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं। 24 अक्टूबर से 24 नवम्बर माह के बीच पुलिस ने 8,63,805 संदिग्ध व्यक्तियों को चेक किया। 11,676 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान 2,296 अवैध शस्त्र बरामद किए। 7,470 अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## मेट्रो ने किया समर्पित कर्मचारियों को पुरस्कृत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने कार्य के प्रति समर्पण का परिचय देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। मेट्रो के एमडी ने प्रशासनिक भवन में कर्मचारी को पुरुस्कृत किया। शुक्रवार को यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक कुमार केशव ने गोमती नगर स्थित प्रशासनिक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में विशिष्ट सेवाएं प्रदाने करने के लिए गौरी पाठक महिला सुरक्षा गार्ड, हरि दर्शन सिंह टिकट ऑपरेटिंग मशीन ऑपरेटर और रत्ना, हाउसकीपिंग स्टाफ बीवीजी को सम्मानित किया। गौरतलब है कि 1 अक्टूबर 2020 को चारबाग मेट्रो स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात महिला सुरक्षा गार्ड गौरी पाठक को महिला प्रसाधन में एक लावारिस घड़ी पड़ी मिली। दूसरी घटना 20 अक्टूबर को भी देखने को मिली जब हरि दर्शन सिंह टीओएम ऑपरेटर को सीसीएस एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान एक सोने की अंगूठी पड़ी मिली। उन्होंने उस अंगूठी को ऑन ड्यूटी स्टेशन कंट्रोलर को जमा कराया। जिसके बाद उस अंगूठी को भी उसके सही मालिक तक पहुंचा दिया गया।

## चार सौ से अधिक तालाबों पर अतिक्रमण का साया, जिम्मेदार बेखबर

**मोहनलालगंज।** जिला प्रशासन की सख्ती ने मोहनलालगंज तहसील में तालाबों पर अतिक्रमण की हकीकत सामने ला दी है। अकेले इसी तहसील में चार सौ से अधिक तालाबों पर अतिक्रमण की रिपोर्ट सामने आ रही है। जिसे लेकर खफा जिला प्रशासन के निर्देश पर नियमित अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाने की रुपरेखा तैयार कराई गई है। राजस्व परिषद ने जिला प्रशासन से राजधानी की सभी तहसीलों में तालाबों की जमीनी हकीकत का ब्योरा तलब किया है। जिसके बाद जिला प्रशासन की ओर से गांव.गांव तालाबों की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी गई है। पुख्ता सूत्रों की मानें तो अकेले मोहनलालगंज तहसील में ही चार सौ से अधिक ऐसे तालाबों की सूचनाएं एकत्र हुई हैं जिन पर आंशिक से लेकर आधे से अधिक हिस्से पर अतिक्रमण की बात सामने आ रही है। जिला प्रशासन की सख्ती को देखते हुए तहसील अधिकारियों ने गांव गांव हर एक तालाब की जमीनी हकीकत को लेकर पूरी जानकारी तैयार करने के निर्देश दिए हैं। जिसे लेकर राजस्वकर्मियों को गांव गांव तालाबों का सर्वे करने के लिए जुटाया गया है। एडीएम प्रशासन अमरपाल सिंह ने बताया बोर्ड ने तालाबों के बारे रिपोर्ट मांगी है। लिहाजा सभी तहसीलों से रिपोर्ट तलब किया गया है। जिन भी तालाबों पर स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण की जानकारी सामने आएगी । अभियान चलाकर उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

## कृषि उत्पादन आयुक्त आज रवाना करेंगे किसान जागरूकता रथ

**लखनऊ।** प्रदेश में जैविक और औषधीय खेती को बढ़ावा देने, वर्षा जल का संरक्षण करने, किसानों को आत्म निर्भर बनाने उनके उत्पाद का प्रसंस्करण कर उचित मूल्य दिलाने उनकी आय में वृद्धि करने, कृषि अवशेषों को न जलाकर प्रदूषण से बचाकर जैविक खाद में परिवर्तित करने आदि के प्रचार-प्रसार हेतु उत्तर प्रदेश क्या राज्य जैव विकास बोर्ड के सहयोग से भू क्रान्ति प्रोड्यूसर कम्पनी लि ने किसान जागरूकता अभियान रथों को विभिन्न जनपदों में चलाने का निश्चय किया है। इस क्रम में किसान जागरूकता अभियान रथों को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा विधान भवन से शनिवार 12 बजे हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जायेगा। कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा ने बताया कि यह जागरूकता रथ प्रथम चरण में उन्नाव, कानपुर, कन्नौज, फरूर्खाबाद, मैनपुरी, एटा कासगंज, इटावा, फिरोजाबाद, हाथरस, अलीगढ़, खुर्जा, बुलन्दशहर, गाजियाबाद जनपदों में भ्रमण कर किसानों को जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न करने हेतु उक्त सभी जनपदों के जिलाधिकारियों जिला कृषि अधिकारियों सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सहयोग के लिए निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि जागरूकता अभियान रथों को विधान भवन, लखनऊ से कल 12 बजे हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जायेगा।

## वरासत के ऑनलाइन आवेदनों का नहीं हो रहा समय से निपटारा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**खतौनी** पढ़कर सुनाई जा रही न आनलाइन आवेदनों का तय समय में निपटारा हो रहा। मोहनलालगंज तहसील में जिम्मेदारों की लापरवाही ने लोगों को वरासत के लिए भटकने पर विवश कर रखा है। लिहाजा राजस्वकर्मियों को तलाशने से लेकर तहसील समाधान दिवस तक आमजन वरासत के लिए फरियाद करते फिर रहे हैं। जिला प्रशासन ने इन दिनों अविवादित वरासत दर्ज कराने के लिए अभियान चला रखा है। हाल ही में वरासत के लिए चलाए गए एक अभियान का समापन भी हो चुका है। फ्रि भी गांव.गांव ऐसे लोगों की भरमार है जो वरासत दर्ज कराने के लिए आए दिन तहसील में भटकते फ्रि रहे हैं। लोगों की मानें तो इसकी वजह यह है कि गांवों में राजस्वकर्मी महज कागजों में ही खतौनी पढ़कर सुना रहे हैं। यही नहीं प्रतिदिन वरासत के लिए आनलाइन कराए जा रहे आवेदनों का भी तय समय में निराकरण नहीं किया जा रहा है। जिससे कभी अभिलेख दिखाने तो कभी वरासत का स्टेटस पता करने के लिए लोग आए दिन राजस्वकर्मियों को तलाशते नजर आते हैं। वहीं अधिकारियों की मानें तो सभी राजस्व निरीक्षकों को अभियान चलाकर अविवादित वरासतें दर्ज कराने के लिए कहा गया है। जिसकी समीक्षा कर लापरवाहों को चिन्हित कर उनका उत्तरदायित्व भी निर्धारित किया जाएगा।

# पुलिस आयुक्त ने किया सरोजनीनगर थाने में महिला डेस्क हेल्प का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं मिशन शक्ति के अंतर्गत थाना सरोजिनी नगर में नवनिर्मित महिला डेस्क हेल्प का उदघाटन लखनऊ पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने ज्वाइंट कमिश्नर नवीन अरोड़ा एडीसीपी मध्य सोमेन वर्मा एएसीपी कृष्णा नगर व थाना प्रभारी सरोजनी नगर आनंद शाही एथाना प्रभारी बंथरा प्रीति यादव की उपस्थिति के साथ शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे फीता काटकर उद्घाटन किया। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने वहां पर उपस्थित क्षेत्रीय नागरिकों व पत्रकारों से महिला सुरक्षा से संबंधित और क्या प्रयास किए जा सकते हैं के संबंध में सुझाव मांगे। दिए गए सुझाव पर उन्होंने विशेष चर्चा की। आगे उन्होंने बताया इस डेस्क हेल्प को इसलिए विशेषकर बनाया गया है कि महिलाओं से संबंधित मामलों में महिलाएं पुरुष अधिकारियों से अपनी पूरी बात या व्यथा नहीं बता पाती थी जिससे उसके निराकरण में दिक्कते आती थी । क्योंकि इन डेस्क हेल्पो का संचालन महिला अधिकारियों एकर्मियों द्वारा ही किया जाएगा व महिलाओं से संबंधित समस्त शिकायतें यहीं पर सुनी जाएंगी । इसके पश्चात कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी को दिया जाएगा । इसलिए महिलाएं अपने परेशानी दिक्कतें उत्पीडन् से संबंधित संबंधित सभी बातें खुलकर बता सकेंगी और उनका शीघ्र निस्तारण किया जा सकेगा। दूसरी बात उन्होंने यह बताई इसके लिए प्रत्येक थानों की महिला डेस्क हेल्प में अलग से कंप्यूटर लगाया जा रहा है और जिले के सभी महिला डेस्क हेल्प को एक से जोड़ा जाएगा जिससे महिला डेस्क हेल्प पर पर की गई शिकायत और उसके निस्तारण अथवा प्रगति स्थिति से संबंधित जानकारी आसानी से प्राप्त की जा सके।

**पुलिस लाइन का किया निरीक्षण**

पुलिस कमिश्नर लखनऊ डीके ठाकुर ने रिजर्व पुलिस लखनऊ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीके ठाकुर ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये हैं। पुलिस कमिश्नर लखनऊ ने रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ स्थित परिवहन शाखा, गणना कार्यालय, बैरेक, कैण्टीन का निरीक्षण करते हुए गणना कार्यालय ड्यूटी रजिस्टर का अवलोकन भी किया। इतना ही नहीं ड्यूटी संबंधित मामलों में कमिश्नर ने कड़े दिशा निर्देश भी दिए व रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ में स्थित बैरकों-कैण्टीन की साफ-सफाई के लिए भी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

# अन्तरराष्ट्रीय कम्प्यूटर ओलम्पियाड का हुआ ऑनलाइन उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कम्प्यूटर ओलम्पियाड 'ई-कोफास-2020' का आज ऑनलाइन भव्य उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के बीच रूस, जार्डन, बांग्लादेश, ओमान, कतर एवं भारत के विभिन्न राज्यो के प्रतिष्ठित विद्यालयों की प्रतिभागी छात्र टीमों ने अपनी ऑनलाइन उपस्थित दर्ज कराते हुए अपना परिचय प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने प्रतिभागी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदित हो कि इस अन्तर्राष्ट्रीय कम्प्यूटर ओलम्पियाड में रूस, जार्डन, बांग्लादेश, ओमान, कतर एवं भारत के विभिन्न विद्यालयों से 50 से अधिक छात्र टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। समारोह के मुख्य अतिथि नवनीत सहगल, आईएएस ने अपने संदेश में कहा कि कम्प्यूटर एवं विज्ञान को सभी क्षेत्रों में अपनाने की आवश्यकता है, तभी हम विश्व के साथ मिलकर आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने भावी कम्प्यूटर वैज्ञानिकों को विज्ञान का उपयोग मानवता की भलाई के लिए करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि कोफास जैसे आयोजनों से भावी वैज्ञानिकों को अपनी प्रतिभा को विकसित करने का पूरा लाभ उठाना चाहिए। उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि छात्रों में ज्ञान की मसला जलाने एवं उनमें एकता, शान्ति व सद्भाव की भावना का विकास करने हेतु कोविड-19 के इस दौर में भी लगातार 20वीं बार इस अन्तर्राष्ट्रीय कम्प्यूटर ओलम्पियाड का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ओलम्पियाड छात्रों की बौद्धिक क्षमता को तो बढ़ायेगा ही, साथ ही इससे 'वसुधैव कुटुम्बकम' की संस्कृति का विस्तार भी होगा। सीएमएस प्रेसीडेन्ट एवं एमडी प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि कम्प्यूटर का ज्ञान आज प्रत्येक छात्र के लिए अनिवार्य है क्योंकि आज कम्प्यूटर मात्र शैक्षिक व व्यावसायिक प्रक्रिया का साधन ही नहीं अपित दैनिक जीवन का एक अंग बन चुका है।

कार्यक्रम की संयोजिका एवं राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) की प्रधानाचार्या जयश्री कृष्णन ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय कम्प्यूटर ओलम्पियाड के अन्तर्गत देश-विदेश के भावी बाल वैज्ञानिकों के लिए विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिताओं का आयोजन जूनियर एवं सीनियर वर्गों में किया जायेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये प्रतियोगिताएं छात्रों की प्रतिभा को तो उभारेंगी ही अपितु उनके मनोबल व आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होंगी।

# 2022 तक 10700 मेगावाट क्षमता की सौर विद्युत परियोजनाओं की अधिष्ठापना का लक्ष्य

**● सीएम ने किया रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो इवेन्ट-2020 विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित**

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एण्ड एक्सपो इवेन्ट–2020 को गोरखपुर से विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से सम्बोधित करते हुये कहा कि उर्जा की खपत एवं उत्पादन विकास का मुख्य आधार है। उर्जा का उपयोग कृषि, उद्योग, ट्रान्सपोर्ट, रोजगार सृजन आदि सभी कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उ.प्र. मानव शक्ति एवं भौगोलिक रूप से देश में अग्रणी स्थान रखता है, जिसके कारण विकास एवं औद्योगीकरण में अक्षय उर्जा स्त्रोतो के माध्यम से बड़े पैमाने पर उर्जा उत्पादन विशेषकर सौर एवं बायो उर्जा की असीमित सम्भावनाओं के साथ मांग भी है।

उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार हर घर को बिजली प्रदान करने के लिए कृत संकल्प है। उ.प्र. सरकार द्वारा लगभग सभी ग्रामों को विद्युतीकरण किया जा चुका है तथा सौभाग्य योजना के अन्तर्गत हर घर को बिजली प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है, इसमें सौर उर्जा का भी काफी बड़ा योगदान है। मुख्यमत्री ने कहा कि सौर उर्जा से विद्युत उत्पादन में निजी भागीदारी को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा सौर उर्जा नीति–2017 प्रख्यापित की गयी है। जिसमें ओपेन एक्सेस के द्वारा थर्ड पार्टी विक्रय, कैप्टिव उपयोगार्थ सोलर पावर परियोजनाओं की स्थापना एवं सोलर पार्क जिसमें एक साथ कई सौर पावर परियोजनाओं की स्थापना की जा सकती है, के लिए विकास का प्राविधान किया गया है। नीति के अन्तर्गत वर्ष 2022 तक कुल 10700 मेगावाट क्षमता की सौर विद्युत परियोजनाओं की अधिष्ठापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें से 6400 मेगावाट यूटीलिटी स्केल सौर विद्युत परियोजनाओ एवं 4300 मेगावाट रूफ्टाप सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि सौर उर्जा नीति अन्तर्गत 1122 मेगावाट क्षमता की सौर पावर परियोजनाओं का आवंटन किया जा चुका है। जिसमे 500 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं की मार्च 2021 तक पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि ओपेन एक्सेस के अन्तर्गत तृतीत पार्टी सेल/कैप्टिव उपयोगार्थ 900 मेगावाट क्षमता की परियोजना के आवंटन की कार्यवाही गतिमान है। मुख्यमत्री ने आगे कहा कि प्रदेश में निजी विकासकर्ताओं द्वारा अब तक कुल 969 मेगावाट क्षमता की सौर विद्युत परियोजनाओ की स्थापना की गयी है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड एवं पूर्वान्चल हेतु 05 मेगावाट एवं अधिक क्षमता की सोलर पावर परियोजनाओ के ग्रिड संयोजन हेतु पारेषण लाइन पर आने वाला व्यव राज्य सरकार द्वारा नीति में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार वहन किया जायेगा। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में सौर विद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से 4000 मेगावाट सौर उर्जा उत्पादन के लिए ग्रीन इनर्जी कारीडोर का निर्माण कराया जायेगा। इस कारीडोर में उत्पादित उर्जा की निकासी के लिए पारेषण तंत्र के विकास पर लगभग रू. 5500 करोड़ का निवेश सम्भावित है। नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा मंत्रालय भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्युएबुल सोलर पावर पार्क योजनान्तर्गत 1200 मेगावाट क्षमता की जनपद जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना की सैद्वान्तिक सहमति एम.एन.आर.ई से प्राप्त हो गयी है। इस पार्क की स्थापना यूपी नेडा एवं एन.एच.पी.सी. लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुन्देलखण्ड सौर उर्जा लिमिटेड (बी.एस.यू.एल.) द्वारा की जायेगी। इसी योजना के अन्तर्गत 600–600 मेगावाट क्षमता की सोलर पावर पार्क की जनपद झांसी में तथा जनपद ललितपुर में स्थापना हेतु सैद्वान्तिक सहमति प्रदान की गयी है। उन्होंने कहा कि नवीन एवं कृषको के आय में बढ़ोत्तरी के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान(प्रधानमंत्री कुसुम योजना) घोषित की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न विकास खण्डों के मुख्य ग्रामीण बाजारों में सार्वजनिक मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु पण्डित दीन दयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना चलाई जा रही है। साथ ही मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत चयनित राजस्व ग्रामों में वैकल्पिक मार्ग प्रकाश व्यवस्था हेतु सोलर स्ट्रीट लाइट सयंत्रों की स्थापना की जा रही है। सौभाग्य योजना के अन्तर्गत प्रदेश के ऐसे सभी घरों को सौर ऊर्जा के माध्यम सें विद्युतीकृत किया जा रहा है। लगभग 01 लाख घरों को सोलर पावर पैक के माध्यम से विद्युतीकृत किये जाने का लक्ष्य है। इस अवसर पर केन्द्रीय उर्जा मंत्री सहित मध्य प्रदेश, गुजरात, हिमांचल प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा के मुख्यमंत्रियों सहित लद्दाख के ले. गर्वनर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण भी वीडियों कान्फ्रसिंग में प्रतिभाग किए।

## दो बच्चों की मां प्रेमी संग फरार

**गोरखपुर।** जनपद के गोला क्षेत्र के एक गांव की महिला अपनी ननद के साथ बाजार करने गई थी। वह ननद को एक कपड़े की दुकान पर खड़ी कर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। पहले तो ननद ने काफी देर तक इंतजार किया बाद में उसने भाई को सूचना दी। कई बार मोबाइल से कॉल की लेकिन रिसीव नहीं किया। पति ने थाने पहुंच कर पत्नी को दूसरे के साथ भाग जाने की तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार गांव की एक महिला अपने पति के साथ दिल्ली रहती है। दोनों किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। दोनों कुछ दिन पहले दिल्ली से घर लौटे थे। गुरुवार को महिला अपनी ननद के साथ गोला कस्बे में बाजार करने गई थी। वह ननद को एक कपड़े की दुकान पर खड़ी कर पति के लिए जूता खरीदने की बात कह कर चली गई। दो घंटे तक इंतजार की। जब वह नहीं लौटी तो जूते की दुकान पर गई वहां नहीं मिली तो फोन की। फोन दो बार उठा लेकिन कोई आवाज नहीं आई। फिर उसने इसकी जानकारी अपने भाई को दी। दोनों ने कस्बे में स्थित जूते की कई दुकानों पर ढूंढा लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।

# मसौधा चीनी मिल ने की नए पेराई सत्र की शुरुआत

**● एसडीएम सोहावल सहित अन्य अधिकारियों ने बटन दबाकर पेराई सत्र का किया उद्घाटन**

**हनुमतनगर, अयोध्या।** केएम शुगर मिल मसौधा शुक्रवार को नए वर्ष 2020–21 की पेराई सत्र की शुरुआत कर दी पूजन अर्चन के साथ बटन दबा कर डोंगा में गन्ना डालकर विधिवत उद्घाटन हुआ इस बार मसौदा चीनी मिल ने एक करोड़ चालीस लाख कुंतल गन्ना करने का लक्ष्य रखा है। मसौधा चीनी मिल शुक्रवार को नए सत्र की शुरुआत की पंडित प्रमोद चतुर्वेदी ने पूजन के साथ पूजन अर्चन शुरू किया यजमान के रूप में मिलकर अच्छा से निदेशक सुभाष चंद्र अग्रवाल ने पूजन अर्चन किया जिसके बाद एसडीएम सोहावल ए के शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने बटन दबाकर डोंगा में गन्ना डाला। अधिशासी निदेशक सुभाष चन्द्र अग्रवाल ने मिल की शुरुआत करते हुए कहा कि इस बार मिल एक करोड़ चालीस लाख कुंतल गन्ना पेराई का लक्ष्य रखा है जो पिछले साल की तुलना में 17 लाख कुंतल अधिक है किसानों को आह्वान करते हुए कहा कि किसान बिना पर्ची के गन्ना न छिलाएं और पर्ची मिलने के बाद गन्ना छीलना शुरू करें साफ सुथरा गन्ना लेकर आए जिससे चीनी का परता सही आए और हम किसानों के गन्ना मूल्य का सही समय से भुगतान कर सके उन्होंने कहा कि किसानों की सेवा ही हमारी प्राथमिकता है किसानों को गेहूं की बुवाई के लिए पहले मिल चलाई गई जिससे किसान के खेत में गन्ना खाली हो और किसान गेहूं की बुवाई कर सके गन्ना पर्ची इस बार हायल होने पर पर्ची जमा नहीं करना पड़ेगा बल्कि आने वाले आगे के इण्डेन्ट में शामिल हो जायेगा इस प्रकार दो बार हौगा उसके बाद पर्ची मृतक हो जायेगी और किसान की एक पर्ची कम हो जायेगी। पेराई सत्र की शुरुआत के समय उप जिलाधिकारी सोहावल एके शर्मा के अलावा बीपी टेक्निकल एके द्विवेदी, वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना डॉक्टर एके त्रिपाठी, महाप्रबंधक कार्मिक प्रशासन बीएन मिश्रा, महाप्रबंधक शिव गोविंद सिंह, गन्ना विकास परिषद मसौधा के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रामप्रताप, सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव मुकेश कुमार पांडेय, गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि संतोष सिंह, फैजाबाद समिति के पूर्व उपाध्यक्ष नित्य प्रकाश सिंह, पूर्व डायरेक्टर रामदास वर्मा, जिला पंचायत सदस्य कमला प्रसाद बागी, जैनेंद्र सिंह, हरिराम वर्मा, अमित पांडेय, जनार्दन सिंह, राम जी वर्मा, चन्द्र कुमार पाण्डेय सहित सैकड़ों गणमान्य लोग और गन्ना किसान मौजूद रहे।

## स्नातक व शिक्षक एमएलसी सपा प्रत्याशी के समर्थन में उतरी महिलाएं : सरोज यादव

**अयोध्या।** गोरखपुर.फैजाबाद खण्ड शिक्षक एमएलसी के समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अवधेश यादव के समर्थन में आज अयोध्या विधानसभा के विभिन्न विद्यालयों मनूचा डिग्री कालेजए मनोहर लाल इ0का0, आर्यकन्या इ0का0, बापू बालिका इ0का0, जी0आई0सी0 आदि विद्यालयों में जनसम्पर्क कर प्रथम वरीयता का वोट मांग कर विजयी बनाने की अपील की। साथ ही महानगर अध्यक्ष महिला सभा ने शिक्षक को बताया कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में हमारे नेता मा0 अखिलेश यादव ने शिक्षकों के उत्थान के लिए बहुत सराहनीय कार्य किये जैसे 65 वर्ष की अधिवर्षता आयु पर सेवानिवृत्तिए शिक्षकों के विनियमितीकरण, शिक्षकों की भर्तीयाँए पेंशन योजनायें आदि। सपा शासनकाल में अखिलेश यादव द्वारा बनवायी गयी नेशनल हाईवे 730 का काम पूरी तरह से रूका हुआ है। लखनऊ से लखीमपुर तक फोरलेन सपा शासन में बनवायी गयी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने नोट बन्दी कर जनता को सड़कों पर खड़ा कर दिया।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बाकेगंज, खीरी।

पत्रांक : 2052/क्षेत्र पंचायत/निविदा/2020–21 दिनांक– 27.11.2020

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

जनपद के समस्त पंजीकृत टेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड बांकेगंज में वर्ष 2020–21 के अर्न्तगत केन्द्रीय वित्त/चतुर्थ राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराया जाना है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | सामग्री की अनुमानित लागत | धरोहर राशि (5 प्रतिशत) | निविदा बिक्री की धन0(रु0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | |
| 1. | ग्रन्ट नं0 10 में चौधीपुर से रघुनाथपुर तक मिट्टी, खडजा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 999300.00 | 49965.00 | 1140.00 | एक माह |
| 2. | ग्रा0 पं0 वजीरनगर मुड़वारा सम्पर्क मार्ग से अजमाबेहड़ तक अवशेष खड़ंजा कार्य। | राज्य वित्त | 858500.00 | 42925.00 | 1140.00 | एक माह |
| 3. | ग्रा0 सभा रोपनगर में मदरसा जमुनहा सम्पर्क मार्ग खड़ंजा तक अवशेष मिट्टी कार्य। | राज्य वित्त | 968500.00 | 48425.00 | 1140.00 | एक माह |
| 4. | जटपुरा सुनहरा भूड रोड से पहाडनगर सम्पर्क मार्ग पर मिट्टी खडंजा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 998500.00 | 49925.00 | 1140.00 | एक माह |
| 5 | ग्राम सभा जमैय्यतपुर के मजरा कालीचरनपुर से पुर्नभूगन्ट के मजरे इस्लामपुर तक खड़ंजा कार्य। | राज्य वित्त | 996900.001 | 49845.00 | 1140.00 | एक माह |
| 6. | जटपुरा सुनहरा भूड से हरदुआ मार्ग पर तीन दर पुलिया निर्माण। | राज्य वित्त | 537500.00 | 26875.00 | 1140.00 | एक माह |
| 7. | संसारपुर में बस्ती मार्ग से राजेन्द्र स्कूल तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 997300.00 | 49865.00 | 1140.00 | एक माह |
| 8. | असौवा में मजरा जोखेपुर अशोक के मकान से गांव के बाहर तक इन्टरलाकिग निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 607600.00 | 30780.00 | 1140.00 | एक माह |
| 9. | रोशननगर कुशमौरी में धौरहरा बुजुर्ग मार्ग से जगजीत के खेत तक मिट्टी खड़ंजा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 998500.00 | 49925.00 | 1140.00 | एक माह |
| 10. | विकास खण्ड बाकेगंज परिसर में बाउन्ड्रीवाल के किनारे जल निकासी नाली निर्माण। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 601500.00 | 30075.00 | 1140.00 | एक माह |
| 11. | विकास खण्ड बाकेगंज परिसर से रमतलिया तालाब तक जल निकासी हेतु नाला निर्माण। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 996800.00 | 49840.00 | 1140.00 | एक माह |
| 12. | संसारपुर में बाजार से तालाब तक जल निकासी हेतु नाला निर्माण। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 998700.00 | 49935.00 | 1140.00 | एक माह |
| 13. | जटपुरा मे लामचन्द्र के घर से होते हुए प्रा0वि0 तक जल निकासी हेतु नाला निर्माण। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 988200.00 | 49410.00 | 1140.00 | एक माह |
| 14. | वजीरनगर के मजरा विलियनगंज में राम प्रसाद भार्गव से मकान से नाली निर्माण। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 402500.00 | 20125.00 | 570.00 | एक माह |
| 15. | संसारपुर के पूरब मेन रोड से जयगुरूदेव आश्रम रास्ता पर दो दर पुलिया निर्माण। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 432800.00 | 21640.00 | 570.00 | एक माह |
| 16. | ग्राम सभा ग्रन्ट नं0 10 के पिपरिया नहर पटरी से ग्रन्ट नं० 10 की हद तक मिट्टी खड़ंजा कार्य। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 990300.00 | 49515.00 | 1140.00 | एक माह |

उपरोक्त कार्यो में व्यय के अतिरिक्त जीएसटी 12 प्रतिशत एवं नियमानुसार शेष की धनराशि देय होगी। निविदादाता कार्यालय कार्य दिवस में दिनांक 02–12–20 से 08–12–20 पूर्वाह्न 11:00 बजे तक कार्य दिवस में निविदा मूल्य देकर मूल्य/जीएसटी सहित निविदा प्रपत्र कैशियर से प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनाक 08–12–2020 को पूर्वाह्न 12:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में कार्यालय में नियमानुसार टेण्डर बाक्स में स्वीकार होगी। दिनांक 08–12–20 अपरान्हन 02:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी एवं निविदादाता की उपस्थिति में सीलबन्द निविदायें खोली जायेंगी।

**मुख्य शर्तें :–**

1. ठेकेदार को 10 प्रतिशत जमानत राशि जमा करनी होगी जिसमें से 5 प्रतिशत निविदा के साथ धरोहर धनराशि के रूप में एफ0डी0आर0/एन०एस०सी० जो खण्ड विकास अधिकारी के नाम से बंधक होगा जमा करना होगा। न्यूनतम निविदाधारक को भुगतान से पूर्व 05 प्रतिशत की कटौती बिल से की जायेगी।
2. ठेकेदारों को आयकर, जीएस0टी0 हैसियत प्रमाण–पत्र, जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र, श्रम विभाग का प्रमाण पत्र, कार्य का अनुमव प्रमाण पत्र करना अनिवार्य होगा।
3. ठेकेदार को कार्य प्रारम्भ के पूर्व की, कार्य प्रारम्भ के समय तथा कार्य पूर्ण होने के पश्चात की फोटोग्राफी कराकर कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
4. अन्य विस्तृत जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता।
5. एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी बांकेगज में निहित होगा।
6. सशर्त निविदा/ओवर राइटिंग कटिंग निविदा मान्य नहीं होगी।
7. निविदा स्वीकृत के उपरान्त समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करनी होगी।
8. कार्य गुणवत्ता के साथ नियत अवधि में पूर्ण कराना अनिवार्य होगा।
9. गुणवत्ता के सत्यापन के उपरान्त कार्य संतोषजनक पाये जाने एवं अधिकृत अवर अभियन्ता (ग्रा0अभि0वि0)/कार्य प्रभारी के मापांकन एवं संस्तुति के उपरान्त ही ठेकदार का भुगतान किया जायेगा।
10. निविदा के साथ 10/– रु० के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र पब्लिक नोटरी द्वारा सत्यापित देना अनिवार्य होगा।
11. निविदा स्वीकृत होने के बाद 100/–के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित करना होगा।
12. ब्लैक लिस्टेड तथा अन्य कारणों से स्वीकृत ठेकेदारों को निविदा मान्य नहीं होगी।
13. समय समय पर शासन द्वारा निर्गत आदेश/शर्ते ठेकेदारों को मान्य होगी।
14 निविदादाता द्वारा उक्त कार्य के निमित्त लगे मजदूरो/मिस्त्रियों/श्रमिकों से सबंधित ई0पी0एफ0/श्रम विभाग/अन्य किसी भी विभाग से सम्बन्धित दावे/आपत्तियों का निस्तारण स्वंय के व्यय से किया जायेगा।
15. समस्त विवादों का निपटारा न्याय क्षेत्र जिला खीरी लखीमपुर होगा।
16. समस्त निविदादाता निविदा खोलने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहे अन्यथा की स्थिति में किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

(अशोक कुमार सिंह)
खण्ड विकास अधिकारी
बांकेगंज–खीरी।


## होटल में बाहर से आये युवक का शव मिलने से सनसनी

**अयोध्या।** नगर कोतवाली के सिविल लाइन चौकी क्षेत्र में ईदगाह के पास आकाश यात्री होटल में गुरूवार की देररात्रि एक ठहरे युवक का शव फंदे से लटकते मिलने से सनसनी फैल गयी। सिविल लाईन चौकी प्रभारी जगन्नाथमणि त्रिपाठी ने बताया कि मृतक युवक 24 नवम्बर को आकर ठहरा था जिसकी पहचान अभिनव प्रताप सिंह पुत्र राकेश प्रताप सिंह ग्राम रजवारी थाना चौबेपुर जिला वाराणसी के रूप में हुई है। उसके बैग में एक सुसाइड नोट पाया गया है। जिसमें पारिवारिक कलह से उसने स्वयं आत्म हत्या करने की बात लिखी है। शव को कब्जे में लेकर परिवार वालों को सूचना दे दी गयी थी। शुक्रवार को मृतक का पीएम कराकर शव उनके सुपुर्द कर दिया गया है।

## संगठन प्रत्याशी के समर्थन में तूफानी दौरा

**अम्बेडकरनगर।** उ.प्र.माध्यमिक शिशक संघ के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने जिलामंत्री आशाराम वर्मा , जिला उपाध्यक्ष विवेकानन्द त्रिपाठी के नेतृत्व में शुक्रवार को जनपद के दर्जनों विद्यालयो का तूफानी दौरा कर संगठन के अधिकृत प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह के नाम के आगे 1 लिखकर आगामी 1 दिसंबर को होने वाले चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह व जिला मंत्री आशा राम वर्मा ने आज आर.डी.आर.के. उ.मा.वि.कुर्की बाजार, राम अवध इंटर कॉलेज बरियावन ,यस बी.इटर कालेज. बसखारी, यस.यन.इंटर कॉलेज इन्दईपुर, ग्रामोद्योग इंटर कालेज नरियांव, चन्डी प्रसाद इंटर कॉलेज तेंदुआई कला, चित बहाल इंटर कॉलेज, गांधी स्मारक इंटर कॉलेज राजे सुल्तानपुर, लल्लन जी ब्रहमचारी इंटर कॉलेज भरतपुर आदि विद्यालयों का दौरा कर समर्थन मांगा गया। इस दौरान शिक्षकों का अपार जन समर्थन प्राप्त हो रहा है।

# सांसद की मदद से 53 दिन बाद घर पहुंची युवती

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**सांसद** रवि किशन की मदद से ग्वालियर में फंसी युवती 53 दिन बाद गुरुवार की रात में घर पहुंची। कंफर्म टिकट न मिलने की वजह से परिवार के लोग उसे लाने ग्वालियर नहीं जा पा रहे थे। शुक्रवार की दोपहर में सांसद ने घर पहुंचकर आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार का हालचाल लिया। युवती की मां को प्रधानमंत्री आवास व पेंशन दिलाने का भरोसा दिया। मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली सुषमा घोष के पति प्रेमचंद की मौत हो चुकी है। बेटी शिवाल्का घोष व दो बेटे के साथ वह डेयरी कालानी स्थित रेलवे के आउट हाउस में रहती हैं। सुषमा और दोनों बेटे मजदूरी कर जीविका चलाते हैं। तीन अक्टूबर की शाम को मां से झगड़ा होने पर शिवाल्का घर छोड़कर चली गई। पांच अक्टूबर को वह ग्वालियर रेलवे स्टेशन के आरक्षण काउंटर के पास मिली। रेलवे स्टेशन पर जागरूकता कार्यक्रम चला रहीं चाइल्ड लाइन टीम की महिला सदस्य तबस्सुम खान को एक बुजुर्ग ने बताया कि एक युवती परेशान हाल में आरक्षण काउंटर के पास बैठी है। टीम के साथ पहुंची तबस्सुम खान शिवाल्का को अपनी सुरक्षा में लेकर जीआरपी थाना पहुंची। जिला प्रशासन से संपर्क किया और प्रशासन के दखल के बाद उसे जयारोग्य अस्पताल (जेएएच) स्थित वन स्टाप सेंटर भिजवाया। वहां युवती ने अपने घरवालों का नाम, पता और मोबाइल नंबर बताया। जेएएच वन स्टाप सेंटर की वार्डेन ने सुषमा से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, रिजर्वेशन के रुपये नहीं हैं। रुपये इकट्ठा होने पर जल्दी ही बेटी को लेने आउंगी। तब तक उसका ख्याल रखिए। सांसद रवि किशन को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने बेटी को घर लाने का जिम्मा लिया था। सांसद के प्रतिनिधि समरेंद्र प्रताप सिंह ने घरवालों से संपर्क कर ग्वालियर जाने का रेलवे टिकट कंफर्म कराया। गुरुवार की रात में शिवाल्का घर पहुंच गई।

### परिवार की होगी पूरी मदद: रवि किशन

**सांसद** व अभिनेता रवि किशन ने कहा कि बिटिया के परिवार की पूरी मदद होगी। मां को विधवा पेंशन व आवास दिलाउंगा। मजदूरी कर रहे भाइयों को भी नौकरी दिलाने का प्रयास करुंगा। बेटी (शिवाल्का) ने बताया कि उसके पैर में दिक्कत है। जिसका इलाज कराया जाएगा। ग्वालियर से घर पहुंची बेटी से मिलने सांसद रवि किशन पहुंचे तो पूरी कालोनी के लोग जुट गए। उनके प्रयास की सराहना करते हुए सुषमा और उनके परिवार की पूरी मदद करने का भरोसा दिया। सभी लोगों ने सांसद का आभार जताया।

# एनटीपीसी में शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**एनटीपीसी** टांडा में नैगमिक सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन आवासीय परिसर स्थित कर्मचारी विकास केन्द्र में दिनांक 27 नवंबर 2020 को किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन परियोजना प्रमुख श्री के श्रीनिवास राव ने किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री एस.एन.पाणिग्राही, प्रबंधक (मानव संसाधन) श्री राजीव त्रिपाठी, सी.एस.आर. अधिकारी इशिता पोहुजा एवं युनिसेड संस्था के श्री अनुराग पांडे एवं अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री राव ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ई–लर्निंग के माध्यम से विडियो एनिमेशन और विडियों के साथ शिक्षा को अधिक आकर्षक बनाया जा सके। उन्होनें कहा कि विज्ञान और गणित में छात्रों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शिक्षकों के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल के तहत एनटीपीसी टांडा के आसपास के चिन्हित सरकारी विद्यालयों को आडियो–विजुअल सिस्टम के साथ स्मार्ट लर्निग क्लासेस से लैस करने की तैयारी है। विज्ञान और गणित के शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत किया गया। यह प्रशिक्षण युनिसेड (युनिट ऑफ साईंस एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट) आई.आई.टी. कानपुर की टीम द्वारा दिया जाएगा।

## अवैध असलहे के प्रकरण में भाजपा नेता हिरासत में

**अम्बेडकरनगर।** जिले की सत्ताधारी पार्टी का विवादों से वास्ता टूट नही रहा है। बसखारी थाना क्षेत्र के रहने वाले भाजपा की जिला कमेटी के एक पदाधिकारी को स्वाट टीम ने अवैध असलहों की तस्करी के मामले में हिरासत में ले रखा है। मामला सत्तापक्ष से जुड़ा होने के कारण अभी इसे सार्वजनिक नही किया जा सका है। सूत्रों की मानें तो पार्टी के एक महामंत्री स्तर के पदाधिकारी आरोपी की पैरवी में लगे हुए हैं। बसखारी थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव का रहने वाला यह पदाधिकारी अवैध असलहों की तस्करी में संलिप्त बताया जाता है। सत्तापक्ष की आड़ में यह अपने धंधे को चमका रहा था लेकिन पुलिस की नजर इसके काले कारनामे पर लगी हुई थी। अन्ततः वह स्वाट टीम के हत्थे चढ़ गया। सूत्रों के अनुसार आरोपी को बसखारी थाने में रखकर उसके काले कारनामे की जानकारी की जा रही है। हालांकि पुलिस ने पूरे प्रकरण पर चुप्पी साध रखी है।

## किसानों का प्रदर्शन

### कृषि कानूनों का विरोध

**नए** कृषि कानूनों के विरोध में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं और प्रदर्शनकारी पुलिस द्वारा छोड़ी आंसू गैस व पानी की बौछारों का मुकाबला करते तथा बाधायें हटाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। यदि किसानों के साथ सहमति बनाने तथा उनकी बेहतर सुनवाई के प्रयास होते तो शायद इस मार्च से बचा जा सकता था। किसानों की समस्याओं का सबको पता है, ऐसे में शायद उनको बेहतर आश्वासन की आवश्यकता थी। कृषि सुधारों पर किसानों की नाराजी से विपक्ष को एक एजेंडा मिल गया है और वह अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास कर रहा है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र पहले से ही पराली जलाने व अन्य कारणों से पैदा प्रदूषण तथा कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के संक्रमण से पीड़ित है। ऐसी स्थिति में प्रदर्शन से समस्या और गंभीर हो सकती है। सरकार ने दावा किया है कि किसानों को इन कानूनों से फसल के बेहतर दाम मिलेंगे, लेकिन किसान इन कानूनों के कारण होने वाले कार्पोरेटीकरण के प्रति आश्वस्त नहीं हैं। किसान चाहते हैं कि उनके अधिकार उनकी शर्तों पर बने रहें। किसानों को भय है कि देर-सवेर राज्य द्वारा एफसीआई के माध्यम से खरीद की वर्तमान व्यवस्था कमजोर हो सकती है। उनको डर है कि कार्पोरेट के साथ अनुबंध करने से कार्पोरेट उन पर हावी हो सकते हैं। हालांकि, नई व्यवस्था के साथ पुरानी व्यवस्था जारी रहेगी, लेकिन किसानों को आशंका है कि यह अंततः ढह जाएगी। गन्ने के क्षेत्र में ठेका खेती की विफलता के साथ ही गुजरात में पेप्सीको द्वारा किसानों के खिलाफमुकदमा दायर करने के उदाहरण हैं। पंजाब जैसी राज्य सरकारें इसलिए भी परेशान हैं कि कृषि उत्पाद मंडी समितियों-एपीएमसी से टैक्स के माध्यम से होने वाली उनकी आय प्रभावित हो



सकती है। वर्तमान समय में ई-नाम मंच 18 राज्यों व तीन संघशासित क्षेत्रों के किसानों को जोड़ते हैं। संभवतः सरकार ने किसानों को जागरूक करने के समुचित प्रयास नहीं किए हैं। नए कानूनों के अनुसार कृषि उत्पादों का व्यापार करने के लिए किसी लाइसेंस की जरूरत नहीं होगी और केवल पैन कार्ड होने पर कोई भी भौगोलिक क्षेत्र के 'बाहर' वाले किसानों से उत्पाद खरीद सकेगा। प्रचलित धारणाओं के विपरीत किसानों का वर्तमान कमीशन एजेंटों पर विश्वास है और वे नए माडल के साथ प्रयोग नहीं करना चाहते हैं। किसान बैंकों के बजाय सीधे भुगतान पाना चाहते हैं क्योंकि बैंक भुगतान से उनके कर्ज की धनराशि काट सकते हैं।


विपक्ष चाहता था कि नए कृषि कानून पास करने के पहले इनको स्थाई समिति में विचार के लिए भेजा जाए। केन्द्र व राज्यों के बीच जीएसटी जैसी सहमति कृषि कानूनों के बारे में भी बनाई जा सकती थी। लेकिन इस मामले में किसान संघों, राज्य सरकारों तथा विपक्षी पार्टियों के साथ संवाद स्थापित करने के समुचित प्रयास नहीं हुए। चूंकि कृषि आधारित मुद्दे संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत राज्य सूची में आते हैं, इसलिए केन्द्र सरकार को राज्यों से विचार-विमर्श करना चाहिए था। पहले अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने ठेका खेती के विवादास्पद मुद्दे पर ऐसा ही किया था जो राष्ट्रीय कृषि नीति, 2000 का हिस्सा था। केन्द्रीय कानून बनाने के बजाय उन्होंने राज्यों को 2003 में मंजूरी के लिए एक माडल कृषि उत्पाद मार्केटिंग विनियमन कानून भेजा था। बाद में आई संप्रग-1 सरकार ने भी इसे जारी रखा और ठेका खेती को राष्ट्रीय कृषि नीति, 2007 में शामिल किया गया। इसी वर्ष अगस्त में 15 राज्यों ने एपीएमसी विनियमन कानून में माडल प्रारूप के आधार पर परिवर्तन किए थे। सरकार द्वारा वर्तमान समय में पेश श्रम संहिताओं पर भी कुछ पक्षों को आपत्ति है जो वर्तमान 29 श्रम कानूनों को चार विधायनों में समेट देती हैं। लेकिन इन पर ज्यादा शोर-शराबा इसलिए नहीं मच रहा है कि इन पर लोकसभा में संबंधित विभागों की स्थाई समितियों में विचार हो चुका था। अतिरिक्त खाद्य भंडार होने की वर्तमान स्थिति में कृषि मार्केटिंग में सुधार की आवश्यकता है, पर इस मामले में किसानों के अधिकारों को विधिक संरक्षण मिलना चाहिए।

# कोविड जागरूकता अभियान की जरूरत

आधिकारिक कोविड जागरूकता अभियान लाकडाउन के बाद पैदा असली जमीनी स्थितियों पर केंद्रित नहीं है। इससे निरोधक उपायों की उपयोगिता प्रभावित होती है।

**प्रियदर्शी दत्ता**
(लेखक स्वतंत्र शोधकर्ता हैं)





**स**र्वोच्च न्यायालय की एक पीठ ने हाल ही में कोविड-19 पर लगाम लगाने के उपायों पर सरकारों की खिंचाई करते हुए केन्द्र तथा सर्वाधिक प्रभावित राज्यों से स्थितियों की रिपोर्ट पेश करने को कहा है। हालांकि, राष्ट्रीय रिकवरी दर अब तक के सबसे ऊंचे 93 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है तथा नए संक्रमणों की संख्या में भी कमी आई है और ये सितंबर में प्रति दिन 80,000 की तुलना में घट कर 40,000 प्रति दिन हो गए हैं, लेकिन इसके बावजूद कुछ कमियां हैं। जब सर्वोच्च न्यायालय ने विचार किया तब स्थिति गंभीर थी तथा उसने अनुमान लगाया कि अब तक प्राप्त उपलब्धियां जाड़े के समय में प्रभावित हो सकती हैं। इस मामले में कोविड-19 जागरूकता अभियान श्रृखंला की एक कमजोर कड़ी है।

7 अक्टूबर को सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने घोषणा की थी कि जल्द ही सार्वजनिक स्थानों, मेट्रो, आटोरिक्शा व सार्वजनिक परिवहन साधनों पर कोविड से बचने के बारे में पोस्टर, बैनर व स्टिकर लगा दिए जाएंगे। हालांकि, पिछले आठ महीनों में इस लेखक की दुनिया लगभग घर तक सीमित हो गई है, पर उसने दक्षिण दिल्ली में ऐसी आउटडोर प्रचार सामग्री नहीं देखी है। महामारी शुरू होने के बाद से जागरूकता अभियान अधिकांशतः एलेक्ट्रानिक मीडिया तक सीमित है। अखबारों की बिक्री प्रभावित होने के कारण प्रिंट मीडिया के विज्ञापनों की पहुंच घटी है क्योंकि बहुत से लोगों को इनसे कोरोना संक्रमित होने का भय है। अन्य माध्यमों में मोबाइल फोन है जहां कोविड कालर ट्यून जबरन परोसी जा रही है। वर्तमान अभियान संभवतः 31 मई तक प्रभावी थे जब संपूर्ण लाकडाउन लागू था। 1 जून को अनलाक का पहला चरण लागू होने के बाद देश में तेजी से संवाद की नई परिस्थिति बनी है।

लेकिन जागरूकता अभियान नई स्थितियों पर गौर नहीं कर रहा है। इसलिए संदेश एक उपदेश की तरह लगते हैं। स्वच्छ भारत अभियान की तरह अमिताभ बच्चन सरकार के कोविड जागरूकता अभियान का चेहरा हैं। यह केवल भारत में ही संभव है कि एक पद्म श्री पुरस्कार प्राप्त व्यक्ति समान रूप से गोल्ड लोन व पल्स पोलियो अभियान में समान जोश से भाग ले सके। आदर्श रूप से स्वयं जुलाई में कोविड संक्रमित होने के बाद उनको इस अभियान से हटा दिया जाना चाहिए था। विकल्प के रूप में उनको नए विज्ञापनों में पेश किया जा सकता था जहां वे स्वयं को कोविड से बचने वाले व्यक्ति की तरह पेश कर सकते थे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है।

दूरदर्शन पर अक्षय कुमार द्वारा पेश अनलाक युग का एक टीवी विज्ञापन ज्यादा आकर्षक है जो अनलाक युग की सावधानियों पर केन्द्रित है। इसमें अभिनेता एक वृद्ध नागरिक को मास्क लगा कर काम करने को कहता है। यह स्पष्ट रूप से सरकार की उस सलाह के विपरीत है कि वरिष्ठ नागरिकों को बाहर निकलने से बचना चाहिए। अक्षय कुमार यह भी कहते हैं कि यदि कोई कोविड संक्रमित हो जाए तो सरकार ने उनके इलाज की समुचित व्यवस्था की है। यह विज्ञापन अधिकांश राज्यों के यथार्थ से पूरी तरह असंगत है। अभियान प्रेरक ने संभवतः केवल मोदी सरकार के बारे में अनुमान लगाया है। लेकिन सार्वजनिक स्वास्थ्य व सफाई, अस्पताल व डिस्पेंसरी संविधान के अनुच्छेद 246 के अंतर्गत सातवीं अनुसूची की राज्य सूची में आते हैं। इनको अनुच्छेद 243जी के अंतर्गत पंचायत सूची में भी रखा गया है। संचार का हिस्सा होने के कारण प्रसारण सातवीं अनुसूची की संघ सूची में है। इस प्रकार दूरदर्शन विशेष रूप से राज्य-विशिष्ट कोविड जागरूकता अभियान अभिव्यक्त नहीं कर पाता है जो स्थानीय यथार्थ को अभिव्यक्त करता हो। प्रचार अभियान मंडी हाउस के संचालकों द्वारा चलाया जाता है जो अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार व सचिन तेंदुलकर जैसे मुंबई के नामचीन नागरिकों को शामिल करते हैं, लेकिन वे भूल जाते हैं कि स्वास्थ्यरक्षा का बोझ राज्यों पर डाला गया है।

1 जून के बाद शुरू अनलाक चरणों के आगे बढ़ने पर उम्मीद थी कि जागरूकता अभियान ज्यादा स्थानीय हो जाएगा। इस प्रकार अंतिम सिरे पर चलने वाला सूचना अभियान मामले घटाने में और योगदान कर सकता था। जहां कोविड से ठीक होने वाले अनेक लोगों ने अन्य रोगियों का जीवन बचाने के लिए प्लाज्मा दान किया है, वहीं वे अपने द्वारा सीखे गए सबकों का साझा कर सकते थे। इससे उन लोगों को सहायता मिल सकती थी जो सूचनाओं के अभाव से प्रभावित हो सकते हैं। हम इस बात को अत्यधिक गोपनीय बना रहे हैं कि आखिरकार इन लोगों को संक्रमण कैसे हुआ। उदाहरण के लिए, यह पता नहीं है कि नए संक्रमित लोगों में से कितने लोगों ने प्रोटोकाल का पालन किया या वे इसके बारे में लापरवाह थे। कितने लोग यह सोचते थे कि सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करने, बाजार में घूमने या रेस्टोरेंटों में अजनबी लोगों की उपस्थिति में भोजन करने से उनको संक्रमण हुआ है।

सरकार को स्वीकार करना चाहिए कि वह एक अंतिम बिंदु तक पहुंच रही है। उसे उभरते मामलों तथा अर्थव्यवस्था पुनर्जीवित करने के बीच चुनाव करना है। एक चीज पर जोर देने से दूसरी प्रभावित हो सकती है। इस साल जाड़े का मौसम हमेशा की तुलना में जल्दी आ गया है और दिल्ली तथा एनसीटी प्रदूषण से बहुत बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में शामिल हैं। इस मौसम में त्योहारों व शादियों के बाद बिजनेस बरसात के पहले वाली स्थिति में आ जाता है। घटे राजस्व से निपटने के लिए केन्द्र तथा दिल्ली सरकार इन स्थितियों में संक्रमण पर लगाम लगाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद दिल्ली में संक्रमण चार गुना हो गया है। जब सरकारें अपनी चेतना के विरुद्ध काम करती हैं तो वे आमतौर से सफल होती हैं। इस टकराव का एक उदाहरण वाणिज्यिक व सार्वजनिक स्वास्थ्य हितों के बीच टकराव है। यह दिल्ली सरकार के उस निर्णय में दिखाई दिया जिसे 24 घंटे में उलट दिया गया। पहले महामारी मानकों के उल्लंघन के लिए नांगलोई क्षेत्र में स्थित पंजाबी बस्ती बाजार व जनता बाजार को बंद किया गया था। दिल्ली में सभी बड़े बाजार खुलने के बाद अब बीमारी नियंत्रण प्रोटोकाल का शायद ही कहीं पालन हो रहा हो। 24 नवंबर को भारत ने 2,134 प्रयोगशालाओं में लगभग 13.3 करोड़ जांचें कीं। हालांकि, यह संख्या देखने में बड़ी लगती है, पर भारत की जनसंख्या का केवल 10 प्रतिशत है। ऐसे में प्रबल संभावना है कि जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा ऐसा हो सकता है जिसमें संक्रमण के कोई लक्षण न हों और उसकी जांच न हुई हो। ऐसे में बहुत से लोगों को लग सकता है कि वे बीमारी से बचे हुए हैं जिनमें सहकर्मी, पड़ोसी या रिश्तेदार शामिल हैं। वे फेस मास्क जैसी मामूली सावधानियों को भी अनदेखा कर लोगों से घुलमिल सकते हैं। फास्टफूड दूकानों पर वे पूर्णतः अजनबी लोगों के साथ भोजन करने से नहीं डरते हैं जहां स्वाभाविक रूप से वे मास्क नहीं लगाए होते हैं। उनको आशंका नहीं होती है कि इस गतिविधि से वे बिना लक्षणों वाले संक्रमितों के संपर्क में आ सकते हैं। सरकारी प्रचार अभियान इस आयाम के बारे में लोगों को शिक्षित करने में विफल रहे हैं। वे लोगों को आयुष मंत्रालय द्वारा प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले उपायों से भी परिचित नहीं कराते हैं। जागरूकता अभियानों में इन असली स्थितियों को उठाने से संक्रमण में वृद्धि पर लगाम लगाई जा सकती है। यदि मनुष्यों के साथ शूटिंग में समस्या हो तो इसके लिए आसानी से एनीमेशन या क्लाइमेशन का प्रयोग किया जा सकता है। जब तक हम ग्राफिक्स रूप से खतरों के आयामों को आम लोगों के दिमाग में नहीं भरेंगे, तब तक बालीवुड नायक ज्यादा कुछ नहीं कर सकेंगे।

# समग्र क्षेत्रीय आर्थिक साझीदारी के निहितार्थ

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं)



**विश्व** ने पिछले पखवाड़े में अगले सौदे का रूप लेने जा रहे व्यापक आर्थिक मोलभाव की प्रक्रिया को देखा है। यह है क्षेत्रीय समग्र आर्थिक साझीदारी (आरसीइपी), जो कि 10 एसियान देशों व चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड के बीच होने जा रहा एक मुक्त व्यापार समझौता है। यह सौदा, मंजूरी मिल जाने पर, विश्व की लगभग आधी जनसंख्या को प्रभावित करने वाले दुनिया के 30 प्रतिशत जीडीपी का प्रतिनिधान बनेगा। ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से, यह एक बहुआयामी व्यापार समझौता है जहां चीन अग्रणी पक्ष है। आरसीइपी हालिया वर्षों में गतिरोध में पड़ने से पूर्व 2012 से ही मोलभाव की स्थिति में रहा है क्योंकि भारत ने अपने औद्योगिक एवं कृषि क्षेत्रों को बढ़ती अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए खोलने का विरोध किया था। उसके पश्चात, एक कर्कश महत्वाकांक्षी एवं तकनीकी क्षमता से परिपूर्ण चीन के उभार को देखते हुए, भारत ने भी प्रत्येक देश के नागरिकों के आंकड़ों के स्थानीयकरण हेतु जोर दिया था, जबतक सहभागी देश अपने निर्गामी हस्तांतरण की मंजूरी नहीं दे देता। भारत ने घरेलू मांगों के कारण औपचारिक रूप से आरसीइपी से कदम पीछे हटा लिए। हालांकि, व्यापार सौदे पर 15 नवंबर को हुए समझौते के बावजूद, नई दिल्ली के पास अभी भी आरसीइपी में शामिल होने का विकल्प मौजूद है।

पश्च-महामारी विश्व अर्थव्यवस्था पुनः खड़े होने के लिए संघर्ष कर रही है, अमेरिका में एक नई हुकूमत जल्द ही व्यापार एवं सामरिक सहयोग के लिए पुनः बहुआयामी मंच में पुनः शामिल होने की प्रबल संभावना के साथ तथा एक नए भारत की दूरदृष्टि कुछ ऐसे मॉडल हैं जिन्हें इस मौके पर हमारे पक्ष में क्या कारगर हो सकता है उस बाबत कोई निर्णय लेने से पहले दिमाग में रखना होगा।

आरसीइपी में नई दिल्ली के शामिल न होने पर घरेलू स्तर से मिश्रित प्रतिक्रियाएं आई हैं, और सरकार के कदम का विरोध करने यह बोल रहे हैं कि दक्षिण-पूर्व एशिया में एक एकाकी भारत तथा चीन के आयातों के प्रति हमारी संवेदनशीलता आर्थिक समझ के बजाए भू-राजनीति के कारण अधिक है। एक अध्ययन में पाया गया कि 2007-2008 तथा 2015-16 के बीच, चीन की अर्धनिर्मित वस्तुओं एवं भारी मशीनरी के भारत द्वारा आयात का सकारात्मक प्रभाव हमारे उद्योगों, नौकरियों के सृजन एवं प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में पड़ता था।

जो लोग कदम वापस खींचने के सरकार के कदम का समर्थन करते हैं उनका इसको लेकर सख्त रुख है कि कैसे चीन से वस्तुएं आयात करने का परिणाम अकुशल श्रमिकों के रोजगार छिनन के रूप में सामने आता है। पश्च-महामारी अर्थव्यवस्था में, बड़ी संख्या में रोजगार अकुशल श्रमिकों के लिए सृजित करने पड़ेंगे।

आरसीइपी समझौते के व्यापक आधारों का ध्येय 15 वर्षों में साझीदार देशों के बीच व्यापार की जाने वाली वस्तुओं में 90 प्रतिशत से अधिक पर शून्य टैरिफ व्यवस्था को हासिल करना है। आर्थिक प्रभाव इस ज्ञान से क्षीण हो सकता है कि इन व्यापार करने वाले देशों में से अधिकतर के बीच द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते पहले से ही विद्यमान हैं। हालांकि, चीन की भारी मौजूदगी एवं अमेरिकानीत समग्र एवं प्रगतिशील परा-प्रशांत साझीदारी में प्रतिकार स्वरूप बाधा डालने की आकांक्षा के चलते भू-राजनीतिक प्रभाव को अनदेखा किया जा सकता है। प्रायः ऐसा कहा जाता है कि चीन को किसी भी सफल अर्थव्यवस्था में विकसित हुए कौशल समुच्चयों में निपुणता हासिल करने में महारत हासिल है, इसलिए, अंतर्जात विकास की किसी महत्वपूर्ण लागत के बगैर, वह मूल सृजनकर्ता द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली दरों के आधे दाम में वैसी ही वस्तुएं एवं सूवाएं उत्पादित कर सकता है। सीपीटीपीपी अध्यायों एवं दृष्टिकोणों से उधर ली गई इबारत के परिप्रेक्ष्य में, आरसीइपी की शब्दावली, वैसी ही कवायद मालूम पड़ती है। यहीं पर जाकर, ई-वाणिज्य, आंकड़ा स्थानीयकरण, जैसा कि आरसीइपी समझौते में निर्धारित किया गया है, जैसे उभरते तकनीकी विषयों का भारत द्वारा कोई निर्णय लेने से पहले सावधानी से अध्ययन करना पड़ेगा।

इलेक्ट्रानिक कामर्स, द्विपक्षीय एवं बहुआयामी मंचों पर खींचतान के विकसित होते क्षेत्र, को आरसीइपी समझौते के दस्तावेज में एक अध्याय मिला है। इसमें काफी कुछ सीपीटीपीपी से लिया गया है। हालांकि, क्रियान्वयन के मामले में, इसकी संभावनाएं क्षीण हैं क्योंकि इन शब्दावलियों में मौजूद क्लाज कम कम प्रवर्तन योग्य, दोहरे अर्थ वाले एवं बहुत अधिक कसकर आवरणबद्ध किए गए हैं। संघर्ष के मामले में विवाद समाधान व्यवस्था को आरसीइपी संयुक्त समिति को संदर्भित करना होगा यदि मोलभाव के सभी रास्ते विफल हो जाते हैं।

सोर्स कोड खुलासा आवश्यकताओं, व्यापारिक साझीदारों के बीच आंकड़ों के प्रवाह एवं आंकड़ा केंद्रों का स्थानीयकरण तथा कम्प्यूटिंग सुविधाएं आदि विवादास्पद मुद्दे भावी परामर्शों एवं समझौतों के जिम्मे छोड़ दिए गए हैं। भारत तथा यूरोप समेत शेष वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं किसी भी प्रकार के संकेत देने से पहले इस क्षेत्र को निकट से देखकर समझना चाहेंगे।

वैश्विक नीति स्पेस वर्तमान समय में संप्रभु सीमाओं से परे आंकड़ों के प्रवाह को नियंत्रित करने के विचारों में उलझा हुआ है, इस तरह मामला आंकड़ों को भौतिक वस्तु मानकर समीकृत करने का है जिन्हें बहुआयामी समझौतों के उच्च स्तरों पर एक चिप मानकर चलना है। वैश्विक स्तर पर आंकड़ों के विनियमन संबंधी विभिन्न दृष्टिकोणों के बीच एक बीच का कोई संभावित रास्ता निकालने के लिए ढेर सारी बहस एवं गुंजाइश होनी चाहिए, और यह वर्ष औपनिवेशीकरण नीतियों के राष्ट्रीय आंकड़ों की शुरुआत का वर्ष रहा है।

आंकड़ा विनियमन पर टिके रहना, सीमा-पार आंकड़ों के प्रवाह की इबारत और आरसीइपी दस्तावेज में गणना सुविधाओं की अवस्थिति के कारण आत्मपरक एवं आक्रामक निर्वचनों की प्रचुर मात्रा में गुंजाइश रहती है। इस समझौते ने प्रत्येक देश हेतु बहुउद्देश्यीय मंच पर जांच पड़ताल के बगैर आंकड़ों के लिए कठोर स्थानीयकरण नियम बनाने के विनियामक दरवाजे थोड़ा-बहुत खुले रखे हैं। लगता है कि यह क्लॉज प्रत्येक साझीदार के लिए घरेलू स्तर पर रहेगा लेकिन वैश्विक सहयोग पर इसके भी अपने प्रभाव होंगे। भारत ने कुछ समय के लिए बहुउद्देश्यीय व्यापार/रणनीतिक समझौतों के बहुआयामी शतरंज की बिसात पर स्थगन का आह्वान करने का विकल्प चुना है, जो कि एक बुद्धिमानीपूर्ण कदम है। समस्या को नीचे रखकर उस पर सो जाना और सिसिलियन बचाव अथवा रानी के पहले कदम हेतु आगे बढ़ने से पहले एक ताजा परिप्रेक्ष्य लेकर सामने आना सदैव बेहतर होता है।

## आप की बात

### विदेशी निवेशकों का तांता

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने री इन्वेस्ट 2020 एक्सपो का शुभारंभ किया। नवीनीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत विश्व में चौथे नंबर पर है। जलवायु परिवर्तन और सतत विकास के लिए सौर्य ऊर्जा समेत कई क्षेत्र में निवेशकों को आमंत्रित किया जा रहा। वर्तमान समय में नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व को हर जगह महसूस किया जा रहा है। आत्मनिर्भर भारत के अन्तर्गत ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्राथमिकता देते हुए,आगामी वर्षों में भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ा हब बनना है। वैश्विक स्तर पर भारत में कई विदेशी कंपनियों ने भारी मात्रा में निवेश किया है, जिससे ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में भारत अक्षय ऊर्जा से चौबीस घंटे बिजली मुहैया करा सकेगा। वर्तमान में भारत 136 गीगावाट नवीनकरण ऊर्जा का उत्सर्जन करता है।री इन्वेस्ट 2020 का विषय सतत ऊर्जा विकास रखा गया है। भारत हाइड्रोजन के क्षेत्र में भी पैर पसार रहा है, जिसमें आने वाले समय में अपार संभावनाएं हैं। एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी ने अर्थव्यवस्था के पहिए को वापस ट्रैक पर लाने के लिए, एड़ी चोटी का जोर लगा रहे, जिससे कि भारत में व्यापार को बढ़ाते हुए रोजगार की भी संभावनाएं तलाशी जाएं।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

### झूठ और पाखंड

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल कोरोना नियंत्रित करने के मामले में बुरी तरह असफल सिद्ध हुए हैं। उनकी सरकार को रोजाना दिल्ली हाईकोर्ट की कड़ी फटकार खानी पड़ रही है। पिछले लगभग दो महीने में वहां प्रतिदिन नये मिलने वाले कोरोना केस एवं मृतको की संख्या उत्तर प्रदेश, जो आबादी में दिल्ली से 10 गुना है, से अधिक निकल रही है। पर केजरीवाल प्रतिदिन टीवी पर अवतार के समान अवतरित होकर कहते हैं कि उन्होंने जैसे डेंगू पर काबू पाया था, उसी प्रकार कोरोना पर नियंत्रण पा लिया है। उप्र में उनकी पार्टी के झूठे चेहरे संजय सिंह वहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कोरोना मामले में असफल बताते रहते हैं। वास्तव में आप ने अपना नाम आदतन असत्यवादी पार्टी बना दिया है। ये लोग दावा करते हैं कि दिल्ली के अस्पतालों में कोरोना का इलाज सस्ता व बेहतर है। फिर इतने लोग क्यों मर रहे हैं। कोरोना का सबसे सफल टेस्ट आरटी-पीसीआर दिल्ली में 2400 रुपये में होता है, यूपी में 1600 में तथा हरियाणा में 1200 में। महंगा होने के कारण दिल्ली वाले बिना जांच कराये घूमते रहते हैं और कोरोना फैलाते हैं। पर केजरीवाल इस बात की जरा भी परवाह नहीं कर रहे कि दिल्ली में आरटी-पीसीआर सस्ता किया जाए।

– **आस्था गर्ग,** बागपत रोड, मेरठ

### जानकारी को लेकर संशय

**कोरोनावायरस** से बिगड़ते हालातों के बीच इस वायरस के लंबे समय जीवित रहने की जानकारी सामने आई है। इससे जहां उसकी रोकथाम और प्रसार पर नियंत्रण होगा वही इसकी लंबी अवधि से लोगों में चिंता भी बढ़ सकती है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि लोग हालातों के मद्देनजर कदम कदम पर सतर्कता रखें, क्योंकि वर्तमान स्थितियों को देखते इहुए यही एकमात्र चारा है। तभी इस विश्वव्यापी महामारी के विस्तार को रोकने में मदद मिलेगी। कोविड-19 संक्रमण की दर और शुरुआत से ही संक्रमितों की मौत के भयावह होते आंकड़ों ने एक बार फिर चिंता पैदा की है। इस बीच शोधकर्ताओं का दावा है कि कोरोना की प्रकृति और परिस्थितियां के कारण यह लंबी अवधि तक जीवित रह सकता है हालांकि इससे इसके अध्ययन और निष्कर्ष में सहायता मिलेगी और लंबी अवधि की खबर लोगों में चिंता पैदा करती है। अब जो भी हो वैक्सीन आने तक तो लोगों को बड़े सतर्कता के साथ रोना ही होगा तभी इसका फैलाव रुक सकता है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**यह** दुखद विडंबना है कि संविधान दिवस के दिन किसानों के संवैधानिक अधिकारों का दमन किया जा रहा है। खट्टर साइब उन्हें हरियाणा पार करने दीजिए।

– **अमरिंदर सिंह**
पंजाब के मुख्यमंत्री



**हमारी** पार्टी का ढांचा गिर चुका है। हमें इसे पुनर्निर्मित करने की जरूरत है। फिर इस ढांचे में जो नेता चुना जाएगा वह काम करेगा।

– **ग़ुलाम नबी आज़ाद**
कांग्रेस नेता



**श्री** आज़ाद कांग्रेस कार्यसमिति के नामित सदस्य हैं और सार्वजनिक रूप से बोलने के बजाए फोन उठाकर किसी से भी बात कर सकते हैं।

– **पवन खेड़ा**
कांग्रेस नेता

# सीएम योगी पहुंचे सभास्थल, आगमन की तैयारियों का लिया जाएजा

- सर्किट हाउस में अधिकारियों संग बैठक कर दिए दिशा निर्देश
- सीएम ने घाटों के माध्यम से काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रसिद्ध देव** दीपावली पर पहली बार काशी आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अगुवानी की तैयारियों का जायजा लेने शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ काशी पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ के आगमन से पहले जिला प्रशासन एवं एसपीजी ने सभी तैयारियां पूरी कर ली थी। शुक्रवार को सुबह से ही एडीजी वाराणसी जोन बृजभूषण, आईजी वाराणसी विजय सिंह मीणा, कमिश्नर दीपक अग्रवाल, डीएम कौशलराज शर्मा, एसपीजी के आईजी आलोक शर्मा एसएसपी अमित पाठक एक-एक बिन्दु पर तैयारियों को परख रहे थे। खजुरी स्थित सभास्थल पर बने अस्थाई हैलीपैड मुख्यमंत्री के पहुंचते ही उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया। सीएम सबसे पहले मिर्जामुराद स्थित खजुरी सभास्थल का निरीक्षण करने सहित सभी स्थलों का निरीक्षण करने के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब सात घंटे वाराणसी रहेंगे। देव दीपावली पर पीएम प्रयागराज-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग को देश को समर्पित करेंगे। जनसभा को संबोधित करने के बाद देव दीपावली के आयोजन में भी शामिल होगें। मुख्यमंत्री पीएम के करीब छह घंटे के प्रवास की तैयारियों का मिनट-टू-मिनट जायजा लिया। सीएम सबसे पहले खजुरी स्थित सभास्थल गये, यहॉ से वे डोमरी और फिर नाव से श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर गये। इसके बाद राजघाट में दीपोत्सव की तैयारी देखे। देर शाम सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक के बाद योगी आदित्यनाथ लखनऊ के लिए रवाना हो गये।



### 30 नवंबर को पीएम मोदी पहली बार सारनाथ पहुंचेंगे

**वाराणसी।** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को सारनाथ स्थित पुरातात्विक खंडहर एंड साउंड शो का निरीक्षण किया। यहॉ पर पीएम नरेन्द्र मोदी खंडहर गेट से धमेख स्तूप तक गोल्फकार्ट से से वह सफर करेगें। इससे पहले एसपीजी के आईजी सहित वाराणसी के आला अफसरों ने सारनाथ का किया निरीक्षण। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सारनाथ स्थित पुरातात्विक खंडहर परिसर में लाइट एंड साउंड शो देखने देव दीपावली पर वाराणसी आ रहे हैं। 30 नवंबर को खंडहर गेट से धमेख स्तूप तक गोल्फ कार्ट से वह सफर करेंगे। प्रधानमंत्री का काफिला पुरातात्विक खंडहर गेट तक आएगा वहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गेट से धमेख स्तूप के पास लाइट एंड साउंड शो तक लगभग 325 मीटर गोल्फकार्ट यानि बैटरी वाले रिक्शा से जा कर देखेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 30 नवम्बर को भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ में पहला कदम पड़ने जा रहा है। आयोजन को देखते हुए शुक्रवार को पुरातात्विक खंडहर परिसर में पुरातत्व अधिकारी की देखरेख में पुरातत्व स्मारकों की धुलाई कर साफसफाई की तैयारी अंतिम चरण में रही। वहीं खंडहर पार्क में लगे फूल के गमले और हेज की भी धुलाई की गई। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सारनाथ के पुरातात्विक खंडहर परिसर में धर्मराजिका स्तूप की धुलाई पुरातत्व विभाग के अधिकारियों की देखरेख में कराया गया।

## मुख्यमंत्री योगी से पहले एसपीजी ने जनसभा, हैलीपैड व विश्वनाथ कॉरिडोर का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**पीएम नरेंद्र** मोदी के 30 नवंबर को वाराणसी आगमन के मद्देनजर विशेष विमान से एसपीजी की टीम शुक्रवार की सुबह 9:40 बजे वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। एसपीजी टीम ने एयरपोर्ट पर मुख्य टर्मिनल भवनए एप्रन सहित महत्वपूर्ण स्थानों पर अधिकारियों संग निरीक्षण किया। इसके बाद निरीक्षण के उपरांत एसपीजी टीम शहर प्रस्थान कर गई।

पीएम आगमन के मद्देनजर एसपीजी की टीम शुक्रवार को सुबह 9:40 बजे वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्पेशल विमान पहुंची। एसपीजी टीम ने एयरपोर्ट पर मुख्य टर्मिनल भवनए एप्रन सहित महत्वपूर्ण स्थानों पर अधिकारियों संग निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत एसपीजी टीम मुख्य टर्मिनल भवन में स्थित कांफ्रेंस हाल में अधिकारियों संग एएसएलए एडवांस सिक्योरिटी लाइजनिंगद्ध बैठक की। आधे घंटे चली इस बैठक में एसपीजी के आईजी आलोक शर्माए डीएम कौशल राज शर्माए एसएसपी अमित पाठकए एसपीआरए मार्तण्ड प्रताप सिंहए सीआईएसएफके सीनियर कमांडेंट अजय कुमारए आईबीए एलआईयूए एयर लाइंस सहित सुरक्षा एजेंसियों के साथ ही संबंधित अन्य एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक करने के बाद टीम 11:30 बजे बजे एयरपोर्ट से शहर प्रस्थान किया।एसपीजी के आईजी आलोक शर्मा सहित एसपीजी टीम ने डोमरी स्थित भगवान अवधुत राम की समाधि स्थल से दूर हैलीपैड एवं मिर्जामुराद के खजुरी स्थित जनसभा एवं स्टीमर से घाट के किनारे राजघाट से लेकर मीरघाट तक एवं काशी विश्वनाथ कॉरिडोर आदि का गहन निरीक्षण किया।

## मुख्यमंत्री के दूत के रूप में आए अवनीश अवस्थी एवं नवनीत सहगल

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री के आगामी 30 नवंबर 2020 देव दीपावली पर्व पर आगमन के दृष्टिगत रखते रखते हुए योगी आदित्यनाथ के दूत के रूप में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने शुक्रवार को तूफानी दौरा करें वाराणसी में किए जा रहे तैयारियों का स्थलीय जायजा लिया गया मौके पर मौजूद अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने अधिकारियों को अब तक किए गए व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के बाबत विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर एवं वहां ललिता घाट से राजघाट तक मोटर बोट के द्वारा पूरे व्यवस्थाओ का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की घाट पर चप्पेच्चप्पे पर नजर रहीं।सीढ़ी पर छोटा सा दुकान लगाकर मालाए फूलए दीपक बेच रही आशा के पास अपर



मुख्य सचिव गृह एवं अपर मुख्य सचिव सूचना अचानक पहुंचकर बूढ़ी विक्रेता आशा का हालचाल जाना। राजघाट गंगा की सीढ़ी पर छोटा सा दुकान लगाकर माला.फूलए दीपक बेच रही आशा के पास अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार एवं अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहंगल अचानक पहुंचकर बूढ़ी विक्रेता आशा का हालचाल जाना तथा कोरोना के बाद अब उनके आय के संबंध में आवश्यक जानकारी।

### अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, एक की मौत, तीन घायल

**पाटन।** बिहार थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पीआरवी ने घायलों को सुमेरपुर पीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृतक घोषित कर दिया। जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना बिहार बक्सर मार्ग पर मनिकापुर के पास की है जहां रात 2 बजे करीब कानपुर स्थित एक बारात से लौट रही कार सामने से आ रहे ट्रक की लाइट में असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कार के परखच्चे उड़ गए। जबकि उसमें सवार मनोज कुमार, बृजेन्द्र, रतीपाल, सुरेन्द्र निवासी रामगंज थाना डीह जनपद रायबरेली बुरी तरह घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायलों को कार से निकालकर सुमेरपुर पीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मनोज (35)को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य तीन को गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया। परिजनों की तहरीर पर बिहार थाना पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अपना दल एस ने पूर्व प्रधानमंत्री की मनाई पुण्यतिथि

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के हरदोई मार्ग स्थित एक विद्यालय के सभागार में अपना दल एस द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की पूण्यतिथि मनाई गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी, वहीं पूर्व प्रधान मंत्री को लेकर कहा अपने कार्यकाल में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति किसान - कमेरो के जीवन में बदलाव करने के लिए ठोस कदम उठाया।

### भाकियू ने सरकार की नीतियों के विरोध मे दिया पांच सूत्रीय ज्ञापन

**सफीपुर उन्नाव।** भारतीय किसान यूनियन कार्यकताओं ने लखनऊ मण्डल अध्यक्ष राम सजीवन कुशवाहा के नेतृत्व मे स्थानीय पशु चिकित्सालय मे कार्यकर्ताओ ने बैठक कर सरकार की नीतियो का विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम सत्य प्रिय सिंह के माध्यम से प्रधानमंत्री को पांच सूत्रीय ज्ञापन भेजा। मण्डल उपाध्यक्ष राम सजीवन कुशवाहा ने बताया कि किसान कोरोना महामारी से परेशान है और लॉकडाऊन की मार से अभी ऊपर नही उठ पाया है। प्रदेश की सरकार किसानो पर अत्याचार कर रही है महगाई चरम पर पहुच गयी है। डीजल पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे हौ पुलिस मास्क के नाम पर शोषण कर रही है। किसानो को खाद बीज के साथ साथ फसल बीमा का लाभ नही मिल रहा है। इस मौके पर सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खड़े ट्रक से टकराई रोडवेज बस, दर्जनभर घायल

**नवाबगंज उन्नाव।** कानपुर से लखनऊ जा रही प्रतापगढ़ की रोडवेज बस बीती देर रात कस्बे के चालक के नियंत्रण खो देने पर राजमार्ग पर स्थित टोल बैरियर के समीप एक खड़े ट्रक में भिड़ गयी। घटना में बस में सवार करीब दो दर्जन यात्री घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आनन-फानन सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चालक सहित दो अन्य सवारियों की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**नवाबगंज।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत कानपुर-लखनऊ राजमार्ग पर आशाखेड़ा के पास सड़क पार कर रहे युवक को लखनऊ की तरफजा रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना में युवक की घटनास्थल पर मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

### खंड शिक्षा अधिकारी संघ के चुनाव में आशीष अध्यक्ष शैलेन्द्र बने महामंत्री

**उन्नाव।** खंड शिक्षा अधिकारियों के संघ का चुनाव एक बैठक में सम्पन्न हुआ। बैठक खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय अजीत कुमार निगम के संरक्षकत्व में सम्पन्न हुयी। जिसमें सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। सि0 सरोसी के खंड शिक्षा अधिकारी आशीष चौहान को अध्यक्ष, शैलेंद्र कुमार वर्मा को महामंत्री, प्रवीण कुमार दीक्षित को उपाध्यक्ष, सुषमा सेंगर को महिला उपाध्यक्ष, अरुण कुमार अवस्थी को संयुक्त मंत्री, मधुलिका बाजपेई को संयुक्त मंत्री महिला, डा0 विनोद कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं नगर शिक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

## सरैंया इलाके में एक लाख का ईनामी किट्टू मुठभेड़ में मारा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

- मुठभेड़ के दौरान दारोगा विनय तिवारी एवं सिपाही जितेन्द्र सिंह हो गये घायल

**जैतपुरा** थाना क्षेत्र के सरैयां इलाके में गुरुवार की देर रात पुलिस मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी रौशन गुप्ता उर्फकिट्टू मारा गया। मुठभेड़ के दौरान उसे सिर में गोली लगी। मुठभेड़ के दौरान क्राइम ब्रांच के दारोगा विनय तिवारी व एक सिपाही जितेंद्र सिंह भी हाथ में गोली लगने से घायल हो गए जबकि एक लाख का इनामी मनीष सिंह उर्फ सोनू अंधेरे में भाग निकला। घायल पुलिसकर्मियों को मलदहिया क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।किट्टू के कब्जे से एक पिस्टल 30 बोर, एक पिस्टल 32 बोर, एक पैशन मोटरसाइकिल, भारी मात्रा में कारतूस एके47, 30 बोर, 32 बोर द्, बरामद हुए। किट्टू के खिलाफवाराणसीए गाजीपुर में दो दर्जन से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं। बदमाश के मारे जाने के बाद सराफा व्यवसायियों ने राहत की सांस ली है। शासन ने पुलिस टीम को दो लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

**शिक्षक निर्वाचन चुनाव**

## पांडेय गुट ने डॉ. प्रमोद मिश्र को दिया अपना पूर्ण समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**उत्तर प्रदेश** माध्यमिक शिक्षक संघ (पाण्डेय गुट)के प्रदेश अध्यक्ष शिवाकांत ओझा के निर्देश पर पाण्डेय गुट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेशमणि त्रिपाठी एवं संयुक्तमंत्री शम्भुनाथ चतुर्वेदी ने बुधवार को पराड़कर स्मृति भवन में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि पूर्व एमएलसी एवं शर्मा गुट के प्रत्याशी डॉ0 प्रमोद कुमार मिश्र को इस शिक्षक संघ के निर्वाचन में अपने सैकड़ों शिक्षक भाईयों की तरफ से समर्थन करता हूॅ। पत्रकार वार्ता के दौरान श्री त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षक निर्वावन क्षेत्र से आठ जिलों में कुल तीन हजार से अधिक शिक्षक सदस्य पाण्डेय गुट के हैं जो इस चुनाव में डॉ0 प्रमोद कुमार मिश्र को अपना पूर्ण समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बनारस में कुल 2 सौ से अधिक सदस्य हैं जो डॉ0 प्रमोद मिश्र को जिताने के लिए रात-दिन एक कर देगें।पत्रकार वार्ता में पूर्व एमएलसी एवं शिक्षक निर्वाचन के प्रत्याशी डॉ0 प्रमोद कुमार मिश्र,सत्येन्द्र मिश्र, मोहन पाण्डेय, गिरिजेश तिवारी, संजय कौशिक, बृजेश कुमार सिंह आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

### चुनाव जीतने के बाद वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य समान अधिकार दिलायेगें: डॉ. मिश्र

पूर्व एमएलसी एवं शिक्षक निर्वाचन के प्रत्याशी एवं श्री कमलाकर चौबे आदर्श सेवा विद्यालय इंटर कालेज, वाराणसी के भूगोल के प्रवक्ता डॉ0 प्रमोद कुमार मिश्र से पराड़कर स्मृति भवन में 'पायनियर' से खास बातचीत के दौरान बताया कि अगर शिक्षक एमएलसी का चुनाव जीत जाने के बाद सबसे पहले वित्तविहीन अध्यापकों का वेतन समान कार्य के आधार पर समान वेतन दिलायेगें तथा 1 अप्रैल 2005 के बाद जिन अध्यापकों का शिक्षण कार्य प्रारंभ किया है उनको भी पुरानी पेंशन बहाल कर उन अध्यापकों को रोशनी दी जाएगी।

## आज मोदी-योगी सबके चहते बन चुके हैं यह चुनाव इसका प्रमाण है: मोहसिन रजा



**सफीपुर, उन्नाव।** कस्बे के भगवतीचरण वर्मा पार्क के सौन्दरीकरण कार्य के पूर्ण हो जाने के बाद चार दिसम्बर को होने वाले लोकापर्ण समारोह की तैयारियां देखने पहुचे योगी सरकार में राज्य मंत्री मोहसिन रजा ने कहा कि नगर के नागरिक होते हुए इस पार्क के लिए कुछ कर पाना हमारी खुशनसीबी है। राज्यमंत्री श्री रजा ने अपनी विधानपरिषद निधि से पार्क के जीर्णोधार और सौन्दरीकरण के लिए पचास लाख रुपए की राशि स्वीकृत की थी। कस्बे के मोहल्ला बाबर अली खेड़ा स्थित भगवती चरण वर्मा पार्क के सौन्दरीकरण का कार्य पूर्ण होने के बाद चार दिसम्बर को लोकापर्ण होना है। इस मौके पर पत्रकारो के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि लव जेहाद के मुद्दे को गलत तरह से पेश कर विरोधी भ्रांतियां फैला रहे है। हमारी सरकार मोहब्बत करने वालो के विरोध में नही है बल्कि उनका विरोध करती है जो मोहब्बत का दुर्पयोग करते है। मोहब्बत के नाम पर जबरन धर्म बदलवाना कहां का न्याय है। भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि नितिन गडकरी ने देश मे सड़कों का जाल बिछा दिया है। किसानों का सम्मान उनके खाते में पहुचा प्राधानमंत्री आवास ने गरीब के सर पर छत दी। हर क्षेत्र में जन कल्याणकारी योजनाओं को देकर साबित किया कि विकास भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार सभी धर्मों व समुदाए को एक समान विकास दिया है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री सभी के चहेते बन चुके है यह उपचुनाव इसका प्रमाण है। इस अवसर पर नागर पंचायत अध्यक्ष नसीम अहमद, बांगरमऊ पालिका अध्यक्ष इजहार खा, रसूलाबाद नईमुद्दीन अहमद, अधिशासी अधिकारी अनुपम सिंह उपस्थित थे।

## सनबीम वीमेंस कॉलेज वरुणा में मनी वर्चुअल फ्रेशर पार्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**सनबीम वीमेंस** कॉलेज वरुणा में वर्चुअल फ्रेशर पार्टी 'आगमन' 2020 का आयोजन किया गया। कोरोना के चलते कालेज खुलने के बाद भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए वर्चुअल किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की सीनियर छात्राओं ने प्रथम वर्ष की छात्राओं का वर्चुअल स्वागत किया। वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को विभिन्न टाईटल्स प्रदान किए गए। मैरीकॉम अवार्ड फॉर बेस्ट स्पोर्ट परसन दीपम सिंह, श्यामक डावर अवार्ड फॉर बेस्ट डान्सर अदीबा आलम, अरुधंती अवार्ड फॉर बेस्ट इन क्रियेटिव राईटिंग स्किल (इंग्लिश) साक्षी भट्ट, मन्नु भण्डारी अवार्ड फॉर बेस्ट इन क्रियेटिव राइटिंग स्किल (हिन्दी) नैना सिंह, माया एग्लो अवार्ड फॉर बेस्टर पोएट (इंग्लिश) साक्षी पाण्डेय, महादेवी वर्मा अवार्ड फॉर बेस्टर पोएट (हिन्दी) सृष्टि अग्रहरी, बियोन्से अवार्ड फार बेस्ट सिंगर (वेस्टर्न) अनुश्री द्विवेदी, शशि थरूर अवार्ड फॉर आरटीकुलेट स्पीकर करिश्मा गर्ग एवं फ्रेशर पार्टी के अन्त में मिस फ्रेशर का अवार्ड अंशिका दीपक को दिया गया।

## विधायक ने प्रधानों और बीडीसी से गरीबों की सेवा करने की अपील की

**बांगरमऊ उन्नाव।** स्थानीय ब्लाक कार्यालय स्थित सभागार में आज ब्लाक प्रमुख सुनीता दिवाकर की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधायक श्रीकांत कटियार ने उपस्थित प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों से सरकार की मंशा के अनुरूप योजनाओं को अमलीजामा पहनाने और गांव में निष्पक्ष रुप से गरीबों की सेवा करने की अपील की। क्षेत्र पंचायत सदन के पदेन सदस्य विधायक श्रीकांत कटियार ने सर्वप्रथम सभी प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को उनके चुनाव में सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। तदुपरांत उन्होंने कहा कि चूंकि पंचायत चुनाव सन्निकट हैं। इसलिए सभी प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य बंधु गरीबों, मजलूमो, बेसहारों, वृद्धों और विधवाओं की सहायता कर उनका दिल जीते। जिससे आगामी चुनाव में सभी प्रधान और बीडीसी बंधु पुन: विजई होकर इस महत्वपूर्ण सदन के सदस्य बने। उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि यदि किसी गांव में विकास की विशेष आवश्यकता हो तो वह तुरंत उन्हें सूचित करें। खंड विकास अधिकारी अमित कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था, विधवा एवं विकलांग पेंशन, एसबीएम, सामुदायिक शौचालय एवं व्यक्तिगत स्वच्छ शौचालय आदि योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने नवनिर्वाचित विधायक श्री कटियार का माल्यार्पण कर स्वागत करने के साथ ही उनसे विकास कार्यों में सहयोग करने की भी अपील की। बैठक में ब्लाक प्रमुख सुनीता दिवाकर के पुत्र अनुज दिवाकर ने भी विधायक श्री कटियार का अभिनंदन किया और उनसे क्षेत्र के विकास हेतु सहयोग मांगा। बैठक में संदीप बाजपेई व पंकज गौतम ने कई प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए। बैठक में शिवबली प्रधान, राजकुमार निषाद, ज्योत्सना, रवीना, रोहित सिंह, सुभाष गौतम, बृजेश कुमार, आनंद जी सुमन, आशीष कुमार आदि बीडीसी सदस्य प्रधान व ब्लॉक कर्मी शामिल हुए।

## पद्मभूषण डॉ. एफसी कोहली के निधन पर ट्रिपल आईटी में शोक

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**भारतीय** सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद के अधिशासी परिषद् के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण डा एफसी कोहली के निधन पर संस्थान में शुक्रवार को शोक व्यक्त किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो पी नागभूषण ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान बहुत भाग्यशाली था जिसने अपने प्रारंभिक विकास में डा एफ सी कोहली का बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि देश में आईटी इंडस्ट्री का जनक डा कोहली को कहा जाता है। साफ्टवेयर इंडस्ट्री के जनक कहे जाने वाले डा कोहली ने देश की प्रौद्योगिकी क्रांति का नेतृत्व किया और टीसीएस के पहले सीईओ के रुप में कार्य किया। डा कोहली एक शानदार टेक्नोक्रेट के रुप में पहचाने गये। वर्ष 1991 में आईबीएस को टाटा आईबीएम के हिस्से के रुप में देश में लाने के निर्णय में सक्रिय रुप से शामिल थे। ट्रिपलआईटी के पूर्व अधिशासी परिषद् के अध्यक्ष रवि कान्त ने कहा की टीसीएस की स्थापना श्री कोहली ने किया था। जिसने देश को एक नयी दिशा दिया। उन्होंने आशा वयक्त की संस्थान उनके योगदान के याद में कुछ अवश्य करेगा। उन्होंने बताया कि डा कोहली विदेश में पढ़ाई खत्म करने के बाद वर्ष 1951 में स्वदेश लौटे और टाटा इलेक्ट्रिक कम्पनी में शामिल हो गए। सिस्टम आपरेशन को प्रबंध करने के लिए लोड डिस्पैचिंग सिस्टम स्थापित करने में मदद की। वर्ष 1970 में कम्पनी के निदेशक बने और इसके पश्चात टीसीएस में पहले सीईओ के रुप में नियुक्त किये गये। शोक व्यक्त करने वालों में संस्थान की ओर से तमाम लोग शामिल रहे।

## कोविड-19 में बढ़ी दूरस्थ शिक्षा की उपयोगिता: प्रो. केएन सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

- मुक्त विश्वविद्यालय में डॉ. सुरेंद्र कुमार की पुस्तक का हुआ विमोचन
- डॉ. सुरेंद्र कुमार की पुस्तक से शिक्षा जगत को मिलेगी एक नयी दिशा

**फाफामऊ** स्थित उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में शिक्षा विद्या शाखा के असिस्टेंट प्रोफेसर डा सुरेंद्र कुमार की पुस्तक टीचर एजुकेशन थ्रू डिस्टेंस लर्निंग का विमोचन शुक्रवार को हुआ। विमोचन कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह एवं अन्य अतिथियों ने किया। कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि कोविड 19 के दौर में दूरस्थ शिक्षा ने अपनी उपयोगिता और प्रमाणिकता को सिद्ध कर दिया। आज ओपन लर्निंग की उपादेयता बढ़ी है। दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में यह पुस्तक लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र साबित होगी। डा सुरेंद्र की पुस्तक पीएचडी की कृति पर आधारित है। उन्होंने कहा कि जिज्ञासा का भाव जिसके अंदर होगा वही सच्चा शोधार्थी होगा। प्रोफेसर के एन सिंह ने कहा कि आज जिस तरह जनसंख्या बढ़ रही है। उसी तरह लोगों के बीच की दूरी भी बढ़ रही है। लेकिन हमें परिपूर्णता के भाव से एक दूसरे से संपर्क एवं संवाद स्थापित करते रहना चाहिए। जिससे आपस की दूरी मिट सके। विशिष्ट अतिथि ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डा आनंद शंकर सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया में दूरस्थ शिक्षा का महत्व बहुत बढ़ गया है। दूरस्थ शिक्षा आज बहुत व्यावहारिक एवं उपयोगी हो गई है। दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से शिक्षार्थी के द्वार तक शिक्षा प्रदान की जा सकती है। डा सुरेंद्र कुमार की पुस्तक से शिक्षा जगत को एक नयी दिशा मिलेगी। शिक्षकों को आज दुनिया भर में हो रहे बदलाव पर अपनी पैनी दृष्टि रखनी चाहिए। डा सिंह ने कहा कि शिक्षा समाज के लिए है यह केवल क्लास रूम के लिए नही है। डा सुरेंद्र कुमार ने कहा कि उनके शोध कार्य पर आधारित पुस्तक है। यह पुस्तक दूरस्थ माध्यम से गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करके शिक्षण कौशल एवं शिक्षक दक्षता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी।अतिथियों का स्वागत शिक्षा विद्या शाखा के प्रभारी प्रोफेसर प्रदीप कुमार पाण्डेय ने किया। संचालन परविंद्र कुमार वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन डा सुरेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर ओमजी गुप्त प्रोफेसर एस कुमार डा संजय सिंह डा दिनेश सिंह डा अनिल सिंह भदौरिया डा सतीश चंद्र जैसल डा सुनील कुमार डा अविनाश पाण्डेय डा नीता मिश्रा डा अभिषेक सिंह डा मनोज कुमार एवं डा प्रभात चंद्र मिश्र आदि उपस्थित रहे।



### छात्रों को सशक्त करने के लिए हो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

**प्रयागराज।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पेश कर लाखों स्कूली बच्चों को सशक्त करने के लिए कक्षा छह से बारह के छात्र के लिये बेहद असरदार इंटरैक्टिव लर्निंग की पेशकश करने के लिए वेदांतु मास्टर क्लास डीटीएच चैनल्स का प्रसारण एयरटेल डिजिटल टीवी पर चार रुपये प्रतिदिन में किया जाएगा। एयरटेल और वेदांतु ने होम टीवी स्क्रीन के जरिए किफायती मूल्य पर उपलब्ध है। लाइव ऑनलाइन लर्निंग में आगे वेदांतु ने आज एक अभिनव भागीदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के अंतर्गत व्यापक पहुंच का लाभ उठाते हुए भारत के छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच मुहैया कराई जाएगी। कक्षा छह से दस और कक्षा ग्यारह से बारह के छात्रों की जरूरतों को पूरा करेंगे। गणित तथा विज्ञान को कवर करेंगे। यह शिक्षा सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के फैकल्टी प्रदान करेंगे। डीटीएच बिजनेस के सीईओ और निदेशक सुनील तालदार ने साझेदारी पर कहा कि इसके माध्यम से उच्च गुणवत्ता की शिक्षा को बहुत किफायती बनाकर और पहुँच में लाकर लोकतांत्रिक बनाने के लिये भागीदारी कर उत्साहित हैं।

## बिना स्टाफ तहसीलदार निस्तारित करेंगे जन शिकायतें

**संवाददाता।** पाटन उन्नाव

- 58 लेखपाल क्षेत्र के सापेक्ष मात्र 25 लेखपालों की है तैनाती
- दो में से एक भी नायब तहसीलदार की नहीं है पोस्टिंग
- नौ के सापेक्ष मात्र एक कानूनगो पूरी तहसील का सम्भाल रहे कार्य

**बीघापुर** तहसील क्षेत्र में जनसमस्याओं के निस्तारण का बुरा हाल है। आवश्यकता के सापेक्ष संख्या में कमी जंहा कर्मचारियों पर काम का बोझ लादे हुए है, वहीं शासन के आदेश निर्देश निस्तारण की गुणवत्ता को मेनटेन नही होने दे रहे हैं। बावजूद इसके नवागत तहसीलदार ने शासन की मंशा पर खरे उतरने की बात कही है।

दो महीने बाद तहसील बीघापुर में तहसीलदार के पद पर दिलीप कुमार की पोस्टिंग की गई है। तहसीलदार का दावा है कि वे जन शिकायतों के अलावा, वरासत, आय जाति प्रमाणपत्र समेत अन्य सभी मामलों का त्वरित निस्तारण कराएंगे। अगर तहसील मुख्यालय के हालातो पर गौर किया जाए तो यहाँ 58 लेखपाल क्षेत्रो के सापेक्ष यहाँ पर मात्र 30 लेखपाल ही पोस्ट हैं। इनमे से कुलदीप बाजपेई, सुजीत बहादुर, निधि मिश्रा व अविनाश आदि लेखपालों को क्षेत्र के बजाए कार्यालय में पोस्ट किया गया है। जबकि लेखपाल विश्वदीपक ने लेखपाल पद से स्तीफा देकर शिक्षा विभाग में नॉकरी ज्वाइन कर ली है। अब 58 के सापेक्ष केवल 25 लेखपाल ही क्षेत्र में कार्यरत हैं। इस स्थिति में अधिकांश लेखपालों के पास दो गुना तक का कार्यभार है। लेखपाल अभिषेक के पास 4 लेखपाल क्षेत्र, पंकज मिश्रा के पास 3 क्षेत्र, रीतेश पांडेय के पास 4 क्षेत्र तथा ज्ञानेंद्र यादव के पास 5 लेखपाल क्षेत्रो की जिम्मेदारी है। इतना ही नहीं तहसील में दो पदों के सापेक्ष एक भी नायब तहसीलदार की पोस्टिंग नहीं है। यही नहीं 9 कानूनगो पदों के सापेक्ष मात्र एक ही कानूनगो पोस्ट है। तहसील के अधिवक्ताओं की माने तो लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार आदि जिन्हें तहसीलदार का सहयोगी माना जाता है उनके बिना नवागत तहसीलदार दिलीप कुमार द्वारा किये गए इतने बड़े बड़े दावे पूरे होने के चांस कम ही है। वह भी तब जबकि तहसीलदार कोर्ट में लंबित वादों का भी उन्हें नियमित निस्तारण करना है। हालांकि तहसीलदार दिलीप कुमार का कहना है कि वे इतने ही कर्मचारियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से जनसमस्याओं और वादों का निस्तारण करने की रणनीति पर काम करना प्रारंभ कर चुके हैं। उन्होंने जल्द परिणाम भी दिखाई देने की बात कही।

# तृणमूल नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया, ममता बनर्जी को झटका

**भाषा।** कोलकाता

**तृणमूल कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता एवं पश्चिम बंगाल के परिवहन मंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही अटकलें लगाई जा रही हैं कि अधिकारी राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी छोड़ सकते हैं। इस बीच, कूचबिहार पूर्व से तृणमूल कांग्रेस के विधायक मिहिर गोस्वामी ने पार्टी छोड़ दी और नई दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गए। अधिकारी नंदीग्राम आंदोलन का प्रमुख चेहरा थे और यह आंदोलन पार्टी नेता ममता बनर्जी को 2011 में सत्ता में लाने का एक अहम कारक बना था। पार्टी नेतृत्व से अनबन के बाद अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपना इस्तीफा फैक्स के जरिए भेजा और उसे राज्यपाल जगदीप धनखड को भी ईमेल कर दिया। कुछ ही घंटों बाद राज्यपाल ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया। अधिकारी ने अपने इस्तीफे में लिखा, मैं मंत्री के रूप में अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूं। इसे तत्काल प्रभाव से स्वीकार किए जाने के संबंध में कदम उठाए जाने चाहिए। मैं साथ ही पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को भी यह ईमेल कर रहा हूं और उनसे आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने कहा, राज्य की जनता की सेवा करने का मौका देने के लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं, इसे मैंने पूरी प्रतिबद्धता, लगन और ईमानदारी के साथ किया। अधिकारी ने इसके साथ ही हल्दिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया। भाजपा ने कहा कि यह इस्तीफा तृणमूल नेताओं का पार्टी नेतृत्व के प्रति गुस्सा दर्शाता है।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव कैलाश विजयवर्गीय ने अधिकारी के पार्टी में शामिल होने की अटकलों पर कुछ भी कहने से इनकार किया। वहीं राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि अधिकारी का इस्तीफा तृणमूल के अंत का इशारा करता है। उन्होंने संवादताओं से कहा, शुभेंदु का तृणमूल से निकलना वक्त की बात है। सत्तारूढ़ पार्टी के कई ऐसे नेता हैं जो पार्टी के कामकाज के तरीके से नाखुश हैं। हमारे दरवाजे खुले हैं। अधिकारी पिछले कई माह से कैबिनेट की बैठकों में शामिल नहीं हो रहे थे और सांसद सौगत राय और सुदीप बंदोपाध्याय को उनसे बात करने और मामले को हल करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अधिकारी लगातार राज्य का दौरा कर रहे थे और समर्थकों की रैलियों में शामिल हो रहे थे लेकिन वह यह सब पार्टी के बैनर से दूर रह कर रहे थे जो पार्टी के लिए आम बात नहीं है।

## नागालैंड सरकार ने मोन जिले में हीरा मिलने संबंधी सोशल मीडिया रिपोर्टों की जांच का दिया आदेश

**कोहिमा।** नागालैंड के मोन जिले में बहुमूल्य खनिजों के पाए जाने का दावा करने वाले विभिन्न सोशल मीडिया पोस्ट सामने आने के बाद राज्य सरकार ने भूवैज्ञानिकों से इसकी जांच करने को कहा है। नगालैंड के भूविज्ञान एवं खनन विभाग के निदेशक एस मेनन ने बृहस्पतिवार को जारी एक आदेश में भूवैज्ञानिकों अबनथंग लोथा, लोंगरिकाबा, केनलो रेंगमा और डेविड लहुपेन्ई को जिले के वाक्चिंग क्षेत्र में बहुमूल्य खनिजों के पाए जाने का दावा करने वाली, सोशल मीडिया की विभिन्न पोस्ट की जांच करने तथा जल्द से जल्द स्थिति रिपोर्ट पेश करने को कहा। विभिन्न सोशल मीडिया पोस्ट में क्षेत्र में हीरे मिलने की खबर वायरल हुई है जिसमें कथित हीरे के छोटे-छोटे टुकड़ों की तस्वीरों के साथ ग्रामीणों को हीरे की तलाश में जमीन खोदते हुए दिखाया गया है।




जम्मू में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा मुमकिन स्कीम के तहत लाभार्थी को गाड़ी की चाभी देते हुए।

## डकैती के सिलसिले में मणप्पुरम फाइनेंस लि. का प्रबंधक हिरासत में

**भाषा।** कटक (ओड़ीशा)

**मणप्पुरम** फाईनेंस लिमिटेड के शाखा प्रबंधक को कटक में आईआईएफएल की शाखा से करीब 20 करोड़ रूपए के सोने और अन्य बेशकीमती चीजों की डकैती के सिलसिले में हिरासत में लिया गया है। पुलिस उपायुक्त प्रतीक सिंह ने बताया कि शाखा प्रबंधक से इस डकैती के सिलसिले में जांचकर्ता पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस को इस डकैती के मामले में गिरफ्तार किए गए सात लोगों में से पांच को तीन दिन के लिए हिरासत में लेने के लिए अदालत से अनुमति भी मिल गई है।

सिंह ने बताया कि मंगलवार को गिरफ्तार किए गए आईआईएफएल के स्वर्ण मूल्यांकन अधिकारी लाला अमृत राय उन पांच लोगों में शामिल है जिनसे हिरासत में पूछताछ की जानी है। उनके अनुसार जांच दल को यह पक्का हो गया है कि वह मणप्पुरम फाईनेंस से ऋण लेने के लिए आईआईएफएल के गिरवी वाले सोने का नियमित रूप से इस्तेमाल कर रहा था।

पुलिस अधिकारी ने कहा, चूंकि मणप्पुरम फाइनेंस प्रबंधक अमृत के ऋण संबंधी विषयों को देख रहा था, इसलिए अब उससे इस सिलसिले में पूछताछ की जा रही है। वैसे उन्होंने इसका ब्योरा नहीं दिया। सिंह का कहना था कि यदि इस घटना में मणप्पुरम प्रबंधक की भूमिका स्थापित हो जाती है तो उसे गिरफ्तार किया जा सकता है। पिछले सप्ताह कटक में आईआईएफएल की नया सड़क शाखा से 20 करोड़ रूपए से अधिक मूल्य की नकदी और सोने की डकैती हुई थी। इस मामले में कंपनी के दो कर्मियों समेत कम से कम सात लोग अब तक गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने उनसे एक किलोग्राम सोना और पांच लाख नकद बरामद किए हैं।

## सरकार व्यक्तिगत स्वतंत्रता ऐसे दे रही है, जैसे कोई उपकार कर रही होः उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि सरकार व्यक्तिगत स्वतंत्रता ऐसे दे रही है जैसे किसी पर कोई उपकार कर रही हो, और अपनी मर्जी से इसे किसी को दे रही है और छीन रही है। साथ ही कहा कि न्यायपालिका का कोई हस्तक्षेप नहीं है। अब्दुल्ला का यह बयान पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती को कथित तौर पर नजरबंद किए जाने पर आया है। अब्दुल्ला ने ट्वीट किया, बाधा खड़ी करना इस प्रशासन की नई मानक संचालन प्रक्रिया है। उन्होंने मेरे पिता को प्रार्थना करने से रोकने के लिए हाल ही में ऐसा किया था। सरकार व्यक्तिगत स्वतंत्रता ऐसे दे रही है जैसे कोई उपकार कर रही हो, और अपनी मर्जी से इसे किसी को दे रही है और किसी से छीन रही है और न्यायपालिका का कोई हस्तक्षेप नहीं है। पार्टी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला को ईद-मिलाद-उन-नबी पर हजरतबल दरगाह पर जाने से रोका गया था।

# पुलिस ने महबूबा मुफ्ती को पत्रकार वार्ता करने की नहीं दी अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

● **पूर्व मुख्यमंत्री ने नजरबंद करने का लगाया आरोप**

**पीडीपी की** अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को कहा कि कश्मीर एक खुली जेल बन गया है जहां किसी को भी अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार नहीं है। अधिकारियों ने मुफ्ती को यहां अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने से रोक दिया। इसके बाद महबूबा मुफ्ती ने दावा किया कि उन्हें नजरबंद किया गया है। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें पुलवामा में पार्टी नेता वहीद के आवास पर नहीं जाने दिया गया। वहीद को इस सप्ताह की शुरुआत में एनआईए ने गिरफ्तार किया था। मुफ्ती ने घोषणा की थी कि वह शुक्रवार को अपरान्ह तीन बजे अपने आवास पर पत्रकारों से मुलाकात करेंगी। हालांकि पीडीपी प्रमुख द्वारा घोषित समय के आसपास यहां शहर के गुपकर क्षेत्र में मुफ्ती के फेयरव्यू आवास से लगभग 100 मीटर दूरी पर कुछ पुलिसकर्मियों ने पत्रकारों को रोक लिया। मुफ्ती ने ट्वीट किया, श्रीनगर में मेरे आवास में प्रवेश करने से प्रेस को रोक दिया गया। ऐसा बिना किसी लिखित आदेश के किया गया। कश्मीर एक खुली जेल बना गया है जहां किसी को भी अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार नहीं है। हालांकि पुलिस ने अपने असत्यापित ट्विटर अकाउंट के जरिए कहा कि मुफ्ती को नजरबंद नहीं किया गया है और उन्हें सुरक्षा कारणों से केवल पुलवामा की अपनी यात्रा को स्थगित करने को कहा गया है। पीडीपी नेता की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने एक वीडियो में कहा कि उन्हें वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों द्वारा परिसर से बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है। उन्होंने अपने आवास के गेट पर उन्हें और उनकी मां को नजरबंद करने के कारणों के बारे में पूछा तो आवास के बाहर तैनात एक पुलिसकर्मी ने कहा, कृपया दूसरे गेट पर जाएं। एसपी साहब और मजिस्ट्रेट वहां मौजूद हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि दो दिनों से, जम्मू-कश्मीर प्रशासन उन्हें पुलवामा में वहीद पर्रा के परिवार से मिलने नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा वहीद को निराधार आरोपों के तहत गिरफ्तार किया गया है। मुफ्ती ने सुबह ट्वीट किया था, मुझे एक बार फिर गैरकानूनी तरीके से हिरासत में लिया गया है। दो दिनों से, जम्मू-कश्मीर प्रशासन मुझे पुलवामा में वहीद पर्रा के परिवार से मिलने नहीं दे रहा है। भाजपा के मंत्रियों और उनकी कठपुतलियों को कश्मीर में हर जगह आने-जाने की अनुमति है लेकिन मेरे मामले में सुरक्षा संबंधी समस्या उत्पन्न हो जाती है।

## क्विक न्यूज

### हज यात्रियों लिए आयकर रिटर्न की अनिवार्यता वापस होः सजदा

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद सजदा अहमद ने शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से आग्रह किया कि हज यात्रियो के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने को अनिवार्य बनाए जाने के फैसले को वापस लिया जाए क्योंकि इसके कारण बहुत सारे लोगों को हज पर जाने में मुश्किल का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने सीतारमण को पत्र लिखकर कहा कि हज-यात्रा पर जाने के लिए हज-यात्रियों को आयकर रिटर्न दाखिल करना अनिवार्य होगा, जबकि देश में बहुत सारे लोगों के पास पैन नंबर नही है क्योंकि उनके पास आय का निश्चित स्रोत नही होता। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों में मुस्लिम समुदाय के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। लोकसभा सदस्य ने कहा, आयकर रिटर्न दाखिल करने को अनिवार्य बनाए जाने के कारण बहुत सारे मुसलमानों को हज के लिए जाने में मुश्किल का सामना करना पड़ेगा। सजदा अहमद ने यह आग्रह भी किया, हज सब्सिडी खत्म होने के बाद लोगों पर बोझ बढ़ गया है तथा इसे एवं मौजूदा आर्थिक संकट को ध्यान में रखते हुए हज से जुड़े जीएसटी के प्रावधान पर भी सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। भारतीय हज समिति के सदस्य मोहम्मद इरफान अहमद ने कहा, हज समिति आयकर दाखिल करने की कोई शर्त नही रख रही है और लोगों के आवेदन स्वीकार कर रही है। इसको लेकर किसी को चिंता नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि हज के संदर्भ में अगर कोई शर्त है तो वह आगे खत्म हो जाएगी।

### शीर्ष अदालत ने राजीव गांधी हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहे एजी पेरारिवलन का पैरोल बढ़ाया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राजीव गांधी हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहे ए जी पेरारिवलन का पैरोल उपचार के वास्ते शुक्रवार से एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया। न्यायमूर्ति एन नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट की पीठ ने कहा कि अदालत ने 23 नवंबर को पैरोल एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया। पीठ ने राज्य को पेरारिवलन को एस्कार्ट प्रदान करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता ने बीमारी के आधार पर और सर्जरी की जरूरत का हवाला देते हुए पैरोल 90 दिनो के लिए बढ़ाने का अनुरोध करते हुए अंतरिम अर्जी लगाई थी। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन और तमिलनाडु का पक्ष रखने वाले वकील बालाजी श्रीनिवासन की दलीलें सुनने के बाद पेरारिवलन का पैरोल शुक्रवार से एक सप्ताह के लिए बढ़ाया जाता है। मद्रास उच्च न्यायालय ने पेरारिवलन को मेडिकल आधार पर नौ नवंबर से 23 नवंबर तक के लिए पैरोल दिया था जिसे शीर्ष अदालत ने बढ़ा दिया।

### मंगलुरु में नजर आया आतंकी समूह समर्थित भित्तिचित्र

**मंगलुरु** मुंबई हमलों की 12वीं बरसी के दिन मंगलुरु में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के समर्थन वाला एक भित्तिचित्र मिला। पुलिस भित्तिचित्र के पीछे के दोषियों का पता लगाने में जुट गई है। एक इमारत की दीवार पर बने इस भित्तिचित्र में लिखा था कि यदि उकसाया गया तो अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन को देश में लाया जाएगा। चित्र में लिखा था, हमें संघियों और मनुवादियों से निपटने के लिए लश्कर-ए-तैयबा और तालिबान को आमंत्रित करने के लिए मजबूर ना करें, लश्कर जिंदाबाद। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर भित्तिचित्रों को मिटाया। इसकी जांच भी शुरू कर दी गई है। इस संबंध में विभिन्न समुदायों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि पकिस्तानी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दस आतंकवादियों ने पूरे मुंबई में चार दिन तक 12 आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया था। 26 नवंबर 2008 को हुए इन हमलों में छह अमेरिकियों और नौ आतंकवादियों सहित कम से कम 166 लोग मारे गए थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे।

### रिम्स में सुविधाओं का दुरुपयोग के मामले में लालू के खिलाफ चार दिसंबर को होगी सुनवाई

**रांची।** चारा घोटाला मामले में सजायाफ्ता राजद नेता लालू प्रसाद यादव द्वारा रिम्स में इलाज के दौरान प्राप्त सुविधाओं का कथित रूप से दुरुपयोग करने के मामले पर झारखंड उच्च न्यायालय चार दिसंबर को सुनवाई करेगा। झारखंड उच्च न्यायालय में लालू की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान इसका विरोध करते हुए सीबीआई ने कहा कि उन्होंने रिम्स में अपने इलाज के दौरान सुविधाओं का बहुत दुरुपयोग किया है। केन्द्रीय जांच एजेंसी की दलील पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह ने कहा कि इस संबंध में सुनवाई चार दिसंबर को होगी। इससे पहले अदालत के छह नवंबर के आदेश पर झारखंड के जेल महानिरीक्षक और बिरसा मुंडा जेल अधीक्षक ने न्यायिक हिरासत के दौरान लालू से मिलने वालों के बारे में स्पष्टीकरण के साथ अपना जवाब पिछले सप्ताह दाखिल कर दिया था। अदालत ने आज इसी पर संज्ञान लिया। अदालत ने सुविधाओं के दुरुपयोग के मामले में राज्य सरकार का पक्ष रखने के लिए उससे चार दिसंबर से पहले अधिवक्ता की नियुक्ति करने को कहा है।



बीरभूमि में भाजपा नेता और कार्यकर्ता बोलपुर पुलिस स्टेशन पर पार्टी नेताओं को झूठे केस में फंसाए जाने पर प्रदर्शन करते हुए।

## कांग्रेस कार्य समिति ने अनुशासन के संदेश पर जोर दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस की** सर्वोच्च नीति निर्धारण इकाई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने शुक्रवार को पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं अहमद पटेल और तरुण गोगोई को श्रद्धांजलि दी जिनका हाल ही में निधन हुआ था। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में हुई सीडब्ल्यूसी की डिजिटल बैठक में दो अलग अलग प्रस्ताव पारित कर, कांग्रेस एवं सार्वजनिक जीवन में पटेल और गोगोई के योगदान को याद किया गया तथा कांग्रेस में अनुशासन के संदेश पर जोर दिया गया। बैठक में सोनिया, राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने पटेल एवं गोगोई की ओर से सार्वजनिक जीवन में निभाई गई भूमिका की सराहना की। सोनिया ने कहा कि पटेल की जगह कोई नहीं ले सकता, जबकि राहुल गांधी ने कहा कि पटेल हर समस्या का समाधान निकाल लेते थे। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने गोगोई पर प्रस्ताव पेश किया, जबकि पटेल पर कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक ने प्रस्ताव रखा। सीडब्ल्यूसी के प्रस्ताव में पटेल के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा गया है, करीब चार दशक तक पटेल कांग्रेस संगठन का अभिन्न हिस्सा रहे। उन्होंने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता, गुजरात प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य, सीडब्ल्यूसी के सदस्य, कांग्रेस अध्यक्ष (सोनिया गांधी) के राजनीतिक सचिव और पार्टी के कोषाध्यक्ष के तौर पर योगदान दिया। सीडब्ल्यूसी ने असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, गोगोई असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र के सबसे कद्दावर नेता थे। वह चार दशक तक इस क्षेत्र, इसके लोगों और उनकी आकांक्षाओं के लिए विश्वसनीय आवाज बने रहे।

# मोदी कोरोना के टीके से जुड़े कार्यों की आज करेंगे समीक्षा

● **तीन शहरों-अहमदाबाद पुणे और हैदराबाद जाकर लेंगे वैक्सीन स्टाक के काम का जायजा**

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद, पुणे, हैदराबाद

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी शनिवार को पुणे, अहमदाबाद और हैदराबाद का दौरा करेंगे और वहां विकसित किए जा रहे कोविड-19 टीके से जुड़े कार्यों की समीक्षा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने यह जानकारी दी।

पीएमओ ने ट्वीट किया, कल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी टीका विकास और विनिर्माण प्रक्रिया की व्यक्तिगत समीक्षा करने के लिए तीन शहरों की यात्रा पर जाएंगे। वह अहमदाबाद में जाइडस कैडिला पार्क, हैदराबाद में भारत बायोटेक और पुणे में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया जाएंगे। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी



इन केन्द्रों का दौरा करेंगे और वह वैज्ञानिकों के साथ चर्चा कर अपने नागरिकों के टीकाकरण के लिए तैयारियों, चुनौतियों और प्रयासों का खाका तैयार करने के संबंध में जानकारी हासिल करेंगे। गुजरात के उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल ने बताया कि मोदी अहमदाबाद के पास प्रमुख दवा कंपनी जाइडस कैडिला के संयंत्र का दौरा करेंगे और वहां विकसित किए जा रहे कोविड-19 के टीके बारे में जानकारी हासिल करेंगे। जाइडस कैडिला का संयंत्र अहमदाबाद शहर के पास चांगोदर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित है। दवा बनाने वाली कंपनी ने पहले घोषणा की थी कि कोविड-19 के संभावित टीके का प्रथम चरण का परीक्षण पूरा हो गया है और दूसरे चरण का परीक्षण अगस्त में शुरू किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुबह करीब साढ़े नौ बजे संयंत्र पहुंचेंगे।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसके बाद मोदी पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) का दौरा करेंगे, जिसने कोविड-19 का टीका विकसित करने के लिए मशहूर दवा कंपनी एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ भागीदारी की है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अपराह्न लगभग साढ़े 12 बजे पुणे पहुंचेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद प्रधानमंत्री हैदराबाद जाएंगे जहां वह कोविड-19 का टीका विकसित कर रही कम्पनी भारत बायोटेक के केन्द्र का दौरा करेंगे।

## गुजरात के अस्पताल में आग से कोरोना के पांच रोगियों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद

● **उच्चतम न्यायालय ने लिया संज्ञान**

**गुजरात** के राजकोट शहर में बृहस्पतिवार देर रात कोविड-19 उपचार के लिए निर्धारित अस्पताल के आईसीयू में आग लगने से पांच मरीजों की मौत हो गई। अधिकारियों ने इस बारे में बताया।

उच्चतम न्यायालय ने अस्पताल में आग लगने की घटना का संज्ञान लिया और इस मामले में गुजरात सरकार से रिपोर्ट मांगी। गुजरात के उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल ने कहा कि अस्पताल के 26 मरीजों को बचा लिया गया और उन्हें दूसरे अस्पतालों में भर्ती किया गया है। पटेल ने कहा कि आनंद बंगलो चौक इलाके में चार मंजिला उदय शिवानंद अस्पताल की पहली मंजिल पर आईसीयू वार्ड में देर रात करीब साढ़े 12 बजे आग लग गई। वहां पर कोरोना वायरस से संक्रमित 31 मरीजों का उपचार चल रहा था। गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने घटना पर दुख प्रकट किया और इसकी जांच के आदेश दे दिए हैं।

उन्होंने मृतकों के परिजन को चार-चार लाख रुपए बतौर मुआवजा देने की घोषणा भी की है। राजकोट के पुलिस आयुक्त मनोज अग्रवाल ने कहा, आग लगने से आईसीयू में भर्ती 11 मरीजों में से पांच मरीजों की जान चली गई। आग के बाकी मंजिलों पर फैलने से पहले ही उस पर काबू पा लिया गया।



अमृतसर में गुरु नानक देव के 551वें जन्मदिवस को मनाने के लिए पाकिस्तान जाने की तैयारी करता हुआ सिक्ख जत्था।

# महाराष्ट्र सरकार को ईडी, सीबीआई जांच से डराया नहीं जा सकताः ठाकरे

भाषा। मुंबई



**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर बदले की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए पार्टी की आलोचना की और कहा कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई जांच से धमकाया नहीं जा सकता। ठाकरे ने एमवीए सरकार के शनिवार को एक वर्ष पूरे होने के मौके पर शिवसेना के सांसद संजय राउत को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कहीं। राउत पार्टी के मुखपत्र सामना के कार्यकारी संपादक भी हैं।

ठाकरे ने कहा, इस सरकार को लोगों का आशीर्वाद प्राप्त है और इसे ईडी और सीबीआई जांचों से धमकाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, बदले की राजनीति का कोई अंत नहीं है। मैं इस राह पर चलने के पक्ष में नहीं हूं। इस राजनीतिक विकृति को बंद कीजिए। ठाकरे ने यह बात उस वक्त कहीं है जब तीन दिन पहले ही ईडी ने धनशोधन के एक मामले में शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक से जुड़े मुंबई और ठाणे के परिसरों पर छापे मारे हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस गठबंधन वाली उनकी सरकार अगले चार वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी और उसके बाद जनता निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि राकांपा प्रमुख शरद पवार और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पिछले वर्ष एमवीए सरकार के गठन के लिए शिवसेना से हाथ मिलाने का राजनीतिक साहस दिखाया। ठाकरे ने भाजपा का नाम लिए बिना कहा, कुछ लोगों ने सोचा कि ए तीनों दल कभी एकसाथ नहीं आएंगे और शिवसेना के पास उनके पीछे आने के सिवाए कोई विकल्प नहीं बचेगा।

शिवसेना और भाजपा ने 2019 में राज्य विधानसभा चुनाव साथ मिल कर लड़ा था लेकिन मुख्यमंत्री पद को साझा करने के मुद्दे पर यह गठबंधन टूट गया और शिवसेना ने राकांपा और कांग्रेस के सहयोग से सरकार बनाई थी। मुख्यमंत्री ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत मौत मामले में उनके बेटे एंव मंत्री आदित्य ठाकरे को निशाना बनाए जाने पर किसी का नाम लिए बिना कहा, जब मुझे चुनौती दी जाती है, तो मेरा उत्साह बढ़ता है। उन्होंने कहा, आपके भी परिवार हैं, बच्चे हैं, और आप बेदाग नहीं हैं। केवल मैं नहीं बल्कि राज्य की जनता भी आपको सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा, सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले का राजनीतिकरण घटिया राजनीति थी....विकृति से भी खराब।

इस दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें सरकार चलाने और प्रशासन का कोई अनुभव नहीं था लेकिन उनके परिवार का जनता की सेवा का इतिहास रहा है। उन्होंने कहा, प्रशासन चलाने में सहयोगियों का बेमिसाल सहयोग है। कैबिनेट की बैठकों के दौरान जो बात मुझे सबसे ज्यादा अचंभित करती है वो यह कि कांग्रेस और राकांपा के मेरे सभी सहयोगी मुझे बहुत सम्मान देते हैं, जबकि वे राजनितिक प्रतिद्वंद्वी हुआ करते थे। इस आलोचनाओं के बारे में पूछे जाने पर कि महामारी के दौरान वह घर पर ही रहे, उन्होंने कहा, मैं अपने कार्यालय से काम कर रहा हूं। अगर मैं बाहर नहीं निकलता तो शिवसेना आगे नहीं बढ़ी होती।लॉकडाउन के दौरान भी राज्य में करोडों रुपए का निवेश हुआ है।

# बस में आग लगी तीन लोगों की मौत, छह अन्य घायल

भाषा। जयपुर

**जयपुर** ग्रामीण के चंदवाजी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिल्ली से जयपुर आ रही एक वीडियो कोच बस बिजली की हाईटेंशन तारों से टकरा गई और उसमें आग लग गई। घटना में तीन लोगों की जलकर मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। कार्यवाहक थानाधिकारी अनीता मीणा ने बताया कि जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर लबाना गांव के पास एक ट्रक के पलट जाने से रास्ता जाम था।

वीडियो कोच बस चालक ने बस को गलत दिशा से निकालने का प्रयास किया और इसी दौरान बिजली की हाईटेंशन तारों की चपेट में आकर उसमें करंट फैल गया। उन्होंने बताया कि बस में लगी आग से भगवान सिंह, नूर मोहम्मद और शुभना की मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। अन्य यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। घायलों को उपचार के लिए निम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि आग के कारण बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



जयपुर में शुक्रवार को अचरोल गांव के पास दिल्ली-जयपुर हाईवे पर आग की चपेट में आयी एक स्लीपर कोच बस

# डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए हो जन आंदोलनः वेंकैया

भाषा। नई दिल्ली

**उप** राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने शुक्रवार को डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए जन आंदोलन का आह्वान किया और प्रौद्योगिकी व शैक्षणिक संस्थानों समेत सभी पक्षकारों से वांछित नतीजे हासिल करने में अग्रणी भूमिका निभाने को कहा। आदि शंकरा डिजिटल अकादमी का डिजिटल उद्घाटन करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज के ज्ञान समाज में सूचना मुख्य तत्व है और जिसके पास सूचना तक जल्द पहुंच है, उसे बढ़त है।

उन्होंने डिजिटलीकरण को ऐसी सूचनाओं तक पहुंच का एक माध्यम करार दिया। कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न अभूतपूर्व बाधा की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए नायडू ने कहा कि इसने विद्यालय बंद होने की वजह से करोड़ों बच्चों को कक्षाओं से बाहर रहने के लिए मजबूर किया और विश्व समुदाय ऑनलाइन शिक्षा अपनाकर इस चुनौती से पार पाने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी हमें सीखने और सिखाने को बदलने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने शैक्षणिक मॉडलों के लगातार उन्नयन व विकास की जरूरत पर बल दिया जो तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के मद्देनजर नए युग की मांग के अनुरूप हो। ऑनलाइन शिक्षा के कई फायदे गिनाते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह सुदूरवर्ती इलाकों में गुणवत्तायुक्त व वहनीय शिक्षा की पहुंच सुलभ कर सकती है। उन्होंने कहा कि यह सीखने के व्यक्तिगत अनुभवों की भी इजाजत देती है और कामकाजी पेशेवरों या गृहणियों के लिहाज से विशेष मददगार है जो नियमित पाठ्यक्रम में शामिल नहीं हो पाते। नायडू ने राय व्यक्त की कि इन फायदों की वजह से ऑनलाइन शिक्षा के महामारी के बाद की अवधि में भी लोगों की पसंद बने रहने की उम्मीद है।

# संक्रमण के 70 फीसद उपचाराधीन मामले आठ राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों के

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के करीब 70 प्रतिशत उपचाराधीन मामले महाराष्ट्र,केरल, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ से हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि संक्रमण से अब तक हुई मौतों में से 83.80 प्रतिशत मामले महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पंजाब, गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली के हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को भारत में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 4,55,555 थी,जो कि कुल मामलों का 4.89 प्रतिशत है। बयान के अनुसार महाराष्ट्र में 87,014, केरल में 64,615 और दिल्ली में 38,734 मरीजों का उपचार चल रहा है। देश में एक दिन में कोविड-19 के 43,082 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 93.09 लाख हो गई।

# कंगना मामले में अदालत के आदेश का अध्ययन करेगी बीएमसीः महापौर

भाषा। मुम्बई

● बंबई उच्च न्यायालय ने रनौत के बंगले के कुछ हिस्सों को तोड़ने की बीएमसी की कार्रवाई को अवैध करार दिया

**मुम्बई** की महापौर किशोरी पेडनेकर ने शुक्रवार को कहा कि शिवसेना शासित बृहन्मुम्बई महानगरपालिका (बीएमसी) कंगना रनौत के बंगले में तोड़फोड़ के मामले में अगला कोई कदम तय करने से पहले उच्च न्यायालय के फैसले का अध्ययन करेगी। उन्होंने कहा कि मुम्बई नगर निगम अधिनियम की धारा 354 ए के संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा अतीत में दिए गए आदेशों को भी देखा जाएगा। धारा 354 ए नगर निकाय एवं उसके अधिकारियों को कोई भी अवैध निर्माण रोकने का अधिकार प्रदान करती है। इससे पहले दिन में बंबई उच्च न्यायालय ने नौ सितंबर को रनौत के बंगले के कुछ हिस्सों को तोड़ने की बीएमसी की कार्रवाई को अवैध करार दिया था और कहा था कि इससे दुर्भावना की बू आती है। न्यायमूर्ति एस जे काठवल्ला और न्यायमूर्ति आर आई चागला की पीठ ने कहा कि रनौत को दी जाने वाली क्षतिपूर्ति की राशि का निर्धारण करने के वास्ते नुकसान का आकलन करने के लिए वह मैसर्स शेतगिरि को मूल्यांकन अधिकारी नियुक्त कर रही है। पेडनकर ने संवाददाताओं से कहा कि अभिनेत्री को एमएमए अधिनियम के तहत 354 ए नोटिस जारी किया गया और उचित प्रक्रिया का पालन किया गया। उन्होंने कहा, 354 ए नोटिस न केवल अभिनेत्री को बल्कि कई अन्य को भी जारी किया गया। कई लोगों ने उसे अदालत में चुनौती दी थी।

# महाराष्ट्र में उद्धव सरकार का एक वर्ष पूरा

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** की महाविकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार शनिवार को अपना एक वर्ष पूरा करने जा रही है और राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को सत्ता से हटाने की भाजपा की तमाम कोशिशों के बावजूद सत्ता पर उनकी पकड़ मजबूत हुई है।

शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस की गठबंधन वाली एमवीए सरकार ने अपना एक वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है और इसका श्रेय ठाकरे और राकांपा प्रमुख शरद पवार के बीच घनिष्ठता को दिया जाता है, हालांकि ये आरोप भी लगते रहें हैं कि सहयोगी दलों के बीच समन्वय की कमी है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के साथ लंबी चली खींचतान के बाद शिवसेना ने भाजपा का साथ छोड़ कर राकांपा और कांग्रेस के सहयोग से सरकार बनाई। उन्होंने पिछले वर्ष 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। कोरोना वायरस महामारी और प्राकृतिक आपदाएं जैसे चक्रवात निसर्ग, पूर्व विदर्भ, मराठवाड़ा और पश्चिमी महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में बाढ़ आदि घटनाओं ने ठाकरे सरकार के सामने कड़ी चुनौतियां पेश की। जानकारों का कहना है कि इस दौरान मुख्यमंत्री पर घर से काम करने के आरोप लगे लेकिन इसके अलावा उन पर कोई आरोप नहीं लगा।

इसके अलावा उन्हें और उनके बेटे आदित्य को अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत मामले में फंसाने की कोशिशें भी नाकाम साबित हुईं। आदित्य राज्य सरकार में मंत्री हैं। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने कहा कि उद्धव ठाकरे सब को साथ ले कर चलने पर विश्वास करते हैं, अपने को किसी पर थोपते नहीं हैं।

# राजनाथ सिंह ने वियतनाम के रक्षा मंत्री के साथ की वार्ता

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** और वियतनाम ने अपने रणनीतिक सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिए शुक्रवार को वार्ता की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वियतनाम के उनके समकक्ष जनरल एनगो जुआन लिच ने दोनों देशों के द्विपक्षीय सैन्य संबंधों पर विस्तृत चर्चा की। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई वार्ता के बाद रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों ने एक समझौते पर दस्तखत किए। इससे दोनों देशों के बीच जल सर्वेक्षण क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा।

समझौते के तहत दोनों देश जल सर्वेक्षण संबंधित आंकड़े साझा करने के साथ नौपरिवहन चार्ट के निर्माण पर भी काम करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि वियतनाम के रक्षा मंत्री ने भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सहयोग की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने वियतनाम की सेना के साथ मानव संसाधन विकास में उल्लेखनीय काम किया है। सिंह ने कहा कि भारत, वियतनाम की तीनों सेनाओं को भारतीय रक्षा संस्थानों के जरिए बेहतर प्रशिक्षण देने को लेकर भी इच्छुक है। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण की चर्चा करते हुए कहा कि रक्षा औद्योगिक क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आत्मनिर्भर बनकर, अपने दोस्त वियतनाम को भी रक्षा क्षेत्र में मजबूत कर सकेगा। उन्होंने भारत और वियतनाम के बीच रक्षा क्षेत्र में संबंधों को और मजबूत करने का भी आह्वान किया। इसके लिए भविष्य में भारत और वियतनाम मिलकर संस्थागत फ्रेमवर्क समझौता भी करेंगे। वियतनाम आसियान (दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों का संगठन) का महत्वपूर्ण देश है। दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ उसका क्षेत्रीय विवाद चल रहा है। भारत दक्षिण चीन सागर में वियतनाम के जल क्षेत्र में तेल निकालने की परियोजनाओं में सहयोग दे रहा है।




नई दिल्ली में शुक्रवार को एक आभासी द्विपक्षीय बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके समकक्ष जनरल नागा जुआन लिच की उपस्थिति में भारत और वियतनाम के बीच हाइड्रोग्राफी पर एक कार्यान्वयन समझौते पर किए गए हस्ताक्षर

# ईडी में धनशोधन के मामले में सूरत के एक भाजपा नेता को किया गिरफ्तार

भाषा। नई दिल्ली



**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने गुजराती और अंग्रेजी में प्रकाशित वाले दो अखबारों की प्रसार संख्या में कथित अनियमितताओं एवं फर्जीवाड़े से जुड़े धनशोधन के एक मामले में सूरत के एक भाजपा नेता को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने शुक्रवार को बताया कि संकेत मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक पी वी एस शर्मा को धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित मामले में धनशोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया।

एजेंसी के अनुसार अहमदाबाद की एक अदालत ने शर्मा को दो दिसंबर तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। निदेशालय ने कहा कि गुजरात पुलिस की प्राथमिकी का अध्ययन करने के बाद उसने शर्मा, उनकी मीडिया कंपनी और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। आयकर विभाग ने उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। ईडी के अनुसार संकेत मीडिया प्राइवेट लिमिटेड गुजराती और अंग्रेजी में सत्यम टाइम्स अखबार निकालती है।

ईडी ने एक बयान में बताया कि जांच में पाया गया कि रोजाना गुजराती अखबार की प्रसार संख्या 23500 और अंग्रेजी अखबार की प्रसार संख्या 6000-6300 दर्शाई गई जबकि गुजराती अखबार की वास्तविक प्रसार संख्या प्रतिदिन 300-600 प्रतियां और अंग्रेजी अखबार की 0-290 प्रतियां ही थीं। उसने दावा किया कि प्रसार संबंधी ए आंकड़े विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय एवं अन्य सरकारी एवं निजी एजेंसियों को विज्ञापन के वास्ते आकर्षित करने के लिए बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए।

ईडी ने कहा कि शर्मा ने अपनी मीडिया कंपनी के जरिए हेराफेरी की और उन्होंने 2.70 करोड़ रूपए विज्ञापन से हासिल किए। ईडी ने कहा, उसके लिए फर्जी कंपनियों से कच्चे माले की फर्जी खरीदारी लेखा पुस्तिका में गलत प्रविष्टियां कर दिखाई गईं। इस सिलसिले में फर्जी दस्तावेजों को असली के रूप में दिखाया गया। आयकर विभाग ने कथित कर चोरी के आरोपों में अक्टूबर में शर्मा के परिसरों पर छापा मारा था।

# लालू के खिलाफ शिकायत करने वाले विधायक ने कहा मुझे शारीरिक एवं मानसिक नुकसान की आशंका

**पटना।** भाजपा विधायक ललन कुमार पासवान ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा में कहा कि लालू प्रसाद जैसे शक्तिशाली नेता का भंडाफोड़ करने के बाद उन्हें शारीरिक एवं मानसिक नुकसान की आशंका है। पासवान को जेल में बंद राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कथित तौर पर फोन किया था। पीरपैंती के विधायक पासवान ने यह दावा उस वक्त किया जब राजद सुप्रीमो के छोटे बेटे और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव नवगठित विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में हिस्सा ले रहे थे। अपनी सीट से उठते हुए पासवान ने अध्यक्ष से कहा, मैंने एक राजनीतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के टेलीफोन कॉल का खुलासा किया है। मुझे आशंका है कि मुझे और मेरे परिवार के लोगों को मुझे प्रलोभन देने वाले शक्तिशाली लोगों से शारीरिक एवं मानसिक क्षति पहुंचाई जा सकती है।

# पेज 1 का शेष

## दिल्ली सीमाओं...

कहा कि वह केंद्र के निर्णय का स्वागत करते हैं। कृषि कानूनों पर किसानों की चिंताओं का समाधान करने के लिए अब उन्हें तुरंत वार्ता शुरू करनी चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी केंद्र पर निशाना साधा और कहा कि कोई भी ताकत किसानों को दबा नहीं सकती। केंद्र को उनकी बात सुननी होगी और काले कानून वापस लेने होंगे। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री को याद रखना चाहिए था कि जब-जब अहंकार सच्चाई से टकराता है, पराजित होता है। सच्चाई की लड़ाई लड़ रहे किसानों को दुनिया की कोई सरकार नहीं रोक सकती।

## तेजस्वी के...

ध्यान रखना चाहिए। कभी अमार्यादित ढंग से कोई काम करने की जरूरत नहीं। बिहार विधानसभा में चुनाव प्रचार के दौरान वैशाली में एक जनसभा में प्रजनन दर की बात करते हुए की गई एक टिप्पणी पर शुक्रवार को सफाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने उक्त बातें मजाक में कही थी और लोग खुद ही अपने बारे में सोचने लगते हैं। वैशाली की जनसभा में नीतीश ने कहा था, क्या किसी को चिंता है, लोग आठ-आठ, नौनौ बच्चे पैदा करते रहते हैं। क्या मालूम किसी को। बेटी पर भरोसा ही नहीं। कई बेटियां हो गई तब बेटा हुआ। आप सोच लीजए कैसा बिहार बनाना चाहते हैं। ऐसा ही बिहार बनाना चाहते हैं।

## भाजपा सुशील...

थी। भाजपा नेतृत्व ने बिहार में अपने प्रमुख नेताओं में से एक मोदी को राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाए नहीं रखने का फैसला किया था। इसके बजाय दो अन्य नेताओं तारकिशोर प्रसाद और रेणु देवी को उपमुख्यमंत्री पद के लिए चुना गया।

## दिव्य होगी...

में सम्मिलित होंगे। प्रधानमंत्री द्वारा घाट पर दीपदान किया जाएगा। शाम को सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा करते हुए सीएम योगी ने देव दीपावली कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास करने के निर्देश दिए। सीएम योगी ने सारनाथ में भगवान बुद्ध की पुण्य स्थली का भी दौरा किया और भगवान बुद्ध की जीवन पर आधारित लाइट एंड साउंड शो का अवलोकन भी किया।

## कंगना के...

राउत द्वारा की गई टिप्पणियां, विध्वंस के बाद पार्टी के मुखपत्र सामना में संपादकीय, सभी ने स्पष्ट किया कि नागरिक निकाय ने द्वेषपूर्ण भावना से यह कार्वाई की है। इसमें कहा गया है कि ध्वस्त हिस्से काफी समय से थे और बीएमसी द्वारा दावा किए गए किसी भी अवैध निर्माण का हिस्सा नहीं थे। पीठ ने कहा कि नागरिक निकाय ने एक नागरिक के अधिकारों के खिलाफ गलत इरादे से कार्वाई की है। रनौत ने बीएमसी से हर्जाने में दो करोड़ रुपए मांगे थे और अदालत से बीएमसी की कार्वाई को अवैध घोषित करने का आग्रह किया था। मुआवजे के मुद्दे पर पीठ ने कहा कि अदालत नुकसान का आकलन करने के लिए निजी कंपनी मेसर्स शेतगिरी को मूल्यांकन करने के लिए नियुक्त कर रही है जो याचिकाकर्ता और बीएमसी को विध्वंस के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान पर सुनवाई करेगी। अदालत ने कहा, मूल्यांकन अधिकारी मार्च 2021 तक मुआवजे पर उचित आदेश पारित करेगा। नागरिक निकाय ने याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि अभिनेत्री ने गैरकानूनी तरीके से अपने बंगले में निर्माण कार्य कराए थे। अदालत के फैसले के बाद रनौत ने ट्वीट किया, जब कोई व्यक्ति सरकार के खिलाफ खड़ा होता है और जीतता है तो यह व्यक्ति विशेष की जीत नहीं होती बल्कि लोकतंत्र की जीत होती है। आप सभी को धन्यवाद जिन्होंने मुझे साहस दिया और उन लोगों को भी धन्यवाद जिन्होंने मेरे टूटे सपनों को लेकर हंसी उड़ाई। आप खलनायक की भूमिका निभाएंगे तभी मैं नायक हो सकती हूं। बीएमसी द्वारा नौ सितंबर को विध्वंस प्रक्रिया शुरु करने के बाद ही रनौत ने यह याचिका दायर की थी जिसके बाद अदालत ने अंतरिम आदेश में तोड़फोड़ पर रोक लगा दी थी।

## जम्मू-कश्मीर पंचायत उपचुनाव

# 804 सरपंच, पंच निर्विरोध निर्वाचित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में पंचायत उपचुनावों से पहले करीब 804 सरपंच और पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। यह जानकारी शुक्रवार को अधिकारियों ने दी। प्रथम चरण के चुनाव शनिवार को शुरू होंगे। इस बीच, राज्य के डीजीपी दिलबाग सिंह ने चुनावों के सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की और निगरानी बढ़ाने पर बल दिया। राज्य के चुनाव आयुक्त के. के. शर्मा ने यहां संवाददाताओं से कहा, करीब 768 पंच और 36 सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। आधिकारिक आंकड़े के मुताबिक, कश्मीर में 11,500 पद पंच के और 890 पद सरपंच के खाली हैं और जम्मू संभाग में 185 सीट पंच की और 124 सीट सरपंच की खाली हैं। नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी सहित क्षेत्रीय दलों ने 2018 में पंचायत चुनावों का बहिष्कार किया था। उस वर्ष जम्मू संभाग और कश्मीर घाटी में 83.5 फीसदी मतदान हुआ था। जिला विकास परिषद के चुनाव और पंचायत उपचुनाव 28 नवंबर से 19 दिसंबर के बीच आठ चरणों में होंगे। मतगणना 22 दिसंबर को होगी। वहीं, जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने शुक्रवार को जिला विकास परिषद (डीडीसी) चुनावों के लिए सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की और निगरानी बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और इसके प्रायोजित एजेंट क्षेत्र में शांति भंग करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# नीतीश ने राजग विधायकों से बात कर लालू के खरीद-फरोख्त के कथित प्रयासों को विफल किया

भाषा। पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने घोर विरोधी लालू प्रसाद द्वारा राजग विधायकों को कथित रूप से प्रलोभन देने के प्रयासों पर नाराजगी जताते हुए शुक्रवार को चेतावनी दी कि उनकी हरकतों से विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल को ही 'नुकसान' होगा। बिहार विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में नीतीश ने कहा, किसी व्यक्ति को इस तरह से फोन करके कहना कि आ जाईए आपको मंत्री बना देंगे। जनता का निर्णय (बिहार विधानसभा चुनाव में राजग को बहुमत हासिल होना) है। मैं नहीं समझता हूं कि इसतरह का व्यवहार करना चाहिए। उससे उनको फायदा नहीं नुकसान होगा। राजग मजबूती से कायम है। यह और मजबूत होगा क्योंकि निर्दलीय आदि हमारा समर्थन कर सकते हैं।

23 नवंबर से शुरू नवगठित बिहार विधानसभा का प्रथम सत्र तथा बिहार विधान परिषद का 196 वां सत्र आज अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। गौरतलब है कि भाजपा विधायक ललन कुमार पासवान ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद द्वारा किए गए फोन का सदन में जिक्र करते हुए इसपर से पर्दा उठाने के बाद अपने और अपने परिवार के सदस्यों को मानसिक और शारीरिक नुकसान की आशंका जताई। नीतीश इसी संदर्भ में बोल रहे थे। चारा घोटाला मामलों में रांची में सजा काट रहे लालू ने पिछले मंगलवार को कथित तौर पर पासवान को फोन किया था और एक दिन बाद बिहार विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव के दौरान उन्हें अनुपस्थितै रहने के लिए कहा था।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए दोनों के बीच बातचीत के कथित ऑडियो क्लिप में लालू ने नीतीश सरकार गिरने के बाद पासवान को मंत्री बनाने का वादा करते हुए कहा है कि उन्हें राजद उम्मीदवार के अध्यक्ष बनने की स्थिति में पार्टी व्हिप की अवहेलना करने की चिंता नहीं करनी चाहिए। हालांकि राजद उम्मीदवार अवध बिहारी चौधरी को भाजपा के विजय कुमार सिन्हा से आठ मतों से हार का सामना करना पड़ा था। राज्य निगरानी विभाग के थाना में पासवान द्वारा दर्ज कराए गए मामले के बारे में पूछे जाने पर, नीतीश ने कहा, जो भी कार्वाई की जाएगी, वह कानून के अनुसार होगी। मेरे पास बहुत सारी जानकारी है जिसे मैं सार्वजनिक रूप से साझा नहीं करना चाहूंगा। बिहार विधानसभा में लालू के छोटे पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव के चुनाव में हेराफेरी कर चोर दरवाजे से सत्ता में आने के आरोपों को भी खारिज करते हुए नीतीश ने कहा, क्या मतलब है बहुमत के बारे में कुछ भी बोलते रहते हैं।

## अदिति और दीक्षा की स्पेन में निराशाजनक शुरूआत

**एंडालुसिया (स्पेन)।** भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक ने यहां सत्र के अंतिम एंडालुसिया कोस्टा डेल सोल ओपन डि इस्पाना के पहले दौर में पांच ओवर 77 का निराशाजनक कार्ड खेला। खराब मौसम के कारण वह गुरूवार को अपना पहला दौर पूरा नही कर पाई थी। एक अन्य भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर का भी पहला दौर खराब रहा जिन्होंने 11 ओवर 83 का कार्ड खेला।

## हैमिल्टन बहरीन ग्रां प्री के पहले अभ्यास में सबसे तेज

**साखिर (बहरीन)।** फार्मूला वन चैम्पियन लुईस हैमिल्टन ने शुक्रवार को बहरीन ग्रां प्री के पहले अभ्यास सत्र में शुक्रवार को सबसे तेज समय निकाला। मर्सिडिज का यह ड्राइवर अपनी टीम के साथी वालटेरी बोटास से .45 सेकेंड आगे रहा और रेसिंग प्वाइंट के ड्राइवर सर्गियो पेरेज उनसे .97 सेकेंड पीछे रहे।

## शुभंकर शर्मा की पहले दौर में निराशानजक शुरूआत

**मालेलेन (दक्षिण अफ्रीका)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने यहां एल्फ्रेड डनहिल चैम्पियनशिप के पहले दौर में एक ओवर 73 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 80वें स्थान पर चल रहे है। शुभंकर ने पहले दो होल में बर्डी से शानदार शुरूआत की लेकिन बाद में शॉट ड्राप कर बैठे और ओवर पार का ही कार्ड खेल पाए।

## बेल्जियम फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर

**ज्यूरिख।** बेल्जियम फीफा की वर्ष 2020 की अंतिम रैंकिंग मे शीर्ष पर बना हुआ है जबकि गत विश्व कप चैम्पियन फ्रांस दूसरे स्थान पर है। ब्राजील तीसरे और इंग्लैड चौथे स्थान पर है। यूरोपीय चैम्पियन पुर्तगाल पांचवे और स्पेन छठे स्थान पर है। फीफा यूरोपीय ड्रॉ सात दिसंबर को निकालेगा। इटली समेत 10 शीर्ष वरीयता वाली टीमें 2018 में रूस में हुए टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई नही कर सकी थी।

## पीबीएल का छठा चरण स्थगित किया

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के बढ़ते मामलों के बीच खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) का छठा चरण शुक्रवार को अगले साल तक स्थगित कर दिया गया। यह लीग दुनिया के सबसे बड़ी ईनामी राशि वाले बैडमिंटन टूर्नामेंट में से एक है जिसका आयोजन दिल्ली, मुंबई और पुणे में दिसंबर के अंतिम हफ्ते में कराया जाना था।

## स्टोइनिस को चोट लगी

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस का भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में खेलना संदिग्ध है क्योंकि खबरों के अनुसार शुक्रवार को यहां श्रृंखला के शुरूआती मैच के दौरान वह चोटिल हो गए है। स्टोइनिस अपने सातवे ओवर की दूसरी गेंद फेंकने के बाद दर्द से कराहने लगे। वह तुरंत ही मैदान से चले गए और ग्लेन मैक्सवेल ने ओवर पूरा किया।

# पहले वनडे में टीम इंडिया ने किया निराश

- खराब गेंदबाजी और स्टार बल्लेबाजों की नाकामी से पहला वनडे हारा भारत
- आस्ट्रेलिया 66 रन से जीता

**भाषा। सिडनी**

खराब गेंदबाजी, लचर क्षेत्ररक्षण और कप्तान विराट कोहली समेत स्टार बल्लेबाजों के नाकाम रहने के कारण भारत को शुक्रवार को पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया ने 66 रन से हरा दिया। वहीं आस्ट्रेलिया के लिए कप्तान आरोन फिंच और स्टीव स्मिथ के शतकों के बाद एडम जाम्पा और जोश हेजलवुड ने शानदार गेंदबाजी करके भारत पर पूरे मैच में दबाव बनाए रखा। कोरोना महामारी के बीच दर्शकों की स्टेडियम में वापसी वाले इस मैच में आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सपाट पिच पर छह विकेट पर 374 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम आठ विकेट पर 308 रन ही बना सकी जिसमें हार्दिक पंड्या ने 90 रन का योगदान दिया।



स्मिथ ने 66 गेंद में 105 रन की पारी खेली

आस्ट्रेलियाई कप्तान फिंच ने आईपीएल के अपने खराब फार्म को तिलांजलि देकर 17वां शतक जमाया। वहीं स्मिथ ने भारतीय गेंदबाजों को नसीहत देते हुए एक दिवसीय क्रिकेट में दसवां शतक जड़ा। आस्ट्रेलिया के लिए यह तीसरा सबसे तेज वनडे शतक था जो मात्र 62 गेंदों में बना। भारत ने शुरूआत काफी आक्रामक की। रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में पारी का आगाज करने उतरे मयंक अग्रवाल और शिखर धवन ने पांच ओवरों में ही 50 रन बना डाले लेकिन फिर भारत ने शीर्षक्रम के चार विकेट 48 रन के भीतर गंवा दिए। इनमें से तीन हेजलवुड ने और एक जाम्पा ने लिया। अग्रवाल 18 गेंद में 22 रन बनाकर छठे ओवर में हेजलवुड की गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल को कैच दे बैठे। भारत को सबसे बड़ा झटका दसवें ओवर में लगा जब कप्तान विराट कोहली ने हेजलवुड की गेंद पर फिंच को कैच थमाया। विराट ने 21 गेंद में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाए। श्रेयस अय्यर (दो) हेजलवुड का तीसरा शिकार बने जबकि उपकप्तान के एल राहुल आईपीएल का अपना शानदार फार्म बरकरार नहीं रख पाए। उन्हें जाम्पा ने क्रीज पर पैर ही नहीं जमाने दिए और वह 12 रन बनाकर स्मिथ को कैच दे बैठे। इसके बाद धवन और पंड्या ने शतकीय साझेदारी की और एक समय लग रहा था कि ए दोनों भारत को जीत तक ले जाएंगे। ऐसे में जाम्पा ने अपने दूसरे स्पैल में धवन को पवेलियन भेजकर इस उम्मीद को भी तोड़ दिया। धवन ने 86 गेंद में दस चौकों के साथ 74 रन बनाए। पंड्या दुर्भाग्यशाली रहे कि अपना शतक पूरा नहीं कर सके और जाम्पा का तीसरा शिकार बने। उन्होंने 76 गेंद में 90 रन जोड़े जिसमें सात चौके और चार छक्के शामिल थे। इसके बाद जरूरी रनरेट इतना बढ गया था कि रविंद्र जडेजा पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ मिलकर फिनिशर की भूमिका नहीं निभा सकते थे। उन्हें भी जाम्पा ने 25 के निजी योग पर आउट करके आस्ट्रेलिया की जीत तय कर दी। जाम्पा ने दस ओवर में 54 रन देकर चार विकेट लिए जबकि हेजलवुड को तीन विकेट मिले। इससे पहले आस्ट्रेलिया के लिए फिंच ने 124 गेंद में 114 रन बनाए जिसमें नौ चौके और दो छक्के शामिल थे। वहीं स्मिथ ने 66 गेंद में 105 रन की पारी खेली और 11 चौके तथा चार छक्के जड़े।

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया :** वार्नर का राहुल बो शमी 69, फिंच का राहुल बो बुमराह 114, स्मिथ बो शमी 105, स्टोइनिस का राहुल बो चहल 0, मैक्सवेल का जडेजा बो शमी 45, लाबुशेन का धवन बो सैनी 2, कारे नाबाद 17, कमिंस नाबाद 1, **अतिरिक्त** : 21 रन, **कुल** : 50 ओवर मे छह विकेट पर 374 रन, **विकेटपतन** :1-156, 2-264, 3-271, 4-328, 5-331, 6-372, **गेंदबाजी** : शमी 10-0-59-3, बुमराह 10-0-73-1, सैनी 10-0-83-1, चहल 10-0-89-2, जडेजा 10-0-63-0

**भारत :** मयंक का मैक्सवेल बो हेजलवुड 22, धवन का स्टार्क बो जाम्पा 74, कोहली का फिंच बो हेजलवुड 21, अय्यर का कारे बो हेजलवुड 2, राहुल का स्मिथ बो जाम्पा 12, पंड्या का स्टार्क बो जाम्पा 90, जडेजा का स्टार्क बो जाम्पा 25, सैनी नाबाद 29, शमी बो स्टार्क 13, बुमराह नाबाद 0, **अतिरिक्त** : 20 रन **कुल योग** : 50 ओवर मे आठ विकेट पर 308 रन, **विकेट पतन** : 1-53, 2-78, 3-80, 4-101, 5-229, 6-247, 7-281, 8-308, **गेंदबाजी** : स्टार्क 9-0-65-1, हेजलवुड 10 -0-55-3, कमिंस 8- 0-52-0, जाम्पा 10-0-54-4, स्टोइनिस 6.2-0-25-0, मैक्सवेल 6.4-0-55-0

## आल राउंडर विकल्पों की कमी टीम के संतुलन को प्रभावित कर रही : कोहली



**सिडनी।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरूआती वनडे में मिली हार के बाद अपनी टीम के हाव भाव पर सवाल उठाए और कहा कि हार्दिक पंड्या का गेंदबाजी के लिए फिट नहीं होने से टीम का संतुलन प्रभावित हो रहा है क्योंकि उनके पास ज्यादा आल राउंडर मौजूद नहीं हैं। कोहली ने मैच के बाद कहा, हर किसी को पूरे 50 ओवरों में अपना जज्बा दिखाने की जरूरत होती है। शायद, हम लंबे समय बाद 50 ओवर के क्रिकेट में खेले जिसका असर मैदान में खड़े खिलाड़ियों पर पड़ सकता है लेकिन हमने इतना वनडे क्रिकेट खेला है कि हम इससे निपटना जानते हैं। मुझे लगता है कि मैदान पर 25 ओवर के बाद खिलाड़ियों के हाव भाव अच्छे नहीं थे। यह निराशाजनक चीज है। अगर आप शीर्ष स्तर की प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ मौकों का फायदा नहीं उठाओगे तो वे आपको नुकसान पहुंचा देंगे और आज ऐसा ही हुआ। हार्दिक पंड्या गेंदबाजी के लिए अभी फिट नहीं हैं तो कोहली ने कहा कि इससे टीम के संतुलन पर असर पड़ रहा है। हमें कामचलाऊगेंदबाजों से कुछ ओवर करवाने के लिए एक तरीका ढूंढना होगा। दुर्भाग्य से हार्दिक जैसा खिलाड़ी अभी गेंदबाजी के लिए तैयार नहीं है, हमें यह स्वीकार करना होगा, हमारे पास इस समय कोई अन्य आल राउंड विकल्प मौजूद नहीं है। इस चीज पर ध्यान देने की जरूरत है, यह किसी भी टीम के संतुलन का अहम हिस्सा है। मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल आस्ट्रेलिया के लिए कुछ ओवर डाल रहे हैं, जिससे उन्हें मदद मिली। कोहली ने कहा कि उनके गेंदबाज नियमित अंतराल पर विकेट नहीं चटका सके जिससे आस्ट्रेलिया को बड़ा स्कोर बनाने में मदद मिली। मैच जीतने में विकेट चटकाना सबसे अहम है, और हम यही नहीं कर सके, साथ ही मैदान पर कुछ गलतियों से भी हमने शुरू में जो दबाव बनाया था, उसका फायदा नहीं उठा सके। यह पूछने पर कि क्या संयुक्त अरब अमीरात से आस्ट्रेलिया पहुंचकर पृथकवास में रहने से टीम का प्रदर्शन प्रभावित हुआ तो उन्होंने कहा कि यह कोई बहाना नहीं है। तैयारी के लिए काफी समय मिला।

### हमें अन्य हरफनमौला खिलाड़ियों को तराशने की जरूरत : हार्दिक



**सिडनी।** भारत के शीर्ष हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पंड्या ने शुक्रवार को कहा कि वह तभी गेंदबाजी करेंगे जब समय सही होगा और साथ ही उन्होंने टीम से बहु प्रतिभा वाले अन्य खिलाड़ियों को तराशने का आग्रह किया क्योंकि यहां शुरूआती वनडे में आस्ट्रेलिया से मिली हार के दौरान उनकी गेंदबाजी की काफी कमी महसूस की गई। यह हरफनमौला खिलाड़ी पीठ की सर्जरी के बाद अभी तक गेंदबाजी का भार संभालने के लिए तैयार नही है जिससे टीम का संतुलन प्रभावित हो रहा है और यह बात खुद कप्तान विराट कोहली ने स्वीकार की। पंड्या ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि जब वह मैच की परिस्थितियों मे गेंदबाजी करना शुरू करें तो वह बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जरूरी रफ्तार हासिल कर पाएं।

## न्यूजीलैंड ने पहले टी20 में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया

**आकलैंड।** लॉकी फर्ग्युसन की शानदार तेज गेंदबाजी और जिम्मी नीशाम के नाबाद 48 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को वर्षाबाधित पहले टी20 क्रिकेट मैच में शुक्रवार को डकवर्थ लुईस प्रणाली से पांच विकेट से हरा दिया। नीशाम ने टी20 क्रिकेट में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया और डेवोन कोंवे (41) के साथ 77 रन की साझेदारी की।

उन्होंने मिशेल सेंटनेर (नाबाद 31) के साथ भी 39 रन की अटूट साझेदारी करके न्यूजीलैंड को चार गेंद बाकी रहते जीत दिलाई। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 180 रन बनाए जबकि बारिश के कारण मैच प्रति टीम 16 ओवर का कर दिया गया था। जवाब में न्यूजीलैंड ने संशोधित लक्ष्य पांच विकेट खोकर हासिल करते हुए पांच विकेट पर 176 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान कीरोन पोलार्ड ने 37 गेंद में नाबाद 75 रन बनाए।उन्होंने अपनी पारी में चार छक्के और आठ चौके जड़े।

# माराडोना को दी अंतिम विदाई

**भीगी पलकों से हजारों प्रशंसकों ने अपने महानायक को याद किया**

**भाषा। ब्यूनस आयर्स**

अपने महानायक डिएगो माराडोना को अंतिम विदाई देने के लिए हजारों की तादाद में फुटबॉलप्रेमियों का हुजूम यहां सड़कों पर उमड़ पड़ा जो आंखों में आंसू और हाथ में अर्जेंटीना का झंडा लिए फुटबॉल के गीत गाते रहे जिन्हें नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग भी करना पड़ा। माराडोना के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन शाम छह बजे बंद कर दिए गए। इससे उनकी एक झलक पाने को आतुर दर्शक उतावले हो गए और कब्रिस्तान के दरवाजों पर तनाव पैदा हो गया। जार्डिन बेल्ला विस्टा कब्रिस्तान पर एक निजी धार्मिक समारोह और अंतिम संस्कार के लिए करीब दो दर्जन लोग मौजूद थे। माराडोना को उनके माता पिता डालमा और डिएगो के पास दफनाया गया। उनकी अंतिम यात्रा में प्रशंसक फुटबॉल के गीत गा रहे थे जबकि कुछ ने राष्ट्रध्वज लपेटा हुआ था। उन्होंने प्लाजा डे मायो से 20 ब्लॉक की दूरी पर लंबी कतार बना रखी थी।



यह वही जगह है जहां माराडोना की अगुवाई में 1986 विश्व कप जीतने पर जश्न मनाया गया था। उनके अंतिम दर्शन का समय कम करने से क्रोधित प्रशंसकों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। प्रशंसकों ने पुलिस पर पत्थर फेंके जिसके जवाब में पुलिस ने रबर बुलेट चलाई। हिंसा की वजह से कइयों को चोटे आई और गिरफ्तारियां भी हुई जिससे माराडोना के परिवार ने सार्वजनिक दर्शन बंद करने का फैसला लिया। इसके बाद ताबूत को कार पर रखा गया जिस पर माराडोना का नाम लिखा था। उन्हें अंतिम विदाई देने को आतुर प्रशंसक राष्ट्रपति भवन की दीवारों पर चढ गए मानों वह फुटबॉल का स्टेडियम हो। दमकलकर्मी उन्हें हटाने के लिए जूझते रहे। उनके जनाजे के रवाना होने के साथ ही लोग नारे लगाने लगे, डिएगो मरा नहीं है, डिएगो लोगों के दिलों में रहता है। अंतिम यात्रा में गाड़ियों के काफिले के साथ पुलिस भी थी। माराडोना का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उनके प्रशंसक उनकी अंतिम यात्रा में जज्बात पर काबू नहीं रख सके और बिलखते हुए उन्होंने ताबूत को चुंबन दिए। माराडोना का पार्थिव शरीर अर्जेंटीना के ध्वज और दस नंबर की जर्सी में लिपटा हुआ था।

## लक्ष्मण और योगेश स्नूकर के फाइनल में

**चेन्नई।** लक्ष्मण रावत ने शुक्रवार को यहां इशप्रीत सिंह चढ्ढा को 5-0 से हराकर अजय रस्तोगी स्मारक अखिल भारतीय ओपन स्नूकर चैम्पियनशिप 2020 के फाइनल मे प्रवेश किया जहां उनका सामना कर्नाटक के एम योगेश कुमार से होगा। योगेश ने तमिलनाडु के वरूण कुमार की चुनौती 5-2 से समाप्त करते हुए फाइनल में स्थान पक्का किया। इससे पहले क्वार्टरफाइनल में लक्ष्मण रावत ने प्रतिभाशाली एस श्रीकृष्णा को पराजित किया था।

## आठ पैरा एथलीट टॉप्स योजना में शामिल

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने आठ पैरा एथलीटों को टारगेट ओलंपिकपोडियम (टॉप्स) योजना में शामिल किया है। इनमें से चार एथलीट तोक्यो पैरालम्पिक के लिए क्वालीफाई कर चुके है। मंत्रालय के मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ ने गुरूवार को हुई बैठक मे यह फैसला लिया। ए आठ खिलाड़ी एथलेटिक्स, निशानेबाजी, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के है। पैरा एथलेटिक्स में विनोद कुमार और अजीत कुमार पांचाल (पुरूष चक्काफेंक) और प्रवीण कुमार (पुरूष ऊंचीकूद) को शामिल किया गया है जबकि वीरेंदर धनकर (पुरूष शॉटपुट) और जयंती बहेड़ा (महिला 400 मीटर) को बाहर कर दिया गया है।

## बीसीसीआई ने कहा पिता की बीमारी के कारण आस्ट्रेलिया नहीं गए रोहित



**सिडनी।** रोहित शर्मा की चोट को लेकर तस्वीर साफ नहीं होने की कप्तान विराट कोहली की शिकायत के कुछ घंटों बाद ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने स्पष्टीकरण दिया है कि आईपीएल के बाद अपने पिता के बीमार होने के कारण रोहित आस्ट्रेलिया नहीं जा सके। इसके अलावा बोर्ड ने यह भी कहा कि तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा 17 दिसंबर से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला नहीं खेल सकेंगे क्योंकि वह तब तक मैच फिट नहीं होंगे। रोहित का फिटनेस टेस्ट 11 दिसंबर को होगा जिसके बाद उनके टेस्ट श्रृंखला खेलने को लेकर फैसला लिया जाएगा। रोहित की फिटनेस पर सूचना के अभाव को लेकर कोहली के नाराजगी जताने के बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक बयान में कहा, रोहित शर्मा को आईपीएल के बाद मुंबई लौटना पड़ा क्योंकि उनके पिता बीमार है। अब उनके पिता ठीक हो रहे हैं जिससे वह एनसीए आ सका है और उसका रिहैबिलिटेशन शुरू हो गया है।

## बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 2.5 प्रतिशत गिरा

**नई दिल्ली।** बुनियादी क्षेत्रों आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन इस बार अक्टूबर महीने में एक साल पहले की तुलना में 2.5 प्रतिशत घट गया। यह लगातार आठवां महीना है, जब इन क्षेत्रों का उत्पादन कम हुआ हो। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में इसकी जानकारी मिली। उत्पादन में गिरावट का मुख्य कारण खनिज तेल, गैस, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद और इस्पात उद्योग के उत्पादन में कमी आना है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2019 में इन आठ क्षेत्रों के उत्पादन में 5.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी। आलोच्य माह के दौरान कोयला, उर्वरक, सीमेंट और बिजली क्षेत्रों में वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों और इस्पात में गिरावट रही। इस साल अप्रैल से अक्टूबर के दौरान इन क्षेत्रों के उत्पादन में 13 प्रतिशत की गिरावट आई है। साल भर पहले की समान अवधि में इनके उत्पादन में 0.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

## कोटक सिक्युरिटीज़ ने लांच किया ट्रेड फ्री प्लान

**लखनऊ।** कोटक सिक्युरिटीज़ लिमिटेड ने ट्रेड फ्री प्लान के लांच की घोषणा की है। अपनी किस्म का यह पहला प्लान है जो इंट्राडे ट्रेड पर ज़ीरो ब्रोकरेज और अन्य सभी फ्यूचर एंड ऑप्शंस एफएंड ओद्ध ट्रेड पर रु 20 प्रति ऑर्डर का शुल्क लेता है। यह फिक्स्ड ब्रोकरेज प्लान इक्विटीए कमॉडिटी व करेंसी सभी सैगमेंट के एफएंड ओ के लिए उपलब्ध है। केएसएल का ट्रेड फ्री प्लान इस कमी को दूर करता है। कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड की सहायक कंपनी कोटक सिक्युरिटीज़ लिमिटेड 25 वर्षों से भी अधिक वक्त से ब्रोकिंग कारोबार में है और इसकी नेट वर्थ 5,000 करोड़ रुपए के करीब है जो कि भारतीय ब्रोकिंग इंडस्ट्री में सर्वोच्च है।

## एलपीजी सब्सिडी निजीकरण के बाद भी जारी रहेगी: प्रधान

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि देश के दूसरे सबसे बड़ी खुदरा पेट्रोलियम ईंधन विक्रेता भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के निजीकरण के बाद भी उसके उपभोक्ताओं को रसोई गैस सब्सिडी मिलती रहेगी। प्रधान ने पीटीआई-भाषा से कहा, एलपीजी पर सब्सिडी सीधे उपभोक्ताओं को दी जाती है और किसी कंपनी को नहीं। इसलिए एलपीजी बेचने वाली कंपनी के स्वामित्व का कोई असर (सब्सिडी पर) नहीं होगा। सरकार प्रत्एक कनेक्श पर हर वर्ष अधिकतम 12 रसोई गैस सिलेंडर(14.2 किलो गैस वाले) सब्सिडी वाली दर पर देती है। यह सब्सिडी सीधे उपभोक्ताओं के बैंक खातों में दी जाती है।

## अर्थव्यवस्था में पुनरूद्धार की गति आगे भी बने रहने की उम्मीदः उद्योग जगत

**नई दिल्ली।** दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था में गिरावट कम होने के साथ उद्योग जगत और विशषज्ञों ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने को लेकर जो कदम उठाए हैं, उसका सार्थक परिणाम दिख रहा है। उन्होंने आने वाले महीनों में पुनरूद्धार की गति में तेजी आने का भरोसा जताया। वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि जीडीपी का दूसरी तिमाही का आंकड़ा अर्थव्यवस्था में पुनरूद्धार को बताता है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, सरकार ने प्रोत्साहन देने और सुधारों को लेकर जो कदम उठाए हैं, उसका परिणाम दिख रहा है।

# बड़ी कंपनियों दबाव में गिरे शेयर

**साप्ताहिक आधार पर दर्ज की तेजी**

**भाषा। मुंबई**

वैश्विक बाजारों की तेजी के बाद भी शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट में रहे। सुस्त कारोबार में बड़ी कंपनियों की गिरावट ने घरेलू सूचकांकों के प्रदर्शन पर असर डाला। रिलायंस इंडस्ट्रीज समेत सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। हालांकि कुल मिला कर साप्ताहिक आधार पर घरेलू शेयर बाजारों ने बढ़त दर्ज की। कारोबारियों ने कहा कि दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी होने से









पहले निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 110.02 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 44,149.72 पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 18.05 अंक यानी 0.14 प्रतिशत फिसलकर 12,968.95 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड कॉरपोरेशन में सर्वाधिक 2.63 की गिरावट रही। इसके बाद एचसीएल टेक, ओएनजीसी, एमएंडएम, एक्सिस बैंक, टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस का स्थान रहा। दूसरी ओर, एशियन पेंट्स, टाइटन, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस और बजाज ऑटो जैसे शेयर 2.85 प्रतिशत तक की बढ़त में रहे।
सप्ताह के दौरान सेंसेक्स में 267.47 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की और निफ्टी में 109.90 अंक यानी 0.85 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। एस्ट्राजेनेका के संभावित कोविड टीके के परीक्षण के आंकड़ों पर उठ रहे सवालों के बीच वैश्विक बाजार मुख्यत: बढ़त में रहे। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीति प्रमुख बिनोद मोदी ने कहा कि ज्यादातर एशियाई बाजारों ने शुरुआती गिरावट के बाद वापसी की। भारतीय सूचकांक पूरे कारोबार के दौरान नरमी में रहे। हालांकि मिडकैप और स्मॉल कैप शेयरों में मजबूत खरीदारी दिखी। मुख्य सूचकांक की कंपनियों के अधिक मूल्यांकन के चलते मिडकैप शेयर निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा, आज का बाजार दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों तथा कोविड-19 के टीके की प्रभावशीलता से जुड़ी अनिश्चितता से प्रभावित हुआ। भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक प्रतिस्पर्धियों की तुलना में सुधार धीमा रहने का अनुमान जताया जा रहा है।

## विदेशीमुद्रा भंडार 2.518 अरब डॉलर बढ़कर 575.29 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 नवंबर को समाप्त सप्ताह मे 2.518 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 575.29 अरब डालर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ो में यह बताया गया। इससे पिछले 13 नवंबर को समाप्त सप्ताह मे देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.277 अरब डॉलर की भारी वृद्धि के साथ 572.771 अरब डॉलर हो गया था। समीक्षाधीन अवधि मे विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ने की बड़ी वजह विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियो (एफसीए) का बढ़ना है। ए परिसंपत्तियां कुल विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा होती है।


## राजकोषीय घाटा अक्टूबर में सालाना लक्ष्य के120 प्रतिशत पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर के अंत तक बढ़कर 9.53 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया जो सालाना बजट अनुमान का करीब 120 प्रतिशत है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़े के अनुसार मुख्य रूप से राजस्व संग्रह कम रहने से घाटा बढ़ा है। कोरोना वायरस महामारी को फैलने से रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के कारण कारोबारी गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इसका असर राजस्व संग्रह पर पड़ा है। इस साल सितंबर के अंत में राजकोषीय घाटा सालाना बजट अनुमान का 114.8 प्रतिशत था। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के आंकड़े के अनुसार निरपेक्ष रूप से देखा जाए तो राजकोषीय घाटा अक्टूबर, 2020 के अंत में 9,53,154 करोड़ रुपए रहा जो सालाना बजट अनुमान का 119.7 प्रतिशत है। पिछले वित्त वर्ष 2019-20 के पहले सात महीने में राजकोषीय घाटा सालाना लक्ष्य का 102.4 प्रतिशत था। राजस्व और व्यय के बीच अंतर को बताने वाला राजकोषीय घाटा इस साल जुलाई में ही सालाना लक्ष्य से ऊपर निकल गया था। सरकार की अक्टूबर तक कुल प्राप्ति 7,08,300 करोड़ रुपए रही जो 2020-21 के बजट अनुमान का 31.54 प्रतिशत है। इसमें 5,75,697 करोड़ रुपए कर राजस्व तथा।,16,206 करोड़ रुपए गैर-कर राजस्व है। जबकि 16,397 करोड़ रुपए गैर-ऋण पूंजी प्राप्ति है।

## न्यायालय ने सरकार को आठ श्रेणियों के कर्ज पर ब्याज राहत का निर्णय लागू करने को कहा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोरोना वायरस महामारी के कारण आठ श्रेणियों के 2 करोड़ रुपए तक के कर्ज पर ब्याज से राहत देने के उसके निर्णय को लागू करने के लिए सभी कदम उठाए जाएं। न्यायाधीश अशोक भूषण, न्यायाधीश आर एस रेड्डी और न्यायाधीश एम आर शाह की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण न केवल लोगों के स्वास्थ्य को लेकर खतरा उत्पन्न हुआ है बल्कि देश की आर्थिक वृद्धि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

## छह दिनों में पहली बार रुपए में 17 पैसे की गिरावट





**मुंबई।** बैंकों और आयातकों की डॉलर की मांग बढ़ने के बीच अन्तरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में रुपए में विगत पांच सत्रों से जारी तेजी पर ब्रेक लग गया तथा शुक्रवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 17 पैसे की गिरावट के साथ 74.05 पर बंद हुई। बाजार सूत्रों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार की सुस्ती से भी कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि सितंबर को समाप्त तिमाही के जीडीपी आंकड़ों को जारी किए जाने के पहले कारोबारियों ने थोड़ा सतर्कता का रुख भी अख्तियार कर लिया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार कोविड-19 संकट के बीच चालू वित्तवर्ष की जुलाई से सितंबर की तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत सिकुड़ गई। अन्तरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 73.80 पर खुला। दिन में 73.76 के उच्च स्तर और 74.07 के निम्न स्तर को छूने के बाद रुपए का विनिमय दर अंत में 17 पैसे की गिरावट के साथ 74.05 प्रति डॉलर पर बंद हुई।

## आरबीआई की जवाबदेही पर गौर किए जाने की जरूरतः एआईबीईए

**नई दिल्ली।** बैंक कर्मचारियों के संगठन एआईबीईए ने कहा है कि 94 साल पुराने लक्ष्मी विलास बैंक की विफलता में रिजर्व बैंक की जवाबदेही पर गौर किए जाने की जरूरत है। संगठन ने यह भी कहा कि बैंक का डीबीएस बैंक इंडिया लि. में प्रस्तावित विलय विदेशी बैंक के भारतीय बाजार में पिछले दरवाजे से प्रवेश का रास्ता साफ करेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉयज एसोसएिशन (एआईबीईए) ने कहा कि तमिलनाडु के बैंक का सिंगापुर स्थित बैंक की भारतीय अनुषंगी डीबीआईएल में विलय को लेकर रुख सरकार के आत्मनिर्भर भारत की नीति के खिलाफ है।

## संपत्तियों के मौद्रीकरण का भी लक्ष्य देने के पक्ष में दीपम

**नई दिल्ली।** निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों (सीपीएसई) के प्रदर्शन के लक्ष्य को लेकर सरकार के साथ किए जाने वाले करार मे बाजार पूंजीकरण में सुधार तथा संपत्तियों की बिक्री को भी सफलता के पैमाने के तौर पर शामिल करने का सुझाव दिया है। एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। दीपम सीपीएसई मे सरकारी निवेश तथा हिस्सेदारी का प्रबंधन करता है।

## त्योहारी मौसम में भारत के ई-कॉमर्स क्षेत्र की बिक्री 8.3 अरब डॉलर रहीः रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत के ई-कॉमर्स क्षेत्र में इस साल त्योहारी मौसम के दौरान 15 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच कुल 8.3 अरब डॉलर (करीब 58,000 करोड़ रुपए) की बिक्री हुई। शोध फर्म रेडसीर ने शुक्रवार को बताया कि यह आंकड़ा पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 65 प्रतिशत अधिक है। रेडसीर ने एक रिपोर्ट में कहा कि त्योहारों से पहले इस दौरान सात अरब डॉलर की बिक्री का अनुमान जताया गया था, जबकि वास्तवित बिक्री इससे अधिक रही।

# डोभाल पहुंचे श्रीलंका, लेंगे वार्ता में भाग

● समुद्री सुरक्षा को लेकर श्रीलंका में होगी त्रिपक्षीय वार्ता

●भारत और श्रीलंका के अतिरिक्त मालदीव में करेंगा शिरकत

भाषा। कोलंबा

**राष्ट्रीय** सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल भारत, श्रीलंका और मालदीव के बीच समुद्री सुरक्षा को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता के लिए शुक्रवार को कोलंबो पहुंचे। श्रीलंका, भारत और मालदीव के साथ शुक्रवार और शनिवार को समुद्री सुरक्षा सहयोग पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की चौथी त्रिपक्षीय बैठक का आयोजन कर रहा है। छह साल बाद यह बैठक हो रही है। इससे पहले यह बैठक 2014 में नई दिल्ली में हुई थी।



त्रिपक्षीय वार्ता के लिए श्रीलंका पहुंचे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल। साथ में श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंद्रा राजपक्षे

कोलंबो में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, भारत-श्रीलंका-मालदीव के बीच समुद्री और सुरक्षा सहयोग पर वार्ता के लिए एनएसए अजित डोभाल कोलंबो पहुंच गए हैं। सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल सिल्वा शवेंद्र ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

श्रीलंका की सेना ने बताया कि डोभाल और मालदीव की रक्षा मंत्री मारिया दीदी वार्ता में अपने अपने देशों का नेतृत्व करेंगे। बांग्लादेश, मॉरीशस और सेशेल्स के पर्यवेक्षक भी रहेंगे।

हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा पर समन्वित कार्वाई, राहत और बचाव अभियान का प्रशिक्षण, समुद्र में बढ़ते प्रदूषण को लेकर कदम उठाने, सूचनाएं साझा करने, अवैध हथियारों, मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा था कि एनएसए स्तर की त्रिपक्षीय बैठक हिंद महासागर के देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए एक प्रभावी मंच हैं।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा था, हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को लेकर सहयोग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। इस साल डोभाल का श्रीलंका का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले वह जनवरी में श्रीलंका आए थे और दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की थी।

## तुर्की में भूकंप, कोई नुकसान नही

भाषा। अंकारा

**पूर्वी तुर्की के** मालट्या प्रांत में शुक्रवार को 4.7 तीव्रता का भूकंप आया जिसके बाद लोग दहशत में सड़कों पर आ गए। हालांकि भूकंप से किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है।तुर्की के आपदा और आपातकालीन प्रबंधन निदेशालय ने बताया कि भूकंप का केन्द्र पुटुरगे शहर में केंद्रित था और यह स्थानीय समयानुसार पूर्वान्ह 11 बजकर 27 मिनट पर आया।मालट्या के गवर्नर आयदिन बारस ने सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु को बताया कि उनके कार्यालय को किसी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने के संबंध में कोई नकारात्मक रिपोर्ट नहीं मिली है।एजेंसी ने अपनी खबर में बताया कि भूकंप आने पर कई लोग दहशत में अपने घरों या कार्यस्थलों के बाहर निकल आए। गौरतलब है कि 1999 में तुर्की के उत्तरपश्चिम क्षेत्र में एक शक्तिशाली भूकंप में 17 हजार लोगों की मौत हो गई थी।

# भारत नेपाल का सबसे खास दोस्त: श्रृंगला

● तीखे सीमा विवाद के बीच विदेश सचिव अपनी पहली दो दिवसीय नेपाल यात्रा पर पहुंचे

●एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ डिप्लोमैसी एंड इंटरनेशनल अफेयर्स द्वारा आयोजित एक परिचर्चा में लिया भाग

भाषा। काठमांडू

**विदेश** सचिव हर्षवर्द्धन श्रृंगला ने नेपाल के साथ मजबूत सहयोगात्मक संबंधों पर जोर देते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत अपने आप को उसके सबसे अहम दोस्त और विकास साझेदार के रूप में देखता है। उन्होंने नेपाल के लोगों को यह आश्वासन भी दिया कि कोविड-19 का टीका आने के बाद उनकी (नेपाल की) जरूरत पूरा करना भारत की प्राथमिकता होगी। तीखे सीमा विवाद के चलते द्विपक्षीय संबंधों में तनाव आ जाने के मध्य वह नेपाल के विदेश सचिव भरत राज पौडयाल के न्यौते के बीच नेपाल की अपनी पहली दो दिवीय यात्रा पर यहां आए हैं। उन्होंने यहां एशियन इंस्टीयूट ऑफ डिप्लोमैसी एंड इंटरनेशनल अफेयर्स द्वारा आयोजित एक परिचर्चा में कहा कि नेपाल और भारत के बीच का रिश्ता जटिल है और उनकी सभ्यतागत धरोहर, संस्कृति एवं रीति-रिवाज आपस में मिलते हैं। उन्होंने करीब 25 मिनट के अपने भाषण में कहा, भारत अपने आप को नेपाल के सबसे अहम दोस्त और विकास साझेदार के रूप में देखता है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की हमारी आकांक्षाएं तथा समृद्ध नेपाल एवं सुखी नेपाल के आपके लक्ष्य एक दूसरे के माफिक हैं। श्रृंगला ने कहा कि नेपाल के साथ भारत का संबंध चार स्तंभों -- विकास सहएगा, मजबूत कनेक्टिविटी, बुनियादी ढांचे में विस्तार और आर्थिक परियोजनाओं पर टिका है। उन्होंने कहा , हम नेपाल की प्राथमिकता के लिए काम करेंगे। उन्होंने 2015 में नेपाल में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत द्वारा त्वरित रूप से उठाए गए कदमों का दृष्टांत देते हुए कहा, भारत अपने आप को नेपाल का स्वभाविक और स्वत: प्रवृत सहयोगकर्ता के रूप में देखता है। श्रृंगला ने कहा कि भारत कोरोना वायरस के टीके की उपलब्धता की दहलीज पर खड़ा है। उन्होंने कहा, दुनिया में टीकों के सबसे बड़े विनिर्माता के तौर पर भारत इस प्रयास में अग्रिम कतार में है। हमारे पास कम से कम पांच आशाजनक टीके परीक्षण के उन्नत चरणों में है। भारतीय विदेश सचिव ने कहा, मैं नेपाल के लोगों को आश्वासन देना चाहूंगा कि एक बार टीका आ जाए, फिर नेपाल की जरूरत पूरी करना हमारे लिए प्राथमिकता होगी। श्रृंगला ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली से मुलाकात की और अपने नेपाली समकक्ष के साथ सीमा समस्या समेत विविध मुद्दों पर सार्थक बातचीत की। उन्होंने राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी से और विदेश मंत्री प्रदीप कुमार ग्यावली से भी शिष्टाचार भेंट की। दोनों देश परस्पर सहयोग को बढ़ाने के वास्ते प्रयास तेज करने पर राजी हुए। नेपाल के शीर्ष नेतृत्व के साथ अपनी मुलाकात का जिक्र करते हुए श्रृंगला ने कहा, हमारे देशों की सोच और दृष्टिकोण एक ही हैं। दोनों देशों के बीच रिश्ते में तब तनाव आ गया था जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मई में उत्तराखंड में लिपुलेख दें और धारचूला को जोड़ने वाले 80 किलोमीटर लंबे मार्ग का उद्घाटन किया और कुछ ही दिन बाद नेपाल ने एक नया मानचित्र जारी कर लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को अपनी सीमा के अंदर दिखाया। भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी और उसे एक तरफा कृत्य करार दिया। उसने नेपाल को चेताया कि क्षेत्रीय दावों का कृत्रिम विस्तार उसे स्वीकार नहीं है।

पाकिस्तानी कैबिनेट ने दी मंजूदी

# बलात्कारियों का होगा रासायनिक बधियाकरण

● दोषी की सहमति लेना होगा अनिवार्य

●रेप के मामलों की सुनवाई के लिए होगा अलग से विशेष अदालतों का गठन

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** की कैबिनेट ने शुक्रवार को बलात्कार विरोधी दो अध्यादेशों को मंजूरी दे दी है जिसमें दोषी की सहमति से बलात्कारियों को रासायनिक रूप से बधिया करने और बलात्कार के मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालतों के गठन को मंजूरी दी गई है। एक मीडिया रिपोर्ट से यह जानकारी मिली। रासायनिक बधिया या केमिकल कास्ट्रेशन एक रासायनिक प्रक्रिया है जिससे व्यक्ति के शरीर में रसायनों की मदद से एक निश्चित अवधि या हमेशा के लिए यौन उत्तेजना कम या खत्म की जा सकती है।डॉन न्यूज की खबर के मुताबिक, बृहस्पतिवार को संघीय कानून मंत्री फारूक नसीम की अध्यक्षता में विधि मामलों पर कैबिनेट समिति की बैठक में बलात्कार विरोधी (जांच और सुनवाई) अध्यादेश 2020 और आपराधिक कानून (संशोधन) अध्यादेश 2020 को मंजूरी दी गई। मंगलवार को संघीय कैबिनेट ने अध्यादेशों को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी थी। पहली बार अपराध करने वाले या अपराध दोहराने वाले अपराधियों के लिए रासायनिक बधियाकरण को पुनर्वास के उपाय के तरह माना जाएगा और इसके लिए दोषी की सहमति ली जाएगी। कानून मंत्री नसीम के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत बधिया करने से पहले दोषी की सहमति लेना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यदि सहमति लिए बिना रासायनिक बधियाकरण का आदेश दिया जाता है तो दोषी आदेश को अदालत के समक्ष चुनौती दे सकता है।मंत्री ने कहा कि अगर कोई दोषी बधिया करने के लिए सहमत नहीं होगा तो उस पर पाकिस्तान दंड संहिता (पीपीसी) के अनुसार कार्वाई की जाएगी जिसके तहत अदालत उसे मौत की सजा, आजीवन कारावास या 25 साल की जेल की सजा दे सकती है। उन्होंने कहा कि सजा का फैसला अदालत पर निर्भर करता है। न्यायाधीश रासायनिक बधियाकरण या पीपीसी के तहत सजा का आदेश दे सकते हैं।नसीम ने कहा कि अदालत सीमित अवधि या जीवनकाल के लिए बधिया का आदेश दे सकती है। अध्यादेशों में बलात्कार के मामलों में सुनवाई कराने के लिए विशेष अदालतों के गठन का भी प्रावधान है। विशेष अदालतों के लिए विशेष अभियोजकों की भी नियुक्ति की जाएगी। प्रस्तावित कानूनों के अनुसार, एक आयुक्त या उपायुक्त की अध्यक्षता में बलात्कार विरोधी प्रकोष्ठों का गठन किया जाएगा ताकि प्राथमिकी, चिकित्सा जांच और फोरेंसिक जांच का शीघ्र पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके।इसमें आरोपी द्वारा बलात्कार पीड़िति से जिरह पर भी रोक लगा दी गई है। केवल जज और आरोपी के वकील ही पीड़िति से जिरह कर सकेंगे।

## जर्मनी में कोरोना वायरस के मामले दस लाख के पार

**बर्लिन।** जर्मनी में शुक्रवार को बड़ी संख्या में नए मरीज सामने आने के बाद कोविड-19 के मामले 10 लाख के पार चले गए। देश के रोग नियंत्रण केंद्र रॉबर्ट कोच इंस्टीट्यूट ने बताया कि जर्मनी के 16 प्रांतों में कोविड-19 के 22,806 नए रोगी सामने आए और इस महामारी के मामले बढ़कर 1,006,394 हो गए। वैसे संक्रमितों का आंकड़ा अधिक होने के बावजूद जर्मनी में अन्य यूरोपीय देशों की तुलना में कम मरीजों की मौत हुई है। जर्मनी में अब तक 15,586 मरीजों की मौत हुई जबकि ब्रिटेन, इटली और फ्रांस में 50,000 रोगियों ने जान गंवाई। रॉबर्ट कोच इंस्टीट्यूट ने बताया कि इस संक्रमण के प्रारंभ में बड़े पैमाने पर जांच, सशक्त अस्पताल प्रणाली जैसे त्वरित कदम उठाए गए , जिससे मौतों के आंकड़े को नियंत्रित करने में मदद मिली। अब तक 6,96,100 लोग संक्रमण मुक्त हुए हैं।

# व्हाइट हाउस छोड़ने को ट्रंप ने रखी शर्त

● इलेक्टोरल कॉलेज के बाइडन को विजेता घोषित करने के बाद ही व्हाइट हाउस छोड़ूंगा : ट्रंप

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह इलेक्टोरल कॉलेज के तीन नवम्बर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडन (डेमोक्रेटिक उम्मीदवार) को विजेता घोषित करने पर ही व्हाइट हाउस छोडेंगे और इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर चुनाव में धोखाधड़ी के अपने बेबुनियाद दावे दोहराए।

ट्रंप ने थैंक्सगिविंग डे पर अपने भाषण में यह भी कहा कि अगर बाइडन को विजेता घोषित किया जाता है तो यह इलेक्टोरल कॉलेज की एक बड़ी गलती होगी। ट्रंप से बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों ने पूछा था कि इलेक्टोरल कॉलेज के बाइडन को विजेता घोषित करने पर वह क्या करेंगे।इसके जवाब में उन्होंने कहा, इसे स्वीकार करना बेहद मुश्किल होगा। व्हाइट हाउस छोड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर, मैं छोड़ूंगा और यह आपको भी पता है। व्हाइट हाउस में अपने आखिरी थैंक्सगिविंग की योजनाओं के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा , आप नहीं बता सकते कि क्या पहला है, क्या आखिरी।

उन्होंने कहा, यह दूसरे कार्यकाल का पहला (थैंक्सगिविंग) भी हो सकता है। साथ ही ट्रंप ने जॉर्जिया में दो सीनेट सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए रैली करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि वह जॉर्जिया में रिपब्लिकन उम्मीदवार सीनेटर डेविड पेर्ड्यु और सीनेटर केली लोफ्ल के लिए अपने हजारों समर्थकों के साथ शनिवार को रैली करेंगे।यहां पांच जनवरी को होने वाले उपचुनाव के बाद ही स्पष्ट होगा कि जॉर्जिया किस पार्टी के हिस्से में जाता है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन जीत दर्ज कर चुके हैं, लेकिन ट्रंप ने अभी तक अपनी हार स्वीकार नहीं की है और चुनावी नतीजों के खिलाफ कई मुकदमें भी दायर कर रखे हैं।


# भारतीय अमेरिकियों का पाक दूतावास के बाहर प्रदर्शन

भाषा। न्यूयार्क

**प्रवासी** भारतीयों ने 26।11 के मुम्बई हमले की 12 वीं बरसी पर बृहस्पतिवार को यहां पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया और गुनाहगारों को उचित दंड देने की मांग की। भारतीय मूल के अमेरिकी समुदाय के सदस्यों के लोगों ने बैनर और पोस्टर लेकर यहां पाकिस्तानी मिशन के बाहर ठंड एवं बारिश के बावजूद प्रदर्शन किया। अन्य देशों के नागरिकों ने भी उनका साथ दिया।ए लोग 26।11 के पीड़ितों के वास्ते इंसाफ की मांग करते हुए टाइम्स स्क्वायर भी गए। उनके हाथों में भारत एवं अमेरिका के झंडे और पोस्टर थे। इन पोस्टरों पर पाकिस्तान आतंकवाद बंद करो , आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हो जाओ , आतंकवाद को ना कहें और हमें इंसाफ चाहिए जैसे नारे लिखे थे। इस प्रदर्शन में भाग लेने पहुंचे न्यूजर्सी के गणेश अय्यर ने कहा कि पाकिस्तान सीमापार आतंकवाद को समर्थना देना जारी रखे हुए है और वह आतंकवाद का केंद्र है। उन्होंने कहा, आतंकवाद दुनियाभर में मानवजाति के लिए एक बड़ी चिंता है। पूरी दुनिया को एकजुट होकर मांग करनी चाहिए कि पाकिस्तान अपनी सरजमीं पर आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्वाई करे। उन्होंने कहा कि मुम्बई हमले के 12 साल बाद भी पाकिस्तान ने 26।11 के गुनाहगारों के विरूद्ध कार्वाई नहीं की जबकि इस हमले में अमेरिकियों, इस्राइलियों समेत कई देशों के नागरिक मारे गए थे। वाशिंगटन डीसी और अमेरिका के अन्य शहरों में भी पाकिस्तान के खिलाफ ऐसा ही प्रदर्शन किया गया।



थाईलैंड में पारंपरिक परिधानों में सजे पहाड़ी जनजाति के बच्चे



सूडान के एक शरणार्थी शिविर का दृश्य जहां पर एक महिला शरणार्थियों के लिए भोजन बना रही है

# भारत ने बदलती दुनिया में यूएई के साथ काम करने के लिए और अवसरों पर चर्चा की

● विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से की मुलाकात

भाषा। अबु धाबी

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की और बदलती दुनिया में खाड़ी देश के साथ मिल कर काम करने के और अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कोविड युग के अनुभवों ने भारत और यूएई को काफी सीख दी हैं। जयशंकर 25-26 नवंबर को दो दिन की यूएई की यात्रा पर थे। यह उनकी तीन देशों बहरीन,संयुक्त अरब अमीरात और सेशेल्स की छह दिवसीय यात्रा का दूसरा चरण था, जो मंगलवार को शुरू हुआ। कोरोना वायरस संक्रमण के बीच हुई इस यात्रा को काफी अहम माना जा रहा है।जयशंकर ने शुक्रवार को ट्वीट किया, विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद से दोबारा मुलाकात करके अच्छा लगा। हमने बढ़ते सहयोग का जायजा लिया। बदलती दुनिया में साथ मिल कर काम करने के और अवसरों पर चर्चा की। कोविड युग के अनुभवों ने हम दोनों को काफी सीख दी हैं। उनकी मेहमान नवाजी के लिए शुक्रिया। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार जयशंकर और नाहयान ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। बयान के अनुसार, जयशंकर ने कोविड-19 महामारी से निपटने में स्वास्थ्य और आर्थिक क्षेत्र में भारत की प्रगति के बारे में यूएई को जानकारी दी। दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश, बुनियादी ढांचे, ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और रक्षा सहित अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर सहयोग की समीक्षा की।बयान के अनुसार जयशंकर और नाहयान ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की और विभिन्न बहुपक्षीय मुद्दों पर समन्वय जारी रखने पर सहमति जताई।विदेश मंत्री ने अबु धाबी के शहजादे शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बुधवार को मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दीं और महामारी के दौरान भारतीय नागरिकों की देखभाल के लिए यूएई के नेतृत्व की सराहना की।

## इजरायल में मुंबई हमलों के यहूदी पीड़ितों की स्मृति में पट्टिका का अनावरण

**ईलाताबीरशेवा।** यहूदी केंद्र चबाड ने 26।11 मुंबई आतंकी हमलों में मारे गए छह यहूदियों की स्मृति में इजरायल के दक्षिणी तटीय शहर ईलात में अपने प्रार्थना गृह में एक पट्टिका का अनावरण किया और नरसंहार के दोषियों को सजा दिए जाने की मांग की। रैव हेच और इजराइल में भारतीय दूतावास में प्रथम सचिव रोहित मिश्रा ने प्रार्थना गृह के अंदर एक दीवार पर पट्टिका का अनावरण किया। बृहस्पतिवार को मिश्रा द्वारा अनावृत 3 ए आकार की पट्टिका में लिखा गया, भारत में मुंबई के चबाड हाउस में हुए आतंकी हमलों में शहीद रब्बी गेवरिएल नोआ और रिव्का होल्ट्सबर्ग की स्मृति में ..। पट्टिका में आगे लिखा था, हमले के समय चबाड हाउस में रुके हमारे चार मेहमान रब्बी गेवरिएल तैतलबॉम, नॉर्मा राविनोविक, बेन जियोन कुर्मन, योचेद ओरपाज भी शहीद हो गए। उनकी आत्मा दैवीय बंधन में बंध जाए। प्लास्टिक की पट्टिका पर लिखा यह संदेश व्यक्तिगत रूप से रैव हेच ने लिखा था। गौरतलब है कि पकिस्तानी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दस आतंकवादियों ने पूरे मुंबई में चार दिन तक 12 आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया था। 26 नवंबर 2008 को हुए इन हमलों में छह अमेरिकियों और नौ आतंकवादियों सहित कम से कम 166 लोग मारे गए थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे।

ट्रेंड बाजार

## प्रियंका चोपड़ा जोनस अपनी नई फिल्म की तैयारी में व्यस्त



**अभिनेत्री** प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अपनी नई रोमांटिक फिल्म जिसका अंतरिम नाम 'टेक्स्ट फॉर यू' रखा गया है, की तैयारी कर रही हैं। फिल्म में उनके साथ ग्रैमी पुरस्कार विजेता सेलिन डियोन तथा सैम ह्यूगन भी दिखेंगे।


अपने इंस्टाग्राम संदेश में प्रियंका ने बताया कि वो इस फिल्म की शूटिंग शुक्रवार को प्रारंभ कर देंगी। अपनी तैयारी की उन्होंने कुछ फोटोज़ भी शेयर कीं जिसमें वो काम करने से पहले अपने बाल और नाखूनों को संवारती दिखाई दे रही हैं। फोटो में प्रियंका मास्क पहनकर मैनीक्योर कराती दिख रही हैं जबकि उनके बाल एक प्लास्टिक शीट से कवर किये हुए हैं जिसका अर्थ है कि उनके बाल एक नए रंग में रंगे जाने हैं। अपने संदेश फोटो साझा करते हुए उन्होंने लिखा, 'टेक्स्ट फॉर यू' की तैयारी में... ये शुक्रवार को प्रारंभ हो रही है।'

## अनन्या पांडे को अपेक्षाओं और दबाव से लेती हैं प्रेरणा



**नवोदित** अभिनेत्री अनन्या पांडे का कहना है कि 'अपेक्षा और दबाव का एक रोचक पहलू ये है कि ये बातें मुझे प्रेरित करती हैं। मैं इसके प्रति बहुत कृतज्ञ अनुभव करती हूं क्योंकि ये मेरे कॅरियर का प्रारंभ भर है। अभी मैंने बस कुछ ही फिल्में की हैं और मैंने अपने कुछ प्रशंसक भी बना लिये हैं। मैं जब भी किसी सार्वजनिक आयोजन या कहीं जाती हूं तो लोग मेरे पास आकर सेल्फी या संवाद बोलने के लिए कहते हैं।'

## चैरिटी के लिए वीरदास ने बनाया हास्यपूर्ण शो



**वीर** दास लोगों को हंसाने की पूरी तैयारी कर चुके हैं। लॉकडाउन के दौरान उन्होंने एक विशेष शो तैयार किया है जिसका नाम है 'इनसाइड आउट' जिसे वैश्विक स्तर पर नेटलिक्स पर रिलीज़ किया जाएगा। ये परोपकारी कार्यों हेतु धन अर्जित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस 50 मिनट की फिल्म को वीर के लॉकडाउन के दौरान पिछले वर्चुअल शोज़ में से 30 अंशों को जोड़कर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस लॉकडाउन के दौरान दुनिया भर में ऐसा पहली बार हो रहा है कि हर कोई एक समय पर एक ही स्थिति से गुजर रहा है।

उन्होंने बताया, 'मैंने इस साल किसी कॉमेडी के बारे में नहीं सोचा था। लेकिन 2020 को हमारी योजनाओं से क्या लेना देना ? हमनें 2020 नेटलिक्स पर साथ में प्रारंभ किया था और साल का अंत भी हम साथ ही करें तो और भी अच्छा होगा।'

## जेनिफर ने एलबम कवर के लिए दिया नग्न पोज़



**जेनिफर** लोपेज़ ने अपने प्रशंसकों को एक बार पुन: चकित किया है। 51 वर्षीय इस अभिनेत्री ने अपने एक सिंगल गाने 'इन द मॉर्निंग' के कवर के लिए स्वयं का एक नग्न चित्र खिंचवाया। जेनिफर लोपेज़ ने अपने इंस्टाग्राम पर ये फोटो साझा भी किया है। वो इसमें फोटो खिंचवाने के लिए झुकती हैं जबकि उनका एक हाथ अपने घुटने पर है। वो इसमें अपने मंगेतर एलेक्स रोड्रिग्स से मिली अंगूठी मात्र पहने दिख रही हैं। उन्होंने लिखा, 'क्या आप चकित हैं। यहां मैं आपके लिए अपने नए सिंगल 'इन द मॉर्निंग' जो शुक्रवार को रिलीज़ हो रहा है, का एक कवर दे रही हूं।'

# अभिज्ञा के साथ खूब मस्ती भरी रही दीवाली



चाहे महामारी ने इस साल हमारे समक्ष विभिन्न चुनौतियां प्रस्तुत की हों, लेकिन इस बार की दीवाली ने आशा की एक नई किरण का संकेत भी दिया। अपने दर्शकों को संतुष्ट करने के क्रम में ज़ी टीवी ने दीवाली के उपलक्ष में अपने शो 'कुमकुम भाग्य, जश्न मिलन का' का तीन घंटे का विशेष एपिसोड प्रस्तुत किया। इस शो के प्रशंसक आशा कर रहे थे कि प्रज्ञा लौट कर अभि के घर वापस आ जाए। दर्शकों के अनुसार ये पर्व इस जोड़ी के लिए एक नया प्रारंभ साबित हो सकता था। इसमें दर्शकों को प्रज्ञा का उसकी दादी द्वारा एक बहू के रूप में स्वागत किया जाना अच्छा लगा। इसके बाद अभि और प्रज्ञा की जोड़ी ने आशा दिल में रखते हुए दीवाली की परंपरानुसार पूजा आदि संपन्न की।

शो में मनोरंजन का तत्व तब दुगना हो गया जब अभि ने अपने घर में दीवाली का आयोजन किया जिसमें ज़ी टीवी पर चल रहे सभी शोज़ के प्रमुख कलाकार सम्मिलित हुए जिनमें करन-प्रीता के धीरज धूपर तथा श्रद्धा आर्या, रणबीर-प्राची बने कृष्ण कौल तथा मुग्धा चापेकर, अगस्त्य-छोटी गुड्डन बने सावी ठाकुर तथा कनिका मान, ऋषभ-सृष्टि बने मनित जौरा, तथा अंजुम फकीह व क्रस्टल डिसूज़ा, सुरभि ज्योति, अविनाश मिश्रा तथा विरुष्का मेहता व दीपिका सिंह आदि भी उपस्थित हुए।

जश्न मिलन का, की शूटिंग के समय सृति झा तथा शाबिर अहलूवालिया के एक दूसरे में खोया एक्ट देखकर सभी चकित रह गए।

कुमकुम भाग्य के सितारे रोमांटिक गाने-वे माहीं तथा तू ही यार मेरा पर खूब झूमे और कहना ही होगा कि उनके बीच का सामंजस्य देखते ही बनता था। लेकिन अधिक आश्चर्य की बात ये थी कि हमारे प्रिय अभि और प्रज्ञा ने भी आश्चर्यजनक प्रस्तुति दी और वो भी बिना किसी रिहर्सल के। उनके मूव उनका संतुलन और एक दूसरे से समन्वय तथा अभिव्यक्ति देखते ही बनती थी। दोनों ने नृत्य में एक दूसरे का इतना अच्छा साथ निभाया कि प्रस्तुति में चार चांद लग गए।

अब बात जश्न मिलन का, ऐक्ट की करते हैं जिसके बारे में शाबिर अहलूवालिया ने बताया, 'सृति के साथ ये परफॉर्मेंस बहुत मस्तीभरी रही। हम पहले भी कई ऐक्ट कर चुके हैं लेकिन ये कुछ विशेष था। लेकिन हमें रिहर्सल के लिए समय नहीं मिल सका क्योंकि हम कुमकुम भाग्य की निरंतर शूटिंग कर रहे थे। इसके बाद हम महामारी के चलते किसी से संपर्क नहीं करना चाहते थे। यही कारण था कि हम सीधे सेट पर शूट करने ही आ गए। हम अपने कोरियाग्राफर के साथ रहे और फिर वहां से सीधे शूट पर निकल गए। सबकुछ ठीक रहा और हमें पूरा आनंद आया।'

सृति झा ने बताया, 'ये बहुत अच्छा ऐक्ट था। वहां पर गाने भी अच्छे थे। कोरियोग्राफी सरल और अच्छी थी। अत: हमारे लिए वहां के अनुकूल निभाना आसान था। शाबिर के साथ नाचना सदा से अच्छा लगता है। जश्न मिलन का, की शूटिंग पर बहुत आनंद आया।' सृति और शाबिर एक हुए तो आलिया बनी रेहाना पंडित एक नया ही मोड़ लेकर आ रही हैं। अब अभिज्ञा के जीवन में क्या होने वाला है ?




## राजू श्रीवास्तव भी हैं हप्पू के प्रशंसक

**अपने** विशिष्ट हास्य शैली के लिए जाने जाने वाले हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव ने बताया कि वो एंड टीवी के शोज़-भाभी जी घर पर हैं तथा हप्पू की उल्टन पल्टन के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। इन दोनों ही शोज़ में कानपुर की विशिष्ट शैली को एक नई पहचान दी है। ज्ञात हो कि राजू भी कानपुर के ही निवासी हैं और वो इन शोज़ के हाई वोल्टेज फैन हैं। अपने इन प्रिय शोज़ के बारे में राजू ने बताया, 'मैं कानपुर का ही हूं और मैं और मेरा परिवार इस शो को बहुत पसंद करता है। इन दोनों ही शोज में एक अपनापन है और इनमें धांसू कनपुरिया जुमले बोले गए हैं जो सभी को हंसाते हैं। हमनें इनके एक भी एपिसोड को मिस नहीं किया है। मैं हप्पूसिंह और उसके परिवार को बहुत पसंद करता हूं। उनके बीच की नोंकझोंक और कनपुरिया संवाद जैसे: न्यौछावर कर दो, अरे दादा, गुर्दे छील देंगे, घुइयां के खेत में, कंटाप, निंबू निचोड़ देंगे, भौकाल, चिरांद मुझे बहुत प्रिय हैं। सभी कलाकारों का चिकाई करने का अंदाज निराला है। मैं तो कहता हूं कि यदि आप यूपी या दिल्ली के निवासी हैं तो आप सौभाग्यशाली हैं क्योंकि डेन केबल के हर पैक में ये शो उपलब्ध हैं। दोनों शोज़ के नए एपिसोड देखकर सभी लोटपोट हो जाएंगे।' राजू की बात पर उत्तर देते हुए एंड टीवी पर हप्पू सिंह की उल्टन पल्टन में दारोगा बने बने योगेश त्रिपाठी ने कहा, 'राजू जी आपके स्नेह तथा उत्साहवर्धन के लिए बहुत बहुत धन्यवाद। हम अपने ही कानपुर के और भारत के एक बड़े मशहूर हास्य अभिनेता द्वारा प्रशंसा से अभिभूत हैं। अब इस खुशी के साथ हम एक और खुशी जोड़ देते हैं। तो खूब हंसते रहिये और एंड टीवी के शोज़ को अपने पूरे परिवार के साथ रोज मज़े से देखते रहिये।'

## संविधान दिवस पर केवडिया में प्रदर्शनी का आयोजन किया


**केवडिया ( गुजरात )।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने संविधान दिवस के मौके पर केवडिया में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसमें देश में लोकतांत्रिक परंपरा की यात्रा को दर्शाया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुजरात में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी स्थल पर बुधवार को पीठासीन अधिकारियों के 80 वें सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान ब्यूरो ऑफ आउटरीच कम्युनिकेशन ने 1600 वर्ग फुट क्षेत्र में मल्टीमीडिया प्रदर्शनी आयोजित की। मंत्रालय ने बताया कि तस्वीरों, प्लाज्मा डिस्प्ले, इंटरेक्टिव डिजिटल फ्लिप बुक, आरएफआईडी कार्ड रीडर, इंटरेक्टिव स्क्रीन, डिजिटल टच वाल के जरिए प्रदर्शनी आयोजित की गई। लोकसभा अध्यक्ष ने मल्टीमीडिया के इस्तेमाल की सराहना की और कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी से सूचनाओं को सुगमता से प्रसारित किया जाता है। मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, उन्होंने कहा कि दीर्घा में संविधान बनाए जाने के विभिन्न पड़ाव का प्रभावी तरीके से चित्रण किया गया



और भारत की लोकतांत्रिक परंपरा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए देश के अन्य हिस्सों में भी इस तरह की प्रदर्शनी आयोजित होनी चाहिए। मंत्रालय ने कहा, प्रदर्शनी में वैदिक काल से लिच्छवी गणराज्य से आधुनिक भारत तक देश की लोकतांत्रिक परंपरा के सफर को दिखाया गया। देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन 25 नवंबर और 26 नवंबर को किया गया। संविधान बनाने से जुड़े कार्यक्रमों की दुर्लभ तस्वीरें, संविधान सभा में बी आर आंबेडकर, राजेंद्र प्रसाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, श्यामाप्रसाद मुखर्जी आदि महत्वपूर्ण नेताओं के भाषणों के महत्वपूर्ण अंश भी प्रदर्शनी में दिखाए गए।

## नेपाल, चीन माउंट एवरेस्ट की संशोधित ऊंचाई की घोषणा करेंगे

**काठमांडू।** नेपाल और चीन जल्दी ही दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट की संशोधित ऊंचाई की संयुक्त रूप से घोषणा करेंगे। यह घोषणा चीनी रक्षा मंत्री की आगामी नेपाल यात्रा के दौरान की जा सकती है। यह जानकारी बृहस्पतिवार को मीडिया रिपोर्टों में दी गई है। नेपाल सरकार ने इस बहस के बीच चोटी की सही ऊंचाई को मापने का लक्ष्य रखा है कि 2015 में आए विनाशकारी भूकंप सहित विभिन्न कारणों से इसकी ऊंचाई में बदलाव आ सकता है। द राइजिंग नेपाल समाचार पत्र ने कहा कि सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा 1954 में की गई माप के अनुसार माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई 8,848 मीटर है। चीन की सरकारी संवाद एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार 1975 में, चीनी सर्वेक्षकों ने माउंट एवरेस्ट को मापा था और इसकी ऊंचाई समुद्र तल से 8,848.13 मीटर ऊपर बताई थी। काठमांडू पोस्ट के अनुसार बुधवार को हुई नेपाल के मंत्रिपरिषद की बैठक में माउंट एवरेस्ट की नई ऊंचाई की घोषणा करने के लिए भूमि प्रबंधन, सहकारिता और गरीबी उन्मूलन मंत्रालय को अधिकृत किया गया। माईरिपब्लिका समाचार पत्र ने सूत्रों के हवाले से कहा कि चीनी रक्षा मंत्री जनरल वेई फेंग की यात्रा के दौरान रविवार को दोनों देश एवरेस्ट की नई ऊंचाई की घोषणा करने की योजना बना रहे हैं।



मनाली में हिमपात के दौरान स्थानीय पशुओं पर बैठकर मौसम का आनंद उठाते पर्यटक

## इंडियन आइडल की टीम 'द कपिल शर्मा शो' पर

इंडियन आइडल का नया 12वां सीज़न इसी सप्ताह प्रारंभ होने वाला है। अत: इसके जज हिमेश रेशमियां तथा विशाल ददलानी का द कपिल शर्मा शो पर भव्य स्वागत किया जाएगा। उनके साथ आदित्य नारायण भी होंगे जो शो के होस्ट होंगे। मस्ती और हास्य के अलावा दर्शकों के लिए इसमें अधिक कुछ नहीं है। इसमें इंडियन आइडल के कुछ प्रतिभागियों से भी मिलने का दर्शकों को सौभाग्य मिलेगा जिसमें



मोहम्मद दानिश, शन्मुख प्रिया, सिरेशा भागवतुला, आशीष कुलकर्णी तथा अंजलि गायकवाड़ के नाम शामिल हैं। इन सभी गायकों ने कपिल शर्मा शो पर अपनी जुगलबंदी से सभी को चकित कर दिया। यदि इसे टीज़र कहा जाए तो इंडियन आइडल के 12वें सीज़न की प्रतीक्षा करना कठिन हो जाएगा जो नवंबर 28 को प्रीमियर होगा और हर शनि और रविवार को रात 8 बजे से प्रसारित होगा।

सीतापुर में दिखी किसान आंदोलन की चिंगारी...

# कृषि कानून के विरोध में किसान संगठन ने किया प्रदर्शन



सीतापुर-किसानों द्वारा प्रदर्शन को लेकर हाइवे पर मुस्तैद एसडीएम अमित भट्ट, सीओ व अन्य




सीतापुर-ज्ञापन के बाद वार्ता करती संगतिन नेत्री

संवाददाता। सीतापुर

**दिल्ली-हरियाणा** में हुए किसान आंदोलन की चिंगारी सीतापुर में दिखी। शुक्रवार को सैकड़ों किसान-मजदूर सड़कों पर उतरकर एग्रीकल्चर बिल के विरोध में प्रदर्शन किया। किसान यूनियन व संगठिन किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ता जीआईसी फील्ड में एकत्र हुए और मार्च करके कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार को ज्ञापन दिया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के प्रांतीय नेता उमेश पांडेय व संगतिन किसान मजदूर संगठन की संयोजिका ऋचा सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्यों की भाजपा सरकारें कॉर्पोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए तीन बिल पास किए हैं, खेती पर तीन कानून मंजूर नहीं है। किसानों के आंदोलन से निपटने को सरकारी मशीनरी सजग रही।

## ● हाइवे पर मुस्तैद रहा पुलिस प्रशासन

हाइवे पर चक्का जाम की आशंका को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस फोर्स मुस्तैद रहा। एसडीएम सदर अमित भट्ट, सीओ पीयूष् कुमार सिंह समेत अन्य अफसरों ने शहर समेत हाइवे का जायजा लिया। कनवाखेड़ा बाईपास चौराहे पर दोपहर तक पुलिस की कई गाड़ियां खड़ी रहीं।

## चर्चित अवर अभियंता पर दर्ज होगा केस

**सीतापुर।** परसेंडी ब्लॉक में कराए गए विकास कार्यों की शिकायत के बाद तत्कालीन बीडीओ अवर अभियंता यहां से गैर जनपदों को चले गए हैं, लेकिन उन्हें राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। उन पर सरकारी शिकंजा कसता जा रहा है। ब्लॉक प्रमुख रम्भा सिंह की शिकायत पर अयोध्या मंडल के संयुक्त निदेशक द्वारा की गई जांच में चर्चित अवर अभियंता पुष्पेंद्र वर्मा दोषी ठहराए गए हैं। उन पर विकास कार्यों में बारह लाख रुपये गबन का आरोप है। ऐसे में अब दोषी तत्कालीन अवर अभियंता पर केस दर्ज होगा। परसेंडी ब्लॉक में लाखों की लागत से विकास कार्यों

### ● जांच में बारह लाख के गबन में मिले दोषी, ब्लॉक प्रमुख ने शासन में की थी शिकायत

कराए गए थे। लेकिन विकास कार्यों में जिम्मेदारों द्वारा काफी अनियमितताएं बरती गई। ग्राम पंचायत मूसेपुर में हरिहरपुर मार्ग से मूसेपुर पुलिया तक खड़ंजा निर्माण कराया जाना था, लेकिन यह कार्य पूरा करने के बजाए बीच में छोड़ दिया गया। मौके पर ईंटा भी मौजूद नहीं था, लेकिन इस एवज में पैसा पूरा निकाल लिया गया। इसी प्रकार अन्य विकास कार्यों में कुछ ऐसा ही गड़बड़झाला किया गया। आधे-अधूरे कार्य कराए गए, मगर पैसा पूरा निकाल लिया गया। विकास कार्यों में धांधली को लेकर ब्लॉक प्रमुख रम्भा सिंह ने शासन में इसकी शिकायत की थी। इस मामले की जांच शासन ने अयोध्या मंडल के संयुक्त निदेशक को सौंपी थी।जांच शुरू होने से पहले ही परसेंडी ब्लॉक में तैनात खंड विकास अधिकारी रचना गुप्ता का शासन ने फिरोजाबाद स्थानांतरण कर दिया था। जबकि चर्चित अवर अभियंता पुष्पेंद्र वर्मा को यहां से हटाकर लखीमपुर खीरी में संबंद्ध कर दिया था। अयोध्या के संयुक्त निदेशक की जांच में चर्चित अवर अभियंता पुष्पेंद्र वर्मा बारह लाख के गबन के दोषी पाए गए। ऐसे में अब शासन ने दोषी अवर अभियंता के खिलाफ केस दर्ज कराने को कहा है। इस मामले में सीडीओ संदीप कुमार ने बीडीओ परसेंडी को पत्र भेजकर संबंधित के खिलाफ केस दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

## सर्दी में ठिठुरते दिखे मासूम

### ● पू.मा.वि. नकारा में पुलिस ने बच्चों को सिखाए यातायात नियम

**बिसवां सीतापुर।** शुक्रवार को शिक्षक खुद को ऊनी कपड़ों में लपेटे थे, मगर मासूमों के तन से ऊनी वस्त्र नदारद थ्थे, हालांकि वो स्कूली ड्रेस जरूर पहने थे। ऊनी वस्त्र न होने से वो कड़ाके की सर्दी में ठिठुरते नजर आए। मौका था बिसवां के पूर्व माध्यमिक विद्यालय नकारा में नवंबर माह में पुलिस विभाग द्वारा आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम का। लेकिन दूसरों को जागरूकता का पाठ पढ़ाने वाला बेसिक शिक्षा विभाग तनिष्क भी संजीदा नहीं दिखा। प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग में अध्ययनरत नौनिहालों के लिए यूनिफॉर्म समेत ऊनी स्वेटर देने का प्राविधान कर रखा है। ये स्वेटर अक्तूबर माह में वितरित होने थे, पर सीतापुर में बेसिक शिक्षा विभाग स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित नहीं कर पाया है, हालांकि स्वेटर क्रय करने को विभाग में टेंडर प्रक्रिया जरूर अपनाई जा रही है, मगर अभी तक टेंडर फाइनल नहीं हो सके हैं। इधर, कड़ाके की सर्दी शुरू हो चुकी है। लेकिन अभी तक स्कूली बच्चों को स्वेटर ध्वितरित नहीं हो पाए हैं। ऐसे में नौनिहाल ठंडक में ठिठुर रहे हैं।

**बच्चों ने सीखे ट्रैफिक नियम:** कम्पोजिट विद्यालय नकारा क्षेत्र बिसवां में आयोजित कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी बिसवां जिंतेंद्र बहादुर चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। जिलामंत्री संकेत वर्मा ने अतिथियों का स्वागत कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पुलिस उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र व महिला कांस्टेबल शोभा ने यातायात बच्चों से जागरूकता संबंधी प्रश्न पूछे। संचालन ब्लॉक मंत्री सुनील बाजपेयी ने किया। इस मौके पर उपेंद्र सिंह,पुतान सिंह, संगीता, शालिनी, साफिया खातून, अपर्णा सिंह,किरन वर्मा, शैलेश मिश्रा, नेहा श्रीवास्तव, मो0मंसूर आलम, जमील खा, दिलीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

सलामी लेकर की वर्दी टर्न आउट के लिए एसआई-आरक्षी की प्रशंसा...

## कप्तान के निरीक्षण में सब हुए पसीना-पसीना..!

### ● जमकर लगवाई अधिकारियों-कर्मचारियों की दौड़, जाना क्वार्टर गार्द का हाल, दी मातहतों को हिदायत

संवाददाता। सीतापुर

**रिजर्व पुलिस** लाइंस में होने वाली परेड का निरीक्षण करने जब खुद एसपी आरपी सिंह पहुंचे तो उन्होंने मौजूद मातहतों की जमकर दौड़ लगवाई। दौड़ लगाते ही पुलिस अधिकारी-कर्मचारी पसीना-पसीना हो गये। मिली जानकारीनुसार दरअसल पुलिस लाइंस में प्रत्येक सप्ताह होने वाली मंगलवार-शुक्रवार परेड में तय सेड्यूल के अनुसार महकमे का कोई शीर्ष अधिकारी विजिट करता है। शुक्रवार की परेड में जब खुद पुलिस मुखिया पहुंचे तो उन्होंने सलामी लेने के बाद शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों की खूब वर्जिस कराई। इस दौरान एसपी ने उपनिरीक्षक रामजतन यादव व आरक्षी गोविंद कांत पीआरवी खैराबाद के वर्दी टर्न आउट की प्रशंसा की और सभी को इसी प्रकार उच्च कोटि के टर्न आउट बनाये रखने की हिदायत दी गयी। इसके बाद क्वार्टर गार्द का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों का मुआयना किया गया एवम् संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



सीतापुर-पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसपी आरपी सिंह

## एसडीएम ने किया केन्द्र का निरीक्षण



ऐलिया-किसानों की समस्याएं सुनने पहुंची एसडीएम

संवाददाता। सीतापुर

**राजकीय धान** क्रय केंद्र इमलिया सुल्तानपुर (फर्रुखपुर) में तीन दिन से तौल न होने के चलते राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के महामंत्री पिंदर सिंह के नेतृव में लगभग 30 किसान क्रय केंद्र पर धरने पर बैठ गए। जिसकी सूचना पाकर एसडीएम सदर अमित भट्ट मौके पर पहुंचे। जहाँ क्रय केंद्र पर ताला लटक रहा था और उसी के बाहर किसान धरने पर बैठे हुए थे। जिस पर एसडीएम ने केंद्र प्रभारी शुभम चौधरी को बुलाया और रजिस्टर मांगे जिसके बाद सूचना पाकर क्रय केंद्र पहुंचे केंद्र सचिव से जानकारी ली जिस पर वह कुछ बोल न पाए और रजिस्टर में लहरपुर व अन्य क्षेत्रों के किसानों के धान की तौल रजिस्टर पर चढ़ी थी। जिससे एसडीएम सदर अमित भट्ट ने प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह को केंद्र सचिव प्रेम सागर को पुलिस कस्टडी में लेने का आदेश देते हुए। तौल शुरू करने का आदेश दिया। एसडीएम के आदेश के बाद तुरन्त तौल शुरू हुई। और एसडीएम ने कहा लाइट की व्यवस्था करो सारा धान तौल जाना चाहिए।

थाना हरगांव इलाके का मामला

## शराब पिलाकर महिला से सामूहिक दुष्कर्म ?

### ● पीआरवी की टीम ने पहुंचाया अस्पताल



**सीतापुर।** थाना हरगांव इलाके में 2 अज्ञात युवकों ने शराब पिलाकर एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर दिया। यह आरोप सीएचसी हरगांव में लेटी एक महिला ने लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार गुरुवार को वह अपनी ससुराल लखीमपुर से मायके तम्बौर जा रही थी। देर रात हो जाने पर उसने गुजर रही मैजिक के चालक से गन्तव्य तक छोड़ देने की बात कही। मैजिक चालक ने उसे बिठा लिया। आरोप है कि महिला के अकेले होने का फायदा उठाते हुए चालक और उसका साथी उसे किसी अन्य जगह ले गये। इस दौरान महिला द्वारा विरोध किए जाने पर दोनों उसकी पिटाई कर दी और फिर शराब पिलाकर उसके सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों उसे ब्लाक कार्यालय के करीब डालकर चले गये। स्थानीयों की सूचना पर पहुंची पीआरवी टीम ने उसे सीएचसी हरगांव पहुचाया। मामले में जब थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्र से बात की गयी तो उन्होंने ने बताया कि पीड़िता ने पीआरवी के सामने तो सामान्यत: यात्रा के दौरान बेहोश होने की बात कही थी। अभी खुद जाकर मैं जानकारी करता हूं। अगर ऐसा कुछ पाया जाता है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### कोरोना के मिले पांच नए केस




**सीतापुर।** कोरोना बचाव को लेकर जनमानस की जागरूकता का सीतापुर में पॉजिटिव रिजल्ट दिख रहा है। कोरोना के आंकड़े अन्य जनपदों की तरह तेजी से नहीं भाग रहे हैं। पिछले 24 घंटे में सीतापुर में 5 नए मरीजों की पहचान की गई है। शहर के कटहली बाग व रोटीगोदाम में 1-1 केस मिला है। हरगांव, लहरपुर व मिश्रिख में भी 1-1 केस की पहचान की गई है। इसी के साथ सीतापुर में कुल पॉजिटिव मामले 4,581 हो गए हैं। जिले में कोरोना के मरीज कम जरूर मिल रहे हैं, लेकिन लापरवाही नहीं बरतनी है। क्योंकि डेथ रेट में बढ़ोत्तरी जारी है। अभी तक सीतापुर में कोरोना से 70 की जान जा चुकी है। आधा सैकड़ा से अधिक गंभीर कोरोना मरीज लखनऊ के अस्पतालों में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं।

**● कोरोना से अबतक 70 की जा चुकी जान, 4,581 पॉजिटिव मामले**

### प्रशासन ने पूरी की एमएलसी चुनाव की तैयारी

**सीतापुर।** एमएलसी चुनाव को लेकर प्रषासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में संवाददाताओं से वार्ता करते हुए जिलाधिकारी विषाल भारद्वाज ने बताया कि पहली दिसम्बर सुबह 8 से 5 बजे तक वोटिंग होगी, खण्ड स्नातक निर्वाचन के 14 मतदान केन्द्रों पर 50 मतदेय स्थल बनाये गये हैं, वहीं 17 मतदेय स्थल शिक्षक निर्वाचन के हैं। मतदेय स्थलों पर एक-एक माइक्रो आब्जर्वर एवं वीडियोग्राफी कैमरामैन की तैनाती भी की गयी है, निर्वाचन से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका नम्बर 05862-242333 है।

### पकड़ी गई अवैध कच्ची शराब

**सीतापुर।** अवैध शराब कारोबारियों पर कार्यवाही करते हुए अलग-अलग थानों की पुलिस ने 70 लीटर कच्ची शराब के साथ 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। कमलापुर पुलिस ने सर्वाधिक 40 लीटर, तालगांव पुलिस ने 20 व रामपुर कला पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब पकड़ी है। पकड़े गए अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी है।

### सांसद प्रतिनिधि से अभद्रता, दरोगा लाइन हाजिर

**सीतापुर।** मछरेहटा थाने के दरोगा गोविन्द सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उन पर सांसद अशोक रावत के प्रतिनिधि से अभद्रता करने का आरोप है। सूत्रों के अनुसार षुक्रवार देर षाम गोविन्द सिंह मछरेहटा इलाके में चेकिंग कर रहे थे, इसी दरम्यान सांसद प्रतिनिधि वहां से गुजरे, गाड़ी रोंकने को लेकर दरोगा व प्रतिनिधि के बीच तकरार हुई, ऐसे में प्रतिनिधि ने दरोगा की बात सांसद से कराने की कोषिष की, लेकिन दरोगा ने सांसद से बात करने से मना कर दिया, इससे नाराज होकर सांसद ने दरोगा की शिकायत शासन में कर दी, कुछ ही देर बाद दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया।

### चौकीदार ने की थी साथी की हत्या

**पिसावां/बरगावां सीतापुर।** दो दिन पूर्व थाना पिसावा इलाके में हुए मजदूर हत्याकांड में क्रय केंद्र के चौकीदार ने ही डण्डे पीट-पीटकर मजदूर की थी। वारदात के 36 घण्टे के भीतर पुलिस ने यह खुलासा किया है। पुलिस ने हत्यारोपी के दिखाए स्थान से आलाकत्ल भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार मृतक रामप्रसाद निवासी ढल्लिया थाना रामकोट काफी दिनों से चौकीदार रामसागर के साथ रहकर मजदूरी कर पेट पालता था। वारदात के दिन नशें की हालत में दोनों के बीच मजदूरी के पैसे को लेकर झगड़ा हो गया। चौकीदार रामसागर ने मृतक से घर चलकर पैसे देने की बात कही। घर की ओर कुछ दूर जाने पर दोनों के बीच झगड़ा इतना बढ़ गया कि चौकीदार ने रामप्रसाद की डण्डे से पीट-पीटकर कर हत्या कर दी। पोस्टमार्टम में भी मौत का कारण मृतक के सिर में चोट लगना निकला था। आरोपी को संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। गिरफ्तारी टीम में थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह, एसआई अरविंद कटियार, हेड कांस्टेबल श्री कृष्ण यादव, कांस्टेबल विपिन कुमार, मनोज कुमार शामिल रहे।

### कसमंडा ब्लॉक में शिक्षक संकुल बैठक हुई संपन्न

**कसमंडा सीतापुर।** विकासखंड कसमंडा के शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन आज खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील सिंह के दिशा निर्देश पर मानपारा ,महोली ,मोहत्तेपुर, बसाईडीह, सरौराकला, न्योराज पुर के संकुल में की गई बैठक शिक्षक संकुल के द्वारा अध्यापकों को मिशन प्रेरणा के लक्ष्यों को लेकर विस्तार पूर्वक बताया गया कसमंडा में तैनात ए आर पी हिमांशु शुक्ला के द्वारा संकुल मानपारा के यूपीएस स्कूल मानपारा में बैठक मिशन प्रेरणा लक्ष्यों के प्रति अध्यापकों को प्रेरित किया गया एवं सक्रिय पुस्तकालय ,रीडिंग कॉर्नर एवं शैक्षिक नवाचारो को आपस में साझा करते हुए विद्यालयों एवं ब्लॉक को प्रेरक ब्लॉक बनाने के लिए प्रेरित किया गया एवं उक्त संकुल में ए आर पी मनोज कनौजिया, नीलम वर्मा, मदनेश मिश्रा एसआरजी के द्वारा भी शिक्षकों को प्रेरित किया गया बैठक में संकुल शिक्षक अवधेश शुक्ला, गिरिजेश मिश्र, अयाज अहमद, कमलेश कुमार, रंजन सिंह सहित संकुल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रही।

### डेंगू से हुई एक और मौत

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली के मोहल्ला प्रेम नगर में 18 वर्षीय बालिका की डेंगू से हुई मौत हो गई। प्रेम नगर के राजू मिश्र की बेटी आशी का लखनऊ में इलाज चल रहा था। सिधौली के निजी अस्पताल में फायदा ना होने पर परिजन उसे लखनऊ ले गए थे। परिजनों का कहना है कि जांच में डेंगू की पुष्टि हुई थी। नगर सिधौली सहित गड़िया, जटपुरवा, टड़ई आदि गांवों में संदिग्ध बुखार से हो चुकी है लगभग एक दर्जन मौतें पहले भी हो चुकी थी।

डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर ने भेजा किसानों के खातें में पैसा

## किसानों को मिला 13 करोड़ 25 लाख बकाया गन्ने का भुगतान

संवाददाता। सीतापुर

**किसानों के** लिए राहत भरी खबर है। पिछले पेराई सत्र का किसानों का बकाया भुगतान शुरू हो गया है। बृहस्पतिवार को सीतापुर जनपद की डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर रामकोट ने बकाया गन्ना मूल्य के 13 करोड़ 25 लाख रुपये का भुगतान कर के पुराने गन्ने का पूरा भुगतान निल कर दिया। बड़ी संख्या में किसानों के बैंक खातों में बकाया गन्ना मूल्य पहुंच गया। इसके बाद चीनी मिल पर गन्ना किसानों का पुराना कोई भुगतान नहीं बचा है। चीनी मिल में जिले के लाखों से अधिक किसान गन्ना बेचते हैं। नियम के मुताबिक गन्ना की तौल होने के 14 दिनों के अंदर भुगतान किसान के बैंक खाते में पहुंच जाना चाहिए, लेकिन ऐसा होता नहीं है। इस सबके बीच राहत भरी खबर यह है ,कि डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर ने 13 करोड़ 25 लाख रुपये का भुगतान किसानों के बैंक खातों में बृहस्पतिवार को भेजा है। चीनी मिल ने पिछले कुछ दिनों में भुगतान को लेकर जो संजीदगी दिखाई हैं, उसी का नतीजा है कि पिछले पेराई सत्र का शत प्रतिशत भुगतान हो गया। चीनी मिल ने गन्ना पेराई सत्र 2019-20 में खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के बैंक खातों में भेज दिया है। इससे किसानों के चेहरे पर खुशी आ गई है। चीनी मिल के उप अधिशासी निदेशक टी एन सिंह ने बताया कि मिल ने गन्ना पेराई सत्र 2019-20 में खरीदे गए गन्ने का पूरा भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया गया है।



टीएन सिंह

## विकास के नाम पर हर चुनाव जीतती है भाजपा: गोविंद नारायण शुक्ला

### ● लहरपुर में हुआ स्नातक सम्मेलन

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**देश और** प्रदेश के जमीनी विकास और कार्यकर्ताओं के विश्वास के सहारे भारतीय जनता पार्टी हर चुनाव जीतती रही है शिक्षक और स्नातक वर्ग समाज का अति महत्वपूर्ण बौद्धिक वर्ग है जो सदैव समाज को एक दिशा दिखाता रहा है इस चुनाव में यह वर्ग भाजपा प्रत्याशी के नाम के आगे 1 का अंक लिख कर एक बार फिर भाजपा नेतृत्व को मजबूती प्रदान कर समाज की दिशा और दशा को स्थाई आधार देने का काम करेगा। यह उद्गार भाजपा उत्तर प्रदेश के महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने कही। जिला अध्यक्ष अखिल मेहरोत्रा, सफीपुर उन्नाव के विधायक बंबा लाल दिवाकर, विधायक सुनील वर्मा उपस्थित रहे। लहरपुर विधानसभा संयोजक आचार्य अरुण सिंह ने आए हुए अतिथियों का परिचय कराया कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता भगवानदीन त्रिवेदी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य वीरेंद्र पुरी, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, जिला संयोजक सुधाकर शुक्ला, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख परमेश्वर भार्गव नगर मंडल अध्यक्ष रामे बाजपेई परसेंडी मंडल अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव लहरपुर देहात मंडल अध्यक्ष उत्तम वर्मा आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नवल किशोर मिश्र बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद बाजपेई वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश्वर त्रिपाठी जिला पंचायत सदस्य उमाशंकर वर्मा महेंद्र अवस्थी उत्तम शर्मा भाजपा नेता अखिलेश दीक्षित पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।




सीतापुर- भाजपा उ.प्र. के महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला का स्वागत करते विधायक सुनील वर्मा

### सांसद ने की स्नातक चुनाव की बैठक

**● स्नातक एमएलसी के प्रत्याशी को जिताने की अपील**

**मिश्रिख सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे स्नातक एमएलसी के प्रत्याशी अवनीश पटेल के समर्थन में कल्लुमल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सांसद अशोक रावत, विधायक रामकृष्ण भार्गव, विधानसभा संयोजक रामगोपाल अवस्थी, मुनीन्द्र अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा पवन मिश्र पतौजा, मंडल अध्यक्ष गण भास्कर मिश्र, अजय सिंह, अभिषेक त्रिपाठी, सतीश शास्त्री, मनोज पांडेय, कमलाकांत सभासद आदि ने संबोधित कर अवनीश पटेल के समर्थन में वोट लेने की अपील की समर्थन में सहयोग देने के लिए बड़ी संख्या में प्रधान ,सभासद, अधिवक्ता गण सम्मानित प्रबुद्ध गण व भारतीय जनता पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन मिश्रिख देहात मंडल अध्यक्ष भास्कर मिश्र द्वारा किया गया संचालन अंकित शुक्ला द्वारा किया।



मिश्रिख-सम्बोधित करते सांसद अशोक रावत

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 28 नवंबर 2020



# किशोर की मौत से भड़की भीड़ ने लगाई बस को आग

● बारातियों से भरी थी बस, स्कूटी लेकर गया था बच्चा

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**जिले में** बस ने एक स्कूटी सवार किशोर को टक्टर मार दी। किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद भीड़ लग गई। इस दौरान कुछ उपद्रवियों ने बस में आग लगा दी। बस बारातियों को लेकर लौट रही थी। इस दौरान पुलिस और भीड़ में झड़प भी हो गई। जानकारी मिलने पर पहुंचे अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी।

बारात लेकर आ रही बस ने गढ़ी रोड पर 16 वर्षीय ध्रुव सक्सेना की स्कूटी में टक्टर मार दी। इस दौरान ध्रुव बस के पिछले पहिये के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक और परिचालक बस मौके पर छोड़कर भाग निकले। इससे मौके पर चीख पुकार मच गई। वहीं कुछ उपद्रवियों ने बस में आग लगा दी। बस से उठी लपटों को देखकर लोगों में भगदड़ मच गई। सूचना मिलने पर एडीएम डा. अरुण कुमार सिंह, एएसपी अरुण कुमार सिंह, सीओ सिटी भारी पुलिस बल और फायर बिग्रेड के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जब शव उठाने की कोशिश की तो लोग पुलिस से भिड़ गए। कार्रवाई की मांग करने लगे। अफसरों के काफी समझाने के बाद लोग माने और शव उठाने दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ध्रुव घर का इकलौता चिराग था। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह और एसपी विजय ढुल पीएसी के साथ मौके पर पहुंचे। घटना स्थल का निरीक्षण किया। लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। डीएम शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। कानून व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण में है।

## एसडीएम ने रोडवेज पर बने रैन बसेरे का किया औचक निरीक्षण

● ईओ को दिए नियमित सफाई के निर्देश

● सुरक्षा की दृष्टि से सिपाही भी तैनात करने को कहा

संवाददाता मोहम्मदी-खीरी



**शासन के** दिशा-निर्देश पर बढ़ती ठंड को देखते हुए तहसील प्रशासन द्वारा रोडवेज बस स्टैंड के समीप एक रैन बसेरा गरीबों, असहाय राहगीरों तथा दूर दराज से आने वाले यात्रियों की दिक्कतों को देखते हुए उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला के निर्देश पर बनाया गया। इसमें रहने की सभी समुचित व्यवस्था के साथ-साथ गद्दा, रजाई और कंबल की व्यवस्था के साथ-साथ साफ-सफाई और सुरक्षा की व्यवस्था कराई गई है।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी भी साथ रहे। एडीएम ने राहगीरों, गरीब असहाय व्यक्तियों की सुविधा का ध्यान रखने, पालिका ईओ को प्रतिदिन सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने, सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षाकर्मी तैनात करने तथा असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। व्यवस्थाओं की देख-रेख की जिम्मेदारी लेखपाल दीपक वर्मा सहित अन्य कर्मचारी को दी गई है। वह प्रतिदिन मानीटरिंग करेंगे। एसडीएम ने बताया कि बाहर से आने वाले या अन्य असहाय किसी व्यक्ति को ठंड के मौसम में ठहरने की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगीए शासन की गाइड लाइन के अनुसार ठंड से बचाव के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है जिसमें आप सभी का भी सहयोग जरूरी है।

## सपा कार्यकर्ताओं ने अधिवक्ताओं से एमएलसी प्रत्याशी के पक्ष में मांगे वोट



**खागा (फतेहपुर)।** होने वाले एमएलसी चुनाव को लेकर इलाहाबाद झांसी खण्ड स्नातक के सपा प्रत्याशी डॉ0 मान सिंह यादव के पक्ष में नगर अध्यक्ष कलीम शेख के नेतृत्व में लगभग दर्जनों से अधिक कार्यकर्ताओं ने तहसील में अधिवक्ताओं से अपील किया।

नगर अध्यक्ष ने बताया कि इलाहाबाद झांसी खंड स्नातक सपा प्रत्याशी डॉ0 मान सिंह यादव के पक्ष में दर्जनों से अधिक साथियों के साथ तहसील परिसर में अधिवक्ताओं से संपर्क कर वोट मांगे और उन्होंने बताया कि साथ ही सभी अधिवक्ताओं के बस्तो व चैम्बरो में जा-जाकर प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक वोट करने की अपील की गई है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रबुद्ध सभा प्रदेश सचिव दिनेश तिवारी, विधानसभा प्रभारी खागा संगीता राज पासी, अंकित यादव छात्र सभा, रविंद्र यादव लोहिया वाहिनी जिला उपाध्यक्ष, आरिफ कुरैशी नगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, अंशु यादव पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, अकरम हाशमी, अजय सोनी नगर उपाध्यक्ष, शिव सिंह यादव पूर्व नगर अध्यक्ष, रवि बाल्मीकि नगर सचिव, वकार अहमद, हनुमान यादव, धर्मेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## खीरी पहुंचे चुनाव प्रेक्षक आईएएस भुवनेश कुमार

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**शुक्रवार** को कलेक्ट्रेट सभागार में लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन के प्रेक्षकध्आब्जर्वर आईएएस भुवनेश कुमार ने निर्वाचन मे लगाए गए माइक्रो ऑब्जर्वर के साथ बैठक की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रेक्षक भुवनेश कुमार ने कहा कि सभी माइक्रो ऑब्जर्वर निर्वाचन प्रक्रिया पर अपनी पैनी नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी एवं माइक्रो ऑब्जर्वर आपस में बेहतर तालमेल एवं समन्वय स्थापित करते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराएं। प्रशिक्षण में निसंकोच अपनी शंकाओं का समाधान कर लें। पोलिंग पार्टी के जाने से वापस आने तक माइक्रो ऑब्जर्वर की बड़ी एवं महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्णए निष्पक्षए स्वतंत्र एवं निर्भीकता के साथ पूरी निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्ण कराएं। सभी माइक्रो ऑब्जर्वर सजगता के साथ अपने कार्य दायित्वों को निष्पादित कर कुशलतापूर्वक निर्वाचन को संपन्न कराएं। आयोजित बैठक में डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज ग्राउंड से पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएगी। मतदान कार्मिकों को मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके लिए संबंधित को निर्देशित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित 61 माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई। पुलिस अधीक्षक विजय दुल ने कहा पोलिंग पार्टी के सहयोग हेतु पुलिस कर्मियों की पर्याप्त मात्रा में निर्वाचन हेतु ड्यूटी लगा दी गई है। निर्वाचन के दौरान आप सबकी सुविधाओं का पूरी तरह से ख्याल रखा जाएगा। प्रभारी अधिकारी ;प्रशिक्षणद्ध रामकृपाल चौधरी ने बताया कि पोलिंग पार्टी द्वारा किस प्रकार से एवं किन.किन सावधानियों को दृष्टिगत रखते हुए सकुशल संपन्न कराने के लिए बारीकियों के बारे में गहनता से प्रशिक्षण के माध्यम से दो बार जानकारी दी गई है।

उन्होंने पोलिंग पार्टी में शामिल पीठासीन अधिकारी के साथ.साथ मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय के कार्य दायित्वों के संबंध में विस्तार से दी गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक विजय दुल, प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार व जिला प्रशिक्षण अधिकारी राज किशोर सहित निर्वाचन में लगाए गए सभी माइक्रो आब्जर्वर मौजूद रहे।

## ट्रेड यूनियनों ने सड़कों पर उतर कर किया गुस्से का इजहार

संवाददाता। बरेली



**10 केंद्रीय** श्रम संगठनो और स्वतंत्र फेडरेशनो के आवाहन पर आयोजित हड़ताल का खासा प्रभाव रहा, बैंक बीमा आम बीमा के साथ आयकर कार्यालय के ताले तक नही खुले, बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के बैनर तले प्रात: 11 बजे आयकर विभाग मे रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता मे जोरदार कार्यक्रम आयोजित हुआ, कार्यक्रम के शुरू मे हमेशा की तरह प्रगतिशील सांस्कृतिक मंच ने जोशीले गीतो से कार्यक्रम मे ऊर्जा का संचार किया। महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने हड़ताल के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए सरकार की नीतियो को जनविरोधी बताया उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को बाबा साहब अम्बेडकर द्वारा देश को सौंपे गए संविधान मे पूंजीपतियो के हित मे हो रहे परिवर्तनो से देश का किसान, श्रमिक और कर्मचारी त्रस्त है इसी कारण आज देश का 25 करोड़ मेहनतकश विरोध मे उतरा है। अध्यक्षता करते हुए रविन्द्र सिंह ने सरकार द्वारा सार्वजनिक उपक्रमो के निजीकरण के प्रयासो को जन विरोधी बताया। यू पी बी ई यू के जिला मंत्री दिनेश सक्सेना ने बैंको के घटते ब्याज का विरोध किया उन्होंने कहा पूंजीपतियो को कम ब्याज पर लोन दे कर सरकार जनता की बैंक मे जमा पूंजी पर ब्याज घटाती जा रही है, जो अमानवीय कदम है। ट्रेड यूनियंस फेडरेशन की उप महामंत्री और बीमा कर्मचारी संघ की महामंत्री गीता शांत ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार केवल एक एजेंडा पर काम कर रही है कि किस तरह जनता का शोषण कर पूंजीपतियो का फायदा किया जाये। 1 घटे प्रदर्शन के बाद बैंक कर्मचारी नेता पी पी सिंह, रंजन मोहले, अनुराग,लाईक अहमद, रमीज अली, चरण सिंह यादव, अरुण कुमार, आर के श्रीवास्तव के नेतृत्व मे बाइक रैली से तमाम बैंक कर्मचारी हड़ताल स्थल पहुंचे। प्रदर्शन को कई बुजुर्ग लीडर्स एस पी मिश्रा उर्फदद्दा, सुधीर उपाध्याय, गोपाल वर्मा के अलावा ललित चौधरी, सुनील जैन, अरविंद देव सेवक सहित तमाम लीडर्स ने सम्बोधित किया कार्यक्रम का शानदार संचालन आयकर के योगेश पाल ने किया।

## पुलिस ने दस लाख रुपये की अफीम बरामद की, एक गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** तिलहर पुलिस ने मादक पदार्थो की तस्करी वाले एक तस्कर को एक किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब दस लाख रुपये बताई गई है। पकड़े गए तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। गुरुवार देर रात तिलहर पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक युवक अफीम की तस्करी करने जा रहा है। सूचना के हरकत में आयी पुलिस टीम ने सरयू पुलिया पर चौकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक युवक को रोकर उसकी तलाश ली तो उसके पास से अफीम बरामद हुई। पकड़ा गया युवक बरेली के थाना फरीदपुर के ग्राम महमदपुर का रहने वाला रवि वर्मा है। उसके पास बरामद अफीम की कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में करीब दस लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसके नेटवर्क की जानकारी पुलिस कर रही है।

## जिला कृषि रक्षा अधिकारी नोडल ऑफिसर नामित

**शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 के द्वारा दिनांक 21 नवम्बर, 2020 तथा आयुक्त बरेली रटर्निंग आफिसर के पत्र दिनांक 01.12.2020 को सम्पन्न होने वाले मतदान के प्रतिषत् की 02-02 घण्टे के अन्तराल की सूचना सम्बन्धित मतदेय स्थलों के सेक्टर (स्टेटिक) मजिस्टेट्रों से प्राप्त कर आयुक्त, बरेली मण्डल, बरेली तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 को उपलब्ध कराये जाने के लिए कलेक्ट्रेट, शाहजहांपुर स्थित इंटीग्रेटेड कोविड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर (कन्ट्रोल रूम नम्बर- 05842 220017ए 220018ध्220019) के लिए षिवषंकर, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, शाहजहांपुर को नोडल अफिसर नामित किया गया हैं, जिनका मोबाइल नम्बर 9838730345 है। नामित नोडल आफिसर द्वारा जनपद के समस्त 10 मतदेय स्थलों की सूचना प्राप्त कर जनपद की संकलित सूचना सम्बन्धितों को उपलब्ध कराई जायेगी।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने जिले की शिक्षिका गीता को राष्ट्रीय पुरस्कार से किया सम्मानित

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)



**केंद्रीय शिक्षा** मंत्री डॉ0 रमेश पोखरियाल निशंक ने ऑनलाइन कार्यक्रम के तहत बेसिक शिक्षा में देश के नवाचारी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे देश भर के 26 नवाचारी अध्यापकों को केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने ऑनलाइन प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ये पुरस्कार लॉक डाउन के दौरान किए गए अभिनव प्रयोगों के लिए दिया गया। देश भर के नवाचारी शिक्षकों में जनपद के देवमई ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मुरारपुर की प्रधानाध्यापिका गीता यादव का भी सम्मान हुआ। प्रधानाध्यापिका के नवाचार लॉक डाउन शिक्षा सारथी के लिए उन्हें चयनित किया गया। उनके नवाचारी प्रयासों के लिए जनपद स्तर एवं राज्य स्तर पर पहले भी कई बार सम्मान प्राप्त हो चुका है। पुरस्कार प्राप्त होने के बाद उन्होने ये सम्मान अपने गाँव के उन युवक-युवतियों को समर्पित किया। जिन्होने कोविड जैसी विषम परिस्थितियों में भी बच्चोँ की पढाई पर ब्रेक नहीं लगने दिया।

केंद्रीय शिक्षा के नेतृत्व एवं नवाचार उत्सर्जन के प्रणेता श्री अरबिंदो सोसाइटी एवं इस पुनीत कार्य मे सहयोग कर रहे एचडीएफसी बैंक के तत्वावधान में लॉक डाउन के दौरान अभिनव प्रयोग के दृष्टिगत कार्य संपादित कार्य करने वाले देश भर के 26 शिक्षकों के सम्मान में अद्वितीय आयोजन किया गया। शिक्षा मंत्री द्वारा इतने सुंदर शब्द चयन को सुनने के पश्चात शिक्षकों के हृदय में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। उनके शब्द के आपके माध्यम से वे आपके मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराऊंगा ने मानो तन में संजीवनी फूंक दी हो। मास्टर ट्रेनर रामकृष्ण एवं उपस्थित समस्त महनीय हस्ताक्षरों का आभार प्रकट करती हूँ एवं आप सभी को विश्वास दिलाती हूँ कि कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन रॉड स्मिथ द्वारा संकल्पित वचन भारत ने इस विश्व को बहुत कुछ दिया है को सफलीभूत करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहूँगी।

## नकली खाद के मकड़जाल पर प्रशासन का शिकंजा

● जिले में 400 नकली खाद बरामद, दो लोग गिरफ्तार, जिला अधिकारी ने मीडिया से वार्ता कर जानकारी दी





संवाददाता। शाहजहांपुर

**जिले में** फैले नकली खाद के मकड़जाल पर जिला प्रशासन के आदेश पर शिकंजा कसा गया सुचना पर जिला कृषि अधिकारी पुलिस टीम ने छापेमारी कर नकली खाद की 400 बोरी बरामद करने में सफलता पाई पुलिस ने नकली खाद के गोरखधंधे में लिप्त दो व्यापारियों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया।

जिला अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह व पुलिस अधीक्षक एस आनन्द,ने संयुक्त रुप से प्रेस की कॉन्फ्रेंस में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में नकली खाद बेच कर किसानों को गुमराह कर करने वालों के विरुद्ध अभियान में कृषि विभाग व जनपद पुलिस ने सूचना पर बराकला में शराब ठेके के सामने खड़ी पिकअप से 44 बोरी खाद बरामद करने में सफलता पाई पुलिस ने पिकअप चालक धर्मेंद्र कुमार ने पूछताछ करने पर मामला खुलता चाला गया

उसने बताया पंकज वर्मा ने 60 खाद बोरे लेकर तिलहर भेजा था जिसमे 16 बोरी उसके बताए पते पर एक आदमी को सौप दिए 44 बोरी खाद गाड़ी में है टीम ने एक बोरी को खोल कर देखा तो उसमें डी0ए0पी की नकली और उर्वक मिला। गिरफ्तार धर्मेंद्र कुमार की निशानदेही पर निगोही रोड पर एक दुकान के सामने पंकज वर्मा पुत्र विजय वर्मा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार पंकज वर्मा की निशानदेही पर एक दूकान से इफ्को डी0ए0पी की 45 बोरी व आई0पी0एल डी0ए0पी की कुल 36 बोरी बरामद हुई तथा दूसरी दुकान से सम्राट कोल्ड जिप्सम दानेदार कैल्शियम सल्फेट की 261 बोरी बरामद की गई।पूछताछ पर पंकज वर्मा ने आयुष गोयल से उर्वक प्राप्तहोने की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने व्यापारी आयुष गोयल को गिरफ्तार किया तथा एक गोदाम से 144 बोरी नकली डी0ए0पी और उर्वक इफ्को कंपनी का बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्त पंकज वर्मा व आयुष गोयल को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। सूत्र बताते है नकली खाद का खेल जिले में पिछले लम्बे समय से चल रहा है जिला प्रशासन इसको किस हद तक खत्म कर पाने में कामयाब होगा यह देखने वाली बात होगी।

## क्विक न्यूज

### गर्भवती महिला का सी-सेक्शन करने वाली टीम सम्मानित

**लखीमपुर-खीरी।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा एसीएमओ डा. रविंद्र शर्मा एवं एसीएमओ डा. आरपी दीक्षित की अध्यक्षता में जिला महिला अस्पताल कोविड-19 वायरस से पीड़ित गर्भवती महिला का सफल आपरेशन करने वाली टीम को सम्मानित किया गया। आरती श्रीवास्तव जिला कोऑर्डिनेटर रेडक्रास ने जानकारी देते हुए कहा कोविड 19 वायरस से पीड़ित गर्भवती महिला का सफल आपरेशन करने वाली टीम में सीएमएस डा. नसरीन रसूल, नोडल डा. अभिषेक साहू, सर्जन डा. सुषमा सिंह, निश्चेतक डा. संतोष कुमार मिश्रा, बाल रोग विशेषज्ञ डा. अजय कुमार, सिस्टर मीरा जैदी, स्टाफ नर्स अमिता, स्वीपर सुनीता, आया ऊषा यादव एवं रेनू, सहायक संजय व स्वीपर अनीता शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि गुप्ता, आजीवन सदस्य आर्येन्द्र पाल सिंह, अनुराग सक्सेना, मनोज श्रीवास्तव, बबिता सक्सेना, वरिष्ठ लिपिक महेश कुमार, सुनीता सिंह व हर्यक सिंह आदि स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

### कोतवाली के माध्यम से लगे दो पीए सिस्टम

**मोहम्मदी-खीरी।** कोतवाली मोहम्मदी के माध्यम से दो पीए सिस्टम (पब्लिक एड्रेस सिस्टम) कोतवाली की सौ मीटर की परिधि में लगाए गये हैं। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शांति व्यवस्था तथा शासन की गाइड लाइन के अनुसार कोविड-19 को देखते हुए यह सिस्टम लगाए गए हैं। इसकी मशीन एप्स कोतवाली में रखी गई है। चिप के माध्यम से जनता को लगातार संदेश और दिशा-निर्देश दिए जाते रहेंगे। उन्होंने बताया अगर कोई विशेष संदेश शासन या पुलिस के माध्यम से संज्ञान में आता है वह कोतवाली में बैठकर ही माइक के माध्यम से जनता को उचित दिशा निर्देश तथा अन्य संदेश अवगत कराया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि जनपद के 22 थानों में यह सिस्टम कल से शुरू हो गया है जिसकी मॉनिटरिंग मेरे माध्यम से लगातार की जाती रहेगीएसभी से अनुरोध है कि कोतवाली से जारी संदेश को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को जरूर सुने

### जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**निघासन-खीरी।** लखनऊ की समाजसेवी संस्था प्रताप सामाजिक सेवा संस्थान के द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, एब्लान पब्लिक स्कूल, रामाधीन इंटर कालेज बम्हनपुर, राजा प्रताप इंटर कॉलेज सिंगाही, उग्रसेन इंटर कॉलेज तिकुनियां व शोभा रानी इंटर कॉलेज सहित विभिन्न विद्यालयों मं किया गया। छात्र-छात्राओं को तंबाकू से होने वाले रोगों, उनके निवारण, रोगों की रोकथाम से संबंधित जानकारियां दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थाध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र ने की। इस इस दौरान आलोक कुमार शुक्ला व प्रभाकर मिश्र सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

### मंदबुद्धि ग्रामीण की ट्रेन से कटकर मौत

**बरेली।** मानसिक रूप से कमजोर एक ग्रामीण की कल शाम घर से दूर रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर बात हो गई। पुलिस ने उसकी लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बदायूं के वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया सतासी निवासी 62 वर्षीय मान सिंह पुत्र उदल सिंह कि कल शाम आंवला थाना क्षेत्र के गांव करेंगी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के भाई मित्र पाल ने बताया कि मानसिंह मानसिक रूप से कमजोर था और अक्सर बिना बताए घर से जाने के बाद वापस लौट आता था। कल दोपहर में वह घर से बाहर निकला था। लेकिन वापस नहीं लौटा। शाम के समय करेंगी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन पार करते समय उसकी ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी दौरान घर वालों को भी उसकी ट्रेन से कटकर मौत की जानकारी मिल गई। जो आज पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और लाश की शिनाख्त कर ली। मृतक अविवाहित था ।

### कार की चपेट में आकर युवक की मौत

**बरेली।** खेत पर जा रहे एक युवक को आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।फरीदपुर थाना क्षेत्र के ऊंचा मोहल्ला स्थित भूरे खान कोटिया निवासी 18 वर्षीय आशिक कि आज सुबह गांव से कुछ ही दूरी पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के घर वालों ने बताया कि आशिक आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर मिर्च के एक खेत में मजदूरी पर काम करने के लिए घर से निकला था। लगभग आधा किलोमीटर दूर जब वह जनता ढाबे के पास पहुंचा। तभी सड़क पार करते समय बरेली की तरफसे आ रहीं तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने कार और उसके चालक को पकड़कर दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्ट मार्टम के लिए भेज कर कार चालक को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। उसके माता पिता की पहले ही मौत हो चुकी है।

### तांगे से टकराई बाइक, अध्यापक की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार एक अध्यापक की आज सुबह तांगे की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बहेड़ी थाना क्षेत्र के अब्बास नगर निवासी मोहम्मद अहमद पुत्र शफी अहमद कि आज सुबह रिछा के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के भाई सफीक अहमद ने बताया कि मोहम्मद अहमद लखीमपुर खीरी के प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक थे और आज सुबह वह अपने किसी काम से रिछा गए थे। जहां से वापस लौटते समय मोहम्मद की मोटरसाइकिल अचानक बेकाबू हो गई और सामने से आ रहे तांगे से टकरा गई। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतक के घर वालों को सूचना देकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक 5 बच्चों का पिता था।

### एचटी लाइन से छुआ टेंट का पाइप, मजदूर की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम उमरा में शुक्रवार की सुबह टेन्ट लगाते समय एचटी लाइन से पाइप छू जाने पर लगभग 30 वर्षीय एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार उमरा गांव निवासी स्व0 स्वदेशी का पुत्र ओम प्रकाश टेन्ट लगाने का काम करता था। बताते हैं कि आज सुबह गांव के ही व्यक्ति के घर में शादी समारोह का कार्यक्रम था। जिस पर वह टेन्ट लगा रहा था। इसी बीच लोहे का पाइप एचटी लाइन से छू गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। उधर पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की जान गई

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के उमरिहा के समीप देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 30 वर्षीय एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार चांदपुर थाना क्षेत्र के रेंगना गांव निवासी राम आसरे निषाद का पुत्र घनश्याम गुरूवार की शाम लगभग छह बजे जाफरगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत उमरिहा बाजार आया था। सामान लेकर वापस अपने गांव जा रहा था। जैसे ही वह उमरिहा से कुछ दूर पहुंचा तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी सावित्री देवी, शिवम छह वर्ष, शैलेन्द्र पांच वर्ष, चार वर्षीय खुशी व तीन वर्षीय शालिनी समेत दो माह का मासूम बच्चा छोड़ गया है।

### किसानों ने प्रदर्शन कर जाम लगाया, सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर।** लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर भारतीय किसान यूनियन ने प्रदर्शन कर जाम लगाया प्रदर्शन के बाद किसान नेता ने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौपा इस दौरान जाम के कारण कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी लाइन लग गई। पुलिस ने जाम को बमुश्किल खुलवाया भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मंडल अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह ने कहा किसानों का धान औने पौने दामों में खरीदा जा रहा है, यह किसानों के साथ अन्याय है। मांग की कि किसानों का धान सरकारी रेट पर ही खरीदा जाए ज्ञापन के दौरान कहा गया कि तिलहर में पूर्व में हुए रेल रोको आंदोलन के दौरान कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया था, अब उन कार्यकर्ताओं पर पुलिस और आरपीएफउत्पीड़नात्मक कार्रवाई कर रही है, उसे रोका जाए। करीब चार घंटे तक हाईवे जाम रहा। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी ने किसान यूनियन के नेताओं से ज्ञापन लिया। फिर जाम खुल सका। इस दौरान राम प्रताप वर्मा, हरविंदर सिंह, संजीव अवस्थी, रामपाल प्रजापति, महिला कार्यकर्ता आदि बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में तीन की मौत

**शाहजहांपुर।** जिले में हुए एक रोड हादसे में कम्बाइन मशीन को ट्रक ने मारी टक्कर मार दी जिससे कम्बाइन मशीन को सही कर रहे चार लोगो में से तीन की मौके पर मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया। अल्हागंज क्षेत्र के ठिंगरी दौलतपुर गांव के सामने शुक्रवार की सुबह छह बजे इलाहाबाद से पंजाब जा रहे ट्रक ने हाईवे पर खराब खड़ी को चार लोग सही कर रहे थे। हादसे में मरने वालों में बरेली के शीशगढ़ निवासी गुडडू कुरैशी, शीशगढ़ का ही भूरा और रामपुर के कैमनी निवासी अमर सिंह शामिल है। चौथा व्यक्ति जख्मी हो गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा।

# 1857 के शहीदों की याद की कुर्बानी

संवाददाता। औरैया



**शहीदों** और सैनिकों को समर्पित संस्था भारत प्रेरणा मंच ने देवकली मन्दिर के समीप स्थित स्मारक पर दीप जला कर 1857 के शहीदों को सलाम किया। इसी स्थान पर पहली क्रांति के दौरान गोरों की पलटन से औरैया के जांबाजों का भीषण संग्राम हुआ था और 18 रणबांकुरों ने स्वतंत्रता की बलिवेदी पर आहुति दी थी। कार्यक्रम में भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण व पूजन के बाद 18 शहीदों की याद में दीपक जलाए गए। मंच के महासचिव अविनाश अग्निहोत्री ने बताया कि तत्कालीन इटावा कलक्टर एओ ह्यूम ने औरैया क्षेत्र में सक्रिय क्रान्तिकारियों के दमन के लिए नवम्बर 1857 में लखना के जमींदार ईश्वर चन्द्र और जसवन्त राव के साथ विशाल अंग्रेजी सेना भेजी थी। ब्रिटिश सेना औरैया में देवकली मन्दिर के समीप पहुंची तो मन्दिर में शरण लिए क्रान्तिकारियों अपने नायक रामप्रसाद पाठक के नेतृत्व में हर.हर महादेव की हुंकार करते हुए मोर्चा खोल दिया। सिर पर कफ़न बांधे क्रांतिवीरों ने इस युद्ध में ब्रिटिश सेना के चार अधिकारियों समेत कई सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया। तीन दिन तक ब्रिटिश सेना के साथ चले भीषण युद्ध में रामप्रसाद पाठक ने अपने 17 साथियों के साथ भारत माता को फिरंगियों से आजाद कराने के लिए अपनी शहादत दी थी। मंच के अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि अजय अंजाम ने कहा कि प्रशासन ने जो शिलालेख कुछ वर्ष पूर्व यहां लगवाया है उसमें 12 अगस्त 1942 को तहसील भवन पर तिरंगा फहराने के प्रयास में शहीद हुए छः क्रांतिवीरों के नाम लिखे हैं। यह पत्थर तहसील परिसर में स्थानांतरित कर यहां क्रांतिवीर रामप्रसाद की स्मृति का शिलालेख लगाया जाना चाहिए। पूर्व कैप्टन राजेंद्र प्रसादए श्याम प्रताप सिंह सेगर ए अजय कुमार माथुरए दीपक कुमारएसुरेश सिंह सेगर ने इस मांग का पुरजोर समर्थन किया। मंच के पदाधिकारी केके चतुर्वेदी ने कहा कि जल्द ही एक शिष्टमंडल इस मांग को लेकर जिलाधिकारी से भेंट करेगा। कवि गोपाल पांडेय ने शौर्य की रचनाएं सुना कर माहौल देशभक्तिमय कर दिया। मौजूद लोगों ने राष्ट्रगीत वन्देमातरम का सस्वर गान कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आधा दर्जन बाइकों सहित चोर गिरफ्तार

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कायमगंज–फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थित टेढ़ी कोन छाया ग्रह के पास घेराबंदी कर एक बाइक सवार व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसके पास जो बाइक है, वह चोरी की है। अभियुक्त ने अपना नाम उदयवीर पुत्र बालक राम निवासी गांव ख्वाजा अहमद कटिया थाना शमशाबाद बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने चुरा कर लाई गई 6 बाइकें और बतायीं। जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया। बाइक चोर उदयवीर के अनुसार यह सभी बाइकें उसके द्वारा जनपद कन्नौज तथा जिला शाहजहांपुर से चुराकर यहां बेचने के लिए लाई गई थी। वाहन चोर की मंशा पूरी होने से पहले ही प्रभारी निरीक्षक डॉ0 विनय प्रकाश राय व उप निरीक्षक संतोष कुमार हेड कांस्टेबल सत्यपाल एवं कांस्टेबल सूरज कुमार, सचिन कुमार व भूपेंद्र सिंह की टीम ने घेराबंदी करके उसे गिरफ्तार कर लिया।

# कबड्डी प्रतियोगिता भिंड की टीम विजयी

संवाददाता। लखना



**बकेवर** कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में भिंड की टीम ने जसवन्तनगर की टीम को पराजित कर चैंपियनशिप जीती। भिंड कबड्डी टीम के कप्तान प्रशान्त शर्मा को ही मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। विजेता उपविजेता टीम को आयोजक ब्लॉक प्रमुख महेवा अशोक चौबे द्वारा पुरुस्कृत किया गया। कस्बा बकेवर में सती मन्दिर पर बकेवर महोत्सव के उपलक्ष्य में कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। टूर्नामेंट का फाइनल मैच मध्यप्रदेश के भिंड जनपद की कबड्डी टीम व जसवंतनगर की टीमों के मध्य हुआ। जिसमें भिंड की टीम ने 24 अंक अर्जित किये। जबकि जसवंतनगर की टीम मात्र 18 अंक ही अर्जित कर सकी। इस पर भिंड की टीम को विजेता व जसवंतनगर की टीम को उपविजेता घोषित किया गया।पहला सेमी फाइनल मैच भिंड व अहेरीपुर की टीमो के मध्य हुआ जिसमें भिंड की टीम ने 29 अंक बनाये अहेरीपुर की टीम 17 अंक ही बना सकी। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में इटावा व जसवंतनगर की टीमों के बीच हुआ। जिसमें जसवंतनगर की टीम 25 अंक अर्जित कर विजेता बनी।टूर्नामेंट में 7 कबड्डी टीमों भिंडए जसवंतनगरए इटावाए उरेंगए अहेरीपुरए व बकेवर की टीमें ने भाग लिया था।कार्यक्रम के आयोजक बकेवर महोत्सव के अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख महेवा अशोक चौबे ने टूर्नामनेट की विजेता मध्य प्रदेश भिंड की टीम के कप्तान प्रशान्त शर्मा को 51 सौ रुपये व उपविजेता टीम जसवंतनगर के कप्तान राजीव यादव को 21 सौ रुपये का पुरुस्कार व ट्रॉफी प्रदान की। रेफरी की भूमिका अन्नू शर्माए विष्णु त्रिपाठीए ने स्कोरर की भूमिका अनिल शर्मा ने निभाई। इस मौके पर कमेटी के अन्य पदाधिकारीगण राजेन्द्र बाबू त्रिपाठीए मोनू उपाध्यायए प्रधानपति बकेवर देहात योगेंद्र चौहान डल्लेए पंचम चौधरीए पुरुषोत्तम मिश्राए राहुल शुक्लाए मयंक राज दुबेए रोहित चतुर्वेदीए प्रशान्त मिश्राए आलोक मिश्राए आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राहुल शुक्ला ने किया।

# एक्सपायरी दवा से दो बच्चियों को स्किन रोग

संवाददाता। इटावा

- भरथना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत के ग्राम मोढ़ी की घटना, शिकायत करने पर दुकानदार ने धमकाया
- क्षेत्र की चर्चित पंसारी की दुकान से खरीदी थी खुजली की दवा, पंसारी दुकान बंद कर फरार, पुलिस तलाश में जुटी

**भरथना** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नकली और एक्सपायरी दबाईयों के खेल धमाके के साथ चल रहा है। प्रशासनिक अधिकारी इस खेल से पूरी तरह वेखबर बने हुए है।

आपको बतादें की इन दिनों भरथना में पहले दबाईयों की बिक्री लाइसेंसधारी ही किया करते थे। लेकिन इन अब जीबन रक्षक की दबाइयाँ दिनों किसी भी मेडिकल स्टोर के अलावा परचून या पंसारी की दुकान से भी खरीदी जा सकती है। जबकि इन परचून व पंसारी को इन जीबन रक्षक दबाईयों का कोई मतलब तक पता नही होता है। यह खेल सिर्फ प्रशासन की अनदेखी के चलते भरथना में खेला जा रहा है।

ताजा घटना का खुलासा बीती बीस तारीख को तब सामने आया है जब क्षेत्र के ग्राम मोढ़ी निबासी कन्हैया पुत्र राम नाथ ने भरथना कोतवाली में एक तहरीर देकर भरथना के पुरानी गल्ला मंडी नेविलगंज स्थित एक बहुचर्चित जड़ी बूटी बिक्रेता पंसारी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई गई। आपको बतादें कि पीड़ित पिता अपनी दो नावालिग पुत्रियों के खुजली रोग दूर करने की दबाई लेने इस पंसारी के पास गया जिसने उसे एक शीशी थमा दी और कहा कि इसी से सबकी खुजली ठीक हुई है तुम लेजाओ। पीड़ित पिता ने अपनी तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया है कि उक्त शीशी से निकले तेल को लगाने से खुजली तो दूर नही हुई ऊपर से उसकी बच्चियों की खाल चमड़ी बुरी तरह से उधड़ गई है। पीड़ित पिता जब पंसारी पास शिकायत करने पहुँचा तो पंसारी ने उसे कुछ समझाने के बजाय उसे धमका कर भगा दिया। पीड़ित पिता अब अपनी दोनों घायल बच्चियों के इलाज एक निजी चिकित्सालय से करा रहा है। भरथना पुलिस वहुचर्चित पंसारी की खबर लेने मौके पर पहुँचती इससे पहले पंसारी अपनी दुकान बन्द कर फरार हो गया है। पुलिस पंसारी की तलाश कर रही है।

अब देखना यह है कि प्रशासन इन बिना लाइसेंसधारी दबाई बिक्रेताओं के विरुद्ध जांच चैकिंग अभियान कब चलता है। और इन धोकेबाज दुकानदारों व पंसारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही करता है।

## पिछड़ा वर्ग योजना में किसानों को वितरित किए गए चेक

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक शाखा कायमगंज में कृषक कल्याण के अंतर्गत अति पिछड़ा वर्ग योजना के चेक वितरित किए गए। चेक वितरण कार्य भाजपा नेत्री मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉक्टर मिथिलेश अग्रवाल एवं शाखा प्रतिनिधि लालाराम शाक्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर कृषक पाल नगर निवासी कुंवर पाल व राकेश पाल को चेक उपलब्ध कराए गए। इस ऋण योजना में लाभार्थी किसानों से जी टी वार्षिक ब्याज की दर से ब्याज लगाकर वापसी की जाएगी। चेक वितरण कार्यक्रम अवसर पर मुन्ना लाल गुप्ता एवं बैंक शाखा प्रबंधक राघवेंद्र तिवारी आंकिक सुनील कुमार राजेश कटिहार, योगेश चंद्र तिवारी सहित कई कृषक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# वैज्ञानिक तरीके से की गई खेती से होता है अधिक लाभः हरि शंकर

संवाददाता। जसवंतनगर



**कृषि** विभाग द्वारा सब मिशन ऑनलाइन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विशेष तौर पर महिला किसानों को रबी की फसलों के अधिक उत्पादन की नवीनतम तकनीकी जानकारी दी गई।

ब्लाक क्षेत्र के पंचायत ग्राम सिरहौल में आयोजित गोष्ठी में कृषि विभाग के कृषि वैज्ञानिक हरीशंकर दीक्षित व प्रकाश नारायण त्रिपाठी ने नारी सशक्तिकरण से सम्बंधित महिलाओं व किसानों को रबी मौसम में होने वाली फसलों के अधिक उत्पादन के लिए नवीन तकनीकी की जानकारी देते हुए कहा कि किसान अगर सामान्य तरीके से हटकर खेती में वैज्ञानिक तकनीकी अपनाएगा तो वह अपने खेत से फसलों का अधिक उत्पादन कर सकता है। सहायक कृषि विकास अधिकारी यश यादव व प्राविधिक सहायक संजीव कुमार सहित सहायक तकनीकी प्रबंधक कपिल कुमारए पंकज बाबू ने भी मौजूद किसानों को भूमि शोधनए बीज शोधन एवं खर पतवार नियंत्रण के साथ पौधरोपण के लाभ से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि भूमि व बीज का शोधन कराने तथा खेत में खर पतवार का नियंत्रण करके अथवा खत्म करके खेत में फसल का अधिक उत्पादन लिया जा सकता हैए इसके लिए किसान को जागरूक होने की आवश्यकता है। कृषि विभाग द्वारा दी जा रही सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में बताया।

गोष्ठी में राजवीर सिंहए संदीप सिंहए अरविंद प्रतापए वीर सिंह तौमर सही आधा सैकड़ा से भी अधिक महिला.पुरूष किसान आदि मौजूद रहे।

## प्रेस क्लब ने पुलिस को भेंट किये 1100 मास्क

**जसवंतनगर,इटावा।** शुक्रवार को प्रेसक्लब जसवंतनगर की ओर से थाना कोतवाली जसवंतनगर के थाना प्रभारी रमेश चंद्र को 1100 मॉस्क प्रदान किये गए। पुलिस से अपेक्षा की गई कि वह इन मॉस्क का वितरण उन लोगों को रोक रोककर करेगी ए जो बिना मास्क लगाए नगर में घूमते हैं। प्रेसक्लब जसवंतनगर के अध्यक्ष वेदव्रत गुप्ता के नेतृत्व में नगर के एक दर्जन से ज्यादा पत्रकारों का एक शिष्टमंडल कोतवाली पहुंचा और नगर की समस्यायों खासतौर से अतिक्रमणए जाम लगने और घातक रूप से फैल रहे कोरोना संक्रमण पर पुलिस प्रशासन से चर्चा की। इस अवसर पर कोरोना से प्रभावी ढंग से बचाव के मद्देनजर मॉस्क की उपयोगिता पर अपनी सहमति जताते थाना प्रभारी ने कहा कि मास्क न लगाने वालों पर जुर्माना शुरू किया गया है। उन्होंने पत्रकारों से जागरूकता में सहयोग की अपील की।

# सामुदायिक शौचालय में गंदगी का अंबार

संवाददाता। घाटमपुर

**एक** ओर जहाँ केंद्र व प्रदेश की सरकार स्वाच्छ भारत का नारा दे लोगों को खुले में शौंच करने से रोकने तथा घर में शौचालय बनवाने का अभियान चला रही है वहीं जिला योजना के अनुमोदन पर तहसील के मेन गेट के पास स्टेट हाइवे (मूसानगर रोड) पर बना सामुदायिक शौचालय में गनदगी का आलम है और इसी के चलते राहगीर और इर्द–गिर्द के दुकान दार नाक–मुहं ढ़क कर निकलने को बिवश है। बताया जाता है कि नगरीय क्षेत्र में करीब डेढ़ दशक पूर्व बैकल्पिक उर्जा बिकास संस्थान द्वारा बनवाये गये सामुदायिक शौचालय व वायो गैस कम्पलेक्स नकारा साबित हो रहे हैं, जबकि बेशकीमती जगह पर बने इन शौचालयों के सामने कब्जा कर दवंगों द्वारा गुमटी आदि रख ली हैं और पान मसाला तथा जलपान की दुकानें खोल ली हैं। बताया जाता है कि वर्ष 1997–98 में तत्कालीन बैकल्पिक उर्जा बिकास राज्य मंत्री भगौती प्रसाद सागर जो तत्कालीन बिधान सभा सीट भोगनीपुर से बिधायक थे ने पहल कर नगर पालिका में 4 सामुदायिक शौचालय व वायोगैस कम्पलेक्स स्वीकृत कराये थे। इनमें रोडवेज बस स्टेशन के अलावा तहसील मुख्यालय, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र और रेलवे स्टेशन रोड पर बनाये जाने थे। बस स्टाप, तहसील और सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के सामने तो सुलभ शौचालय बन गये थे लेकिन रेलवे स्टेशन रोड पर जगह न मिलने के चलते शौचालय नही बन पाया था। प्रत्येक में दस महिला व दस पुरूष यानी 20 सीटों वाले इन सामुदायिक शौचालयों में सफाई के लिए एक समरसेबिल पम्प लगा है इसके अलावा सामुदायिक शौचालयों में प्रकाश की ब्यवस्था के लिए वायोगैस काम्पलेक्स का निर्माण भी हुआ था बर्तमान में बस स्टाप का शौचालय जैसे–तैसे घसिट रहा है लेकिन सामुदायिक स्वास्थ केंद्र और तहसील गेट पर स्थित शौचालयों में सफाई नहीं होती है। और न ही इनमें पानी की ब्यवस्था है जबकि हाइवे किनारे होने से इन शौचालयों में लोग गंन्दगी करते रहते है यदपि इन दोनों शौचालयों की दीवालों पर लोगों को जागरुक करने के लिये स्वच्छ भारत अभियान के तहत कई तरह से श्लोगन लिखे है।

## दुर्घटना में घायल लोगों की सहायता के लिए दिया प्रशिक्षण

**कानपुर देहात।** अकबरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डा0 एमएच खान ने यातायात माह के दौरान मार्ग दुर्घटना में घायल हुये लोगों की सहायता के लिये प्रशिक्षण दिया। एसपी केशव कुमार चौधरी के निर्देशन में स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी ने उपस्थित ट्रैफिक पुलिस व पुलिस बलों को मार्ग दुर्घटना में घायल हुये लोगों का अतिशीघ्र सहायता उपलब्ध कराने के लिये प्रशिक्षित किया गया।


# यूपी किसान सभा ने किया विरोध प्रदर्शन




संवाददाता। बसरेहर

**उत्तर प्रदेश** किसान सभा ने केंद्र की मोदी सरकार ए हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बॉर्डर पर किसानों को अपने देश की राजधानी में ही न जाने देने की कड़ी आलोचना करते हुए उन पर आंसू गैसए लाठीचार्ज ए ठंडे पानी की बौछार और गिरफ्तारिओं की कड़ी निंदा करते हुए तीनों काले कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग की ।? तथा किसानों को राजधानी में प्रवेश करनेए गिरफ्तार किसानों को रिहा करने की मांग उठाई। पूरे प्रदेश भर में किसान सभा द्वारा विरोध कार्रवाई की जा रही है। किसान सभा के महामंत्री मुकुट सिंह द्वारा उक्त बयान जारी किया गया । इटावा के यासी नगर में पूर्व जिला अध्यक्ष अमर सिंह शाक्य और जिला मंत्री संतोष शाक्य के नेतृत्व में पुतला दहन और प्रतिरोध किया गया । जिले के करीब दर्जनभर स्थानों पर प्रतिरोध किया गया।

# बौद्ध कथा कार्यक्रम का फीता काटकर किया शुभारंभ



संवाददाता। औरैया

**गुरुवार** को विकास खंड औरैया के ग्राम महारतपुर में चल रहे बौद्ध कथा को सुनने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमार दुबे पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को बौद्ध के अनुशरण को सुनकर उसी के पद चिन्हों पर चलने की अपील की।

क्षेत्र के ग्राम महारतपुर में गुरुवार को बौद्ध कथा में पहुंचे पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमार दुबे ने कहा कि भगवान बौद्ध द्वारा समाज की विसंगतियों को दूर किए जाने के लिए कई अहम कार्य किए गए। बताया कि भगवान बौद्ध के व्यक्तित्व और सिद्धांतों के आगे कोई नहीं टिक सकताए जो बौद्ध धर्म को ठीक से समझ जाता है वह फिर इस धर्म को छोड़कर कहीं भी नहीं जाता है। बताया कि 35 करोड़ से अधिक लोग मानते हैं कि यह दुनिया का चैथा और सबसे बड़ा धर्म है। भगवान बुद्ध को गौतम बुद्धए महात्मा बुद्ध आदि नामों से भी जाना जाता है। वह संसार प्रसिद्ध बौद्ध धर्म के संस्थापक हैं। इसके अलावा उन्होंने बौद्ध धर्म के कई अनुशरण सुनाएं और उपस्थित लोगों से अपील की कि वह लोग भगवान बुद्ध के पद चिन्हों पर चलकर समाज को एक नई दिशा प्रदान करें। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजकों के अलावा श्री दुबे के दर्जनों समर्थक मौजूद रहे।

# प्रथम तिलक वशिष्ट मुनिकीन्हा पुनि सब विप्रन आयुष दीन्हा

संवाददाता। फर्रूखाबाद



**देश** में आज रामराज को स्थापित करने आवश्यकता है। रामराज में कोई अपराध नहीं होता था प्रजा स्वस्थ्य थी और श्रीराम के राज में देवता ही प्रजा तुल्य थी। मानस सम्मेलन के अंतिम दिन डॉ0 रामबाबू पाठक के संयोजन में चल रही मानस कथा में झांसी से आये मानस मनोहर अरूण गोस्वामी ने रामराज्याभिषेक पर कहा कि पुष्पक विमान से श्रीराम–सीता–लक्ष्मण–हनुमान–सुग्रीव व विभीषण सहित पूरी वानर सेना लंका से अयोध्या पहुँची श्रीराम के 14 वर्ष बाद अयोध्या वापस आने पर माताएं, भरत, शत्रुघ्न व पूरी प्रजा काफी हर्षित है। श्रीराम ने सभी भाईयों की जटाएं सुलझाकर नहलाया और स्वयं भी स्नान कर अपने को तैयार किया। गुरू वशिष्ट ने श्रीराम का विधि विधान से वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच तिलकर कर मुकुट पहनाकर राज्याभिषेक किया। सभी हनुमान, विभीषण व सुग्रीव तथा पूरी प्रजा रामराज्याभिषेक से आनंदित है। ''प्रथम तिलक वशिष्ट मुनिकीन्हा, पुनि सब विप्रन आयुष दीन्हा'' नगर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी एवं मानस प्रेमियों ने श्रीराम की तस्वीर पर तिलक कर आशीर्वाद लिया। बांदा से आये मानस विद्वान रामगोपाल तिवारी ने हनुमान चरित्र प्रसंग पर आपके और मैय्या सीता के बल से ही मैं लंका गया और वापस आया। श्रीराम ने हनुमान के अंहकार की परीक्षा लेते हुये कहा यह कैसे सम्भव हुआ। हनुमान ने उत्तर दिया आपने जो मुद्रिका दी उसमें छोटा स्वरूप बनाकर उसी में बैठकर सौयोजन समुद्र पार कर लंका गया और माता सीता को मुद्रिका दी और बदले में उनसे चूड़ामणि लेकर उसमें बैठकर आपके पास वापस आया। उरई–कालपी से आयी मानस कोकिला श्रीमती मिथलेश दीक्षित ने राम–रावण युद्ध पर कहा कि मेघनाथ व कुम्भकरण के मारे जाने के बाद रावण अकेला रह गया।

## कनेक्शन काटो अभियान से नगर की विधुत आपूर्ति धड़ाम

**घाटमपुर।** एक ओर जहाँ केंद्र व प्रदेश की सरकार द्वारा निजीकरण करने के बिरोध में बिजली कर्मचारी और अधिकारी आन्दोलन रत हैं वहीं घाटमपुर में बिजली कर्मचारी और अधिकारी बाकायेदारी वसूली और कनेक्शन काटो का अभियान चला रखा है। बाकायेदारी और कनेक्शन काटो अभियान के दौरान नगरीय क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी बन्द कर दी जाती है जिससे लोगों की जिन्दगी ठहर सी जाती है। बताया जाता है कि बिधुत बिभाग बीते 25 नवम्बर से बकायेदारी वसूली और कनेक्शन काटो अभियान चला रखा है ये अभियान सबेरे 10 से 3 बजे चलता है अवर अभियन्ता नगरीय क्षेत्र घनश्याम दुबे ने बताया कि इस अभियान में 4 टीमें नगर में बकायेदारी वसूली में लगी हैं जो घर घर जाकर बकाया वसूली और न देने पर कनेक्शन काटे जा रहे है अवर अभियन्ता के मुताविक दो से तीन लाख रुपये प्रतिदिन वसूली का लक्ष्य लेकर अभियान चलाया जा रहा है।

# डीएम ने की आईजीआरएस व विकास कार्यों की समीक्षा

संवादददाता। कानपुर देहात



**जिलाधिकारी** डॉ दिनेश चंद्र कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आइजीआरएस पोर्टलए धान क्रय केंद्रए पीएम स्ट्रीट वेंडर्सए श्रम विभागए पंचायत भवन निर्माण व सामुदायिक शौचालय निर्माणए छात्रवृत्तिए मुख्यमंत्री सामूहिक शादी कार्यक्रम आदि विभागों की विकास कार्य की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

जिलाधिकारी ने बैठक में आइजीआरएस पोर्टल की समीक्षा करते हुए कृषि विभागए शिक्षा विभागए जिला पूर्ति आदि विभागों डिफाल्टर की श्रेणी में शिकायत पाए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि 30 नवंबर तक हर हाल में सभी विभाग जो शिकायत पेंडिंग है तथा डिफाल्ट की श्रेणी में है उन्हें हर हाल में निस्तारण कराएं अगर किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफकार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आइजीआरएस पोर्टल शासन के शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है इसमें हर विभाग की समीक्षा की जाती है तथा सभी संबंधित विभाग शिकायत पेंडिंग न रखें उसका गुणवत्तापूर्ण ससमय निस्तारण कराएं।

वहीं जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम स्ट्रीट वेंडर्स में प्रगति लाएं किसी प्रकार की लापरवाही न की जाय। वही श्रम परिवर्तन अधिकारी को निर्देशित किया कि श्रम विभाग में जो शासन द्वारा योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका प्रचार प्रसार करा कर लोगों को लाभान्वित कराएं वहीं उन्होंने पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालय निर्माण में कम प्रगति होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को फटकार लगाई तथा निर्देशित किया कि सभी खंड विकास अधिकारी अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर कार्य करें वही खंड विकास अधिकारी अकबरपुरए डेरापुरए मलासा की कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि कार्य में सुधार लाएं अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे हैं।

वहीं उन्होंने छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि इस योजना के तहत छात्र छात्राओं को लाभान्वित कराएं ।

## विकास भवन का किया औचक निरीक्षण

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने विकास भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सहित विकास भवन के आरएस के अधिशासी अभियंता, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उप निदेशक कृषि आदि सहित ज्यादातर अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी को लगातार अधिकारियों के समय पर अपने कार्यालयों में उपस्थित को लेकर शिकायतें मिल रही थी इसी क्रम में आज जिलाधिकारी द्वारा प्रातः 10:20 बजे पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयों के उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया तथा कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि अधिकारी अपने कार्यालय में समय से उपस्थित रहकर लोगों की समस्यायें सुने तथा उसका निस्तारण करें व अपने पद के दायित्वों का निर्वाहन करें।

# जनता पुलिस के बीच कायम करें मित्रवत व्यवहार: एसपी


पुलिस कर्मियों से बात करते एसपी।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने शुक्रवार को परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का भ्रमण कर आरटीसी प्रभारी को निर्देश दिये कि 26 जनवरी के मद्देनजर प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों की परेड में सुधार करायें। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा का निरीक्षण कर डायल 112 के दोपहिया, चारपहिया वाहनों के हूटर बजवाकर व लाइट जलवाकर के देखे। जिन वाहनों के हूटर व लाइट खराब मिले, तत्काल बनवाने के निर्देश दिये। विभिन्न थानों में डायल 112 के कर्मचारियों से समस्यायें पूंछी। प्रभारी डायल 112 को निर्देश दिये कि कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश एचआरएसएम पोर्टल के माध्यम से मंजूर किये जायें, ताकि कर्मचारियों को परेशानी न हो। पुलिस लाइन में निर्माणाधीन 12 मंजिला आवासीय कालोनी का निरीक्षण कर ठेकेदार को हिदायत दी कि घटिया मटेरियल न लगायें। जिला नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर स्टोर रुम में पड़े फालतू सामान को स्टाक रजिस्टर से मिलान कर खाली करवाने के निर्देश प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिये।

उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक से कहा कि नियंत्रण कक्ष में दो कमरे डायल 112 के कार्यालय को दिये जायें। फील्ड यूनिट का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिया कि फील्ड यूनिट के स्टोर में रखे फालतू सामान का रजिस्टर से मिलान कर खाली करवायें। उन्होंने 184 रिक्रूट आरक्षियों के सम्मेलन में उन्हें सम्बोधित किया। जनता और पुलिस के बीच मित्रवत व्यवहार कायम करें, ताकि जनता का कोई व्यक्ति पुलिस को अपनी समस्या बताने से डरे नहीं। इस मौके पर सीओ मऊ सुबोध गौतम, सीओ राजपुर रामप्रकाश, प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह, पीआरओ वीरेन्द्र त्रिपाठी, आरटीसी प्रभारी हबीब उल्ला आदि मौजूद रहे।

## एंटी रोमियो टीमों ने छात्राओं को किया जागरूक

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर शासन से जारी नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के जारी मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम ने थाना मऊ के बस स्टैण्ड, शिवपुर तिराहा, बाजार रोड, आनन्दी माता मन्दिर व मानिकपुर एंटी रोमियो टीम ने विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया। अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम मानिकपुर ने सब्जी मंडी में सब्जी बेंच रही महिलाओं एवं शहर में छात्राओं को वूमेन पावर लाइन, महिला हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन सेवा, एम्बुलेंस सेवा, चाइल्ड हेल्पलाइन, स्वास्थ्य सेवा, एम्बुलेंस सेवा के नम्बर बताते हुए अपने थाने के सीयूजी नम्बर देकर जागरूक किया। कोरोना के नियमों का पालन करने की चेतावनी दी। एंटी रोमियो टीम सदस्यों ने छात्राओं, बालिकाओं के साथ घटित किसी भी प्रकार की समस्या के बारे में पूंछा। आवश्यकता पडने पर संबंधित थाना व एंटी रोमियो टीम के नम्बरों पर कॉल करने को कहा।

# विद्यालयों के साफ-सुथरा रहने से बनेगा पढ़ाई का माहौल: डीएम


छात्राओं को स्वेटर बांटते डीएम व सीडीओ।

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** शेषमणि पाण्डेय व सीडीओ अमित आसेरी ने कर्वी ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोलगदहिया में कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं को स्वेटर बांटे। शुक्रवार को डीएम व सीडीओ ने कोलगदहिया पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आपरेशन कायाकल्प के तहत 14 बिन्दु में कराये कार्यों का निरीक्षण किया। स्वच्छ शौचालय, हैण्डवाशिंग, स्मार्ट क्लास, रंगाई-पुताई, वाल पेन्टिंग आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों को साफ-सुथरा रहना चाहिए, ताकि अच्छे माहौल में बच्चों की पढाई हो सके। इस मौके पर बीएसए ओंकार राणा, एबीएसए चन्द्रमोहन सिंह, काननूगो गोकलेश ओझा, प्रधानाचार्य अशर्फीलाल सिंह, प्रधान रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### गौशालाओं में पर्दे और अलाव की करें व्यवस्था: अजीत

**चित्रकूट।** जिले की गौशालाओं में ठंड को देखते हुए पर्दे और अलाव की व्यवस्था करने की मांग बुन्देली सेना ने जिलाधिकारी से की है। व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में दस दिन समय लगेगा, तब तक ठंड भी जोरदार पड़ने लगेगी। बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि जिले की ज्यादातर गौशालाओं में टीनशेड की व्यवस्था है। गर्मी और बारिश के दिनों में तो शेड से काम चल जाता है, ठंड में बेजुबानों को बचाने के लिए आवश्यक उपाय करने जरूरी हैं। सभी गौशालाओं में बोरा, फट्टी या पन्नी के पर्दे लगाना और अलाव की व्यवस्था होनी चाहिए। प्रशासन अभी से मुस्तैदी दिखायेगा तब जाकर कहीं अगले दस दिनों में व्यवस्थाएं चौकस हो पाएंगीं। बुन्देली सेना ने अन्ना जानवरों की रक्षा-सुरक्षा के लिए जिलाधिकारी से मांग की है कि सभी गौशालाओं में गायों के चारे-पानी के इंतजाम और बेहतर किए जायें। जिला चिकित्सालय समेत सभी सीएचसी और पीएचसी में मरीजों व उनके तीमारदारों के लिए अलाव के प्रबंध किए जाने की बुन्देली सेना ने अपील की है। बताया कि रात्रि में ठण्ड बढ़ गई है। ऐसे में अलाव से लोगों को बड़ी सुविधा रहेगी।

### दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में हुई आरोपी को दस साल की सजा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर शहर कोतवाल अरुण पाठक व पैरोकार आनन्द कुमार ने अदालत में लम्बित मामले में गवाहों की समय से पेशी कराकर दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के आरोपी श्रवण कुमार वर्मा पुत्र स्व भोला निवासी गोंडा भरतकूप को दस वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया है। अपर सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार मिश्रा की अदालत में दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के आरोपी श्रवण वर्मा निवासी गोंडा के मुकदमे में प्रभावी पैरवी कर कोतवाल अरुण पाठक ने गवाहों की समय से पेशी कराई। अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ आनन्द ने मुकदमे में प्रभावी बहस की। नतीजतन न्यायाधीश प्रदीप मिश्रा ने आरोपी को दस वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। जुर्माना न देने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। इसी क्रम में चित्रकूट पीआरवी 2050 को सूचना मिली कि इनोवा गाडी में एक परिवार के लोग अस्थियां लेकर ललितपुर से संगम प्रयागराज विसर्जन करने जा रहे थे। मऊ सुरौंधा के पास चालक को नींद आने से गाडी पेड से टकरा गई। उसमें सवार आठ लोग में चार गम्भीर रुप से घायल हो गये हैं। पीआरवी कमांडर जुबेर अली व पायलट जयकरन यादव ने एम्बुलेंस से तत्काल सभी घायलों को भर्ती कराया।

### भाकियू ने चक्का जामकर सरकार विरोधी लगाये नारे

**चित्रकूट।** भाकियू ने राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय व तहसील अध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल की अगुवाई में तहसील राजापुर में तहसील परिसर के सामने चक्का जामकर केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों का विरोध करते हुए सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी कर दिल्ली में देश के किसानों पर आंसू गैस के गोले, वॉटर कैनल से हमले की घोर निंदा करते हुए चक्का जाम किया। जाम स्थल पर एसडीएम राजापुर ने किसानों से वार्ता कर जाम खुलवाकर ज्ञापन लिया। शुक्रवार को सैकडों की तादाद में किसानों ने सरकार के खिलाफनारेबाजी कर अध्यदेशा बिल वापस लेने के नारे लगाते हुए सरकार के खिलाफगुस्सा जाहिर किया। ब्लाक अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने कहा कि जिले में गौशालाओं पर गाय नही रहती। सड़को पर घूमती नजर आ रही सरकार किसानों की समस्याओं पर गम्भीर नही है। जिला उपाध्यक्ष उदयनारायण सिंह ने बताया कि धानक्रय केंद्रों में किसानों को भारी दिक्कत हो रही है। जिला इकाई के नाक के नीचे नवीन मंडी परिसर में केंद्र अभी तक संचालित नही हुआ है। जिला प्रशासन आंखों मे पट्टी बांधे है। भाकियू लगातार आवाज उठा रहा है, लेकिन प्रशासन बहरा हो गया किसानों की आवाज जिला प्रशासन तक नही सुनाई दे रही।

### मुकदमे में राजीनामा करने पर प्रधान प्रतिनिधि को धमकी

**राठ (हमीरपुर)।** एससी, एसटी एक्ट के मामले में गवाह बने प्रधान प्रतिनिधि को दबंग राजीनामा न करने को लेकर जानमाल की धमकी दे रहा है। पुलिस अधीक्षक सहित उच्च अधिकारियों को प्राथज्ना पत्र देकर अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरसैंडा निवासी अशोक कुमार यादव पुत्र बालाजी ने बताया कि वह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि है। 2015 में गांव के दबंग हुकम सिंह पुत्र महिपाल ने दलित नृपत पुत्र छेदालाल के ऊपर जानलेवा हमला करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया था। वह मुख्य गवाह बना था। अब उक्त दबंग राजीनामा न करने पर उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। दबंग की धमकी से भयभीत प्रधान प्रतिनिधि ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### रोडवेज बस से कुचलकर मासूम बालिका की मौत

**हमीरपुर।** सुमेरपुर क्षेत्र में आज देर शाम बांदा से हमीरपुर जा रही एक रोडवेज बस ने सड़क के किनारे खड़ी मासूम बालिका को कुचल दिया उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय बालिका ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। ग्राम क्योटरा डेरा निवासी शिवपूजन निषाद की पुत्री अंजना निषाद (5) अपनी एक सहेली के साथ सड़क के किनारे खड़ी थी देर शाम रोडवेज बस जो बांदा से हमीरपुर की ओर जा रही थी सड़क किनारे खड़ी मासूम बालिका को कुचल दिया यह देखकर लोग आनन-फानन में उपचार के लिए उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले गए लेकिन बालिका ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### किसानों ने रोड जामकर किया विरोध प्रदर्शन

**राठ (हमीरपुर)।** केंद्र सरकार द्वारा किसान विरोधी तीनों बिलों के विरोध में भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम अशोक कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। भाकियू के बुंदेलखंड महासचिव रामपाल सिंह चिकासी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संसद में किसान विरोधी कानून पारित किया गया। इन विधेयकों का विरोध देश विरोधी दलों किया तथा कहा कि इसमे किसान भिखारी बन जायेगा। लेकिन संख्यबल से किसानों के हितों की बलि चढ़ा दी गई।

### आपे से गिरकर वृद्ध घायल

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के बकरई गांव निवासी अशरफ अली आपे में बैठकर गांव जा रहा था। संतुलन बिगड़ जाने पर वृद्ध आपे से गिरकर घायल हो गया। मुस्करा थाना क्षेत्र बिहुंनी निवासी उमराव मार्ग दुर्घटना गिरकर घायल हो गया। इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया।

### भाजपा नेताओं ने जनसंपर्क कर गिनाई उपलब्धियां

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** आगरा खंड स्नातक चुनाव की सफलता के लिए सहकारी समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता नें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगर के प्रमुख मोहल्लों में सघन जनसंपर्क कर स्नातक मतदाताओं को पार्टी की उपलब्धियां व नीतियां गिनाकर जागरूक किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि वैश्विक आपदा कोरोना से उबारनें के लिए भाजपा सरकार ने जरूरी कदम उठाये हैं। शुक्रवार को सहकारी समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता नें कार्यकर्ताओं के साथ नगर के मोहल्ला शास्त्रीनगर सहित अन्य मोहल्लों में पहुंच कर भाजपा की नीतियों से स्नातक मतदाताओं को अवगत कराते हुये भाजपा प्रत्याशी डा. मानवेन्द्र प्रताप सिंह गुरूजी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होनें कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें युवाओं को तरजीह देकर आगे बढानें का कार्य किया जाता है। कहा कि भाजपा सरकार नें विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सभी वर्गो के लोगों को लाभान्वित करनें का कार्य किया है।

# घर-घर जाकर मतदान के लिए करें प्रेरित: चंद्रिका प्रसाद



बूथ सम्मेलन में बोलते भाजपा पदाधिकारी।

**चित्रकूट।** भाजपा स्नातक विधान परिषद चुनाव झांसी-प्रयागराज की चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में बूथ सम्मेलन की बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने की। मुख्य अतिथि सूबे के राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि बूथ से लेकर जिला स्तर तक प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी के साथ मतदाताओं से तीन बार सम्पर्क कर घर-घर जाकर मतदान के लिए प्रेरित करें। सभी को एक दिसम्बर को मतदान स्थल पर लाने की जिम्मेदारी निष्ठा से निभायें।

शुक्रवार को सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि बुन्देलखण्ड झांसी से लेकर प्रयागराज तक का बड़ा क्षेत्र एमएलसी चुनाव का होता है। जिसमें डॉक्टर, छात्र, वकील, शिक्षक ही स्नातक चुनाव में मतदान कर सकते हैं। पूरी तरह से मतदाताओं से सम्पर्क कर बूथ स्तर तक लाना कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। डॉ यज्ञदत्त शर्मा को भारी मतों से जिताना है।

# पहले जैविक एफपीओ के चेयरमैन बने रामकरण शुक्ला, कृषि विभागों के अफसरों ने किया स्वागत


रामकरण शुक्ला का माला पहना कर स्वागत करते डीडी कृषि व साथ में किसान

**हमीरपुर।** सरीला आर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी हमीरपुर के बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से आज रामकरण शुक्ला को कंपनी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है।जिले का पहला जैविक एफ्पीओ (किसान उत्पादक संगठन) पूरी तरह पटरी पर आ गया है। जैविक खेती में उत्पादों की विक्री,जैविक उर्वरक करने का काम सरीला का पहला एफ्पीओ उभर कर आया है। किसानों ने बताया कि कृषि विभाग के उपकृषि निदेशक जेएम श्रीवास्तव के अथक प्रयास से पहला संगठन किसानों के जैविक खेती को आगे बढाने के लिये सामने आया है। संगठन के चेयरमैन रामकरण शुक्ला ने कहा कि हमारी कंपनी जिले मे जैविक खेती करने वाले किसानों को संगठित करते हुये उनके उत्पादों के विपणन तथा उन्हे जैविक इनपुट उपलब्ध कराने के लिये काम करेगी। जिससे किसानों को जैविक उत्पादों का सही दाम मिल सकेगा। इसके लिये वह बराबर प्रयासरत रहेगे।

रामकरन धौहल बुजुर्ग गांव के रहने वाले है जैविक खेती में एलआरपी रह चुके है जिससे उनको तकनीकि जानकारी बहुत अच्छी बतायी जाती है। श्री शुक्ला ने बताया कि जैविक खेती करने वाले किसानों को उच्च गुणवत्ता के इनपुट उचित रेट पर आसानी से उपलब्ध कराना कंपनी का मुख्य उद्देश्य है। जिले में स्थापित पहला जैविक एफ्पीओ जो जैविक किसानो द्वारा बनाया गया है इससे अन्य किसान भी सीख ले रहे है हालाकि जिले में 22 एफ्पीओ है जो किसानों के हित मे काम कर रहे है वही जैविक खेती के लिये यह पहला संगठन है जो किसानों को प्रेरित करने का काम किया है। किसानों का कहना है कि वे संगठन को मजबूत करने के लिये दिन मेहनत करेंगे।

## ट्राली से बाइक टकराई, एक की मौत

**राठ ( हमीरपुर )।** चिकासी थाना क्षेत्र के खेड़ाशिलाजीत गांव के पास ट्रैक्टर बैक करते समय ट्राली पीछे खड़ी बाइक से टकरा गई। इस हादसे में बाइक में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया। जरिया थाना क्षेत्र के कस्बा गोहांड निवासी प्रदीप 20 पुत्र ब्रजेश ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने साथी भीकम सिंह पाल 30 पुत्र ज्वाला प्रसाद के साथ चंडौत गांव गया था। शाम करीब 5.30 बजे वह भीकम के साथ बाइक से गांव लौट रहा था। तभी खेड़ाशिलाजीत गांव के पास एक व्यक्ति ट्रैक्टर बैक कर रहा था। तभी पीछे से ट्रैक्टर ट्राली उसकी बाइक से टकरा गई। जिससे भीकम गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिये सीएचसी ले गया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

# बांदा में भीषण तरीके से डेंगू फैला

**बांदा।** बांदा में भीषण तरीके से डेंगू फैल रहा है कुरौना के साथ डेंगू भयंकर तरीके से शहर में गंदगी है नालियां बच बजा जा रही है इनका पुरसा हाल लेने वाला कोई नहीं है भयंकर तरीके से मच्छर पैदा हो रहा है दिन से लेकर रात तक इंसानों को काटता है नगर पालिका स्वास्थ्य महकमा ना तो फागिंग कराते हैं नालियों में दवा का छिड़काव करते हैं जिसमें बराबर डेंगू मच्छर की उत्पत्ति हो रही है जो सबसे खतरनाक है इसमें बहुत सारे लोगों की प्लेटलेट्स कट रही है मौतें भी हो रही है जिसको सरकारी महकमा दबाने की कोशिश करता है फागिंग का छिड़काव मेलाथियान और डीजल मिट्टी के तेल के माध्यम से किया जाता है लेकिन बड़ी ही आश्चर्य की बात है इतना सब बजट आने के बाद भी ढाक के तीन पात कुछ नहीं हो रहा नालियां ब्लॉकेज गंदगी का भरमार समोसे मिठाइयों में कीड़े छिपकली अनहाइजीनिक वायरस कोरो ना जैसे खतरनाक वायरस इंसान की जीवन लीला समाप्त कर रहे हैं कोरोना में मास्क लगाने का पालन कोई भी दुकानदार माल कर्मचारी किराना जनरल स्टोर सब्जी की दुकानदार मंडियों में कहीं भी आपको मास्क लगाए आदमी या औरत नहीं दिखेगा बच्चे बच्चियां सभी बगैर मास्क के ऐसे घूमते हैं जैसे गुरु ना खत्म हो चुका है जबकि कोरोना की तीसरी बेब आ चुकी है और यह बहुत ही खतरनाक है मौत की तादाद बढ़ रही है रिकवरी काफी कम हो रही है शादियों में बगैर मास के आपको सारे लोग देखेंगे स्कूलों में बगैर मास के दिखेंगे ना सैनिटाइजर है इनकी आपको बैंक में भी बगैर मास्क के लोग देखेंगे सरकारी कार्यालयों में भी बगैर मास्क के लोग देखेंगे आम रास्ते चलते दूधवाले चाय वाले हाथ ठेले वाले मिठाई की दुकान वाले विभिन्न मंदिरों में और मस्जिदों में जाने वाले भी मास्क नहीं लगाते हैं सबको ऐसा लगता है कि कुरौना खत्म हो गया है जिला प्रशासन शासन हेल्थ महकमा कोई भी इसको अनुपालन कराने में असमर्थ है शादियों में कोई भी व्यक्ति मास्क नहीं लगाना चाहता ना सैनिटाइज करना चाहता अब सैनिटाइजर भी नाम मात्र हो गया आखिर कैसे रोका जाएगा इन बीमारियों को आखिर कैसे थर्डवेव पर काबू पाया जाएगा जबकि सभी सरकारी गैर सरकारी स्कूलों ने खोल दिया है क्या शासन की कोई ऐसी नीति नहीं है गाइडलाइन नहीं है जिस पर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं उनको अनुपालन कौन कराएगा।

## नशेड़ियों से परेशान एक दर्जन लोगों ने की शिकायत

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के मालिकुंवा चौराहा से डिग्री कॉलेज रोड पर नशेड़ीओ का जमावड़ा लग रहा है जिस पर वहां से गुजरने वाली महिलाओं के साथ अभद्रता किए जाने के कारण मोहल्ला वासियों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। कस्बे में नशे का व्यापार खूब फल फूल रहा है गांजा, मादक पदार्थ, नशे की गोलियां, सीरप सहित कई मादक पदार्थों का सेवन किया जा रहा है जिससे परेशान होकर वार्ड नंबर 14 वासी शाहजहां पत्नी अनवर, बफाति, अरमान खान, अब्दुल सगीर, तबरेज, रोजी, रमजान सहित वार्ड सभासद शिव कुमार सोनी ने मौदहा कोतवाली में तहरीर देकर बताया है कि कस्बे के मालिकुंवा चौराहा से डिग्री कॉलेज रोड पर नशेड़ीओ का जमावड़ा लगता है वहां से गुजरने वाली महिलाओं के साथ अभद्र कमेंट किए जाते हैं जिससे वहां से महिलाओं का निकलना दूभर हो गया है साथ ही नशेड़ी अपने परिवारों में पहुंचकर गाली गलौज व झगड़ा फसाद करते हैं जिससे परिवार बरबाद हो रहे हैं।

# दूसरी शादी का खुलासा होते ही बीएसएफ जवान की शादी टूटी

**मौदहा ( हमीरपुर )।** नगर के सिचौली पुरवा में विवाह की आधी रस्में पूरे होने के बाद लड़का दुजहा होने की बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गयी। जिसके चलते दूल्हे को बगैर दुल्हन के बैरंग वापस लौटना पड़ा। जबकि दुल्हन ने कोतवाली पुलिस में तहरीर देकर दूल्हे व उसके परिजनों पर दहेज में चार पहिया वाहन की मांग पूरी ना होने को लेकर बारात वापस ले जाने के अलावा अन्य गंभीर आरोप लगा अरविंद व उसके परिवारी जनों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

नगर के सिचौली पुरवा निवासी निशा पुत्री जगदेव ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह सुमेरपुर निवासी अरविंद्र पुत्र राम दुलारे से तय हुआ था। जिसके बाद दोनों के बीच फोन वार्ता होने लगी और अरविंद निशा के घर आने-जाने भी लगा। इस बीच उसने निशा से शारीरिक संबंध भी स्थापित कर लिए 21 नवंबर को फलदान में निशा के पिता ने अरविंद के परिवारी जनों को एक बाईक व दो लाख नगद देने के अलावा अन्य सामान भी दिया था। तिथि के अनुसार अरविंद 25 नवंबर की शाम बारात लेकर सिचौली पुरवा आ गया जहां बारात निशा के दरवाजे पहुंचने पर दूल्हे समेत बारातियों का जमकर स्वागत किया गया। उसके बाद टीका जय माल का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद भाँवरें भी पड़ने लगी। इसी बीच अरविंद के गले में एक विशेष ताबीज पड़ा देख महिलाओं में अरविंद के दूजहा होने की खुसर पुसर शुरू हो गयी। थोड़ी ही देर में इस बात को लेकर दोनों पक्षों में तनातनी होने के बाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गयी। जहां दोनों पक्षों बीच बात ना बनने पर अरविंद अपनी बारात समेत वापस सुमेरपुर लौट गया। सुबह निशा ने कोतवाली पहुंच पुलिस से गुहार लगा आरोपियों के खिलाफ दहेज में एक चार पहिया वाहन अतिरिक्त मांगने व अन्य गंभीर आरोप लगा कार्यवाही की मांग की है। वही अरविंद ने कन्या पक्ष पर विवाह न करने का आरोप लगाया है। बताते चलें कि अरविंद पश्चिम बंगाल में बीएसएफमें जवान है चर्चा है कि इसके पूर्व भी अरविंद की तीन लड़कियों के साथ मंगनी होने के बाद उसकी शादी टूट चुकी है। फिलहाल कोतवाली पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

**किसानों को सरकारी योजना की जानकारी नहीं**

# जांच हुई तो लाखों रुपए के सरकारी धन के दुरुपयोग का होगा खुलासा

**हमीरपुर।** उद्यान विभाग से जिले के ग्रामीण क्षेत्र में अनाज व अन्य सामग्री सुरक्षित रखने के लिये चार लाख कीमत के बनाये गये पैक हाउस में सरकारी धन का जमकर दुरुपयोग किया गया है। पैतीस पैक हाउसों में सरकारी मानक का ध्यान रखना तो दूर कई गांवों में पैक हाउस बने नही तो कई स्थानों में खेत मे न बनाकर बस्ती में रिहायशी मकान बना लिये गये है। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। शासन ने पिछले साल धमना, मुस्कराखुर्द, छिवौली, बंधौली, कैथा गिरवर, औडेरा, नवैनी, कैथा, मसीदन, बसेला, रघवा, जिगनी, उमरिया में तीन, कुसमरा, इंदरपुरा, लोधामऊ, पडुई मुस्करा, रीवन, रमेडी तरौस, सरसई, गौरी, गुढ़ा, इगोहटा, झलोखर, औता, उमरी, कुसमरा, सरसई, पाराओझी आदि गावों में 35 पैकहाउस बनाने के लिये शासन ने प्रति पैक हाउस के लिये दो लाख रुपये धनराशि आवंटित की थी बाकी दो लाख रुपये लाभार्थी को अपनी पूजी लगाकर पैक हाउस स्थापित करना था शासन ने इसके लिये दो कमरे बरामदा, चबूतरा का नापजोख निर्धारित की थी जिसमें पाराओझी के ग्राम प्रधान का कहना है कि गांव में जो त्रिवेणी देवी के नाम से पैक हाउस स्थापना रिकार्ड मे दिखाया गया है वह विल्कुल फर्जी है गाव में कोई पैक हाउस नही बनाया गया है। गिरवर की महिला ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रवीन्द्र कुमार का कहना है कि गांव में पैक हाउस बनाया जा रहा है जब कि अभिलेखों मे कई महीने पहले बनाकर दिखाया जा रहा है। उमरिया गांव में तीन पैक हाउस बनाये गये है जिसमे घोर अनियमितताएं की गयी है मगर जो लाभार्थी है उनके खिलाफ कोई मुह खोलने को तैयार नही है। औता गांव के ग्राम प्रधान का कहना है कि पैक हाउस नंदराम ने निर्मित तो कराया है मगर उसमें अनाज स्टोर न कर उसको रिहायशी मकान बना लिया है जो घोर अनियमितता के अन्तर्गत आता है। बिवार क्षेत्र के उमरी गांव के ग्राम प्रधान का कहना है कि उनके गांव में कोई पैक हाउस नही बना है हकीकत यह है कि पैक हाउस खेतो में न बनकर बस्ती के अन्दर बना लिया गया है और उसमे कई महीनो से ताला पड़ा है। कुसमरा गांव में जो पैक हासस बनाया गया है वह खाली पड़ा हुआ है उसमे आज तक न तो लाभार्थी ने सामान रखा है न ही आज तक ताला खोला गया है, गांव वालो का कहना है कि यदि मामले की जांच करा ली जाये तो लाखो रुपये के सरकारी धन के बंदरबाट का खुलासा हो सकता है मजे की बात तो यह है कि जो पैक हाउस बने है उनमे मानक की तो जमकर धज्जिया उड़ायी गयी है पैसे का जो दुरुपयोग किया गया है उससे पात्र किसानों का हक पूरी तरह मारा गया है। इस मामले में जिला उद्यान अधिकारी उमेश कुमार उत्तम का कहना है कि धन के दुरुपयोग का मामला सामने आने पर जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# व्यापारी नेताओं ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में की मतदान की अपील


सागर अग्रवाल व संजीव कुमार गुप्ता उर्फ संजू के फाईल फोटो।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** नगर के जीटी रोड स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सागर अग्रवाल ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनानें के बाद स्नातक मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिये प्रेरित करते हुये कहा कि शिक्षा के स्तर सहित समाज की उन्नति व प्रगति के लिये भाजपा प्रत्याशी डा. मानवेन्द्र प्रताप सिंह गुरूजी के पक्ष में मतदान करनें की अपील की है। उधर नगर के रेलवे रोड स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर पदाधिकारियों के साथ उप्र उद्योग व्यापार मंडल/उप्र पेट्रोलियम ट्रेडर्स एशोसियन के जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता उर्फ संजू ने क्षेत्र के स्नातक मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी डा. मानवेन्द्र प्रताप सिंह गुरूजी के पक्ष में बढचढकर मतदान करने की अपील करते हुये कहा कि स्वच्छ व ईमानदार छवि बाले प्रत्याशी को वोट देकर विधान परिषद तक पहुंचायें। आपके द्वारा चुना गया एमएलसी क्षेत्र के स्नातक मतदाताओं की मूलभूत समस्याओं को विधानपरिषद में उठाकर निस्तारण करवाने का कार्य करे।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने किया हाईवे का चक्का जाम

- प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा


चक्का जाम करते व ज्ञापन सौपतें जिलाध्यक्ष व अन्य।

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**भारतीय किसान** यूनियन टिकैत गुट के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर किसान विरोधी तीन बिल के विरोध में भाकियू कार्यकर्ताओं ने हाईवे जाम कर धरना प्रदर्शन करते हुए हरियाणा और पंजाब में किसानों को गिरफ्तार किए जाने का जमकर विरोध किया साथ ही पराली जलाने पर दर्ज किए गए किसानों के मुकदमों को तत्काल वापस लिए जाने की मांग उठाई

शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर में भाकियू जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में सैकडों कार्यकर्ताओं ने जीटी रोड पर केंद्र सरकार के द्वारा लागू किए गए तीन बिल को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जीटी रोड पर चक्का जाम कर दिया जिससे दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। सूचना पर भारी पुलिस बल के साथ सीओ सदर शिव प्रताप सिंह, कोतवाल जितेंद्र पाल सिंह, सराय प्रयाग चौकी प्रभारी मुकेश राणा सहित कई थानों की पुलिस बल के साथ धरना स्थल पर पहुंच गये। जिलाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी देवेश कुमार गुप्ता को सौंपा।

अधिकारियों नें आग्रह कर धरना प्रदर्शन को समाप्त कराया और किसानों की समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 5 जून को लागू किए गए अध्यादेश का देश के किसान विरोध कर रहे हैं। देश का किसान कृषि क्षेत्र में एक कंपनी राज के रूप में देख रहे हैं। किसानों को इस कानून से कंपनी की बंधुआ बनाए जाने का खतरा सता रहा है उन्होंने कहा कि कृषि है कानून नियंत्रण भंडारण आयात निर्यात किसान हित में नहीं है इसका खामियाजा देश के किसान विश्व व्यापार संगठन के रूप में भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली जा रहे किसानों पर लाठीचार्ज व गिरफ्तारी का जमकर विरोध किया जाएगा सरकार तत्काल किसानों को रिहा करें और पराली जलाने पर मुकदमा वापस ले। धरना प्रदर्शन के दौरान महिला जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान, साजिद हुसैन, सुधाकर दुबे, महेंद्र सिंह, इरशाद हुसैन, सुरेश सिंह, अशोक बाथम, दिनेश दिवाकर, हरपाल सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अभियान चलाकर स्कूलों में बनेंगी पोषण वाटिकाएं: डीएम

● जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न

संवाददाता। गोंडा



**अभियान** चलाकर जनपद के ऐसे सभी प्राइमरी स्कूल जहां पर आंगनबाड़ी केन्द्र, बाउन्ड्रीवाल तथा आवश्यकतानुरूप जगह उपलब्ध है, उन सभी स्कूलों में पोषण वाटिका बनवाई जाय तथा इस कार्य में उद्यान विभाग का सहयोग लिया जाय। इसके अलावा पोषण मिशन के तहत गोद लिए गांवों में गोद लेने वाले अधिकारियों के जाने व पोषण की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराई जाय। यह निर्देश जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला पोषण समिति की बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व उद्यान विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।

पोषण समिति की बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जनपद के 753 अतिकुपोषित बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराया गया है तथा 9243 बच्चों के स्वास्थ्य में क्रमिक सुधार हुआ है। इसी प्रकार ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 40548 कुपोषित एवं अतिकुपोषित/कुपोषित बच्चों के 9815 परिवारों को जॉब कार्ड भी प्रदान करने का काम किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा कुपोषित 33 हजार 891 बच्चों के परिवारों को नि:शुल्क राशन मुहैया कराया गया तथा 6657 बच्चों को राशन दिया जाना शेष है। बैठक में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार की समीक्षा के दौरान ज्ञात हुआ कि जिले में 22686 गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष 891 एनीमिक महिलाओं मे से 495 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार कराया गया है। इसी प्रकार पंचायतीराज विभाग द्वारा 20 हजार 914 कुपोषित परिवारों के लिए शौचालय बनवाने के साथ ही 2381 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। वजन माप के लिए 3095 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 3095 स्टेडियोमीटर, 3095 इंफेन्टोमीटर, 3095 इंफेन्ट वेईंग स्केल तथा 1935 के सापेक्ष 1160 मदर एण्ड चाईल्ड वेईंग स्केल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है।

बैठक में जिलाधिकारी ने पोषण वाटिका बनाए जाने के लिए बाउन्ड्रीवाल वाले स्कूलों की भी समीक्षा की। डीपीओ द्वारा बताया गया कि जिले में 1106 ऐसे स्कूल हैं, जहां पर बाउन्ड्रीवाल बनी हुई है जिनमें से 804 स्कूलों में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। उन्होंने बताया कि 63 स्कूलों में पोषण वाटिका संचालित है। जबकि 580 स्कूलों में किचेन गार्डेन के लिए जमीन उपलब्ध है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शीघ्र ही जमीन उपलब्धता वाले स्कूलों में किचने गार्डेन बनवाने का काम किया जाय।

आगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण की प्रगति से रोजाना उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिए तथा कार्यदाई संस्था आरईएस के अधिशासी अभियन्ता को सख्त निर्देश दिए कि शीघ्रातिशीघ्र जनपद में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य पूरा कराएं। बैठक में नवागत मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अजय सिंह गौतम, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी वीके महान, डीडीओ रजत यादव, पीडी सेवाराम चौधरी, पीओ डूडा विनोद सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 इन्द्रजीत प्रजापति, जिला विद्यालय निरीक्षक अनूप श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव, डीपीआरओ सभाजीत पाण्डेय, श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित, डीसी मनरेगा हरिश्चन्द्र प्रजापति, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस मुठभेड़ की डीएम ने दिया जांच का आदेश

**सुलतानपुर।** बल्दीराय थानाक्षेत्र के बिसावा गांव में बुधवार को चेकिंग के दौरान कथित पुलिस मुठभेड पर सवाल खडे हो गए हैं। शुक्रवार को पीडित परिवार जिलाधिकारी के सामने पहुंचा और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। डीएम ने मामले की सच्चाई जानने के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने को कहा है।

गौरतलब हो कि बुधवार को वलीपुर चौकी इंचार्ज विकास कुमार व दारोगा सैय्यद नसीरुद्दीन अपनी टीम के साथ मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज विसावा के निकट चेकिंग कर रहे थे। पुलिस का दावा है कि इसी बीच पुलिस को देखकर एक संदिग्ध युवक भागने लगा। घेराबंदी की गई थी तो युवक ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। मुठभेड में युवक को दबोच लिया, जिसकी शिनाख्त विशाल सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवासी विसावा के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाने में कई मुकदमें पंजीकृत हैं। वह शातिर बदमाश है। गुरूवार को पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। शुक्रवार को युवक के परिवारीजन जिलाधिकारी से मिलने पहुंच गए। डीएम को प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया कि फर्जी तरीके से फंसाया जा रहा है। पुलिस पर वसूली का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ा सुन डीएम रवीश गुप्ता ने क्षेत्राधिकारी को सौंपी जांच।

## परियोजना निदेशक ने औचक निरीक्षण कर देखी विकास कार्यों की हकीकत

● समय से विकास कार्य पूर्ण करने के दिए सख्त निर्देश

**शिवगढ़ ( रायबरेली )।** परियोजना निदेशक प्रेमचंद पटेल ने शिवगढ़ क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों की जमीनी हकीकत देखी एवं समय से विकास कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। विदित हो कि शिवगढ़ क्षेत्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे परियोजना निदेशक प्रेमचंद पटेल ने सबसे पहले ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण कर मनरेगा कार्य की प्रगति एवं सत्यापन देखा, जिसके पश्चात खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में आई सभी शिकायतों स्थिति देखी एवं कई मामलों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण किया। जिसके पश्चात खण्ड विकास अधिकारी अजय कुमार सिंह, एडीओ पंचायत जितेंद्र बहादुर सिंह के साथ ग्राम पंचायत कुम्भी, शिवली और रायपुर नेरुआ, नरायनपुर का औचक निरीक्षण कर प्रधानमंत्री आवासों की कार्य प्रगति एवं चयन पात्रता सूची की जमीनी हकीकत देखी एवं सामुदायिक शौचालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों पंचायत भवनों की स्थिति देखी। इसके साथ ही विद्यालय में कराए गए कायाकल्प का स्थलीय निरीक्षण किया। तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल के निर्देश के क्रम में पशु चिकित्सालय शिवगढ़ एवं राजकीय बीज भण्डार शिवगढ़ का निरीक्षण कर भवन की स्थिति एवं मूलभूत व्यवस्थाएं देखी। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक प्रेमचंद पटेल ने सभी विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए देखा कि क्या-क्या विकास कार्य हुए हैं और किन कार्यों में शिथिलता बरती जा रही है। परियोजना निदेशक ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विकास कार्य समय से पूर्ण हो जाने चाहिए। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी मोहित सिंह, भोलेंद्र कुमार वर्मा,रायपुर नेरुआ प्रधान प्रतिनिधि रतीपाल रावत,शिवली प्रधान संतोष रावत, कुम्भी प्रधान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाए गए अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे के निर्देशन मे शुक्रवार को थाना मल्हीपुर प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी गयी मोटरसाईकिल के साथ एक व्यक्ति भैसाही सायफन पुल के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ भैसाही सायफन पुल के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति चोरी की गयी मोटरसाइकिल लेकर खड़ा था उक्त मोटरसाइकिल 24 नवम्बर को को इलाहाबाद बैंक कस्बा मल्हीपुर के सामने से चोरी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना मल्हीपुर पर पंजीकृत मु0अ0स0 363.2020 धारा 379 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत है। पुलिस ने मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आरोपी को हिरासत में ले लिया है पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम पता नीरज तिवारी पुत्र काशीराम नि0 रामपुर थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती बताया तलासी लेने पर उसके पास से प्रतिबंधित अल्प्राजोलम की 70 गोली बरामद हुई जिसके सम्बंध में थाना मल्हीपुर पर मु0अ0स0 368.20 धारा 8.21 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना किया गया।

## बीमा धारक के खाते से एजेंट ने निकाले 24 लाख रुपये

**करनैलगंज ( गोंडा )।** बीमा के क्लेम का धन खाते में आने के बाद बीमा धारक के खाते से एजेंट ने चेक का दुरुपयोग करते हुए 24 लाख रुपए खाते से निकाल लिया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी है।

करनैलगंज नगर के मोहल्ला गाड़ी बाजार निवासी महिला आयशा पत्नी अली अहमद ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि उसके पुत्र नियाज अहमद की मृत्यु हो गई। उसने अपना बीमा मैक्स लाइफइंश्योरेंस से एजेंट राहुल मिश्रा के माध्यम से कराया था। लड़के की मृत्यु के बाद उसने क्लेम किया और क्लेम करने के बाद बीमा एजेंट ने बैंक में खाता खुलवाने की बात कही। जब आयशा ने खाता खुलवाने के लिए बीमा एजेंट से संपर्क किया तो बीमा एजेंट ने उसके नाम के चार शब्द लिखकर कहा कि इसकी प्रैक्टिस करके दो-तीन दिन में हस्ताक्षर बनाना सीख लो और तुम्हारा खाता बैंक में खुल जाएगा। जबकि महिला पढ़ी-लिखी नहीं है। उसके बाद महिला का खाता प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा चौरी चौराहा में ले जाकर खुलवा दिया और उसके हस्ताक्षर से चेक बुक जारी करा लिया। एजेंट ने चेक अपने पास ही रख लिया। उसके खाते में 17 नवंबर को 28 लाख 15 हजार रुपए बीमा कब प्राप्त हुआ उसके बाद खाते के चेक का दुरुपयोग करते हुए 19 नवंबर को एजेंट ने 9 लाख 50 हजार रुपये निकाल लिए। जिसकी जानकारी महिला को नहीं हुई। खाते में रकम की जानकारी होने पर जब उसने अपना खाता चेक करवाया तो पैसा कम होने पर उसने लोकवाणी के जरिए दस-दस हजार रुपए करके 4 लाख 10 हजार निकाले और पासबुक व चेक बुक एजेंट के पास ही रखे थे। 23 नवंबर को एजेंट ने कन्या वती नाम से चेक भर कर 14 लाख 50 हजार रुपए और निकाल लिए। महिला का कहना है कि कुल मिलाकर 24 लाख रुपए एजेंट द्वारा उसके चेक का दुरुपयोग करते हुए बैंक से पैसा निकाला गया। जबकि चेक पर उसके द्वारा हस्ताक्षर नहीं किया गया था। इतनी बड़ी रकम को बैंक से एजेंट द्वारा बैंक कर्मियों की मिलीभगत से निकाला गया। महिला आयशा ने एजेंट पर धोखाधड़ी करके उसका धन हड़पने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। इस संबंध में कोतवाल मनीष कुमार जाट कहते हैं कि मामले की जानकारी नहीं है यदि किसी के द्वारा इस तरीके की धोखाधड़ी हुई है तो तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी।

## भारतीय रेल का पहला 160 किमी घंटा की गति से चलने वाला शयनयान स्मार्ट तेजस रेक बनाया



**रायबरेली।** आरेडिका ने भारतीय रेल का पहला 160 किमी घंटा की गति से चलने वाला शयनयान स्मार्ट तेजस रेक बनाया। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना ने अपने उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि कर एक नये चरण में प्रवेश किया है आज का दिन आरेडिका के इतिहास में एक स्वर्णिम दिन की तरह जाना जायेगा। आरेडिका द्वारा विनिर्मित 160 किमी घंटा की गति से चलने वाले 18 कोच के शयनयान स्मार्ट तेजस रेक को महाप्रबंधक आरेडिका विनय मोहन श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस शयनयान स्मार्ट तेजस रेक में कुल 18 कोच हैं जिसमें 10 एसी थ्री-टियर, 04 एसी टू-टियर, 01 फस्ट एसी, 01 पैन्ट्रीकार एवं 02 पॉवरकार लगाये गये हैं। इस शयनयान स्मार्ट तेजस रेक के कोचों की बाडी को अण्डरफ्रेम सहित पूर्णतया स्टेनलेस स्टील से बनाया गया है तथा इन कोचों में कोरोगेटेड साइडवाल का प्रयोग किया गया है। कोचों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए स्वचालित प्लगडोर का प्रयोग किया गया है तथा एयरक्राफ्ट की तरह वैक्यूम इवाक्यूवेशन सिस्टम युक्त लेवोटरी का प्रयोग किया गया है साथ ही फायर स्मोक का पता लगाकर तुरन्त सूचना देने वाला यंत्र भी लगाया गया है। इसके अतिरिक्त इन कोचों को बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है जैसे-आकर्षक विनाईल शीट, बेहतर आन्तरिक सज्जा, जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली, यात्री घोषणा प्रणाली, ट्रेन का नाम और ट्रेन नंबर प्रदर्शित करने के लिए डिजिटल डेस्टिनेशन बोर्ड, वाईफाई पर आधारित इन्फोटेनमेन्ट सिस्टम जिसमें स्मार्टफोन एकीकृत मीडिया और गेमिंग सेवाएं तथा मोबाईल एवं टैब के लिए एंड्रॉइड और आईओएस ऐप पर विडियो की सुविधा उपलब्ध होगी। इस स्मार्ट तेजस रेक के कोचों में यात्रियों की चिकित्सा या सुरक्षा के लिए आपातकालीन टॉक बैक सिस्टम, वीडियो विश्लेषणात्मक आधारित सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम, कोच के अंदर वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए सेंसर तथा स्मार्ट वाटर लेबल सेंसर जो कोच मे पानी कम होने पर अगले वाटरिंग स्टेशन को एसएमएस अर्लट भेजने में सक्षम है, आदि सुविधाएं सम्मिलित है।

## एमएलसी चुनाव को लेकर सपा जिला अध्यक्ष सर्वजीत यादव पहुंचे गिलौला

**श्रावस्ती।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद श्रावस्ती में शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर सपा जिला अध्यक्ष श्रावस्ती अन्य कार्यकर्ताओं के साथ विकास खण्ड गिलौला के कई विद्यालयों का भ्रमण करके विद्यालयों के शिक्षकों व बच्चो से मिलकर चुनाव के बारे में चर्चा की और उन्हें एमएलसी प्रत्याशी अवधेश कुमार यादव के पक्ष में मतदान के लिये प्रेरित किया।

इस दौरान कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे बलराम पुर के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार पटेल जिला उपाध्यक्ष श्रावस्ती राम कुमार शुक्ला राजकुमार यादव ग्राम प्रधान डिंग्राजोत ददन यादव कर्मवीर सिंह प्रधान रानीपुर काजी अवधेश यादव बैजनाथ यादव व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लाश दफन करने को लेकर दो पक्ष हुए आमने-सामने

**सुलतानपुर।** कुडवार थानाक्षेत्र अंतर्गत बंधुआकला गांव में शुक्रवार को शव को दफनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष भूखंड को बैनामे की जमीन बता रहा था तो दूसरा पक्ष पूर्वजों का कब्रिस्तान बताकर गड्ढा खोदने पर आमादा था। दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए। पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अफसरों ने सूझबूझ दिखाते हुए उक्त भूखंड में ही शव का दफन करवाकर बवाल होने से बचा लिया।

दूबेपुर विकास खंड के बंधुआकलां गांव निवासी एक व्यक्ति की गुरूवार की रात मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह परिवारीजन कब्रिस्तान में गड्ढा खोदने पहुंच गए, जहां उनके पूर्वजों का दफन हुआ है। लोग कब्र खोद ही रहे थे कि गांव के ही एक पक्ष ने उक्त भूखंड को बैनामे की जमीन बताते हुए शव दफनाने से मना कर दिया। इसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद की सूचना पर पहुंचे सदर तहसीलदार जितेंद्र गौतम एवं बंधुआकला चौकी इंचार्ज सीताराम यादव ने दोनों पक्षों से वार्ता की। अथक प्रयास से दोनों तरफ के लोगों को समझा-बुझाकर तय जगह पर ही शव को दफनवाया गया। जिससे एक बडा बवाल होते होते बच गया। बंधुआकला चौकी इंचार्ज सीताराम यादव ने बताया कि उक्त भूखंड में पीडित परिवार के पूर्वजों की कब्रें हैं, लेकिन कब्रिस्तान दर्ज नहीं है। जमीन सगरा आश्रम के नाम दर्ज है। आश्रम के महंत ने गांव के ही एक व्यक्ति को बैनामा कर दिया है, जिसका खारिज-दाखिल नहीं हुआ है। दोनों पक्षों का विवाद अदालत में विचाराधीन है। मौके की स्थिति को देखते हुए दोनों पक्षों की सहमति पर उक्त भूखंड में ही शव का अंतिम संस्कार करवा दिया गया है।

## भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने भिनगा-बहराइच मार्ग पर राप्ती के भाकला सेतु को किया जाम



**श्रावस्ती।** भारतीय किसान यूनियन श्रावस्ती के कार्यकर्ताओं ने भिनगा.बहराईच मार्ग परस्थित राप्ती के भाकला सेतु को जाम कर दिया जिसके चलते आवगमन लगभग 2 घण्टे तक बाधित रहा। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर हरियाणा से दिल्ली जा रहे किसानों का रास्ता खोलने व पराली की समस्या से जूझते किसानों का निदान बढी बिजली दरे और किसानों के धान का उचित मूल्य न मिलने को लेकर कयी मांगे की है। 2 घण्टे जाम के चलते आने जाने वाले लोगो को काफी दिक्कत उठानी पड़ी बहराइच से आ रहे राकेश अपने परिवार के साथ बीमार रिश्तेदार को देखने सिरसिया बाजार जा रहे थे जो जाम में फंस गए मिनती राम मजदूरी पानीपत से अपने घर जोखवाबाजार लौट रहे थे भूखे प्यासे बच्चे भी 2 घण्टे तक फंसे हुए थे। भारतीय किसान यूनियन के देवी पाटन मण्डल अध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला ने कहा कि जब तक सरकार किसानों के हित में मांग पूरी नहीं करेगी हम प्रदर्शन करते रहेंगे। जिलाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा समेत जुगुल किशोर सत्य पाल पटेल शिवगोपाल प्रमोद तिवारी पवन वर्मा सोम शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## विधान परिषद् गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट में नियंत्रण कक्ष स्थापित

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी.सहायक रिटर्निंग अफसर टीके शिबु ने बताया की उप्र विधान परिषद् गोरखपुर.फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2020 क्षेत्र का मतदान 1 दिसम्बर को जनपद के नियत 5 मतदेय स्थलों पर पूर्वाह्न 8 बजे से सायं 5 बजे के मध्य सम्पन्न होना है। जिसके क्रम में निर्वाचन से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु कलेक्ट्रेट श्रावस्ती के कक्ष संख्या- 6 में नियन्त्रण कक्ष स्थापित किया गया है। उक्त निर्वाचन के संबंध में अवधेश कुमार भारती. 9415584221 नगर पालिका परिषद् भिनगा को सहायक प्रभारी अधिकारी कंट्रोम रुम एवं सांख्यकीय सूचनाओं के आदान.प्रदान हेतु नियुक्त किया जाता है। भारती 28 नवम्बर को प्रात: 9 बजे से .1 व 2 दिसम्बर तक जब तक पीठासीन अधिकारियों द्वारा निर्वाचन सामग्री मत पेटिकायें गोरखपुर में नहीं जमा कर देते है तब तक कन्ट्रोल रुम में उपस्थित रहकर समय.समय पर सूचनाओं का प्रेषण अधोहस्ताक्षरी एव रिटर्निंग आफ्सिर मण्डलायुक्त गोरखपुर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र लखनऊ को करते रहेंगे।

## शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए दिए गए टिप्स

● बीईओ की अध्यक्षता में हुई प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक

**बल्दीराय,सुलतानपुर।** खण्ड शिक्षा अधिकारी सरताज अहमद की अध्यक्षता में ब्लाक संसाधन केंद्र बल्दीराय प्रांगण में समस्त प्रधानाध्यापकों का ओरिएंटेशन किया गया। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक तथा कम्पोजिट विद्यालयों के कुल 163 प्रतिभागी शामिल हुए। श्री अहमद ने बताया कि विद्यालयों को आधारशिला, ध्यानाकर्षण तथा शिक्षण संग्रह हस्तपुस्तिका में दी गयी तकनीकियों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करेंगे। विद्यालयों में प्रभावी कक्षा शिक्षण तथा कक्षानुरूप अधिगम को सुनिश्चित करने के लिये न्याय पंचायत के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों के विचारों को जानेंगे एवं सुधार हेतु प्रभावी फीडबैक देंगे।

मासिक बैठक में विभिन्न विषयों में शिक्षण विधा तथा प्रक्रिया को प्रभावी व रूचिकर कैसे बनाया जाए तथा संबंधित विषयों में शिक्षकों को आ रही चुनौतियों व समस्याओं पर चर्चा करेंगे तथा शिक्षक समूह के माध्यम से समाधान खोजने का प्रयास करेंगे। मासिक बैठक में नवाचार एवं प्रभावी शैक्षिक गतिविधियों को समझाने के लिये शैक्षिक वीडियो को भी दिखायेंगे तथा उन पर लक्ष्य आधारित चर्चा करेंगे। शिक्षक संकुल द्वारा न्याय पंचायत के समस्त विद्यालयों में लर्निंग आउटकम पर आधारित सैट परीक्षा को शुचितापूर्वक सम्पन्न करायेंगे तथा विद्यार्थीवार रिपोर्ट कार्ड को अभिभावकों तथा विद्यार्थियों को ससमय उपलब्धता सुनिश्चित करायेंगे। साथ ही प्रेरणा पोर्टल पर टीचर कार्नर में उपलब्ध शैक्षणिक चार्ट, पोस्टर, मॉड्यूल, ग्रेडेड बुक इत्यादि सहायक शिक्षण सामग्रियों का निरन्तर अध्ययन करने हेतु प्रेरित करेंगे एवं सभी शिक्षकों की बुनियादी शिक्षा पर अवधारणा स्पष्ट करेंगे।अंत में बी0 ई0 ओ0 ने दीक्षा रिपोर्ट पर आंकड़ों पर चर्चा की। समस्त प्रधानाध्यपकों को निर्देश दिया गया की अधिक से अधिक अध्यापकों को दीक्षा कोर्स पूर्ण कराने में मदद करें। आपरेशन कायाकल्प की अपडेट स्थिति हर माह की जायेगी और जल्द से जल्द 14 पैरामीटर का कार्य पूर्ण कराने की योजना बनाई गई है। बैठक में ए आर पी रामधर यादव टेक्निकल एक्सपर्ट संदीप पाण्डेय एंव शमीम खान,कनिष्ट लिपिक रोहित रमण यादव कम्प्यूटर भिज्ञ शिक्षक अजय मिश्रा एंव पंकज आदि शिक्षक मौजूद रहे।



शिक्षकों के साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी सरताज अहमद

## क्विक न्यूज

### किशोरियां गायब, मुकदमा दर्ज

**लालगंज,रायबरेली।** क्षेत्र से दो किशोरियों के गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। पहली किशोरी गोविंदपुर वलौली गांव की रहने वाली है। किशोरी के पिता ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि उसकी पुत्री बृजेंद्र नगर मुहल्ला स्थित कोचिंग सेंटर में पढ़ने जाती थी। वहीं से शुक्लागंज जिला उन्नाव निवासी वैभव उर्फ गोलू अग्रवाल उसकी पुत्री को बहलाफुसला कर भगा ले गया है। वहीं दूसरी किशोरी सेमरपहा गांव की है। उसके पिता का कहना है कि गांव का ही युवक रिंकू उसकी पुत्री को बीती 24 नवंबर को भगा ले गया है। किशोरी नाबालिक बताई गई है। कोतवाल अरुण कुमार सिंह ने बताया कि दोनो ही मामलो में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश जारी है।

### सीताराम नाम का हुआ पाठ

**लालगंज,रायबरेली।** कस्बे के सुप्रसिद्ध भैरवनाथ मंदिर परिसर में रामनाम का आयोजन किया गया।मंदिर परिसर को फूलमालाओं व बिजली की झालरों से सजाया गया था। रामभक्तों ने पूर्ण श्रृद्धा के साथ सीता राम का पाठ किया। इसके बाद प्रसाद वितरण भी किया गया।भक्तों ने सामाजिक दूरी का अनुपालन करते हुए हवन व महाआरती भी किया।इस मौके पर कैलाश वाजपेयी, नीतेशानंद महाराज, बाबामुकुंद दास, मोहनदास, पंडित विंधेश कुमार, पवन, अंकुर, अवधेश, श्रवण, विवेक, तूफानी, अभि गुप्त, लवकेश सोनी,रामस्वरूप, कैलाश आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पराली जलाई तो प्रधान भी होगा जिम्मेदार

**लालगंज,रायबरेली।** मुख्यविकास अधिकारी अभिषेक गोयल ने पूरेभीखी मजरे बहाई गांव में गोष्ठी का आयोजन किया। सीडीओ ने किसानों को पराली न जलाने को लेकर जागरूक किया। पूरेभीखी गांव में प्राथमिक विद्यालय में जहां गोष्ठी का आयोजन किया गया था वहीं कुछ दूर स्थित पराली एकत्र करने को लेकर बनाए गए गड्ढे का निरीक्षण भी किया। सीडीओ ने गड्ढा छोटा देख नाराजगी जताई और कहा कि बड़े किसानों से सम्पर्क कर उनके पास जरूरत से अधिक पराली होने पर खुदवाए गए गड्ढों में जमा करने के लिए जागरूक किया जाए।उन्होंने कहा कि जिले भर में 38 पराली जाने की घटनाएं हो चुकी हैं। अब अगर कहीं गांव में पराली जलाने की घटना होती है तो पराली जलाने वाले पर तो कार्रवाही होगी ही उस ग्राम सभा के प्रधान पर भी कार्रवाही की जाएगी। उसे आगामी चुनाव में एनओसी नही दी जाएगी। सीडीओ ने कहा कि गड्ढो में जमा होने वाली पराली को निकट की गौशालाओं में पहुचाया जाए।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी केके सिंह, एडीओ पंचायत रमेश मिश्र आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### विजिलेंस टीम की छापेमारी से मचा हड़कंप

**सुलतानपुर।** विद्युत विभाग विजिलेंस टीम की औचक छापेमारी से विद्युत चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। छापेमारी की भनक लगते हुए कुछ तो अपने मीटर खुद सही कराने में जुटे रहे तो कुछ ने बकाया बिल भुगतान करने का मन तक बना डाला। खासकर कारोबारियों में अफरा तफरी दिखी जो बड़े पैमाने पर विद्युत विभाग को चूना लगा रहे थे। टीम ने जोगीवीर, झालापुर, अहिमाने आदि स्थानों पर औचक छापेमारी की विद्युत उपभोक्ताओं के मीटर परखे। जांच में मिली खामियों को दूर करने के साथ साथ टीम ने पैसा भी जमा कराया। विद्युत अधिकारियों ने बताया कि विभाग का छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा। किसी भी हाल में अवैध विद्युत इस्तेमाल नही होने दिया जाएगा। ताबड़तोड़ छापेमारी से अवैध तरीके से बिजली का इस्तेमाल करने वाले लोगों में हड़कंप मचा रहा।

### बीएम यादव ने किया जन संपर्क, बताईं सपा सरकार की नीतियां

**सुलतानपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सपा नेता बीएम यादव ने इसौली क्षेत्र के कई जगहों पर जन संपर्क किया। उन्होंने इस दौरान सपा की रीति-नीति को जन जन तक पहुंचाया। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी में ही सभी का हित सुरक्षित है। सिर्फ और सिर्फ सपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो धर्म जाति की राजनीति नही करती। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में चलाई गई जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान तक सीधे पहुंचा था। उन्होंने कहा कि कुछ पार्टिंया धर्म जाति के नाम पर लोगों में आपसी मतभेद पैदा कर अपनी रोटी सेंकने का काम कर रही हैं, उनके मंसूबों को जनता ने समझ लिया है। जिसका सबक आने वाले चुनाव में आवाम खुद सिखाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### विद्युत कैंप में वसूला गया लाखों का बिल

**सुलतानपुर।** विरसिंहपुर विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र के सेमरीबाजार में बिजली विभाग ने विद्युत मेगा कैंप लगाकर उपभोक्ताओं के बिजली बकाया बिल में नियमानुसार सुधार कर ढाई लाख रुपए जमा कराकर रसीद दी। समय से बिल जमा करने के साथ ही लोगों को नए कनेक्शन कराने के लिए जागरूक भी किया। विद्युत चोरी करने वाले को पकड़कर राजस्व वसूली की जा रही है। मामला विद्युत उपकेंद्र विरसिंहपुर के सेमरी बाजार का हैं। जहां बिजली विभाग ने सेमरी कस्बे में मेगा कैंप लगाकर बिल बकायेदारों से ढाई लाख रुपए की राजस्व वसूली की। अधिशाषी अभियंता गौरव तिवारी ने बताया कि ढाई लाख रुपए की वसूली की गई। पंद्रह केबिल उतारे गए, जिन लोगों ने बिल जमा नहीं किये थे। समस्या पर सात मीटर को बदला गया। ग्यारह समस्याओं का समाधान कराया गया। इस तरह के विद्युत मेगा कैम्प आगे भी जारी रहेगा। कैंप में एसडीओ आरपी यादव के साथ विवेक यादव, रवि तिवारी, उत्तम यादव, दिलीप तिवारी, जीतू दुवे, रामजीत, रणविजय सिंह, फिरोज, एसएसओ अजय सिंह, दिलीप तिवारी, राहुल पांडेय, फिरोज आदि लोग उपस्थित रहे।

### दुर्घटना में जख्मी युवक ने तोड़ा दम

**सुलतानपुर।** चांदा थाना क्षेत्र के प्रतापपुर कमैचा गांव निवासी नवनीत मिश्र पुत्र राम नारायन मिश्र राजस्थान के जयपुर में एक कंपनी में नौकरी करते थे। जो गत दिनों कंपनी के कार्य से ही जयपुर से बीकानेर चार पहिया वाहन से जा रहे थे। रास्ते में ट्रक की भीषण टक्कर हो गयी। जिसमें चालक सहित नवनीत मिश्र की मौके पर मौत हो गयी। जिसकी सूचना उनके गांव प्रतापपुर कमैचा परिजनों को मिली तो पूरे गांव में मातम छा गया है। नवनीत मिश्र तीन भाइयो में सबसे छोटे थे। नवनीत मिश्र की पत्नी रंजना मिश्रा का रो रो कर बुराहाल है। वही पांच वर्षीय पुत्र निर्भय मिश्रा है। मौत की सूचना पर गांव वालों की भारी भीड़ जुटी रही। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो का ताता लगा रहा।

### कपड़ा व्यापारी के पुत्र से 50,000 की लूटपाट

**रायबरेली।** बैंक ऑफबड़ौदा हाथी पार्क ब्रांच में पैसा जमा करने गए व्यापारी के पुत्र से शातिर लुटेरों ने रु. 50,000 रुपए पार कर दिए। पीड़ित तानिष सोनी ने बताया वह बैंक ऑफबड़ौदा में पैसा जमा करने आया था तभी पास 2 लोग आए उन्होंने कहा हमें भी पैसा जमा करना है और निकासी फार्म के बारे में पूछने लगे व्यापारी के पुत्र जब यह बताने लगा तो उसी बीच तनी सोनी के जेब में रखे रु. 50000 निकाल लिए और बैंक से फरार हो गए। पीड़ित हुई लूटपाट की घटना से परेशान है डिग्री कॉलेज से लेकर अन्य जगहों पर सीसीटीवी डिटेल देख रहा है। पीड़ित ने बताया है कि बैंक में उसे पता नहीं चला कि रु. 50000 की लूट हो गई जब उसने पैसे जमा करते समय अपनी जेब चेक की तो ?50000 कम मिले शक होने पर लुटेरों का पीछा किया वह फायर स्टेशन के सामने अपनी कार को पार किए हुए थे प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कार का नंबर महाराष्ट्र राज्य से संबंधित था। व्यापारी के पुत्र ने लुटेरों से अपना पैसा मांगा तो लुटेरों ने कागज की गड्डी थमा दी। फिलहाल व्यापारी का पुत्र सदमे में है वह हुई लूटपाट से परेशान है साफतौर पर अपनी बातें नहीं बता पा रहा है।

### खंड विकास अधिकारी के वाहन से जोरदार टक्कर, युवक की मौत

**डलमऊ रायबरेली।** अपनी ससुराल से पत्नी और 5 वर्षीय पुत्री के साथ बाइक से डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सराय दिलावर अपने गांव घर वापस आते समय रायबरेली की ओर जा रही विकास खंड अधिकारी की बोलेरो से जोरदार टक्कर लगने से पति पत्नी और अबोध बालिका गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने बाइक चालक युवक दिनेश कुमार को मृत घोषित कर दिया मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं गंभीर रूप से घायल पत्नी और अबोध बालिका को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतक के छोटे भाई द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सराय दिलावर ग्राम निवासी दिनेश कुमार उम्र 40 वर्ष अपनी बाइक से गुरुवार को भदोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत अलाउद्दीन पुर गांव अपनी ससुराल पत्नी और बच्ची को लेने के लिए गया था जहां से शुक्रवार को प्रातः पत्नी सर्वेश कुमारी और 5 वर्षीय पुत्री महक को साथ में लेकर अपनी बाइक से वापस घर आ रहा था कि तभी डलमऊ रायबरेली मार्ग पर से मोरी गांव मोड़ के पास रायबरेली की ओर जा रही विकास खंड अधिकारी उत्तर प्रदेश सरकार लिखी बोलेरो गाड़ी और बाइक की आमने सामने से भिड़ंत हो गई जिससे बाइक चालक दिनेश कुमार 40 वर्ष पत्नी सर्वेश कुमारी और 5 वर्षीय पुत्री महक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें क्षेत्रीय लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने युवक दिनेश कुमार को मृत घोषित कर दिया और घायल पत्नी और अबोध पुत्री को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।

### एक दिसम्बर को होगा गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी/सहायक रिटर्निंग आफिसर गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र सुलतानपुर रवीश गुप्ता ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार उ0प्र0 विधान परिषद से गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2020 का मतदान एक दिसम्बर को सम्पन्न होगा। उन्होंने गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र सुलतानपुर ने बताया है कि शिक्षक निर्वाचन-2020 हेतु कलेक्ट्रेट सुलतानपुर में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है, जिसका दूरभाष नम्बर 05362-220203 तथा 05362-220189 है। उन्होंने बताया है कि पोलिंग पार्टियों के प्रस्थान 30 नवम्बर एवं मतदान एक दिसम्बर को है। उक्त कन्ट्रोल रूम क्रियाशील रहेगा।

# प्रवासी कामगारों के जीवन में नया सवेरा लाने की तैयारी

## 34.82 लाख श्रमिकों की स्किल मैपिंग, विभिन्न योजनाओं से जोड़ेगी सरकार

## योग्यता व स्किल के अनुसार प्रदेश के विकास में अहम योगदान देंगे कामगार

**संवाददाता**। मिर्जापुर

**कोविड**-19 के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए पूरे देश में किये गए लॉकडाउन के बाद बरसों-बरस की रोजी-रोजगार को छोड़कर विभिन्न राज्यों और शहरों से खाली हाथ घरों को लौटे करीब 35 लाख प्रवासी कामगारों के जीवन में नया सवेरा लाने की तैयारी तेजी से चल रही है। इन प्रवासी कामगारों की सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इनकी तात्कालिक परिस्थितियों को भांपते हुए फौरी तौर पर राहत पहुंचाने के साथ ही प्रदेश में ही उनके सुनहरे भविष्य का जो सपना संजोया थाए उस सपने को साकार करने की दिशा में विभागीय अधिकारी दिन-रात जुटे हैं। अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह का कहना है कि प्रवासी कामगारों को प्रदेश में ही रोजगार मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसे देखते हुए सभी संभावित क्षेत्रों में अवसर की तलाश को लेकर पूरी शिद्दत के साथ कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में वापस आये कामगारों में से 34.82 लाख की स्किल मैपिंग का काम पूरा हो चुका है।

अब इनकी योग्यता और स्किल के मुताबिक प्रदेश के विकास में इनके महत्वपूर्ण योगदान को तय करने के बारे में कार्य किया जा रहा है। विभागवार इनकी तादाद भी निर्धारित हो चुकी है। स्किल मैपिंग में करीब 18.10 लाख प्रवासी श्रमिक अकुशल श्रेणी में पाए गए हैं। इनको प्रशिक्षित करने में अब व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास मिशन की भी मदद ली जा रही है ताकि इनको विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित कर बेहतर रोजगार व आजीविका का अवसर मुहैया कराया जा सके। जिला प्रोबेशन अधिकारी गिरीश चन्द्र दुबे ने बताया कि प्रदेश के अपर मुख्य सचिव व्यासायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग को इस सम्बन्ध भेजे गए एक पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में इन प्रवासी श्रमिकों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। इसके साथ ही प्रशिक्षण की योजनाओं के प्रचार-प्रसार में प्रवासी श्रमिकों पर विशेष ध्यान दिया जाना है।

## आवंटित लक्ष्य के अनुरूप कर लिया जाएगा धान क्रयः डीएम

**सोनभद्र**। जनपद सोनभद्र में कुल 75 धान क्रय केन्द्र स्वीकृत है। 25 नवम्बर, 2020 तक कुल 73 क्रय केन्द्रों पर धान खरीद प्रारम्भ हो चुका है। जनपद पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्थित है। जहाॅ धान खरीद 15 अक्टूबर, 2020 से प्रारम्भ हुई है, परन्तु जनपद में विलम्ब से धान कटाई होने के कारण तथा आवक मुख्य रूप से दिसम्बर माह में आने की सम्भावना है। गत वर्ष दिनांक 390 कृषकों से 363.88 मी. टन धान क्रय किया गया, जो लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 03.24 प्रतिशत था, जबकि इस वर्ष जनपद में कुल 2246 कृषकों से 12821.30 मी0 टन धान क्रय किया जा चुका है, जो जनपद को आवंटित लक्ष्य 115000 मी. टन के सापेक्ष 11.15 प्रतिशत है। जनपद में सीमान्त व लघु कृषकों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के दृष्टिगत उनकी आवक को वरीयता देते हुए प्रत्येक दिवस तत्काल खरीद किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। अतरौलिया तथा नौड़िहां केन्द्रों पर भी 26 नवम्बर को धान क्रय प्रारम्भ हो चुका है। वर्तमान में जनपद के सभी 75 क्रय केन्द्रों पर धान खरीद प्रारम्भ की जा चुकी है।

# देश सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पहचान के साथ बढ़ रहा है आगेः लक्ष्मण

## स्नातक चुनाव को लेकर भाजपा का मतदाता सम्मेलन हुआ सम्पन्न

**संवाददाता**। सोनभद्र

स्नातक चुनाव के राबर्ट्सगंज व चुर्क पोलिंग स्टेशन का भाजपा द्वारा आयोजित मतदाता सम्मेलन रामलीला मैदान के हॉल में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य ने मतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने विशेष कार्यशैली से प्रदेश ही नही दुनिया में पहचानी जाती है, प्रदेश में योगी सरकार जब कोई बेरोजगार शिक्षा किसान,व्यापारी व गरीबों के लिए जब कोई जन कल्याणकारी योजना विधेयक लाती है तो विधान सभा में पूर्ण बहुमत होने के कारण ध्वनि मति से पारित हो जाती है किन्तु विधान परिषद में वही हम विधेयक हमारी पूर्ण बहुमत न होने के कारण पास कराने में बहुत सी कठिनाइयां होती है इसलिए स्नातक चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को चुनाव जीतना जरुरी है, जिससे जन कल्याणकारी योजनाओं को पारित कराने में सहयोग मिले भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो कहती है वह करती है इसके चलते देश ही नही दुनिया में हमारे नेता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का डंका बजता है। अन्य सरकारो में समाचार पत्रों मे केवल घोटाले ही घोटाले दिखाई देते थे किन्तु आज समाचार पत्रों में शिलान्यास उदघाटन व विकास ही दिखाई देता है यह केवल भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार में संम्भव है पिछले समयों में भारत याचक भारत हो गया था लेकिन छह वर्षों से भारत दाता भारत के रुप में उभर कर सामने आया है यह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास के चलते संभव हुआ आज भारत स्वच्छ भारत सुन्दर भारत विकासशील भारत के रास्ते पर चल रहा है देश सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रुप में आगे बढ़ रहा है उसमें रोक न लगे इसलिए स्नातक चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का चुनाव जीतना आवश्यक है। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा की संगठन की मजबूती के लिए जीत जरुरी है जीत के लिए सभी एकजुट रहे कार्यकर्ताओं के दम पर ही भारतीय जनता पार्टी अब तक चुनाव जीतती आयी है। सिर्फ ही महत्वपूर्ण नहीं होती बल्कि बड़ी जीत होनी चाहिए यह संगठन के लिए महत्वपूर्ण है यह कार्यकर्ताओं के दम पर संभव है प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के हाथ मजबूत होंगे। जाति धर्म के दिवार को तोड़कर सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास हासिल करे। सम्मेलन में सदर विधायक भूपेश चौबे घोरावल विधायक अनिल मौर्या रामलखन सिंह, अशोक मिश्र, धर्मवीर तिवारी, तिरथराज ,गोविन्द यादव, ई. रमेश पटेल, आलोक सिंह, शितला आचार्य, सम्मेलन प्रभारी अजीत रावत, संतोश शुक्ला, शंम्भूनारायण सिंह, विनोद पटेल, कमलेश चौबे आदि मौजूद रहे।

## भाकियू व किसान सभा ने विधेयक को बताया किसान विरोधी

**बस्ती**। भारतीय किसान यूनियन और किसान सभा की ओर से एनएच स्थित कारगिल शौर्य स्तम्भ पर किसान पंचायत कर विरोध प्रदर्शन किया गया। केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए किसान विरोधी तीनो विधेयक को वापस लिए जाने की मांग की गई। जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को सात सूत्रीय मांग पत्र प्रेषित किया गया। प्रेषित ज्ञापन में केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए तीनो विधेयक को किसान विरोधी बताते हुए उसे वापस लिए जाने, किसानों की फसल खरीद के लिए स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सी-2 फार्मूले के अनुरूप न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने, फसल की सीधी खरीद सुनिश्चित करते हुए एमएसपी से कम दाम पर खरीद को संज्ञेय अपराध घोषित करने, सिानो के बिजली सहित सभी प्रकार के कर्जे को पूर्ण रूप से माफकिए जाने, कृषि के काम आने वाले सभी बस्तुओं को जीएसटी से मुक्त करने, धान की फसल को हल्दिया (कुंठा) रोग को प्राकृतिक आपदा मानते हुए क्षतिपूर्ति दिए जाने की मांग की है।

# सड़क जाम व अतिक्रमण करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाईः एडीएम

**संवाददाता**। संतकबीरनगर

**खलीलाबाद** नगर पालिका शहरी क्षेत्र के सड़क जाम की समस्या को लेकर प्रशासन अतिक्रमण फैलाने वालो के साथ सख्ती से निपट रहा है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देशन में गत मंगलवार को पुलिस प्रशासन ने मुस्तैदी के साथ खलीलाबाद बाईपास से समय माता मंदिर बरदहिया बाजार तक अतिक्रमण हटाओ अभियान पुलिस फोर्स के साथ चलाया। शुक्रवार को फिर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार तथा उप जिलाधिकारी खलीलाबाद राज नारायण त्रिपाठी मय फोर्स के साथ मेंहदावल बाईपास से खलीलाबाद-बस्ती सर्विस लेन पर अतिक्रमण करने वालो के विरूद्व कड़ी कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण को हटवाया। बरदहिया कबीर तिराहा से बरदहिया बाजार पर मय फोर्स के साथ नाली के बाहर सड़कों पर लगाने वाले दुकानो को कड़ी चेतावनी के साथ उनके दुकान को हटवाया। अतिक्रमण अभियान लगातार चलाये जाने से बरदहिया बाजार सड़क जाम की समस्या से आम जनमानस को राहत मिला है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय ने कहा है कि जनहित में अतिक्रमण करके सड़क जाम करने वालो के विरूद्व कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान टीएसआई संतोष मिश्रा, बरदहिया चौकी इंचार्ज सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही।


## एमएलसी ने अजय सिंह को जिताने की अपील

**बस्ती**। प्रतिभाशाली नौजवानों और वित्तविहीन शिक्षकों के हितों की सदन से लेकर सड़क तक आवाज उठाने वाले एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने अस्पताल से वित्तविहीन शिक्षक महासभा के महामंत्री अजय सिंह को जीताने की अपील की। कहा कि उन्होंने हमेशा राजनैतिक धर्म को निभाया, आज भी निभा रहा हूं। उन्होने कहा कि उन्होंने वित्तविहीन शिक्षकों, मदरसों एवं प्रतिभाशाली नौजवानों के हितों के लिए लड़ाई लड़ी भले ही चाहें इसके लिए उन्हें सत्ता प्रतिष्ठानों से दो-दो हाथ क्यों न करना पड़ा।

उन्होंने सभी षिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि पहली दिसंबर को शिक्षक विधानपरिषद के होले वाले चुनाव में अजय सिंह को प्रथम वरीयता का वोट करें। कहा कि अगर शिक्षकों के हितों की मजबूती से लड़ाई लड़नी है तो अजय सिंह को जीताना ही होगा।

# डीएम के औचक निरीक्षण में लक्ष्य से कम मिली धान की खरीद

**संवाददाता**। बस्ती



**पाण्डेय** बाजार, मुंडेरवा, देवरियामाफी सहकारी समिति धान क्रय केंद्र का डीएम आशुतोष निरंजन ने औचक निरीक्षण किया। लक्ष्य से काफी कम धान खरीद पाए जाने पर सहायक निबंधक सहकारिता का वेतन बाधित करते हुए तीनों सचिवों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जिले के 17 धान क्रय केन्द्रों पर 23 नवम्बर को शून्य धान खरीद पर शासन स्तर से असंतोष व्यक्त किया गया था। शून्य धान खरीद वाले तीन क्रय केन्द्रों का आज औचक निरीक्षण कर डीएम ने इसमें सुधार करने का निर्देश दिया। धान खरीद में शिथिलता पर पाण्डेय बाजार स्थित क्षेत्रीय सहकारी समिति के सचिव विजयनन्द के विरुद्ध कार्रवाई के लिए एआर सहकारिता को निर्देश दिया। है। 23 नवंबर को यहां शून्य धान की खरीद हुई थी, जबकि शुक्रवार को तीन बजे तक कोई खरीद नहीं हुई। खरीद के पूरे कार्यकाल में 32 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया और 18 से खरीद हुई है। इस केंद्र का लक्ष्य 575 मीट्रिक टन है, जिसके सापेक्ष 87 मीट्रिक टन खरीद हो पाई है। राजकीय धान क्रय केंद्र, मुंडेरवा क्षेत्रीय सहकारी समिति के निरीक्षण में भी खरीद काफी कम पाई गई। इस केंद्र का लक्ष्य 570 मेट्रिक टन है, जबकि अभी तक मात्र 69 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। सचिव विष्णू दुबे के विरुद्ध कार्रवाई के लिए एआर कोआपरेटिव को निर्देशित किया।

# शासन से अनुमति के बाद मगहर महोत्सव पर होगा विचारः डीएम

**संवाददाता**। संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में मगहर महोत्सव 2021 के आयोजन के सम्बन्ध में समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों की प्रथम बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में मगहर महोत्सव का सफल आयोजन कराये जाने के सम्बन्ध में आयोजन समिति के सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। नगर पंचायत मगहर अध्यक्षा संगीता वर्मा के अलावा महोत्सव समिति के संस्थापक सदस्य शिव कुमार गुप्ता, सुभाष शुक्ला, नासिर अहमद, गुड्डू वर्मा, पूर्व नगर पंचायत मगहर अध्यक्ष नूरूज्जमा अंसारी, सहायक मगहर महोत्सव शिव कुमार ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महोत्सव का आयोजन कराये जाने के पक्ष में अपनी राय से प्रशासन को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि कबीर की धरती पर इस तरह के आयोजन की परम्परा निश्चित रूप से सराहनीय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कोविड-19 के कारण उत्पन्न हुई परिस्थितियों के दृष्टिगत मगहर महोत्व का आयोजन कराये जाने के संदर्भ में शासन स्तर से दिशा-निर्देश प्राप्त करते हुये आगामी बैठक में महोत्व के आयोजन के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा करते हुये अन्तिम निर्णय लिया जायेगा।

# प्रौद्योगिकी व तकनीकी विषयों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने की जरूरतः जौहरी

## संविधान दिवस के अवसर पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

**संवाददाता**। सोनभद्र

**एनटीपीसी** विंध्याचल में मानव संसाधन राजभाषा अनुभाग द्वारा राजभाषा के प्रचार प्रसार के लिए माइक्रोसॉफ्ट टीम के माध्यम से संविधान दिवस के अवसर पर ऑनलाइन तकनीकी गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विष तकनीकी क्षेत्र में हिंदी का प्रयोग एवं विकास था। परियोजना के राजभाषा अनुभाग द्वारा वर्ष भर इस प्रकार की अनेक गोष्ठियों का आयोजन राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार एवं साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाता हैं।कार्यक्रम के प्रारम्भ में महाप्रबंधक मानव-संसाधन उत्तम लाल ने अपने स्वागत सम्बोधन में मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों एवं प्रतिभाग कर रहे सभी सम्मानित वक्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस महामारी के समय में ऑनलाइन के माध्यम से इस तकनीकी गोष्ठी का आयोजन राजभाषा हिंदी के विकास हेतु लोगों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करेगा। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक विंध्याचल मुनीश जौहरी नेंकहा कि वर्तमान युग में कोई भी भाषा वैज्ञानिक सूचना प्रद्योगिकी तथा तकनीकी विषयों से जुड़े बिना नहीं पनप सकती। इसलिए सभी कार्यालयों उपक्रमों में वैज्ञानिक सूचना प्रद्योगिकी तथा तकनीकी विषयों में हिंदी के प्रयोग को अधिक से अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है। व्यावहारिक रूप से अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग करने के लिए भाषा को सरल एवं सहज रूप में लिखा जाय ताकि आम जनता को वैज्ञानिक एवं तकनीकी विषयों के बारे में पर्याप्त रूप से जानकारी प्राप्त हो सकें। उन्होनें यह भी कहा कि आज के इस वर्तमान युग में कम्प्युटर, ई-मेल, वेबसाइट सहित सूचना प्रद्योगिकी सुविधाएं उपलब्ध होने से वैज्ञानिक तथा तकनीकी विषयों में अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग करना और भी आसान हो गया है। कार्यकारी निदेशक नें कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल राजभाषा अनुभाग द्वारा इस वैश्विक महामारी के समय में राजभाषा के प्रचार एवं प्रसार हेतु विभिन्न विश्वविद्यालयों कार्यालयों से माइक्रोसॉफ्ट टीम के माध्यम से जुड़े सम्मानित वक्ताओं के सहयोग से इस तकनीकी गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

# पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई



**संवाददाता**। मिर्जापुर

अपना दल (एस) जिला इकाई ने शुक्रवार को भरुहना स्थित सांसद के जनसम्पर्क कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह को श्रद्धांजलि दी। ज़िलाध्यक्ष राम लौटन बिंद ने कहा कि विश्वनाथ प्रताप सिंह देश के आठवें प्रधानमंत्री थे और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे। उनका शासन एक साल से कम चला। विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रधानमंत्री के रूप में पिछड़ी जातियों में सुधार करने की कोशिश के लिए जाने जाते हैं। व्यक्तिगत तौर पर विश्वनाथ प्रताप सिंह बेहद निर्मल स्वभाव के थे और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी छवि एक मजबूत और सामाजिक राजनैतिक दूरदर्शी व्यक्ति की थी। उन्होंने मंडल कमीशन की सिफारिशों को मानकर देश में वंचित समुदायों की सत्ता में हिस्सेदारी पर मोहर लगा दी।

# संसदीय क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए कृतसंकल्पितः पटेल

**संवाददाता**। मिर्जापुर



**सांसद** अनुप्रिया पटेल के प्रयास के फलस्वरूप गुरुवार को एनएच 135 सी के ड्रमंडगंज से हलिया मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी ने ऑनलाइन किया। इसकी लागत 39 करोड़ रुपये है। शिलान्यास कार्यक्रम में ऑनलाइन मौजूद सांसद श्रीमती पटेल ने कहा कि संसदीय क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए वे कृतसंकल्पित हैं। जिले में चारो तरफ अच्छी सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। आवागमन सुलभ होना सबसे जरूरी है। विकास यहीं से शुरू होता है। श्रीमती पटेल ने कहा कि उन्होंने जनहित में माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से इस मार्ग के निर्माण के लिए निवेदन किया था। जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया था। आज शिलान्यास के साथ ही इस सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के काम की शुरुआत हो गई। इसका काम एक साल में पूरा होगा।पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पटेल ने बताया कि सांसद के नेतृत्व में मिर्ज़ापुर विकास के मामले में मॉडल बनने जा रहा है।

## दान के भवन का प्लाट दिखाकर कराया रजिस्ट्री होगी कार्रवाई

**मिर्जापुर**। जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल ने स्टाम्प चोरी के मामले में गम्भीरता दिखाते हुये आज जंगी रोड स्थितए (मोहल्ला सोता अड्डा) भवन को प्लाट दिखाकर रजिस्ट्री कराकर स्टाम्प की चोरी का मामले का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्टाम्प चोरी करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश सब रजिस्टार को दिया। सब रजिस्ट्रार सुनील सिंह ने बताया कि अजय कुमार खत्री एवं नीलम खत्री ने अपने निर्मित भवन को नितिन खत्रीए अंकित खत्री एवं विपिन खत्री को दान में दिया है जिसकी रजिस्ट्री कराते समय जमीन के क्रेता के द्वारा उक्त भवन को खाली जमीन दिखाकर कम स्टाम्प लगाकर रजिस्ट्री करा लिया गयाए मामला संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी एवं सब रजिस्ट्रार के द्वारा मौके पर जाकर भवन का निरीक्षण किया गया।

# पीएम आवास योजना में सल्टौआ व मनरेगा में दुबौलिया अव्वल



**संवाददाता**। बस्ती

**सीडीओ** सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीआरडीए के पीडी आरपी सिंह, जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, डीसी उपायुक्त इंद्रपाल सिंह, डीपीआरओ विनय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेषन अधिकारी राकेष कुमार, समस्त एडीओ आइएसबी एवं सभी एडीओ पंचायत मौजूद रहे। बैठक में योजनानुसार ब्लॉकों की रैकिगं की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना में डीआरडीए के पीडी एवं सल्टौआ ब्लॉक प्रभारी बीडीओ आरपी सिंह अव्वल, सांउघाट द्वितीय एवं दुबौलिया तृतीय रहे। मनरेगा में उपायुक्त मनरेगा एवं दुबौलिया ब्लॉक के प्रभारी बीडीओ इंद्रपाल सिंह प्रथम, सल्टौआ द्वितीय एवं कुदरहा तृतीय रहे। इसी तरह एनआरएलएम में जिला विकास अधिकारी एवं बनकटी ब्लॉक के प्रभारी अजीत कुमार श्रीवास्तव अव्वल, कुदरहा द्वितीय एवं गौर तृतीय रहे।

## जिलाधिकारी ने पडरी धान क्रय केन्द्र का किया निरीक्षण

**संवाददाता**। मिर्जापुर

**जिलाधिकारी** सुशील कुमार पटेल ने लगभग तीन बजे धान क्रय केन्द्र पडरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा कांटाए नमी मापक मशीनए बोरा एवं धनराशि की उपलब्धताए आदि के बारे में विस्तृत जानकारी की। निरीक्षण के दौरान मौके पर धान की ओसाई का कार्य चल रहा था तथा धान की वजन किया जा रहा पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि धान की किसानों के धान का तौलाई का कार्य प्राथमिकता पर किया जाये उन्होंने क्रय केन्द्र के बाहर लाइट लगवाया जाय। केन्द्र प्रभारी ने इरफान खॉ जिलाधिकारी को बताया कि क्रय केन्द्र पर वर्तमान में 1081 कुन्तल 60 किलोग्राम धान की खरीद की गयी है। केन्द्र 2923 बोरा पुरान तथा 26334 बोरा नया बोर उपलब्ध है।

# किसान उत्पीड़न के समर्थन में भाकियू नेताओं ने किया प्रदर्शन



**संवाददाता**। संतकबीरनगर

**भारतीय** किसान यूनियन (भारत का किसान संगठन) के जिलाध्यक्ष पंडित जर्नादन मिश्रा के नेतृत्व में किसान नेताओं ने पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश से दिल्ली जा रहे किसानों को पुलिस बल के साथ रोके जाने के विरोध में किसान उत्पीड़न का नारा लगाते हुए समर्थन कर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए सात सूत्रीय मांग पत्र प्रधानमंत्री को भेजा है। जिलाधिकारी के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में किसान नेताओं ने कहा है कि किसान विरोध तीन कृषि बिल अध्यादेश तत्काल वापस किया जाय, किसान हित को देखते हुए स्वामी नाथन कमेटी के रिपोर्ट को लागू करते हुए किसान आयोग का गठन किया जाए, जनपद के सभी किसानों का धान की खरीदारी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित किया जाय व समर्थन मूल्य से कम की खरीदारी को अपराध के श्रेणी में लाया जाए, खलीलाबाद से मेंहदावल राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण करते हुए जिले की सभी मुख्य सड़कों को तत्काल गढ्ढामुक्त किया जाए। प्रदर्शन में सुभाष चन्द्र किसान, रामशंकर यादव, विजय वर्मा, विजयनाथ पाठक, रामसागर चौधरी, रामजी यादव, हरिहर यादव, फूलचन्द चौधरी, श्याम करन चौधरी, रूद्रनाथ, भगवानदास सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

# कृषि विभाग के दो अधिकारी सहित 21 गैरहाजिर मिले

## सीडीओ के निरीक्षण में खुली अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली की पोल

**संवाददाता**। बस्ती



**उप** कृषि निदेशक और भूमि संरक्षण अधिकारी कृषि कार्यालय के औचक निरीक्षण में 19 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। उप निदेशक कृषि रक्षा और भूमि संरक्षण अधिकारी तक मौजूद नहीं मिले। अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों का अग्रिम आदेश तक एक दिन का वेतन रोकते हुए सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने सभी से स्पष्टीकरण तलब किया है। कार्यालयों में अधिकारियों की उपस्थिति जांचने के लिए शुक्रवार को सीडीओ ने उप कृषि निदेशक कार्यालय, भूमि संरक्षण अधिकारी कृषि कार्यालय का निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान उप निदेशक कृषि रक्षा, भूमि संरक्षण अधिकारी कृषि भी अनुपस्थित पाए गए। उप निदेशक कृषि कार्यालय के डीपीडी शेख नसरूद्दीन, राजेश कुमार, वप्रस राजेश कुमार त्रिपाठी, लेखाकार मनोज कुमार गौतम, वरिष्ठ सहायक सत्य प्रकाष त्रिपाठी, प्रधान सहायक रवीन्द्र कुमार त्रिपाठी, अवर अभियंता नीरज कुमार, वरिष्ठ सहायक शचि वर्मा, कनिष्ठ सहायक संकटहरण पाण्डेय, वाहन चालक हरिश्चन्द्र चौधरी, चौकीदार गजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, भूमि संरक्षण कार्यालय के अवर अभियंता सुरेश प्रसाद, वरिष्ठ सहायक राजेन्द्र कुमार चौधरी, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, कौशल किशोर सिंह, विनय कुमार चौधरी, मानचित्रक मुकेश कुमार, कनिष्ठ सहायक अजय कुमार चौधरी, वाहन चालक वीरेन्द्र कुमार शुक्ल गैरहाजिर मिले। सभी का एक दिन का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने तथा अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का सीडीओ ने निर्देश दिया है।

### विधान परिषद निर्वाचन आदिति प्रशिक्षण आज

**देवरिया।** गोरखपुर फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य के निर्वाचन हेतु तैनात पोलिंग पार्टियों एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण 28 नवंबर को पूर्वान्ह 9:30 बजे टाउन हॉल ऑडिटोरियम में आयोजित है इस प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी सहित सभी मतदान अधिकारी वमाइक्रो ऑब्जर्वर प्रतिभाग करेंगे यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों कर्मियों को समय प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### हत्या के वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के कुशल निर्देशन में तलाश वांछित पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर पतरही बाजार से उपस्थित पुलिस बल के सहयोग से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं 212,20 धारा 304,308,325,323,504,427 में वांछित अभियुक्तगण चन्द्रशेखर उर्फगुड्डू पुत्र बसन्ता राम, भरत भूषण पुत्र बसन्ता राम निवासीगण बीरीबारी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया।

### संपत्ति कुर्क

**जौनपुर।** थाना चन्दवक पुलिस ने गैंगेस्टर अपराधी सोनू सिंह उर्फ पंकज सिंह द्वारा अवैध कार्यो से अर्जित धन से निर्माण मरम्मत कराया मकान अनुमानित कीमत 70 लाख रुपये को अन्तर्गत धारा 14,1द्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत किया जब्त कुर्क किया गया। जिलाधिकारी जौनपुर व पुलिस अधीक्षक महोदय जौनपुर के निर्देशन में थाना चन्दवक जनपद जौनपुर के गैंग के सदस्य अपराधी सोनू सिंह उर्फ पंकज सिंह पुत्र अवधेश सिंह उर्फ अवधनरायन सिंह निवासी डीहवा थाना चोलापुर जनपद वाराणसी के स्वामित्व की मकान,भवन अनुमानित कीमत करीब 70,00,000 सत्तर लाख है। जो अपराधी अपराधी सोनू सिंह उर्फ पंकज सिंह पुत्र अवधेश सिंह उर्फ अवधनरायन सिंह उपरोक्त द्वारा निर्माण तथा मरम्मत कराया गया।

### जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** स्थानीय के जिला बदर अभियुक्त अनिल सरोज पुत्र राजनारायण सरोज नि जयसिंहपुर थाना नेवढिया जनपद जौनपुर उम्र 37 वर्ष को नियमानुसार गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

### कंटेनर से 25 गोवंश बरामद

**मुगलसराय।** अलीनगर थाने की पुलिस ने शुक्रवार को नेशनल हाईवे दो पर सिंघीताली एरिया से कंटेनर से 25 गोवंशों को मुक्त कराया। इस दौरान कंटेनर में बैठे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया।जिनके खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर्रवाई की गई। पशु तस्करों व तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान जमकर चल रहा है। इस अभियान में पुलिस को कामयाबी भी मिल रही है।अलीनगर थाने की पुलिस अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान क्षेत्र के नेशनल हाईवे दो पर सिघिताली के पास शुक्रवार को वाहनों की जांच पड़ताल कर रही थी।इसी बीच एक कंटेनर आता दिखाई दिया।जिसे रोककर जांच किया गया तो उस पर गोवंश लदा हुआ था। इस दौरान कंटेनर में मौजूद तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गोवंश की खेप वध हेतु पश्चिम बंगालले जायी जा रही थी। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में लेकर पकड़े गए तस्करों को जेल भेज दिया।

### शिक्षक सम्मान संपन्न

**चकिया,चन्दौली ।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद चंदौली के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह जी द्वारा चकिया के राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक राजेश पटेल व चंद्रभान जी का सम्मान किया गया।इसके अतिरिक्त जिला अध्यक्ष ने शिक्षकों की समस्याओं को सुना और जल्द से जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया ।इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश प्रसाद, महामंत्री अजय गुप्ता,जिला संयुक्त मंत्री नरेंद्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष इमरान अली, ब्लॉक अध्यक्ष नियमताबाद उपेंद्र बहादुर सिंह सहित जनपद के अन्य पदाधिकारी धीरेन्द्र विक्रम सिंहए हरेंद्र सिंह, राजेन्द्र सोनकर उपस्थित रहे ।

### चार दिवसीय कार्यशाला

**जौनपुर।** पापुलराइजेशन इंप्रूवमेंट एंड क्वालिटी एजुकेशन इन साइंस एंड मैथमेटिक्स एंड इट्स इंपैक्ट फॉर स्कूल स्टूडेंट्स एंड टीचर भाग,प्रथम के चौथे दिन एवं समापन कार्यक्रम का आयोजन ठाकुर मातीबर सिंह महाविद्यालय जमालापुर जौनपुर मे हुआ कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन डॉक्टर ए के सिंह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान नई दिल्ली द्वके निर्देशन में हुआ प्रथम वक्ता प्रोफ़ेसर ज्ञान प्रकाश सिंह सांख्यिकी विभाग काशी हिंदू विश्वविद्यालय प्रायिकता और उसकी स्टेसटिकल उपयोगीता ष्के बारे में बहुत ही सरल रूप से बच्चों को समझाया जिससे बच्चे मंत्रमुग्ध हो गए और उनको सुनने के लिए बहुत ही जिज्ञासु दिखे।

# घोसी चीनी मिल में गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ



## डीएम ने बटन दबाकर किया शुभारम्भ

संवाददाता। मऊ

घोसी चीनी मिल शुगर 23 लाख कुंतल गन्ना की पेराई को तैयार है। चीनी मिल के टेक्निकल एरिया में शुक्रवार को जिलाधिकारी अमित सिंह बंसलए एसडीएम आशुतोष रायए जीएम लालता प्रसाद सोनकर एवं उपसभापति रामाश्रय राय सहित अन्य संचालक मंडल के सदस्यों ने वैदिक रीति से हवन.पूजन के पश्चात परंपरा के अनुसार बैल पूजन व किसान सम्मान की रस्म पूरी की। जिलाधिकारी श्री बंसल ने गन्ना की तौल किया। तौल के पश्चात उन्होंने रिमोट बटन दबाया। बटन दबते ही पेराई सत्र के शुभारंभ के साक्षी रहे समस्त अतिथियों एवं संचालकों ने एक साथ डोंगा में गन्ना डाला। मिल परिसर में गुरूवार को पुरोहित गंगाधर मिश्र ने वैदिक रीति से पूजन संपन्न कराया। पूजन के पश्चात जिलाधिकारी श्री बंसलए एसडीएम श्री राय एवं प्रबंधक श्री सोनकर ने दुबारी क्षेत्र के भंवरपुर निवासी किसान शोभनाथ यादव की बैलगाड़ी में लगे बैलों का पूजन कर मिल गेट पर नारियल तोड़ा। कंप्यूटरीकृत कांटे पर गन्ना की तौल की गई। मोटर का बटन आन करते ही मिल परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। संचालक रविशंकर राय, राजमंगल यादव, राणा प्रताप मल्ल, शिवचंद यादव, दीनानाथ यादव, श्रमिक नेता शिवाकांत मिश्र, जमानत अब्बास एवं रंगनाथ राय आदि ने पूजन में भाग लिया। सीसीओ अरएस यादवए अजय रायए सुनील कुमार राय और आरएस राय सहित अन्य तमाम अधिकारी व कर्मचारी इस समारोह को सफल बनाने में जुटे रहे। इसके साथ ही पेराई सत्र का शुभारंभ हो गया।

### जिला सेवायोजन कार्यालय में कैंपस सलेक्शन आज

**देवरिया।** जिला सेवायोजन अधिकारी वकील अहमद अंसारी ने बताया है कि कल 28 नवंबर को पूर्वान्ह 10रू30 बजे से निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा विभिन्न रिक्त पदों के सापेक्ष अभ्यर्थियों का कैंपस चयन किया जाएगा। प्रमुख कंपनियों में शिव शक्ति बायोटेकए पारस एंग्रोटेकए स्पफिया एग्रोटेकए एक्लेंट एक्रा प्राइवेट लिमिटेड एक्सपोर्ट मैनेजमेंट सर्विस लायम ग्रुप आदि इस कैंपस सिलेक्शन में सम्मिलित होंगे। रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी कल पुर्वान्ह 10रू00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय में अपने समस्त शैक्षिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्रों की छाया प्रति के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों का मासिक वेतन लगभग 8500 से 14500 के मध्य या योग्यता अनुसार होगा ।आयु सीमा लगभग 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु कोई देय नहीं होगा।

### देवरिया डीएम ने की धान क्रय की प्रगति समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

**देवरिया।** जिलाधिकारी अमित किशोर ने कैम्प कार्यालय में धान क्रय के प्रगति समीक्षा के दौरान केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वे कृषकों से धान क्रय करने में पूरी तत्परता दिखाएं। किसी भी केंद्र पर धान क्रय कदापि कम नहीं होनी चाहिए अन्यथा ऐसे केंद्र प्रभारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी । जिलाधिकारी ने कृषकों से अपेक्षा की है कि वे धान विक्रय हेतु पंजीकरण उसी नाम से कराएं जिस नाम से उनका बैंक खाता है ताकि भुगतान सुविधाजनक तरीके से हो सके। उन्होंने एक दिन में एक किसान से अधिकतम 75 कुंटल धान खरीदे जाने का निर्देश दिया। कहा कि यदि उस किसान का धान 75 कुंतल से अधिक हो तो उसे 1 सप्ताह बाद की तिथि का टोकन देकर खरीद कराई जाए। धान खरीद के समय यह अवश्य ध्यान रखा जाए कि क्रय केंद्र पर एक ही गांव के किसानों से सारी खरीद न की जाए। उन्होंने समीक्षा में इस बात का विशेष रूप से ध्यान देने को कहा कि जिन केंद्रों पर धान की खरीद शून्य से लेकर 2 सौ कुंतल से कम हुई है उनकी गहन समीक्षा कर सभी केंद्रों पर अधिकाधिक खरीद सुनिश्चित कराया जाए।

### एसपी ने थाना सलेमपुर का किया औचक निरीक्षण

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया डॉ श्रीपति मिश्र द्वारा थाना सलेमपुर का औचक निरीक्षण किया गया इसके दौरान पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा थाना कार्यालय का निरीक्षण किया गया जहां कार्यालय में उपस्थित पुलिसकर्मियों से अभिलेखों के संबंध में पूछताछ करते हुए उनके रखरखाव हेतु उचित दिशा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त भोजनालय में बन रहे खाने का निरीक्षण करते हुए आरक्षी बैरक आदि का निरीक्षण किया गया एवं थाने पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को उनके ड्यूटी के प्रति व कर्तव्य और दायित्व के प्रति उचित दिशा निर्देश दिए गए।

# भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सदर विधायक को दी शुभकामना



संवाददाता। देवरिया

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष डाण् धर्मेन्द्र सिंह आज देवरिया जिलापंचायत परिसर स्थित नवनिर्वाचित विधायक डाण् सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी के आवास पहुचेएजहा उन्होंने नवनिर्वाचित विधायक को माला पहना स्वागत किया और भारी अंतर से चुनाव में विजयी होने पर शुभकामना दिया तत्पश्चात वहा उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय अध्यक्ष डाण् धर्मेन्द्र सिंह को माला पहना जोरदार स्वागत किया।

कार्यकर्ताओ के स्वागत से क्षेत्रीय अध्यक्ष अभिभूत दिखे।इसके बाद उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुये कहा कि संगठन ने अब तय किया है कि छोटा से बड़ा हर चुनाव भाजपा अब लड़ेगी। अब किसी भी चुनाव में दूसरे दल से आये लोगो को चुनाव नही लड़ाया जायेगा। अब पार्टी का कार्यकर्ता ही नेता होगा और नेता ही कार्यकर्ता।हाल के दिनों में गोरखपुर क्षेत्र में दो स्थानों घोसी और देवरिया सदर में उपचुनाव हुये है जिसमें पार्टी ने कार्यकर्ताओं को न सिर्फ टिकट दिया बल्कि दोनो चुनाव में भारी अंतर से जीत भी हासिल किया। दूसरे दलों से आने वाले नेताओं को अब पहले पार्टी का काम लंबे समय तक करना होगा उसके बाद पार्टी उनके दायित्व पर विचार करेगी। देवरिया विधानसभा के उपचुनाव में कार्यकर्ताओं ने जिस अथक मेहनत और परिश्रम से पार्टी को विजय दिलाया है उसके लिये मैं सभी कार्यकर्ताओं को हृदय की गहराइयों से धन्यवाद देता हूँ और उनके प्रति आभार ज्ञापित करते हुये यह विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि कार्यकर्ता बिल्कुल निश्चित रहे उनके मेहनत का पुरस्कार पार्टी उनको जरूर देगी। उन्होंने कार्यकर्ताओ से आग्रह करते हुये कहा कि कार्यकर्ता कभी खाली न बैठे जब जहा जिस काम मे हो उसको करते हुये केंद्र और प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं की चर्चा करते रहे।

### न्याय पंचायत स्तर पर मिशन प्रेरणा की समीक्षा बैठक संपन्न

**डुमरियागंज ,सिद्धार्थ नगर।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के न्याय पंचायत भंडरिया तथा न्याय पंचायत बढ़नी चाफा की मिशन प्रेरणा की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। कोविड 19 महामारी के कारण यह बैठक न्याय पंचायत स्तर पर दो पालियों में प्रथम पाली क्रमशः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा दूसरी पाली 1: 00 से 3रू00 तक आयोजित की गई। जिससे सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन किया जा सके तथा शासन की नीतियों को सभी विद्यालयों तक सरलता से पहुंचाया जा सके। इस बैठक को डायट मेंटर जिला प्रशिक्षण संस्थान बांसी के प्रवक्ता धर्मेंद्र जी तथा खंड शिक्षा अधिकारी श्याम प्रताप सिंह ए आर पी अरविंद कुमार,तिलकराम,मुस्ताक अहमद की उपस्थिति में की गई। बैठक में मिशन प्रेरणा संबंधी लक्ष्यों की विस्तार से जानकारी की दी गई तथा उनकी गहन समीक्षा भी की गई ।

### राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए मोनी वर्मा का हुआ चयन

**सिद्धार्थनगर।** हौसले बुलंद हो तो सपनों की उडान भरने से कोई रोक नहीं सकता। ऐसा ही कुछ कर दिखाया ?शहर में जन्मीं कुमारी मोनी वर्मा ने।दिव्यांग होने के बाद भी सामान्य श्रेणी से कम हुनरमंद नहीं है। मोनी का चयन राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए हुआ है। पुरस्कार के लिए चयन होने पर परिजनों समेत शुभचिंतकों में खुशी है।नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के विजय नगर वार्ड निवासी जयशंकर प्रसादकी पुत्री कुमारी मोनी वर्मा दिव्यांगत को मात देकर सपनों के उड़ान देने में लगी है। वह शहर स्थित बुद्ध विद्यापीठ महाविद्यालय में छात्रसंघ की पहली महिला महामंत्री का रिकार्ड कायम की है। लोगों को मतदान के प्रेरित करने का जुनून ऐसा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से उन्हें दिव्यांग मतदाता आईकॉन बना चुका है। इसके अलावा कोरोना काल में मास्क बनाकर समाज में निशुल्क वितरण किया। दिव्यांग जनों के बीच कई अनछुए उपलब्धियां हासिल करती चली आ रही हैं।

### बच्चों के सामाजिक उत्थान में आम जनमानस की भागीदारी अहमः शिवेन्द्र

**देवरिया ।** शुक्रवार को राजकीय बालगृह देवरिया में बच्चों के सर्वांगीण विकास के बारे में बाल समिति बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की आयोजन की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र की देख.रेख में संपन्न किया गया। न्यायाधीश ने बताया कि बच्चों के सामाजिक उत्थान के लिए बाल समिति बैठक का आयोजन होता रहा हैं। बच्चों की सामाजिक उत्थान की भागीदारी में सबसे पहले स्वयं की भागीदारी सुनिश्चित करना जरूरी हैं। यदि किसी भी कार्य की जिम्मेदारी पूरी निष्ठाए ईमानदारीए कर्मठताए तत्परता तथा पूरी ऊर्जा के साथ किया जाता हैं तो सबसे पहले स्वयं की आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होती हैं तथा इस तरह कार्य को करके हम समाज के उत्थान में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। न्यायाधीश ने कहा कि बाल समिति के अन्तर्गत आने वाले अनुशासन समितिए सुरक्षा समिति तथा शिक्षा समिति को यह पूर्ण अधिकार देता हैं कि बच्चों की आवश्यकता को पूर्ण करने हेतु अपना सुझाव दें। इस दौरान उन्होंने नारी शक्ति पर कहा कि इनके सहायता से ही आज समाज एक नई ऊँचाईयों को छू रहा हैंए एक सभ्य समाज के लिए नारी का होना बहुत ही आवश्यक हैं और यही नारी शक्ति का एक अच्छा उदाहरण हैं। उन्होंने राजकीय बालगृह में बच्चों को आधुनिकता से परिचय कराते हुये कहा कि बच्चों के लिए आउट डोर खेलों की व्यवस्था की जाएंए एक नयी स्किल के रूप में गायनए वादन तथा नृत्य को महत्वपूर्ण स्थान दिया जाएं जिससे बच्चें सामाजिक विकास में अपनी नयी भूमिका अदा कर सकते हैं। प्रांगण को साफसफाई पर विशेष जोर.दिया गया। इस वैश्विक महामारी कोरोना से बच.बचाव हेतु बच्चों को नियमित रूप से सोशल डिस्टेंसिंग एव मास्क लगाये रहने पर जोर दिया गयाए बच्चों को नियमित रूप से स्वास्थ्य जॉच कराने का निर्देश दिया गया। जिला परिवीक्षा अधिकारी श्री प्रभात ने कहा कि बच्चों को नियमित रूप से खान.पान पर विशेष ध्यान दिया जाएं। बच्चों को मौसम के अनुसार पौष्टिक आहार तथा कपड़ों की व्यवस्था की जाएं। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों ने मनोरंजन कार्यक्रम में बढ़.चढ़ कर हिस्सा लिया।

# सदर विधायक ने किया इजरही में ग्राम पंचायत के भवन का शिलान्यास



संवाददाता। देवरिया

देवरिया ब्लाक के ग्राम पंचायत इजरही मे आज प्रातरू आठ बजे 10.70 लाख से बनने वाले पंचायत भवन का शिलान्यास विधायक डाण् सत्य प्रकाश मणि और ग्राम प्रधान सतीश चन्द्र त्रिपाठी द्वारा पूजापाठ और ईंट रखकर किया गयाएपंचायत भवन बनाने में 5०35 लाख ग्राम पंचायत द्वारा तथा 5०35 लाख मनरेगा द्वारा लगाया जायेगा। इसके बाद विधायक द्वारा गांव के प्राथमिक विद्यालय पर बच्चों को स्वेटर वितरित किया गया। जहाँ उपस्थित ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुये विधायक डाण् सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि ग्राम पंचायत विकास की सबसे निचली कड़ी है। केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों को स्वच्छएसुंदरएमजबूत बनाने का जोर शोर से प्रयास किया जा रहा है। वही इस समय कोरोना से विद्यालय बन्द चल रहे है लेकिन फिर भी सरकार द्वारा बच्चों को जो सुविधा चाहे ड्रेस हो चाहे बैग हो चाहे जूता मोजा हो या एमडीएम जिसके राशन बच्चों को और पैसे सीधे बच्चो के अभिभावकों के खाते में भेजने का काम प्रदेश की योगी सरकार कर रही है। इस दौरान जिला प्रधान संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, डीपीआरओ आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत चंद्रभूषण मणि त्रिपाठी, ग्राम सचिव संजय दूबे, गोविंद जी त्रिपाठी,क्षेत्र पंचायत सदस्य अजित तिवारीएपूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय उपाध्याय, हियुवा जिलाध्यक्ष मुन्ना राय, मीडिया प्रमुख भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय, रामदास मिश्रा, विनीत त्रिपाठी, प्रमोद गुप्ता मौजूद रहे।

### आशा चुनी गयीं जायसवाल समाज की शाहगंज नगर अध्यक्ष

**शाहगंज,जौनपुर।** जायसवाल समाज के कुलदेवता भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी के जयंती समारोह के बाबत स्थानीय नगर में गोपाल मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जायसवाल महिला समाज की जिलाध्यक्ष रीता जायसवाल ने सर्वसम्मति से समाजसेविका आशा गुप्ता के सामाजिक रुचि और कार्यों को देखते हुए उन्हें नगर अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद का दायित्व सौंपा। इस पर उपस्थित स्वजातीय बंधुओं ने हर्ष जताते हुये आशा गुप्ता को बधाई दिया। कार्यक्रम का संचालन रूपेश जायसवाल ने किया।

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौरा का जर्जर कमरा धराशायी



**धर्मापुर, जौनपुर।** स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौरा का एक कमरा धराशायी हो गया। यह कमरा बहुत साल पुराना व जर्जर था। बताते हैं कि गौरा गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय का वर्षों पुराना कमरा बीती रात में धराशायी हो गया। रात्रि में कमरा गिरा जिससे विद्यालय के किसी भी स्टाफ को कोई नुकसान नहीं पहुंचाए अन्यथा दिन में स्थिति कुछ और हो सकती थी। इस बाबत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गीता देवी ने बताया कि इस कमरे का प्रयोग लगभग 10 सालों से नहीं हो रहा था। यह काफी पुराना और जर्जर हो गया थाए इसीलिये अपने आप धराशायी हो गया।

### सर्जिकल स्ट्राइक के जरिये भारत ने पाकिस्तान को दिया मुंहतोड़ जवाब : पवन

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित मण्डल प्रशिक्षण वर्ग में लार और लार रोड मण्डल में ष्आत्मनिर्भरता के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर बोलते हुए मुख्य वक्ता जिला कार्यसमिति सदस्य पवन कुमार मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर हो रहा है हमारी सेनाएं स्वदेशी हथियारों का प्रयोग कर सीमाओं की सुरक्षा कर रही हैए डोकलाम के मुद्दे पर भारत ने चीन के सैनिकों को और सिमा सुरक्षा के मुद्दे पर सर्जिकल स्ट्राइक करके हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान को मुँहतोड़ जबाब दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेनाएं राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान और अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों से सुसज्जित हो रही हैए भाजपा सरकार का उद्देश्य है कि देश का प्रत्येक नागरिक आत्मनिर्भर होए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवा और महिलाएं स्वरोजगार के जरिये आत्मनिर्भर हो रहे है। प्रशिक्षण वर्ग में प्रशिक्षक के रूप में क्षेत्रीय मंत्री हरिचरण कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अरुण सिंहए पूर्व जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक पाण्डेय उपस्थित रहे। इस मौके पर उपस्थित मण्डल अध्यक्ष कमलेश तिवारी और संजय कुशवाहा ने उपस्थित वक्ताओं आभार जताया।

# भाजपा समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में उतरे माध्यमिक तदर्थ शिक्षक




संवाददाता। जौनपुर

माध्यमिक तदर्थ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष तिलकराज सिंह के नेतृत्व में तमाम तदर्थ शिक्षक शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा समर्थित शिक्षक विधान परिषद सदस्य के प्रत्याशी चेत नारायण सिंह के पक्ष में मैदान में उतर गये। नगर के जेसीज चौराहे पर स्थित भाजपा प्रत्याशी श्री सिंह के चुनाव कार्यालय पर एकत्रित तदर्थ शिक्षकों ने कहा कि हम लोगों की आवाज को बुलन्द करने वाले शिक्षक नेता श्री सिंह ही हमारी लड़ाई को धार देंगे। साथ ही हम लोगों की उचित मांगों को सदन में पहुंचाकर उसको अमली जामा पहनायेंगे। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने जनपद के समस्त तदर्थ शिक्षकों का आह्वान किया कि अपनी समस्या के स्थायी समाधान के लिये सभी लोग भाजपा प्रत्याशी श्री सिंह के पक्ष में सड़क पर उतर जायें। इसके अलावा अन्य शिक्षक नेताओं ने अपना विचार व्यक्त करते हुये श्री सिंह के पक्ष में रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह, पंकज सिंह, विकास ओझा,पंकज मिश्रा, नीरज सिंह,नीरज शुक्ला, रविन्द्र दुबे,प्रशांत सिंह, अमित सिंह,अभिषेक सिंह,अजय अस्थाना, रोहित यादव, विवेक सिंह सहित तमाम माध्यमिक व तदर्थ शिक्षक मौजूद रहे।

### सड़क निर्माण कार्य में हो रही लापरवाही

**डुमरियागंज।** डुमरियागंज बांसी मार्ग स्थित 15 किलोमीटर मध्य खोरिया रघुबीर सिंह से भारत भारी मार्ग सड़क पर डामरीकरण कराया जा रहा है। जिसमें मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है। सड़क पर जमी धूल को भी ठीक तरह से साफ नही किया जा रहा है ।और सड़क पर जो डामर डाला जा रहा है उसकी भी स्थिति ठीक नहीं है । ग्रामीण बताते हैं कि गिट्टी भी ठीक से नहीं दबाया गया है।रोलर यहां पर खड़ा कर लिया गया है पर उससे कोई काम ठीक से नहीं कराया जा रहा है । ग्रामीण कहते हैं कि एक तो सड़क काफी समय के बाद बन रही है पर अब इसमें बड़ी लापरवाही हो रही है।ऐसे तो यह सड़क जल्द खराब हो जाएगी । और इस सड़क की व्यवस्था ठीक कराए जाने की मांग की है । ग्रामीणों का कहना है कि बड़े अधिकारी इस पर ध्यान दें जिससे की सड़क का निर्माण कार्य ठीक ढंग से हो सके और जो मानक है उसके अनुसार सड़क बन सके । इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के जेई आरके शुक्ला से बात करने पर उन्होंने कहा कि अगर काम सही नहीं हो रहा है तो दुबारा काम करवाया जाएगा।

### चन्द्रबली जी दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी थे: एसपी तिवारी

**जौनपुर।** बालिका शिक्षा पूर्व माध्यमिक विद्यालय के संस्थापक व लोकतंत्र रक्षक सेनानी चन्द्रबली तिवारी की 5वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। शुक्रवार को यह कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुआ जहां उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विद्यालय के विद्यालय एसपी तिवारी डब्बू ने कहा कि संस्थापक श्री तिवारी कभी किसी से भेदभाव नहीं किये। सबके साथ समभाव का व्यवहार रखते थे। वे दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने वर्ष 1971 में विद्यालय रूपी शिक्षा का बीज रोपित किया जो आज एक वट वृक्ष का रूप धारण किये हुये निरन्तर प्रगतिशील है। श्री तिवारी ने कहा कि हम विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उनके इस बगिया को समभाव होकर आगे बढ़ाये।

यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान संस्थापक के द्वितीय पुत्र चन्द्र प्रकाश तिवारी द्वारा गरीबों को कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विनय पाठक ने किया। इस अवसर पर शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव, सुधा द्विवेदी, मन्जू दुबे,रमेश कुमार, सत्येन्द्र त्रिपाठी, शिवांश तिवारी, अखिलेश मिश्रा, इन्नर, संतोष, निशा सहित तमाम लोग सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुये मौजूद रहे।

### मास्क का वितरण निरंतर जारी

**मुग़लसराय,चन्दौली।** श्री सेवा सामाजिक संस्था के सौजन्य से संस्थापक संयोजक अध्यक्ष सतीश जिंदल के नेतृत्व में गुरुवार को मास्क वितरण के तीसरे दिन भी नगर में लगभग 1000 मास्क वितरित कर लोगों को जागरूक किया गया जिसमे सपा कार्यालय के पासएचंधासी दामोदरदास व सब्जी मंडी सट्टी में मास्क का वितरण किया गया और लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक किया गया। इस बाबत अध्यक्ष सतीश कुमार जिन्दल ने कहा कि उनको उनकी संस्था के प्रत्येक व्यक्ति का भरपूर सहयोग मिल रहा है जिससे संस्था अपना मास्क बांटने व आमजन को जागरूक करने का 24 से 30 नवम्बर तक का 7 दिन का कार्यक्रम सुचारू रूप से पूरा करेगी जिसमे रोजाना 1000 मास्क का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सक नीमा के प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर ओपी सिंह ने कहा कि मास्क लगाने से खुद तो सुरक्षित रहता ही है यह दूसरों को सुरक्षित करने का सबसे बड़ा मंत्र है हमें शासन प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करना चाहिए उन्होंने सभी से अपील किया की ठंड के मौसम में कोरोना संक्रमण और ज्यादा बढ़ सकता है इसे देखते हुए आप सभी लोग बचाव के लिए तैयार रहें खुद को सुरक्षित रखें औरों को सुरक्षित रखें जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं।

# मऊ में मामूली विवाद को लेकर पति ने पत्नी की गड़ासे से की हत्या

**मऊ।** मऊ जिले के हलधरपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव में शुक्रवार की सुबह पति.पत्नी के बीच मामूली विवाद हो गया। इस दौरान अचानक आक्रोशित पति ने गड़ासे से पत्नी के गर्दन के ऊपर प्रहार करके हत्या कर दिया। पति द्वारा अपनी पत्नी की गड़ासे से हत्या किए जाने की घटना से सनसनी फैल गया। उधर घटना की सूचना पाते ही अपर पुलिस अधीक्षक दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने आरोपी पति को हत्या में प्रयुक्त गड़ासे के साथ गिरफ्तार कर लिया। साथ ही साथ मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। स्थानीय हलधरपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव निवासी 42 वर्षीय हरिद्वार सिंह दिल्ली स्थित एक प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। लॉक डाउन के दौरान वह अपनी पत्नी 30 वर्षीय सरिता सिंह के अपने पैतृक गांव मुस्ताफाबाद आया हुआ था। इस दौरान आए दिन पति.पत्नी के बीच किसी न किसी बात को लेकर तू.तूए मैं.मैं हो जाता था। शुक्रवार की सुबह साढ़े आठ बजे के करीब पति.पत्नी के बीच किसी बात को लेकर मामूली विवाद हुआ। पति.पत्नी के बीच कहासुनी के दौरान अचानक पति हरिद्वार सिंह आक्रोशित हो गया और अपनी पत्नी सरिता के ऊपर गड़ासे से जानलेवा हमला कर दिया। पति द्वारा गड़ासे से हमला किए जाने के बाद पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गया। पति द्वारा अपनी पत्नी की गड़ासे से हत्या किए जाने की घटना से गांव में सनसनी फैल गया।

# शिक्षक निर्वाचन की तैयारियों को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

## जनपद 1542 मतदाताओं के लिए नौ मतदेय स्थल बनाए गए हैं

संवाददाता। अमेठी

**जिला** निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन.2020 को निष्पक्ष, सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु प्रभारी, सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद अमेठी में शिक्षक निर्वाचन के 1542 मतदाता हैं।

जनपद में नौ मतदेय स्थल बनाए गए हैं जिसमें तहसील गौरीगंज व अमेठी, विकासखंड बहादुरपुर, सिंहपुर, जगदीशपुर, मुसाफिरखाना, जामो, भादर तथा पशुपति नाथ इंटर कॉलेज तिलोई को मतदेय स्थल बनाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि खंड शिक्षक निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने हेतु प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें मतदान कार्मिक तथा माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण हेतु प्रभारी अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी परियोजना निदेशक, व जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, यातायात व्यवस्था के लिए एआरटीओ, ईंधन व्यवस्था के लिए डीएसओ, लेखन निर्वाचन सामग्री प्रपत्रों की छपाई हेतु बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, वीडियोग्राफी के लिए डीपीआरओए व कंट्रोल रूम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक को प्रभारी अधिकारी नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वाहन करेंगे। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी मतदेय स्थलों पर कोविड हेल्प डेस्क की स्थापनाए थर्मल स्कैनर व मास्क की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। साथ ही निर्वाचन वाले दिन जो जो भी मतदाता आएंगे उनका तापमान मापने के उपरांत ही उन्हें मतदान करने दिया जाए। उन्होंने कहा कि बैठक में जो भी निर्देश दिए गए हैं उन निर्देशों का भली.भांति पालन करते हुए कुशलतापूर्वक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रुप से निर्वाचन संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

## माइक्रो आब्जर्वर अपने कार्यों का ईमानदारी के साथ पालन करें:जिलाधिकारी

### लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन हेतु सभी माइक्रो आब्जर्वरों को किया गया प्रशिक्षित

**प्रतापगढ़।** लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2020 के सम्बन्ध में समस्त माइक्रो ऑब्जर्वरों जो कि बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी है का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण अफीम कोठी के सभागार में सम्पन्न हुआ जिसमें 88 माइक्रो आब्जर्वर ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर सीधे तौर पर आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक को अपनी रिपोर्ट देंगें एवं अपने कार्यो व दायित्वों का ईमानदारी और अनुशासन के साथ पालन करेगें, साथ ही साथ निर्वाचन के दिन निर्वाचन से सम्बन्धित सभी प्रक्रियाओं को गहनता के साथ देखकर अपनी रिपोर्ट प्रेक्षक को प्रस्तुत करेगें। उन्होने कहा कि सभी माइक्रो आब्जर्वर सौपे गये दायित्वों का निर्वहन पूरी पारदर्शिता के साथ करें। उन्होने बताया कि सभी पार्टियॉं राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ से 30 नवम्बर को दोपहर 12 बजे रवाना होंगी और एक दिसम्बर को मतदान समाप्ति के बाद बैलेट बॉक्स राजकीय इण्टर कालेज में ही जमा होगें। इस दौरान प्राचार्य अफीम कोठी शिव प्रकाश, जिला विकास अधिकारी सुदामा प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द ने माइक्रों आब्जर्वर के कार्यो को विस्तार पूर्वक बताया। मास्टर टेऊनर टेक्निकल अनिल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण में बैलेट बॉक्स को खोलने, बंद करने एवं सील लगाने के सम्बन्ध में बताया और विस्तारपूर्वक बैलेट बॉक्स के बारे में सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

### एमएलसी प्रत्याशी के समर्थन में किया जनसम्पर्क

**ललितपुर।** इलाहाबाद झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन के मतदान की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है। वैसे ही राजनैतिक दलों में अधिक से अधिक स्नातक मतदाताओं तक पहुंचने की जिम्मेवारी बढ़ रही है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुये शुक्रवार को समाजवादी पार्टी से एमएलसी प्रत्याशी डा. मानसिंह यादव के समर्थन में नगर क्षेत्र में सघन जनसम्पर्क किया गया। तदोपरान्त जिला कार्यालय पर मतदाताओं की सूचियों का मिलान करते हुये प्रत्येक स्नातक मतदाता तक पहुंचने के लिए प्रभावी रणनीति बनायी गयी। इस दौरान शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि मतदान एक दिसम्बर को है। शेष बचे हुये दिनों में सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव के कुशल नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रत्येक स्नातक मतदाता के पास पहुंचे और उससे सम्पर्क करते हुये एमएलसी प्रत्याशी द्वारा घोषित की गयीं योजनाओं की जानकारी दे। उन्होंने कहा कि शिक्षित युवाओं को बेहतर भविष्य देने के लिए समाजवादी पार्टी कटिबद्ध है। उन्होंने स्नातक मतदाताओं से आह्वान किया कि वह एमएलसी प्रत्याशी डा. मानसिंह यादव को प्रथम वरीयता देकर भारी मतों से विजयी बनाएं।

## मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत हुए कई कार्यक्रम

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नारी शक्तिए नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन को लेकर जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी अमेठी अजय पाल सिंह ने बताया की महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षाए सशक्तिकरण व सम्मान हेतु शारदीय नवरात्र से वासंतिक नवरात्र के मध्य ष्मिशन शक्ति के अंतर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके क्रम में आज जनपद के सभी विकास खंडों एवं ग्राम पंचायतों में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियोंए जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से विकास खंडोंए आंगनवाड़ी केंद्रों पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त अभियान में बालिकाओं, महिलाओं के साथ हो रहे विभिन्न प्रकार के अपराधों को रोकने साइबर क्राइम एवं बाल बिवाह की रोकथाम, घरेलू हिंसा, बाल श्रम की रोकथाम व लोगों का जागरूक किया गया।

# शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें अधिकारी: डीएम

## डीएम ने जनता दर्शन के दौरान सुनी जन समस्याएं

संवाददाता। अमेठी



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जन सामान्य की समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। शासन के निर्देश पर शुक्रवार को सभागार में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, मास्क लगाएं तथा साफ-सफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान दें, कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सोशल डिस्टेंसिंग का का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष लगभग 17 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें नाली विवादए भूमि पर अवैध कब्जे, वसीयत, भूमि की पैमाइश, शौचालय, राशन आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाए। शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएए इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## रोजगार सेवकों की हुई बैठक, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

संवाददाता। त्रिवेदीगंज ( बाराबंकी )

**हैदरगढ़** व त्रिवेदीगज ग्राम रोजगार सेवकों की आपात बैठक तहसील मुख्यलाय परिसर में हुई द्य बैठक में संघ के ब्लाक अध्यक्ष रामसजीवन यादव ने कहा की बेलहरी ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक रामराज सिंह को पारिवारिक रंजिश में पद से हटाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।

उन्होने कहा कि जब पंचायत सचिव मोहित चतुर्वेदी को ही ऐसी किसी बैठक की जानकारी ही नहीं है और उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी मे कोई ग्राम पंचायत की बैठक नही हुई है ऐसे मे कोई प्रस्ताव पारित होने की बात गलत है तो रोजगार सेवक को कैसे पद से हटा दिया गया, उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संघ आर पार की लड़ाई लड़ेगा। बैठक में रामराज,सुरेश,फूलचन्द्र,अशोक, बिपनेश,मुकेश,सरोज,रविकान्त, संदीप आदि मौजूद रहे ।

# संविधान दिवस पर देश की एकता व अखंडता बनाए रखने की ली शपथ

संवाददाता। बाराबंकी



**अधिवक्ता** परिषद उत्तर प्रदेश बाराबंकी इकाई द्वारा सिविल कोर्ट परिसर में संविधान दिवस का कार्यक्रम अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष अमित शुक्ला द्वारा आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित अधिवक्ताओं ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने और संविधान के अनुरूप कार्य करने की शपथ ली। इस अवसर पर शासकीय अधिवक्ता राम लखन शुक्ला ने कहा कि वर्ष 2015 में 11 अक्टूबर को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 125 वीं जयंती वर्ष पर यशस्वी प्रधानमंत्री ने उनकी मूर्ति का अनावरण किया जिसे समानता की प्रतिमा घोषित किया तथा प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने की घोषणा की तब से 26 नवंबर को हम संविधान दिवस के रूप में जानते हैं। इसी क्रम में अधिवक्ता परिषद द्वारा यह कार्यक्रम एकसप्ताह तक चलाए जाने का निर्णय लिया गया है। शुक्रवार को उक्त कार्यक्रम में पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता देवी शरण गुप्ता, विष्णु कुमार सिंह की उपस्थिति, जिला शासकीय अधिवक्ता दीवानी आनंद शंकर श्रीवास्तव, अधिवक्ता परिषद के महामंत्री राकेश शर्मा, अरविंद राजपूत, शरद उपाध्याय, मुकेश दीक्षित, वीरेंद्र तिवारी, शिवा यादव, रामअवतार प्रजापति एडवोकेट सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे आभार ज्ञापन परिषद के महान परिषद के अध्यक्ष अमित शुक्ला ने किया भारत मां के जयकारे के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# स्वच्छ भारत मिशन की पोल खोलते शौचालय

संवाददाता। सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी)



**स्वच्छ** भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में शौचालय निर्माण में की गयी खाना पूर्ति के चलते अधिकांश गांव में शौचालय ध्वस्त हो रहे हैं। उपयोग विहीन शौचालयों में कंडे भरे तो कहीं कहीं अधूरे पड़े हैं कहीं पर जंगल झाड़ी की चपेट में आकर बर्बाद हो रहे हैं। सिरौलीगौसपुर ब्लाक क्षेत्र के दुर्जनपुर, सोंधवा, जगदीशपुर, मीरापुर, मरकामऊ, बदोसराय, ठाकुरपुर, केवलापुर, डूडी आदि गांवो में शौचालय उपयोग लायक न होने के चलते यहां के अधिकांश परिवारों को शौच के लिए खुले मैदान में आज भी जाना पड़ रहा है। वहीं निर्माण कार्य पूरा न होते देख कई लाभार्थियों ने शौचालयों में कबाड़ भर दिया है। ग्रामीणों की माने तो ठेकेदारों ने शौचालय निर्माण में भ्रष्टाचार करके घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया है।जिसके चलते शौचालय बनने के कुछ दिन बाद से जर्जर होकर उपयोग विहीन हो गए हैं। जिससे इनका उपयोग करने के बजाय ग्रामीण सरकार द्वारा करोड़ों खर्च करने के बावजूद भी खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। कई गांवों में तो आज भी प्रधान व पंचायत सचिव की मिलीभगत से शौचालय निर्माण में किए गए भ्रष्टाचार के कारण तमाम शौचालय आधे अधूरे भी पड़े हुए हैं।

## पंजीकृत संगठन ने मनाई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की जयंती

**बाराबंकी।** शुक्रवार को सर्ववर्गीय जायसवाल समाज बाराबंकी पंजीकृत के तत्वावधान मे जिला कार्यालय मेन रोड मे आयोजित जयंती कार्यक्रम अखंड भारत के गौरव सूर्य महापुरुष व महर्षि, महान क्रांतिकारी, अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के महान इतिहासकार और शिक्षाविद, मुद्रा शास्त्री, पुरातत्वविद, प्राचीन लिपि मर्मज्ञ, प्राचीन भारतीय भाषा-संस्कृति, हिंदू विधि विधान व संविधान के महान अन्वेषक, साहित्यकार, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देशी-विदेशी 35 भाषाओं के प्रकांड पंडित तथा बैरिस्टर विद्या महोदधि डॉक्टर काशी प्रसाद जायसवाल की 140वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमे अध्यक्ष जायसवाल ने एवं जिला संयोजक राजेश जायसवाल एडवोकेट ने माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया और कहा कि हमे डॉक्टरजायसवाल के आदर्शों पर चलकर सदैव देश एवं समाज की तन-मन-प्राण से सेवा करनी चाहिए।

# किसानों के उत्पीड़न के विरोध में किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन

संवाददाता। बाराबंकी

**बीते** दिनों सरकार द्वारा पारित किए गए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों पर हो रही बर्बरता के खिलाफ तथा आंदोलनरत किसानों के समर्थन मे भाकियू (टिकैत) के आहवान पर जनपद के किसानों ने सड़को पर निकलकर प्रदर्शन किया और अपना मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में मांग की गई है कि किसान देश का अन्नदाता है, सरकार इनसे सम्मानजनक तरीके से पेश आये और उनकी मांगो पर कार्यवाई करें।

शुक्रवार को जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों किसान और कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर दिल्ली बॉर्डर पर आन्दोलनरत किसानों के समर्थन में प्रदर्शन किया। गोकुलनगर स्थित जिला कार्यालय पर इकठ्ठा हुए सैकड़ों किसान, कार्यकर्ता एक बजे लखनऊ फैजाबाद हाइवे पर निकल आये और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ने लगे।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा ने कहा कि दिल्ली बॉर्डर पर किसानों के साथ हो रही बर्बरता सरकार की कायरता की पहचान है। आंदोलन कर रहे सभी किसानों का भाकियू पूर्ण समर्थन करती है।किसान हितों की वे लिए यदि जरूरत पड़ी तो जनपद का किसान दिल्ली भी कूच करेगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है इससे सम्मानजनक तरीके से सरकार पेश आये। कृषि कानूनो पर किसानों से बात करने की बजाय सरकार भाग रही है और किसानों पर दमानात्मक कार्रवाई करने पर उतारू हैएइसे देश का किसान कत्तई बर्दाश्त नही करेगा।उन्होंने ये भी कहा कि यदि सरकार वाकई में किसानों की हितैषी है तो न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून लेकर आये।

किसानों के प्रदर्शन की सूचना पाकर आनन फानन में जिला प्रशासन हरकत में आया।तत्काल तहसीलदार नवाबगंज व शहर कोतवाल मय पुलिस फोर्स किसानों के बीच आये और सड़कों पर उतरे किसानों को समझाने का प्रयास करने लगे।अंत मे मयूर मोटल के पास पहुंच चुके किसानों के काफिले को समझाकर तहसीलदार ने ज्ञापन लिया तब जाकर किसानों ने प्रदर्शन समाप्त किया।

ज्ञापन में सरकारी संस्थानों के निजीकरण पर रोक लगाने सहित 60 वर्ष पूर्ण कर चुके किसानों को पेंशन व्यवस्था और 1967 को आधार मानकर सांसद, विधायकों के बेतन व फैक्ट्रियों, कम्पनियों में उत्पादित वस्तुओं आदि के मूल्यों में बढोत्तरी के अनुपात में समर्थन मूल्य बढाये जाने की मांग की गई।

## दबंगों ने की कोटेदार से मारपीट, मुकदमा दर्ज

त्रिवेदीगंज ( **बाराबंकी** )। शराब के धुत मे दबंगों ने कोटेदार को मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया द्य बचाव में दौड़ी उसकी बहन को भी पीटा। मामला थाना लोनीकटरा के कान्हूजहानपुर का है। यहां के कोटेदार विनोद कुमार कल शाम अपने घर पर बैठकर अपनी दुकान के कागजात तैयार कर रहा था। तभी शराब के नशे में धुत गांव के ही राम बिलासए श्रीकेशन, रतिपाल, सन्तराम व हरीराम पहुंचकर गालियां देने लगे द्य विनोद द्वारा मना करने पर लाठी डन्ड़ों से मारने लगे द्यबीच बचाव करने पहुंची बहन रामलली को भी नहीं बख्शा। इसमें बिनोद व रामलली को गम्भीर चोटें आयी।

सूचना पर पुलिस ने घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया। जहां हालत गम्भीर होने पर बिनोद को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है द्य शिकायत पर लोनीकटरा पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सत्य का मार्ग ही मनुष्य को विपत्तियों के भवसागर से लगाता है पार: आचार्य पाण्डेय

संवाददाता। लालगंज ( प्रतापगढ़ )



सांगीपुर विकासखण्ड के भगौरा गांव मे आयोजित श्रीमद्भागवत कथा मे पांचवे दिन शुक्रवार को कथाश्रवण के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। कथा के दौरान व्यासपीठ के श्रीधाम अयोध्या से पधारे आचार्य पं. श्रीकृष्ण पाण्डेय ने कहा कि कलिकाल मे भगवान का नाम जपने व पवित्र मन से स्मरण करने से मनुष्य को जीवन का असली फल प्राप्त हो जाता है।

उन्होने कहा कि हमारे जीवन के सत्कर्म भी मोक्ष का सच्चा मार्ग प्रशस्त किया करते है। आचार्य पाण्डेय ने कहा कि जीवन मे सत्य का मार्ग ही मनुष्य को विपत्तियो के भवसागर से पार लगा सकता है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने बताया है कि धर्म का वही पथ मनुष्य को उसके जीवन का समस्त वैभव प्रदान किया करता है। जिस पथ मे सुसंस्कार व सुचिता के पुष्प खिला करते है। कथा के संयोजक पं. रामचंद्र पाण्डेय व कुसुम देवी ने कथाव्यास का रोली चंदन से श्रीअभिषेक किया।

सह संयोजक हरीश कुमार पाण्डेय व सुरेंद्र कुमार पाण्डेय ने श्रद्धालुओ को महाप्रसाद का वितरण कराया। इस मौके पर अपना दल ब के प्रदेश प्रवक्ता कुलभूषण शुक्ला, सदाशिव पाण्डेय, कृष्ण कुमार मिश्र, ग्राम प्रधान दिनेश मिश्र, तेजप्रताप सिंह, हेमंत शुक्ला, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, रमेश यादव, रामजी मिश्र, देवेन्द्र सिंह, जीतेन्द्र मिश्र, जिपंस राजेश पाण्डेय, रामबोध शुक्ल आदि मौजूद रहे। इसी क्रम मे लालगंज के मनीपुर शिवमंगलपुरम् मे आयोजित श्रीमद्भागवत कथा मे जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद महराज जी के शिष्य पं. अरूण त्रिपाठी जी महराज ने कपिल मुनि व ध्रुव चरित्र का वर्णन कर श्रद्धालुओं को विस्तृांत सुनाया।

### डिफेंस एकेडमी का उद्घाटन आज

**ललितपुर।** पहलवान गुरुदीन स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर बंदना ने बताया कि विद्यालय परिसर में एनसीसी स्थापना दिवस एवं डिफेंस अकादमी का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक कैप्टन एम एम बेग के मुख्य आतिथ्य एवं महाविद्यालय के संस्थापक डॉक्टर पारस नाथ यादव की अध्यक्षता में प्रात: 11:00 बजे से होने जा रहा है उन्होंने सभी संबंधितो से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है

# कैम्प लगाकर मानसिक मंदितों की हुई जांच



संवाददाता। सिरौलीगौसपुर ( बाराबंकी )।

**राष्ट्रीय** मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सीएचसी पर कैंप लगाकर मानसिक रूप से बीमार लोगों का चिकित्सकों द्वारा उपचार कर परामर्श दिया गया। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौलीगौसपुर में मानसिक रोगियों के लिए राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित कैंप का शुभारंभ सीएससी अधीक्षक डॉ संतोष कुमार सिंह द्वारा किया गया जिसमें वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा नींद, तनाव, घबराहट, चिड़चिड़ापन, जीवन के प्रति निराश, आत्मविश्वास में कमी, बेवजह शक करना, क्षमता से अधिक बड़ी.बड़ी बातें करना, मिर्गी, बेहोशी, एकाग्रता में कमी आदि समस्याओं से परेशान व्यक्तियों का इलाज कर परामर्श दिया गया। कैंप में आए कई मानसिक रोगियों का मानसिक विकलांगता के सर्टिफिकेट भी बनाए गए। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ संतोष सिंह ने बताया कि यह कैम्प माह के चतुर्थ शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा उपरोक्त बीमारियों से संबंधित लोगों का उपचार कर दवाएं व परामर्श दिया जाएगा। कैंप मे डाक्टर रामानुज कनौजिया, डॉ सन्तोष शुक्ला, डॉ शकील अहमद, डॉ अब्बास आदि ने मरीजों का उपचार कर परामर्श दिया।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, गृहस्थी जलकर खाक

सिरौलीगौसपुर ( **बाराबंकी** )। बीती रात अज्ञात कारणों से अचानक एक घर में आग लग गई, जिससे गृहस्थी का सारा सामान जल गया और एक गाय की जलकर मौत हो गयी।ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत कर आग बुझाने में कामयाबी पाई। तहसील सिरौलीगौसपुर के ग्राम गिद्रापुर मजरे छुरिया निवासी बुधराम पुत्र कधई के घर में गुरुवार की रात करीब दस बजे अचानक आग लग गई जिससे उसका पूरा घर देखते ही देखते धू-धू कर जल गया। आग लगने से घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान अनाज व जेवर के साथ ही दरवाजे पर छप्पर के नीचे बंधी एक गाय भी जलकर मर गई।रात में सोते समय अचानक लगी आग से गांव में हड़कंप मच गया ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग बुझाई।

# टेंट हाउस कर्मी की हाईवोल्टेज करेंट की चपेट में आने से मौत

संवाददाता। बाराबंकी

सफदरगंज थाना क्षेत्र के महमूदाबाद चौराहे पर टेन्ट हाउस पर काम करने वाला एक 27 वर्षीय मजदूर 11 हजार हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। गम्भीर रूप से झुलसे मजदूर की जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गयी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

मिली जानकारी सफ्दरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पट्टीपुरवा मजरे केवलापुर निवासी 27 वर्षीय विनोद कुमार पुत्र जैसीराम महमूदाबाद चौराहे पर अरविन्द मौर्य के टेन्ट हाउस पर मजदूरी का काम करता है गुरुवार की रात्रि में किसी वैवाहिक कार्यक्रम में टेंट लगाकर शुक्रवार की सुबह ट्रैक्टर ट्रॉली से टेन्ट का सामान उतार रहा था तभी लोहे का पाइप 11 हजार हाईटेंशन विद्युत लाइन में टच गया जिससे विनोद कुमार बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद अफरातफरी मच गयी। उसको आनन फानन में जिला अस्पताल ले गये परन्तु अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही विनोद ने दम तोड़ दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### फायरिंग के आरोप में चार पर केस

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। युवक ने चार लोगो पर फायरिंग का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। लालगंज कोतवाली के परसपुर निवासी नन्हके पुष्पाकर ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि गत 26 नवंबर को बाबूगंज निवासी सोनू पुत्र इद्रीश समेत तीन अज्ञात लोगों ने जान से मारने की नीयत से उस पर फायर झोंक दिया। पीडित की शिकायत पर चारों आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया है। कोतवाल संजय यादव ने बताया कि घटना संदिग्ध है)

# सूफी अतीके मिल्लत की मजार पर हुई चादरपोशी, शानो-शौकत से निकला जश्ने गौसिया का जुलूस

संवाददाता। लालगंज ( प्रतापगढ़ )

**क्षेत्र** के खानापटटी स्थित मदरसा दारूल उलूम बाबुन्नवी मे शुक्रवार को चौवनवें जश्ने गौसिया का जुलूस शानोशौकत के साथ निकाला गया। मदरसा गेट से निकला जुलूस बडी नहर तक जाकर समाप्त हुआ। जुलूस वापस मदरसा पहुंचा जिसके बाद सूफी अतीके मिल्लत की मजार शरीफ पर चादरपोशी व गुलपोशी की गई। कार्यक्रम के दौरान उलमा ए कराम की तकरीर भी हुई। जिसमे मौलाना हजरत रहमानी मियां ने सरकार गौस पाक व अतीके मिल्लत की जिंदगी के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। उन्होने कहा कि अतीके मिल्लत ने अपनी सारी जिंदगी गरीब दुखियो व बेसहारा लोगों की मदद मे गुजार दी। इसके तहत सैकडों बच्चो को मुफ्त तालीम व भोजन दिया जाता है। यहां जुटे लोगों ने सूफी हजरत मो. अतीक अहमद की मजार पर चादरपोशी व गुलपोशी कर उन्हें याद किया। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की तरफ से उनके मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने मजार पर चादरपोशी कर मुल्क के लिए अमन व शांति की दुआ मांगी। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, हाजी अब्दुल हई, बेलाल रहमानी, सददाम रहमानी, अतहर, मोकीम खान, आबिद रजा, मतलूब खां, दानिश खां, इम्तियाज अहमद, अम्मार रहमानी, सलीम प्रधान, वकार अहमद, जावेद खां, जियाउल खां, खालिद, आसिफ खान, गुडडू, सकील, अब्दुल लतीफ डा. अनीस, नफीस, वसीम आदि मौजूद रहे।